लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 324
लखनऊ, रविवार, 19 सितम्बर, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ संस्करण

www.dailypioneer.com


राष्ट्र सेवा के 20 वर्ष





सोच ईमानदार
काम दमदार

बदलाव के



4.5 वर्ष

19 सितम्बर, 2021

आओ मनाएं
विकास उत्सव

17 सितम्बर - 7 अक्टूबर, 2021



किसान कल्याण मिशन | मिशन रोज़गार | मिशन शक्ति

ODOP एक जनपद एक उत्पाद | INVEST UP

- देश की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर
- प्रति व्यक्ति आय लगभग दोगुनी हुई
- ईज ऑफ डूइंग बिजनेस रैंकिंग में देश में दूसरा स्थान
- ₹3 लाख करोड़ से अधिक की निवेश परियोजनाएं प्रारम्भ 5 लाख नए रोजगार के अवसर
- वर्ष 2017 में बेरोजगारी दर 17.5% थी, जो अब घटकर 4.1% रह गई

विकास की लहर
हर गांव-हर शहर

## किसान हित सर्वोपरि

• ₹1.44 लाख करोड़ गन्ना मूल्य का रिकॉर्ड भुगतान • ₹36,000 करोड़ से किसानों का कर्ज माफ • एम.एस.पी. पर खाद्यान्न की रिकॉर्ड खरीद, किसानों को ₹79,000 करोड़ का भुगतान • पी.एम. किसान सम्मान निधि से किसानों को ₹37,521 करोड़ हस्तांतरित • प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में किसानों को ₹2,376 करोड़ की क्षतिपूर्ति • किसानों को ₹4 लाख 72 हजार करोड़ फसली ऋण का भुगतान • कृषि निवेशों पर देय अनुदान राशि ₹2,151.30 करोड़ हस्तांतरित • 13 सिंचाई परियोजनाएं पूर्ण, 3.77 लाख हेक्टेयर अतिरिक्त सिंचन क्षमता में वृद्धि

## निष्पक्ष एवं पारदर्शी प्रक्रिया से रिकॉर्ड रोजगार

• 4.50 लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी • 3.50 लाख युवाओं की संविदा पर नियुक्ति • 82 लाख एमएसएमई इकाइयों में 2 करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार • एक जनपद एक उत्पाद (ओ.डी.ओ.पी.) योजना से 25 लाख लोगों को रोजगार • 1.50 करोड़ से अधिक श्रमिकों को मनरेगा में रोजगार

## भय एवं भ्रष्टाचार मुक्त प्रदेश

• जीरो टॉलरेन्स नीति से अपराधों में रिकॉर्ड कमी • माफियाओं द्वारा अवैध ढंग से अर्जित ₹1866 करोड़ से अधिक की सम्पत्तियां जब्त/ध्वस्त • बेहतर पुलिसिंग के लिए लखनऊ, नोएडा, कानपुर नगर व वाराणसी में पुलिस कमिश्नरेट प्रणाली लागू

## हर बेघर को घर, हर घर बिजली, हर घर नल और मुफ़्त रसोई गैस कनेक्शन

• प्रधानमंत्री आवास योजना में 42 लाख से अधिक आवासों का निर्माण • मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में 1,08,495 आवासों का निर्माण • 1.41 करोड़ घरों तक पहुंची बिजली • 30,000 ग्राम पंचायतों में शुद्ध पेयजल की योजना • 2.61 करोड़ शौचालयों का निर्माण, 10 करोड़ लोग लाभान्वित • 1.67 करोड़ परिवारों को उज्ज्वला योजना में नि:शुल्क गैस कनेक्शन

## मुफ़्त टेस्टिंग-मुफ़्त टीका-मुफ़्त इलाज-मुफ़्त राशन

• 7.61 करोड़ से अधिक कोरोना टेस्टिंग, देश में सर्वाधिक • 9.50 करोड़ से अधिक टीकाकरण, देश में प्रथम • चिकित्सालयों में कोरोना का मुफ़्त इलाज • प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना में कुल 6.90 करोड़ से अधिक लोगों का 5 लाख रुपए का बीमा कवर • 15 करोड़ जरूरतमंदों को मुफ़्त राशन

## एक जनपद-एक मेडिकल कॉलेज की ओर मेडिकल शिक्षा और रोजगार के बढ़े अवसर

• 59 जनपदों में न्यूनतम एक मेडिकल कॉलेज क्रियाशील • 16 जनपदों में पी.पी.पी. मॉडल पर मेडिकल कॉलेज की स्थापना प्रक्रिया प्रारंभ • गोरखपुर और रायबरेली में एम्स का संचालन • लखनऊ में अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय का निर्माण प्रारम्भ • गोरखपुर में महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय का निर्माण प्रारम्भ

## शिक्षा से प्रगति, देश की उन्नति

• 'मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना' के अंतर्गत प्रतियोगी परीक्षाओं के छात्रों को नि:शुल्क कोचिंग सुविधा • 1.38 लाख सरकारी स्कूलों का कायाकल्प • 7 नए राज्य विश्वविद्यालय की स्थापना • 16 नए निजी विश्वविद्यालय • 1 लाख 50 हजार से अधिक शिक्षकों/शिक्षणेत्तर कर्मियों की नियुक्ति

## महिलाएं बनीं विकास में भागीदार

• 1.50 लाख महिलाओं को सरकारी नौकरी • बालिकाओं को स्नातक तक नि:शुल्क शिक्षा • मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना से 10.01 लाख बेटियां लाभान्वित • मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत 1.52 लाख से अधिक कन्याओं का विवाह • 55,964 महिलाएं बैंकिंग सखी के रूप में नियुक्त • ग्रामीण आवासीय अभिलेख (घरौनी) परिवार की महिला सदस्य के नाम • 10 लाख स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से 1 करोड़ महिलाओं को रोजगार • 29 लाख 68 हजार निराश्रित महिलाओं को पेंशन

## देश में सर्वाधिक एक्सप्रेस-वे, एयरपोर्ट्स एवं मेट्रो

• 4 नए एक्सप्रेस-वे • 14,471 किमी. सड़कों का चौड़ीकरण/सुदृढ़ीकरण • 3,49,274 किमी. सड़कों का गड्ढामुक्तिकरण तथा 15,246 किमी. नई सड़कों का निर्माण • 5 इंटरनेशनल एयरपोर्ट • 8 एयरपोर्ट संचालित, 13 अन्य एयरपोर्ट व 7 हवाई पट्टी का विकास • 10 शहरों में मेट्रो परियोजना • डिफेंस कॉरिडोर का कार्य गतिमान

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश




## गदगद है जलशक्ति

चित भी मेरी पट भी मेरा। मौजूदा समय में यह कहावत जलशक्ति के मुखिया पर सटीक बैठ रही है। मात्र 24 घंटे की जलशक्ति ने इंद्र के पर्यायवाची महेंद्र को काफी राहत दी है। जब से बरसात हुई है तब से कोई भी टेल तक पानी की मांग नहीं कर रहा है क्योंकि नदी नालों और नहरों से पानी उफान मार कर टेल तो दूर की बात सबके घरों में जा पहुंचा है जो कि बाहर निकलने का नाम नहीं ले रहा है। जल के प्रलय ने सब कुछ बराबर कर दिया है। स्थिति यह है कि जिन नहरों की सफाई हुई थी या फिर होने वाली थी आज सब सामान्य स्थिति में पहुंच चुकी है। यही हमारे मंत्री जी के लिए राहत भरी बात है। अब कोई कह नहीं सकता नहरों की सफाई हुई या नहीं हुई। पानी है कि नहीं क्योंकि सब कुछ जलमग्न है। इसे कहते हैं जल शक्ति का कमाल। चित भी मेरी पट भी मेरा। फायदा दोनों स्तर पर होता है। पहले नहरों में पानी पहुंचाने के नाम पर पैसा बनता था अब नहरों से पानी निकालने के नाम पर पैसा बनेगा।



## परिक्रमा का फल

बच्चों को उच्च शिक्षा के लायक बनाने वाले शिक्षा विभाग को लम्बे समय के उपरांत आखिरकार अपना मुखिया मिल ही गया। पिछले कई साल से कार्यवाहक के रूप में कार्यभार देखने वाले अधिकारी महोदय की गणेश परिक्रमा रंग जो लाई है। सरकार बनने के कुछ समय उपरांत से ही यह पद खाली चल रहा था। कार्यवाहक की जिम्मेदारी संभालते संभालते लोग साहब को ही मुखिया समझने लगे थे। पर साहब थे तो कार्यवाहक ही। कुर्सी पर पूर्ण अधिकार प्राप्त करने के लिए साहब ने बहुत गणेश परिक्रमा की तब जाकर मेहनत रंग लाई है। अब साहब कम से कम अपने को पूर्णकालिक तो बता सकेंगे।

## कौन पड़ेगा भारी

एक पुरानी कहावत है कि दो की लड़ाई में हमेशा तीसरा लाभ उठाता है। इस समय कुर्सी पर कब्जे की जंग तेज हो गई है वह इसलिए क्योंकि चुनाव में जाने से पहले जो कुर्सी पर काबिज हो जाएगा और अगर चुनाव परिणाम में आशातीत सफलता मिलेगी तो जीत का सहरा कुर्सी पर काबिज साहब को ही जाएगा। इसलिए सरकार के कार्यकाल के साढ़े चार साल पूरे होने पर सभी ने अपने प्रयास तेज कर दिए हैं ताकि कहीं कोई चूक न होने पाए। मगर इस समय दो साहब प्रदेश की नौकरशाही की शीर्ष कुर्सी पाने के लिए तेजी से कोल्ड वार के दौर से गुजर रहे हैं। बैठक में जब अधिकारी मिलते हैं तो मुस्कुराहट की कमी दिखती है। मजे की बात यह है कि दोनों ही अधिकारी महाराज के खास हैं। एक साहब जो कि एक्सप्रेस-वे का जिम्मा संभाले हैं वह तो शुरू से ही करीब हैं जबकि दूसरे वाले साहब जो खजाने की चाबी संभाल रहे हैं वह अभी चंद माह पहले से ही महाराज जी के करीब आ गए हैं। जाहिर है कि मौजूदा चीफ साहब इस लड़ाई से सुकून में हैं।

## होश हुए फाख्ता

शहर में भारी बारिश तो नगर निगम के बड़े साहब के दावों की पोल खुल गयी है। साहब ने अधिकारियों को नालों और नालों की सफाई के लिए करोड़ों रुपए आवंटित किए, कई बैठकें कर पूरी रूपरेखा तय की लेकिन अफसरों की ऐसे निर्देशों को झेलने की पुरानी आदत हैं जिसे अनसुना कर आगे बढ़ गये। इसका नतीजा 16 सितंबर को हुई बारिश ने सबके सामने ला दिया है। ऐसे में बड़े साहब को छाता लेकर नाले और सीवर चोक देखने निकलना पड़ा। आलम यह है कि 26 घंटे की बारिश ने सारी तैयारियों की हकीकत दिखा दी। अब साहब को समझ आया कि उत्तर प्रदेश की राजधानी को संभालना बच्चों का खेल नहीं है। चूक गए तो कुर्सी गयी। साहब ने आनन फानन में अफसरों को कड़ी हिदायत देकर काम करने का एलान किया है। अब पंप और जेनरेटर लेकर अधिकारी बैठे हुए हैं।

## ललक सोशल मीडिया की

एक महत्वपूर्ण कमिश्नरेट के पुलिस कमिश्नर की सोशल मीडिया पर जबरदस्त सक्रियता से आराम तलब पुलिस अधिकारियों की नींद उड़ी हुई है। आलम यह है कि कमिश्नरेट में तैनात अधिकारी हर दो-दो मिनट पर अपने मोबाइल पर व्हाट्सएप मैसेज चेक करते नजर आते हैं। दरअसल कमिश्नर साहब हर वक्त न सिर्फ ऑनलाइन रहते हैं बल्कि सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर नजर रखते हैं। वह कई व्हाट्सएप ग्रुप से भी जुड़े हुए हैं। कमिश्नरेट में कोई भी छोटी या बड़ी घटना होने पर मातहतों के बताने से पहले उन्हें सोशल मीडिया से जानकारी हो जाती है। कमिश्नर साहब तुरंत उस जानकारी को संबंधित मातहत अधिकारियों के मोबाइल पर भेजकर उसकी सच्चाई पता लगाने और उन्हें अवगत कराने के निर्देश देते हैं। सुबह हो चाहे शाम या फिर देर रात, कोई भरोसा नहीं रहता कि व्हाट्सएप पर किस घटना को लेकर कमिश्नर साहब का मैसेज आ जाए। कमिश्नर साहब की इस सक्रियता के नतीजतन मातहत अधिकारी खबरनवीसों से उन्हें क्राइम न्यूज संबंधी ज्यादा से ज्यादा व्हाट्सएप ग्रुप्स में जुड़वाने का आग्रह कर रहे हैं।



## टीका-चोटी और तरक्की

कर्मकांड और ज्योतिष का ज्ञान रखने वाले सरकार के एक मंत्री ने अपने वरिष्ठ मंत्री को तरक्की के लिये चोटी रखने और टीका लगाने की सलाह दी है। सरकार के इस मंत्री का अपने वरिष्ठ मंत्री से कहना है कि ऐसा करने से उन्हे चमत्कारिक लाभ होगा और अचानक बड़ी तरक्की होगी। अपने साथी मंत्री की सलाह पर मंत्री जी ने पीला टीका लगाना तो शुरू कर दिया है लेकिन चोटी रखने के बारे में अभी वह असमंजस में हैं। बड़ा ओहदा पाने की हसरत रखने वाले मंत्री के करीबियों का कहना है कि मंत्री जी पहले ब्राउन रंग का टीका लगाते थे सो उन्हें पीला टीका लगाने में ज्यादा सोचना नहीं पड़ा लेकिन चोटी के बारे में अभी वह मंथन कर रहे हैं। उन्हें डर है कि लोग पूछेंगे तो क्या बताएंगे। खैर तरक्की की ख्वाहिश रखने वाले मंत्री और सलाह देने वाले मंत्री कभी एक ही नगर निगम सदन से सदस्य रहे हैं और अभी भी दोनों एक ही सदन के सदस्य हैं। सलाह देने वाले मंत्री का तन्त्रमंत्र से गहरा नाता है और वह सीएम योगी के भी प्रिय हैं। अब बड़ा सवाल यह है कि तरक्की की ख्वाहिश रखने वाले मंत्री सरकार में पहले ही उप मुख्यमंत्री के ओहदे पर हैं। ऐसे में देखना यह है कि टीका ओर चोटी रखने के बाद अगर तरक्की होती है तो वह सीमा बनते हैं या फिर केन्द्र में जाते हैं।

# हमारे लिए व्यक्ति से बड़ा दल और दल से बड़ा देश: योगी

● अब कोई माफिया सरकारी या किसी गरीब की जमीन पर नहीं कर पा रहा है कब्जा



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि भाजपा जिन मूल्यों और आदर्शों को लेकर राजनीति में आई और लगातार उन्हीं का पालन किया। उन्होंने कहा कि हमारे लिए व्यक्ति से बड़ा दल है और दल से बड़ा देश है। इसलिए भाजपा कार्यकर्ताओं का एकमात्र लक्ष्य सत्ता प्राप्ति और शासन करना नहीं है। सेवा समर्पण का भाव ही इस पार्टी को सबसे अलग करता है।

मुख्यमंत्री ने शनिवार को उत्तर विधान सभा में पंचायती राज विभाग के सभागार में आयोजित बीजेपी प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं के भरपूर परिश्रम से ही हम देश और प्रदेश में जन कल्याण का शासन दे रहे हैं। वैश्विक महामारी के दौरान हमारा कोरोना प्रबंधन बेहतरीन रहा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में अमेरिका के मुकाबले में भारत का कोरोना प्रबंधन कहीं बेहतर रहा। कांग्रेस का नाम लिए बगैर उन्होंने तंज किया कि इसके विपरीत देश में जब आपदा आती है तो एक पार्टी के लोग इटली भाग जाते हैं। यूपी ने जिन लोगों को प्रधानमंत्री के पद तक पहुंचाया, वे लोग यूपी से बाहर जाते हैं तो यूपी की बुराई करते हैं। देश से बाहर देश पर टिप्पणी करते हैं। देवी-देवताओं पर टिप्पणी करना, राम और कृष्ण को नकारना उनकी प्रवृत्ति का हिस्सा है।प्रदेश में पिछली सरकार का गुंडाराज समाप्त करके कानून का राज स्थापित होने के संबन्ध में सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश में अब कोई माफिया किसी सरकारी या गरीब की जमीन पर कब्जा नहीं कर पा रहा है। प्रयागराज में 100 एकड़ भूमि हमारे सुपुर्द की गई है और गुंडे और अपराधी पस्त हो चुके हैं। बीते साढ़े चार वर्षों में यूपी में एक भी दंगा नहीं हुआ है। जनता ने हमें समर्थन दिया और हमने उन्हें सुरक्षा दी। समाजवादी सरकार पर तीखी टिप्पणी करते हुए मु यमंत्री ने कहा एक वह भी समय था जब उत्तर प्रदेश बेहाल रहता था और सैफई में नाच-गाना होता रहता था। सीएम योगी ने कहा की हमें गर्व होना चाहिए कि अयोध्या, मथुरा, काशी व गंगा, यमुना और सरस्वती, त्रिवेणी का संगम, प्रयागराज उत्तर प्रदेश में है। हमें इन आस्था केन्द्रों पर गौरव की अनुभूति होनी चाहिए। इनका संरक्षण व संवर्धन कर आने वाली पीढ़ियों की आस्था इनसे जुड़ी रहेए इसके लिए हमें मिलकर आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने वैश्विक स्तर पर भारत को जो सम्मान दिलाया, वह अद्भुत है।

## सीएम आज रखेंगे उपलब्धियों का लेखा जोखा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ कल अपनी सरकार की साढ़े चार साल की उपलब्धियों को प्रदेश की जनता के सामने रखेंगे। राज्य की सत्ता की बागडोर संभालने के बाद से सरकार की बड़ी योजनाओं तथा विकास कार्यों को लेखाजोखा तैयार कराया गया है। सूत्रों के मुताबिक सीएम के हाथों सरकार की उपब्धियों का ब्योरा जारी किये जाने के बाद सरकार के मंत्री, विधायक, सांसद तथा पार्टी कार्यकर्ता इसे लोगों तक सीधे पहुंचायेगे। माना जा रहा है कि उपलब्धियों के सहारे सरकार और संगठन लोगों तक सीधे पहुंचने का प्रयास करेगा ताकि चुनाव से पहले माहौल तैयार हो सके। इसके लिये कल लोकभवन में आयोजन रखा गया है। जिसमें सरकार के मंत्रियों तथा अधिकारियों की मौजूदगी में सीएम योगी उपलब्धियों को रखकर सरकार के कामकाज का संदेश देंगे।

# 'डबल इंजन' की सरकार से यूपी को हुआ बड़ा फायदा

● पिछली सरकार के मुकाबले केंद्र से मिली दोगुनी मदद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**केन्द्र** और राज्य में एक ही पार्टी यानी कि 'डबल इंजन' की सरकार से यूपी को बड़ा फायदा मिला है। पिछली सरकार के कार्यकाल के मुकाबले योगी सरकार में केन्द्र सरकार से दो गुना धनराशि राज्य को हासिल हुई। जिसका सीधा फायदा यूपी और यहां की जनता को मिला है। लंबे समय तक केंद्र की सत्ता पर काबिज रही कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों ने यूपी के विकास को हाशिये पर रखा। आंकड़े के मुताबिक वित्तीय वर्ष 2012-13 में कांग्रेस की अगुवाई वाली सरकार ने यूपी के विकास के लिए महज 17 हजार करोड़ की सहायता राशि दी थी। इस दौरान राज्य में सपा सरकार थी। केंद्र की सत्ता संभालते ही मोदी सरकार ने वित्तीय वर्ष 2014-15 में यूपी के विकास के लिए 32 हजार करोड़ रुपये की सहायता राशि जारी की लेकिन सपा सरकार इस बड़ी धनराशि का इस्तेमाल विकास को गति देने में नहीं कर सकी। केंद्रीय सहायता से विकास तेज करने के बजाय तत्कालीन सपा सरकार ने न सिर्फ केंद्र सरकार की योजनाओं पर अपने नाम लिखवा कर जनता के बीच भ्रम फैलाने की कोशिश की बल्कि कई बड़ी योजनाओं का विरोध कर प्रदेश में लागू करने में रोड़ा अटकाया । जिससे प्रदेश के लोग लाभ पाने से वंचित रह गए। प्रदेश में योगी सरकार बनने के बाद वित्तीय वर्ष 2017-18 में केंद्र सरकार से मिलने वाली सहायता राशि का आंकड़ा 40 हजार करोड़ रुपये को पार कर गया। केंद्र की मोदी सरकार ने उत्तर प्रदेश की योगी सरकार को 2017-18 से 31 अगस्त 2021 तक कुल 201584 करोड़ रुपये केंद्रीय अनुदान राशि दी है। जबकि इसकी तुलना में 2012-13 से 2016-17 तक पिछली सरकार के दौरान कुल 136832.63 करोड़ रुपये केंद्रीय सहायता के तौर पर यूपी को मिले।

**Indian Institute of Sugarcane Research,**
**Rae Bareli Road, Post - Dilkusha,**
**Lucknow - 226 002, India**

ICAR

F.No 13-71/2020-Admn.I Dated : 17.09.2021

**WALK-IN-INTERVIEW**

Walk-in-Interview for the following contractual position under time bound project as perdetails given below :-

| S. No. | Name of position | No. of Vaccancy | Date of Interview | Place of Interview |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Research Associate (Bussiness Manager) | 01 | 27.09.2021 | ICAR-IISR, Lucknow |
| 2 | Office Assistant (YP-I) | 01 | 28.09.2021 | ICAR-IISR, Lucknow |
| 3 | Field Assistant | 03 | 29.09.2021 | IISR biological Control laboratory, Parvaranagar, Maharashtra |
| 4 | Young Professional- II | 01 | 30.09.2021 | ICAR-IISR, Lucknow |
| 5 | Junior Research Fellow | 01 | 08.10.2021 | ICAR-IISR, Lucknow |

For further details as qualifications, age and other terms and conditions etc., please refer to the Institute's Website **https://iisr.icar.gov.in**

For any change/updation will be published on website only.

**(R K Yadav)**
**Assistant Administrative Officer**
**& I/c Adm.I**

# झूठे वादों से भ्रमित करती है भाजपा



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा राज में उत्तर प्रदेश की जनता कोरोना महामारी, श्रमिक पलायन और बढ़ती बेरोजगारी का बुरी तरह शिकार रही है। मंहगाई, बिजली संकट और चिकित्सा क्षेत्र की बदहाली से लोग त्रस्त हैं। जनसामान्य को इन परेशानियों से रोजाना जूझना पड़ रहा है लेकिन भाजपा सरकार को इसकी कतई चिंता नहीं है। भाजपा झूठे वादों से भ्रमित करती है और साजिशन जनहित से इतर मुद्दों को हवा देती है। भाजपा के राजनीतिक स्वार्थसाधन का एजेंडा वैक्सीनेशन को भी 'इवेंट' बना देना है। प्रधानमंत्री के जन्मदिन को 'विकास उत्सव' बनाकर भाजपा कौन संदेश देना चाहती है। शुरू से ही भाजपा की नीयत राजनीतिक स्वार्थपूर्ति की दिखाई दी है। वैक्सीनेशन को भी भाजपाई रंग देने के लिए प्रधानमंत्री की फोटो लगाई जा रही है। यह वैक्सीनेशन अभियान तो कोविड संक्रमण से बचाव के लिए राष्ट्रीय अभियान के रूप में चलाने की बात थी तो उसमें राष्ट्रीय ध्वज लगाया जाता तो इसकी गरिमा बढ़ती।

# जनता के कल्याण के लिए योगी सरकार ने ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं: स्वतंत्र देव



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**बीजेपी** प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्रदेव सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य की भाजपा सरकार के शानदार साढ़े चार वर्ष पूरे होने पर बधाई दी है और कहा है कि यह अवधि प्रदेश के नवनिर्माण व जनाकांक्षाओं की पूर्ति के रहे हैं। गांव, गरीब, किसान, पिछड़ा, दलित, वंचित, युवा, महिला, व्यापारी, कर्मचारी सहित समाज के हर वर्ग व प्रदेश की समग्र जनता के कल्याण के ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सरकार ने 2017 में भाजपा के संकल्प पत्र के माध्यम से जनता से किए गए हर संकल्प को पूर्ण किया है। कैबिनेट की पहली बैठक में ही किसानों की कर्जमाफी का ऐतिहासिक फैसला लिया गया। माफियाओं-गुंडों पर हो रही कार्रवाई और गरीबों की जमीन कब्जाने वालों पर चल रहे बुलडोजर से माफियाओं और कभी सत्ता में रहते हुए उनको सर आंखों पर बिठाने वाले विपक्षी दलों के भी कलेजे दहल रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि निवेश से लेकर सामाजिक सुरक्षा के मोर्चे पर कभी यूपी सबसे पिछड़ा था। आज पीएम नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में व योगी जी की अगुवाई में केंद्रीय योजनाओं के क्रियान्वयन में प्रदेश पहले पायदान पर है।

# साढ़े चार वर्ष के शासन में बर्बाद हुआ यूपी: कांग्रेस

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश कांग्रेस कमेटी मीडिया विभाग के संयोजक अशोक सिंह ने भाजपा शासन के साढ़े चार वर्ष पूरे होने के मौके पर कहा कि सीएम योगी के तमाम दावों के उलट उत्तर प्रदेश हत्या, लूट, दुराचार व अन्य जघन्य अपराधों में देश में नंबर वन बन गया है। उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में बीजेपी की सरकार ने साढ़े चार साल में यूपी को तबाह कर दिया है इस सरकार में किसान, नौजवान, शिक्षक, राज्य कर्मचारी, महिलाएं सब तरफ उत्पीड़न शोषण का सत्ता के संरक्षण में शिकार होकर खून के आंसू रोने के लिये विवश है। सिंह ने राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के ताज़ा आंकड़ों का हवाला देते हुए सवाल किया कि महिला उत्पीड़न, हत्या व जघन्य अपराधों में उत्तरप्रदेश टॉप पर कैसे पहुच गया जबकि सरकार का दावा तो यह है कि अपराधी या तो जेलों में है या राज्य की सीमा के बाहर। जनता योगी जी से सवाल पूछ रही है कि वे बतायें कि आख़िर इस बदहाली का जिम्मेदार कौन है।

## कांग्रेस चलाएगी 'बनें कांग्रेस की आवाज' अभियान

**लखनऊ।** प्रदेश में नई राजनैतिक जमीन तैयार कर रही कांग्रेस ने युवाओं से कांग्रेस की आवाज बनने का आह्वान किया है। पार्टी की ओर से जिला प्रवक्ता और मीडिया कोआर्डिनेटर चुनने के लिए 'बनें कांग्रेस की आवाज' अभियान शुरू करने का ऐलान किया गया है। इसके लिए पार्टी नेताओं की टीम जिलों में जाकर दोनों पदों पर चुनाव करेगी। यूपी कांग्रेस कमेटी के मीडिया एवं कम्युनिकेशन विभाग के वाइस चेयरमैन डॉ.पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि जिलों में प्रवक्ता और मीडिया कोआर्डिनेटर बनने का अवसर कांग्रेस के हर कार्यकर्ता या समर्थक के पास होगा। जो भी भारत के संविधान में वर्णित संकल्पों और कांग्रेस पार्टी रीति-नीति के प्रति प्रतिबद्धता महसूस करता हो, जनता के बीच इन्हें प्रभावी तरीके से रख सकता हो, वह इस अभियान का हिस्सा बन सकता है।

# 'संस्कृत' को आगे बढ़ाने में रचा इतिहास

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**साढ़े** चार साल के कार्यकाल में योगी सरकार ने संस्कृत भाषा को आगे बढाने और बोलचाल की भाषा के रूप में विकसित करने के बड़े कदम उठाये। विश्व की सबसे प्राचीन भाषा और भारतीय भाषाओं की जननी कही जाने वाली संस्कृत को योगी सरकार में सम्मान मिला है। इससे पहले कभी भी संस्कृत को आगे बढ़ाने के प्रयास नहीं किये। संस्कृत के नाम पर अकादमी और संस्थान तो चले लेकिन उनको आगे बढ़ाने के लिए कभी भी ठोस और प्रभावी योजनाएं नहीं बनी। जिसकी वजह से संस्कृत लोकप्रिय भाषा के रूप में स्थापित नहीं हो पाई। विगत 19 मार्च 2017 में प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सत्ता संभालने के साथ ही प्रदेश संस्कृत संस्थान को संस्कृत भाषा को जन-जन पहुंचाने का लक्ष्य दिया। जिसको धरातल पर उतारने का काम किया गया। संस्थान ने वर्ष 2018-19 में सरल संस्कृत सम्भाषण शिविर योजना शुरू की। कानपुर, मथुरा, गोरखपुर, वाराणसी, मेरठ एवं लखनऊ में 531 प्राथमिक विद्यालय, 656 माध्यमिक, 181 सार्वजनिक संस्थाओं, 91 महाविद्यालयों, 175 संस्कृत महाविद्यालयों सहित कुल 1634 विद्यालयो में 40850 प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रदेश में सरल संस्कृत सम्भाषण योजाना से जवाहर नवोदय विद्यालय मे संस्कृत प्रशिक्षण दिया गया। मेरठ कालेज मेरठ में संस्कृत प्रशिक्षण के कार्यक्रम चलाए गये। वाराणसी संवादशाला में आवासीय संस्कृत प्रशिक्षण और इसमें उत्तीर्ण 68 प्रशिक्षकों द्वारा पहली बार अपने-अपने ब्लॉक में चुन्नू-मुन्नू संस्कारशाला का आयोजन किया गया। वर्ष 2020-21 में कोविड 19 महामारी के दौरान आनलाइन माध्यम से 1800 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण दिया और 3600 शिक्षकों को संस्कृत प्रशिक्षण दिया। वर्ष 2021-22 में वर्तमान में आनलाइन माध्यम से लगभग 8533 प्रशिक्षणार्थियों को संस्कृत सम्भाषण का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। संस्थान की मिस्डकॉल योजना के माध्यम से संस्कृत सम्भाषण योजना में रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है। संस्थान ने योगए पौरोहित्य, ज्योतिष प्रशिक्षण शिविर योजना, प्रत्येक जनपद में वास्तु एवं ज्योतिष प्रशिक्षण शिविर, पुरस्कार योजना, व्याख्यान गोष्ठी योजना और एकमासात्मक नाट्य प्रशिक्षण योजना से संस्कृत को जन-जन तक पहुंचाने का काम किया। सिविल सेवा परीक्षा की निशुल्क कोचिंग एवं मार्गदर्शन योजनाए कम्प्यूटर के माध्यम से संस्कृत की कक्षाएं संचालित किये जाने की योजना के साथ उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान पुस्तकालय का सुदृढीकरण और छात्रवृत्ति योजना और पुस्तक के प्रकाशन का भी लाभ प्रदेश में संस्कृत भाषा सीखने वाले युवाओं को दिया जा रहा है।

**इंडियन बैंक Indian Bank**

इलाहाबाद ALLAHABAD

अंचल कार्यालयः एस 19/33, इकराम खान बिल्डिंग, नदेसर,वाराणसी। फोन 0542-2505443, ई-मेल: zovaranasi@indianbank.co.in

**मांग सूचना**

अधोहस्ताक्षरी दारा वित्तीय आस्तियो का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 ( 2002 का 54 ) की धारा 13(2) जो प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के साथ पठित है के अंर्तगत नीचे उल्लिखित उधारकर्ताओं/ गांरटीकर्ताओं को एतद्द्वारा नोटिस दिया जाता है कि वह उन्हें/उनकी गांरटी पर प्रदान कि गई ऋण सुविधाओं की बकाया राशि का भुगतान इस नोटिस कि तारीख से 60 दिनों के अन्दर करें।यदि आप 13(2) के अंर्तगत जारी इस नोटिस की शर्तो के अनुसार निम्नलिखित ऋण, अतिरिक्त ब्याज, प्रासंगिक व्यय, लागत आदि सहित चुकाने में विफल रहते है तो बैंक अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) के अन्तर्गत एवं अक्त अधिनियम के अन्य प्रायोज्य प्रावधानों के अर्न्तगत सभी अधिकारों अथवा किसी भी अधिकार का प्रयोग करेगा।आपको यह भी नोटिस दिया जाता है कि अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (13) के अनुसार आप बैंक की लिखित सहमति किये बिना इस नोटिस में नीचे उल्लिखित कथित प्रतिभूत आस्तियों का विक्रय, पट्टा अथवा अन्यथा द्वारा अंतरण नही करेगें।खातो एवं प्रतिभति आस्तियों का विवरण, ब्याज एवं अन्य प्रभारों और उसपे व्यय सहित नीचे दिया गया है।

| क्र. सं. | खाते का नाम | नाम ऋणी/जमानतदार/सम्पत्ति के स्वामी | बंधक सम्पत्ति का विवरण | डिमाण्ड नोटिस की तिथि/ बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मे0 राजेश ब्रदर्स प्रो0 श्रीमती विमला देवी शाखा - वाराणसी डाफी | 1. मे0 राजेश ब्रदर्स प्रो0 श्रीमती विमला देवी निवासी बच्छॉव, जिला - वाराणसी उ0प्र0 - 221011 (ऋणी) 2. श्रीमती विमला देवी पत्नी बदरी प्रसाद मौर्या निवासी बच्छॉव, जिला - वाराणसी उ0प्र0 - 221011 (प्रोपाईटर/ बन्धकर्ता/ जमानतदार ) 3. श्री राजू मौर्या पुत्र बदरी प्रसाद मौर्या निवासी बच्छॉव, जिला - वाराणसी उ0प्र0 - 221011 (जमानतदार ) | सभी भाग सम्पत्ति अराजी सं0 205, क्षेत्रफल 2720 वर्ग फीट यानि 252.78 वर्ग मी0 स्थित मौजा- बच्छॉव, परगना- कसवार राजा, तहसील व जिला-वाराणसी जो कि श्रीमती विमला देवी पत्नी स्व0 बदरी प्रसाद मौर्या के नाम मे है। चौहद्दी- पूरब- कच्चा रास्ता 10 कडी, पश्चिम-भूखण्ड भाग श्रीमती देवी, उत्तर- अराजी सं0 199 नवीन पराती , दक्षिण-भूखण्ड भाग श्रीमती देवी | 28.06.2021 रू 1397304.00 + लागत + प्रभार + अन्य व्यय |
| 2. | मे0 नागेश्वर प्रसाद टेलीकाम प्रो0 श्री मधुसुदन केसरी शाखा - कचनार | 1. मे0 नागेश्वर प्रसाद टेलीकाम प्रो0 श्री मधुसुदन केसरी निवासी - कचनार, राजातलाब, वाराणसी-221311 (ऋणी) 2. श्री मधुसुदन केसरी पुत्र श्री राम केसरी निवासी नगर पंचायत,गंगापुर,वाराणसा उ0प्र0 -221302 (प्रोपाईटर) 3. श्रीमती रेखा केसरी पत्नी श्री मधुसुदन केसरी निवासी नगर पंचायत,गंगापुर, वार्ड नं 8, परगना - कसवार राजा, तहसील- राजातलाब, जिला-वाराणसी उ0प्र0-221302 (जमानतदार /बन्धककर्ता) | 1. सभी भाग सम्पत्ति अराजी सं0 403/1, क्षेत्रफल 2402.8675 वर्ग फीट (223.31 वर्ग मी0) मौजा - जमीन हिकमत शाहपुर, परगना- कसवार राजा, तहसील - राजातलाब, जिला- वाराणसी जो कि श्रीमती रेखा केसरी पत्नी श्री मधुसुदन केसरी के नाम मे है। चौहद्दी- पूरब- अकेलवा से मोहन सराय लिंक मार्ग, पश्चिम- संजय सिंह पुत्र कमला सिंह व अन्य की जमीन, उत्तर- अन्य की जमीन, दक्षिण- विक्रेता की जमीन 2. सभी भाग सम्पत्ति अराजी सं0 932, क्षेत्रफल 0.025 हेक्टेयर (252.78 वर्ग मी0) ग्राम - कचनार, परगना- कसवार सरकारी, तहसील व जिला - वाराणसी जो कि श्रीमती रेखा केसरी पत्नी श्री मधुसुदन केसरी के नाम मे है। चौहद्दी- पूरब- कच्चा चक रोड 10 कडी बादहु अन्य की जमीन, पश्चिम- खेत लालता, उत्तर- हरिनाथ का भवन, दक्षिण- खेत कल्लू व अन्य | 21.08.2021 रू 2959689.56 + लागत + प्रभार + अन्य व्यय |

दिनांक - 19.09.2021
स्थान - वाराणसी

प्रकाशन में हुई किसी प्रकार की त्रुटि के लिये सम्बन्धित शाखा या मण्डलीय कार्यालय से सम्पर्क कर सकते है।

प्राधिकृत अधिकारी

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादकः विजय प्रकाश सिंह। फोनः ( 0522 ) 4036600 फैक्सः 2346443/2345582

RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 324
लखनऊ, रविवार, 19 सितम्बर, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



चौथी बार एनआरएआई अध्यक्ष चुने गए रनिंदर
स्पोर्ट्स-12

www.dailypioneer.com

# कांग्रेस ने खेला सियासी दांव, अमरिंदर का इस्तीफा

- विधायक दल ने नए नेता को चुनने की जिम्मेदारी शीर्ष नेतृत्व पर छोड़ी, रेस में सुनील जाखड़ सबसे आगे
- कैप्टन बोले, अपमानित महसूस कर रहा था इसलिए मुख्यमंत्री पद छोड़ा

**अमिताभ शुक्ला।** चंडीगढ़



**पंजाब** में विधानसभा चुनावों में छह महीने से कम समय रह गया है और कांग्रेस ने शनिवार को पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह को बदल दिया। उसका मानना है कि दो बार के मुख्यमंत्री के खिलाफ तेज हो रही सत्ता विरोधी लहर को दबाने के लिए यह सबसे बेहतर राजनीतिक विकल्प था। जाहिर है कि कांग्रेस हाई कमान द्वारा लिखी गई यह राजनीतिक स्क्रिप्ट मुख्यमंत्री को रास नहीं आई होगी और उन्होंने नए नेता को चुनने के लिए कांग्रेस विधायक दल की बैठक से पहले रविवार को शाम चार बजे राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित को अपना इस्तीफा सौंप दिया। चुनाव तक अंतरिम मुख्यमंत्री बनने की रेस में शामिल शीर्ष नेताओं में राज्य के पूर्व पार्टी अध्यक्ष सुनील जाखड़ का नाम सूची में सबसे ऊपर हैं। इस्तीफा देने के बाद राजभवन के बाहर संवाददाताओं से बातचीत में कैप्टन ने कहा कि वह अपने साथियों और समर्थकों के साथ बातचीत करने के बाद भविष्य के कदम एवं विकल्प पर फैसला करेंगे। हालांकि, उन्होंने यह स्पष्ट किया कि फिलहाल वह कांग्रेस में हैं। अमरिंदर सिंह ने कहा कि कांग्रेस अलाकमान जिसे चाहे, उसे मुख्यमंत्री बना सकता है। उन्होंने बताया कि मेरा फैसला आज सुबह हो गया था। मैंने कांग्रेस अध्यक्ष से बात की थी और उनसे कह दिया था कि इस्तीफा दे रहा हूं। सिंह के अनुसार कि कुछ महीनों में यह तीसरी बार हो रहा है। पहले विधायकों को बुलाया, दूसरी बार बुलाया और तीसरी बार बैठक कर रहे हैं। मैं अपमानित महसूस करता हूं। मेरे ऊपर अगर संदेह है तो ऐसे में मैंने फैसला किया कि मुख्यमंत्री पद छोड़ दिया जाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस आलाकमान को जिस पर भरोसा हो, उसे मुख्यमंत्री बना सकता है। उनके इस्तीफे के बाद हुई विधायक दल की बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को अधिकृत किया गया कि वह विधायक दल के नये नेता का चयन करें। यह नया नेता ही पंजाब का अगला मुख्यमंत्री होगा। एआईसीसी महासचिव राज्य (शेष पेज 8)

## सीएम के रूप में सिद्धू कबूल नहीं: कैप्टन

**मोनिका मलिक।** चंडीगढ़

- कद्दावर नेता ने कहा अपने समर्थकों के साथ विचार-विमर्श के बाद अगला कदम उठाएंगे

**मुख्यमंत्री** पद छोड़ने के बाद कैप्टन अमरिंदर सिंह के तेवर तल्ख हो गए हैं। उन्होंने हार नहीं मानने वाले अंदाज में कहा कि उन्होंने त्यागपत्र दिया है, लेकिन वह हारे नहीं हैं। वह राजनीति में ही रहेंगे। उन्होंने स्पष्ट ऐलान करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के रूप में नवजोत सिंह सिद्धू उन्हें किसी भी कीमत पर कबूल नहीं हैं।

कैप्टन ने कहा कि उनके सारे विकल्प खुले हैं और अपने सहयोगियों-समर्थकों से विचार-विमर्श करने के बाद वह अगला कदम उठाएंगे। राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित को अपना और अपनी मंत्रिपरिषद का इस्तीफा सौंपने के कुछ ही मिनट बाद कैप्टन अमरिन्दर सिंह ने कहा कि पार्टी आलाकमान ने उन्हें कई बार अपमानित किया। कैप्टन अमरिंदर सिंह ने कहा कि उन्होंने अपने पिछले कार्यकाल (2002-2007) के पांच साल सहित साढ़े नौ साल तक पंजाब के मुख्यमंत्री के रूप में सेवा की और उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई, उसे उन्होंने पूरा किया। अमरिंदर ने कहा कि उन्होंने अपने पंजाब और लोगों के लिए जितना हो सका, उतनी मजबूती से काम किया और आगे भी करते रहेंगे। वह झुकने वाले नहीं हैं।

उन्होंने अपना काम पूरा किया, अब अगली जिम्मेदारी संभालेंगे। इससे पहले दिन में, अमरिंदर ने अपने सरकारी आवास पर दोपहर 2 बजे अपने समर्थक मंत्रियों और विधायकों की बैठक बुलाई थी। हालांकि, कैबिनेट (शेष पेज 8)

# चुनाव से पहले कानपुर आगरा में दौड़ेगी मेट्रो



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

- तीस नवम्बर के आसपास पीएम के हाथों कराएंगे शुभारंभ: योगी

**विधानसभा** चुनाव में जाने से पहले कानपुर तथा आगरा में मेट्रो ट्रेन का पहिया दौड़ाने की तैयारी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों तीस नवम्बर के आसपास दोनों ही शहरों में मेट्रो ट्रेन का शुभारंभ किये जाने के संकेत सीएम योगी ने गोरखपुर में मेट्रो की प्रथम प्रोटोटाइप ट्रेन के वर्चुअल अनावरण के दौरान दिये।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि देश की सबसे बड़ी आबादी वाले राज्य उत्तर प्रदेश के चार शहरों लखनऊ, गाजियाबाद, नोएडा और ग्रेटर नोएडा में मेट्रो रेल का सफल संचालन किया जा रहा है। कानपुर और आगरा में मेट्रो का काम लगभग पूरा हो चुका है। इसके साथ ही पांच अन्य प्रमुख शहरों गोरखपुर, वाराणसी, प्रयागराज, मेरठ और झांसी में मेट्रो के लिए डीपीआर तैयार है या अंतिम चरण में है। इन शहरों में भी पब्लिक ट्रांसपोर्ट की बेहतरीन सुविधा उपलब्ध होगी।उन्होंने कहा कि मेट्रो जैसा सुरक्षित और आरामदायक पब्लिक ट्रांसपोर्ट आज की आवश्यकता है। तीस नवम्बर के आसपास हम कानपुर और आगरा मेट्रो को (शेष पेज 8)

# भारत में 80 करोड़ के पार हुआ टीकाकरण: मांडविया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**केंद्रीय** स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने शनिवार को कहा कि भारत में अब तक कोविड-19 टीके की 80 करोड़ खुराक दी गई है। कोरोना वायरस के खिलाफ देशव्यापी टीकाकरण अभियान 16 जनवरी को शुरू किया गया था, जिसमें स्वास्थ्यकर्मियों को पहले चरण में टीका लगाया गया था। मांडविया ने हैशटैग 'वर्ल्ड लार्जेस्ट वैक्सीनेशन ड्राइव' (दुनिया का सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान) का उपयोग करते हुए ट्वीट लिखा कि कोविड-19 के खिलाफ मजबूती से खड़े रहना। भारत में टीके की 80 करोड़ खुराक दी गई। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए देश को बधाई। देश में शक्रवार को 24 घंटे में 2.5 करोड़ खुराक दी गई, जो एक दिन में दी गई खुराकों का अब तक सबसे बड़ा आंकड़ा है। मांडविया ने इसे विश्व इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय के रूप में वर्णित किया। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, भारत को 10 करोड़ के टीकाकरण के आंकड़े को छूने में 85 दिन, 20 करोड़ के आंकड़े को पार करने में 45 दिन और 30 करोड़ के आंकड़े तक पहुंचने में 29 दिन और लगे। मंत्रालय ने कहा कि देश को 30 करोड़ खुराक से 40 करोड़ तक पहुंचने में 24 दिन लगे और फिर छह अगस्त को 50 करोड़ टीकाकरण का आंकड़ा पार करने में 20 दिन लगे। उसने कहा कि 60 करोड़ के आंकड़े को पार करने में 19 दिन और लगे और सात सितंबर को 60 करोड़ से 70 करोड़ तक पहुंचने में केवल 13 दिन लगे। खुराकों की कुल संख्या 13 सितंबर को 75 करोड़ का आंकड़ा पार कर गई।

## सात लड़कियों की तालाब में डूबने से हुई मौत

**भाषा।** लातेहार

**झारखंड** के लातेहार जिले में आदिवासी पर्व करमा पूजन के बाद डाली का विसर्जन करने गई 10 लड़कियों की टोली में से सात लड़कियों की शनिवार को तालाब में डूबने से मौत हो गई। इनमें से छह बच्चियां एक ही परिवार की थीं। यह जानकारी लातेहार के उपायुक्त अबू इमरान ने दी। वहीं, इस घटना पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने शोक व्यक्त किया है। उपायुक्त बताया कि घटना शनिवार दोपहर लगभग 12 बजे के करीब जि़ले के बालूमाथ प्रखंड में शेरागड़ा पंचायत के बुकरू गांव के मननडीह में घटी। इमरान ने बताया कि सभी मृत लड़कियों के शव तालाब से निकाल लिए गए हैं और उन्हें पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। मृत सभी लड़कियों की उम्र 12 वर्ष से 20 के बीच है। उपायुक्त ने बताया कि मौके पर राहत एवं बचाव कार्य के बाद मामले की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दे दिए गए हैं और पूरी घटना की जांच उप उपायुक्त सुरेन्द्र (शेष पेज 8)

# सुप्रियो भाजपा छोड़ टीएमसी में



**पायनियर समाचार सेवा।** कोलकाता

- जुलाई में फेरबदल के दौरान केंद्र सरकार से हटाए जाने पर स्पष्ट रूप से जाहिर की थी नाराजगी

**केंद्रीय** मंत्रिपरिषद से हटाए जाने के बाद कई हफ्तों तक कभी नरम तो कभी गरम तेवर दिखाने वाले भाजपा सांसद बाबुल सुप्रियो ने शनिवार को पश्चिम बंगाल में सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) का दामन थामकर लोगों को चौंका दिया।


आसनसोल संसदीय सीट से दो बार के सांसद सुप्रियो ने पूर्व में कहा था कि वह राजनीति छोड़ देंगे। हालांकि, भाजपा नेतृत्व ने बाद में उन्हें लोकसभा का सदस्य बने रहने के लिए मना लिया था। गायिकी से सियासत का रुख करने वाले सुप्रियो पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी और राज्यसभा सदस्य व प्रवक्ता डेरेक ओ ब्रायन की मौजूदगी में टीएमसी (शेष पेज 8)

## अमेरिकी सेना ने ड्रोन हमले में 10 निर्दोष अफगानों के मारे जाने की बात कबूली

**वाशिंगटन।** अमेरिका की सेना ने माना है कि अफगानिस्तान से उसके सैनिकों की वापसी से कुछ दिन पहले एक जानलेवा ड्रोन हमला उसकी भयावह गलती थी क्योंकि इसमें आईएसआईएस-के के आतंकवादियों के बजाय सात बच्चों समेत 10 बेगुनाह अफगान नागरिक मारे गए थे। अमेरिका की मध्य कमान के कमांडर जनरल केनेथ फ्रैंक मैक्केंजी ने 29 अगस्त के हमले की जांच के नतीजों पर पत्रकारों से यह भी कहा कि ड्रोन हमले में क्षतिग्रस्त हुए वाहन और मारे गए लोगों के इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड लेवांत-खुरासन से जुड़े होने या अमेरिकी सेना के लिए कोई प्रत्यक्ष खतरा होने की आशंका नहीं थी। उन्होंने कहा कि हालांकि इस हमले को इस्लामिक स्टेट के हमले के बाद हामिद करजई अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर जमीनी हालात के संदर्भ में ही समझा जाए। हवाईअड्डे पर हुए हमले में अमेरिका के 13 सैनिक मारे गए थे और 100 से अधिक नागरिकों ने जान गंवाई थी। साथ ही खुफिया अधिकारियों ने एक और आसन्न हमले का संकेत दिया था। (विस्तृत पेज 11)

# सोनू सूद और सहयोगियों ने 20 करोड़ की कर चोरी की: सीबीडीटी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**केंद्रीय** प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने शनिवार को आरोप लगाया कि अभिनेता सोनू सूद और उनके सहयोगियों ने 20 करोड़ रुपए कर की चोरी की है। बोर्ड ने यह भी आरोप लगाया कि जब आयकर विभाग ने उनके और उनसे जुड़े लखनऊ स्थित एक अवसंरचना समूह के परिसरों पर छापा मारा, तो यह पाया गया कि उन्होंने अपनी बिना हिसाब की आय को कई फर्जी संस्थाओं से फर्जी असुरक्षित ऋण के रूप में दर्शाया।

उसने सूद पर विदेशों से चंदा जुटाने के दौरान विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम (एफसीआरए) का उल्लंघन करने का भी आरोप लगाया। आयकर विभाग ने 48 वर्षीय अभिनेता और लखनऊस्थित कारोबारी समूह के परिसरों पर 15 सितंबर को छापे मारे थे और सीबीडीटी ने बताया कि छापेमारी अभी जारी है। सीबीडीटी ने एक बयान में कहा, अभिनेता और उनके सहयोगियों के परिसरों की छापेमारी के दौरान कर चोरी से संबंधित साक्ष्य मिले हैं। उसने कहा, अभिनेता द्वारा अपनाई जाने वाली मुख्य कार्य प्रणाली यह थी कि वह अपनी बेहिसाब आय को कई फर्जी संस्थाओं से फर्जी असुरक्षित ऋण के रूप में तब्दील करते थे। बयान में बताया गया कि अब तक इस प्रकार की 20 प्रविष्टियों के उपयोग की जानकारी मिली है और जांच के दौरान इनके प्रदाताओं ने फर्जी प्रविष्टियां (खातों में लेन देन की प्रविष्टियां) मुहैया कराने की बात स्वीकार की है।

कर विभाग के लिए नीति बनाने वाले निकाय ने कहा, उन्होंने (प्रविष्टयां मुहैया कराने वालों ने) नकद के बदले चेक जारी करने की बात स्वीकार की है। ऐसे कई उदाहरण हैं, जब कर चोरी के उद्देश्य से बही खातों में ऋण के रूप में रसीदों को छिपाया गया (शेष पेज 8)

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 59,015 | |
| निफ्टी | 17,585 | |
| सोना | 45,207 | /10g |
| चांदी | 60,183 | /kg |

## क्विक न्यूज

### कोविड प्रोटोकॉल के साथ चारधाम यात्रा शुरू

**देहरादून।** महामारी की दूसरी लहर की वजह से महीनों तक निलंबित रहने के बाद उत्तराखंड मे हिमालय पर्वतीय क्षेत्र मे स्थित चार पवित्र धामों की यात्रा कोविड प्रोटोकॉल के साथ शनिवार से शुरू हो गई। देवस्थानम बोर्ड के मीडिया प्रभारी हरीश गौड़ ने बताया कि यात्रा मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) का अनुपालन सुनिश्चित करने संबंधी प्रबंधो के बीच आसपास के गांवो से श्रद्धालुओ ने आज सुबह मंदिरों में पहुंचना शुरू कर दिया। उन्होंने कहा कि तीर्थयात्रियो पर सीसीटीवी के जरिए नजर रखी जा रही है, जिससे कि यह पता चल सके कि कही कोविड-19 प्रोटोकॉल का कोई उल्लंघन तो नही हो रहा है। तीर्थयात्रियों को चार धामों-बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री के गर्भ गृह मे जाने की अनुमति नहीं है।

# बच्चों में कोविड संक्रमण पर निगाह रखें राज्य: केंद्र

- त्योहारी सीजन में मॉल, बाजार व अन्य सार्वजनिक स्थलों पर कोविड नियमों के प्रति सख्ती बरतने के निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**केंद्र** सरकार ने शनिवार को राज्यों से कहा है कि वे बच्चों में कोविड संक्रमण के प्रसार पर पूरी तरह निगाह बनाए रखें और ऑक्सीजन प्लांट, आईसीयू, दवाओं का भंडारण तथा अस्पतालों जैसी आधारभूत स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करें। कई राज्यों में स्कूल खुलने और आगामी त्योहारी सीजन के मद्देनजर केंद्र ने यह दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इस समय 15 राज्यों के लगभग 70 जिलों में कोरोना के बढ़ते मामले चिंता का सबब बने हुए हैं। समीक्षा बैठक में शनिवार को केंद्र सरकार ने कहा कि कम से कम 34 जिलों में पॉजिटिविटी दर 10 प्रतिशत से अधिक और 36 जिलों में यह 5 से 10 प्रतिशत के बीच है।

वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए कोविड प्रबंधन और रणनीति की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कैबिनेट सचिव राजीव गौबा ने कहा कि राज्य तथा केंद्रशासित प्रदेश कोविड-19 स्थिति का गहन आकलन करने के साथ ही स्वास्थ्य ढांचे को मजूबत करें तथा आवश्यक दवाओं का भंडार रखें। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आत्मसंतोष के लिए कोई जगह नहीं है। किसी भी अस्पताल में डॉक्टरों-नर्सों की कमी नहीं होनी चाहिए। अन्य देशों में कोविड-19 (शेष पेज 8)

# मंदिर निर्माण के लिए राजनाथ को सौंपा गया 115 देशों का जल

- रक्षामंत्री बोले-यह वसुधैव कुटुंबकम की सोच को दर्शाता है

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**रक्षामंत्री** राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के लिए सात महाद्वीपों के 115 देशों से जल लाने का विचार अनूठा है और यह वसुधैव कुटुंबकम के संदेश को झलकाता है।

सिंह ने अकबर रोड स्थित अपने आवास पर श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय तथा डेनमार्क, फिजी तथा नाइजीरिया समेत अनेक देशों के राजदूतों और उच्चायुक्तों की मौजूदगी में 115 देशों की नदियों, झरनों और समुद्रों का जल प्राप्त किया। भाजपा नेता और दिल्ली के पूर्व भाजपा विधायक विजय जॉली की अगुवाई में एनजीओ दिल्ली स्टडी सर्किल ने जल एकत्रित किया। जॉली के प्रयासों की सराहना करते हुए सिंह ने कहा, दुनिया के सभी देशों से जल लाने से भारत की वसुधैव कुटुंबकम की सोच झलकती है। 115 देशों से जल लाना एक उत्कृष्ट कार्य है। मुझे आशा है कि मंदिर निर्माण पूरा होने से पहले बाकी 77 देशों से भी जल लाया जाएगा। हम इस जल से अपने राम लला का जलाभिषेक करेंगे। उन्होंने कहा कि राम मंदिर का निर्माण सभी के लिए गौरव का क्षण है। उन्होंने कहा, भारतीय संस्कृति बहुत समृद्ध है और भारत में जाति, वर्ण और धर्म के आधार पर कोई भेदभाव नहीं होता। इस अवसर पर राय ने कहा कि दुनिया के अनेक देशों से जल लाना एक ऐतिहासिक क्षण है। उन्होंने कहा, अयोध्या में एक सप्तसागर है। माना जाता है कि त्रेता युग में भगवान राम के राज्यतिलक के दौरान दुनिया के सभी सागरों का जल लाया गया था।

और आज जब उनके जन्मस्थान पर उनका मंदिर बनाया जा रहा है तो दुनिया के सभी समुद्रों का जल एक बार फिर लाया गया है। यह हमारे लिए भावनात्मक विषय है। उन्होंने यह भी कहा कि राम मंदिर की नींव का पहला चरण पूरा हो गया है। जॉली ने कहा कि कोविड महामारी के दौरान जब लोग अपने घरों से बाहर नहीं निकल सके तो उनके संगठन ने दुनिया के 115 देशों से पानी एकत्रित किया। उन्होंने कहा, केवल हिंदुओं ने ही नहीं, बल्कि दुनिया भर के मुस्लिम, सिख, ईसाई, यहूदी और बौद्ध धर्म के लोगों ने इस पवित्र काम में योगदान दिया है।

पायनियर
लखनऊ, रविवार, 19 सितंबर, 2021



# 27700 शक्ति केंद्रों पर पहुंचेगा भाजपा-संगठन

● आम जनता तक पहुंचाएंगे योगी सरकार की उपलब्धियां

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य की भाजपा सरकार के साढ़े 4 वर्ष पूर्ण होने पर बीजेपी कार्यकर्ता जन–जन तक पहुंच कर सरकार की योजनाओं का प्रचार–प्रसार कर संपर्क व संवाद करेंगे। पार्टी 19 सितंबर को प्रदेश के सभी 27700 शक्ति केंद्रों पर पहुंचकर प्रदेश भाजपा सरकार द्वारा किए गए गांव, गरीब, किसान के विकास से प्रदेश के सांस्कृतिक, औद्योगिक व आर्थिक विकास को लोक दरबार में प्रस्तुत करेंगी।

प्रदेश महामंत्री अमरपाल मौर्य ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश में भाजपा की सरकार 19 सितंबर को साढ़े 4 वर्ष पूर्ण करेंगी। भाजपा अपनी परंपरा के अनुरूप एक बार फिर सरकार के कामकाज, उपलब्धियां तथा ऐतिहासिक निर्णयों को लेकर जनता के दरबार में पहुंचेंगी। पार्टी प्रदेश के सभी 27700 शक्ति केंद्रों पर ग्राम चौपाल लगाकर पंडित दीनदयाल उपाध्याय द्वारा प्रशस्त अंत्योदय पथ पर चलते हुए प्रदेश भाजपा सरकार का गांव, गरीब, किसान की आर्थिक व सामाजिक विकास का दस्तावेज प्रस्तुत करेगी।

पार्टी के प्रदेश, क्षेत्र, जिला, मंडल, शक्ति केंद्र व बूथ के पदाधिकारी व कार्यकर्ता तथा प्रदेश सरकार के मंत्री, सांसद, विधायक, महापौर, नगरीय निकाय के अध्यक्ष व सदस्य, त्रिस्तरीय पंचायत के अध्यक्ष व सदस्य, आयोग, निगम, बोर्ड के अध्यक्ष व सदस्य ग्राम चौपाल में योगी सरकार की उपलब्धियों व निर्णयों के साथ जन संवाद करेंगे।

## प्रदेश में युवा मोर्चा चला रहा है रक्तदान का महाअभियान

**लखनऊ।** पीएम नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर सेवा सप्ताह के तत्वाधान में बीजेपी युवा मोर्चा पूरे प्रदेश में स्वैच्छिक रक्तदान अभियान चला रही है। जिसमें युवा मोर्चा के प्रदेश से लेकर बूथ स्तर तक के युवा कार्यकर्ता इस अभियान में बढ़.चढ़ कर हिस्सा ले रहे है। पार्टी द्वारा चलाये जा रहे सेवा एवं समर्पण अभियान के अन्तर्गत मोदी के 71 वें जन्मदिवस के अवसर पर सेवा सप्ताह के तत्वाधान मे युवा मोर्चा, उन्नाव द्वारा जिला सरकारी अस्पताल मे स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। मोर्चा के प्रदेश मीडिया प्रभारी धन्नंजय शुक्ला ने बताया कि युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष प्रांशु दत्त द्विवेदी ने रक्तदान शिविर का उदघाटन करते हुए सबसे पहले स्वयं रक्तदान किया।

# उपभोक्ता परिषद ने की बिजली दरें कम करने की मांग

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**बिजली** दरें कम करने की याचिका पर विद्युत नियामक आयोग द्वारा पावर कारपोरेशन से जवाब मांगे जाने के बाद उप राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने इसके लिए लामबंदी शुरू कर दी है। शनिवार को ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा से मुलाकात कर परिषद ने लोक महत्व का प्रस्ताव सौंपा। उपभोक्ता परिषद ने सरकार से बिजली दरें कम कराने में सहयोग की मांग की है। परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने ऊर्जा मंत्री को बताया कि सस्ती बिजली पाने का अधिकार राज्य के उपभोक्ताओं का बनता है। उपभोक्ताओं का बिजली कंपनियों पर 20596 करोड़ रुपये निकल रहा है इसके एवज में बिजली दरें कम करने की मांग की जा रही है। बिजली दरें कम कर बिजली कंपनियां उपभोक्ताओं के इस कर्ज से मुक्त हो जाएंगी। उन्होंने कहा कि नियामक आयोग ने परिषद की याचिका पर पावर कारपोरेशन से दो सप्ताह में जवाब मांगा है। पावर कारपोरेशन जवाब देने में कोई अड़ंगा ना लगा, इसके लिए वह पावर कारपोरेशन के अधिकारियों को निर्देशित करें। यूपी सरकार विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 108 में लोक महत्व का विषय मानते हुए विद्युत नियामक आयोग को भी बिजली दरें कम करने के लिए अपना अभिमत दे ताकि राज्य की जनता को राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि ऊर्जा मंत्री को बताया कि मंहगी बिजली खरीद पर रोक लगाकर, लाइन हानियां कम करके तथा फिजूलखर्ची पर रोक लगाकर पावर कारपोरेशन अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत कर सकता है। ऐसा कर कारपोरेशन हर साल 3000 करोड़ से अधिक की बचत कर सकता है।

## जन्मदिवस पर याद की गई साक्षरता निकेतन की संस्थापिका

**सरोजनीनगर।** इण्डिया लिटरेसी बोर्ड साक्षरता निकेतन की संस्थापिका डॉ. वेल्दी होशिगर फिशर का जन्मदिवस समारोह का आयोजन शनिवार को साक्षरता निकेतन स्थित कबीर थियेटर में कोविड.19 गाइड लाइन के तहत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त आइएएस जी पटनायक ने कहा कि डॉ. वेल्दी होसिंगर फिशर ने अपना पूरा जीवन साक्षरता एवं शिक्षा के उन्नयन हेतु समर्पित किया। महात्मा गांधी की प्रेरणा से डॉ. फि शर ने पूरे देश में साक्षरता दर को बढ़ाने करने की जिम्मेदारी निभाई। अंधकार को क्यों धिक्कारें अच्छा है एक दीप जलाएं ही साक्षरता का सूत्रवाक्य है। इस मौके पर मुख्य अतिथि एवं धर्मगुरूओं का स्वागत इण्डिया लिटरेसी बोर्ड के निदेशक राजीव निगम तथा धन्यवाद ज्ञापन सौरभ कुमार खरे किया गया। कार्यक्रम का संचालन साक्षरता निकेतन के समन्वयक आरसी यादव ने किया। इस मौके पर राज्य संसाधन केन्द्र के एनपी सिंह, दिनेश सिंह, सुधाकर मान सिंह, वेल्दी फिशर चिल्ड्रेन एकेडमी की प्रधानाचार्य हेमा सिंह सहित कर्मचारी एवम अधिकारी मौजूद रहे।

# गोवंश आश्रय केन्द्र में जलभराव और कीचड़ देख सीडीओ खफा

मोहनलालगंज। संवाददाता

**निराश्रित** गोवंश आश्रय केन्द्र जबरौली का औचक निरीक्षण करने पहुंचे सीडीओ अश्विनी कुमार पाण्डेय जलभराव और कीचड़ की हकीकत देखकर सन्न रह गए। नाराज सीडीओ ने आश्रय केन्द्र में मिट्टी की पटाई कराकर जलभराव और कीचड़ की समस्या हर हाल में दूर कराने की हिदायत दी। कीचड़ से गोवंश के बीमार पड़ने की आशंका को देखते हुए सीडीओ ने पशु चिकित्सक को कमजोर गोवंश की खास देखरेख रखने के निर्देश दिए। उन्होंने बीडीओ अजीत कुमार सिंह को गोकाष्ठ मशीन के जरिए तैयार हो रहे गोकाष्ठ का व्यापक प्रचार.प्रसार कर उनकी बिक्री से गोवंश आश्रय केन्द्र को आत्मनिर्भर बनाने के निर्देश दिए। उन्होने आश्रय केन्द्र में हरा चारा और भूसे की पर्याप्त उपलब्धता रखने की हिदायत दी।

ब्लाक के निरीक्षण में सीडीओ अश्विनी कुमार पाण्डेय को मनरेगा सेल से लेकर क्षेत्र पंचायत निधि तक अभिलेखों का रखरखाव बेहतर मिला। लेकिन एनआरएलएम सेल के टायलेट में सीएम के कार्यक्रम की होर्डिंग रखी मिलने पर फटकार लगाई। सीडीओ ने ब्लाक मिशन मैनेजरों को फील्ड में निकलकर समूह की अधिक से अधिक महिलाओं को विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण दिलाकर रोजगार दिलाने के निर्देश दिए।

रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का जायजा लेकर सीडीओ ने कैचमेण्ट एरिया का आकलन कर प्रतिवर्ष कितना वाटर रिचार्ज होगा इसकी गणना करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई रजिस्टर और आवास पटल का निरीक्षण कर आमजन की प्रभावी सुनवाई करने के निर्देश दिए। सीडीओ ने निरीक्षण के दौरान सचिवों का उनकी पंचायतों में तैनाती का तिथिवार ब्योरा मांगा है। सीडीओ ने परिसर में बेहतर सफाई रखने के निर्देश दिए। इस दौरान पीडी राजेश त्रिपाठी एडीसी मनरेगा महेन्द्र पाण्डेय व डीसी एनआरएलएम सुखराज बन्धु उपस्थित रहे।


**पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लि0 ई–निविदा सूचना** अनुभवी फर्मों / ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु दो भागों में मुहरबन्द अल्पकालीन निविदायें ई–टेण्डर के माध्यम से निम्नविवरणानुसार आमंत्रित की जाती हैं जो दिनांक 04.10.2021 समय 13.00 बजे तक ऑनलाइन ई–निविदा अपलोड की जायेगी जो उसी दिन दिनांक 04.10.2019 सायंकाल 16.00 बजे खोली जायेगी। कृपया पूर्ण निविदा का विवरण/डाउन लोडिंग एवं संशोधन/शुद्धिकरण एवं नियम व शर्तें संबंधी सूचनाओं हेतु वेबसाइट http//.etender.up.nic.in को देखें। **क्रम सं0** 1. **निविदा विशिष्टि संख्या** 55/वि0कार्य0शा0म0 (वा0)/2021–22 **कार्य का नाम** विद्युत कार्यशाला खण्ड, प्रयागराज के अन्तर्गत कार्यशील विभिन्न कार्यशालाओं में मरम्मत कार्य हेतु स्थापित विभिन्न प्रकार के उपकरण डीवीडीएफ, ओवन, हाई वोल्टेज, एच0टी0 वाइडिंग मशीन, एल0टी0 वाइडिंग मशील एवं हाईड्रोलिक ट्राली इत्यादि के रूटीन एवं आकस्मिक मरम्मत का कार्य। **धरोहर धनराशि रू0** 11,400.00 **निविदा शुल्क (जी0एस0टी0 सहित) रू0** 3540.00 **क्रम सं0** 2. **निविदा विशिष्टि संख्या** 56/वि0कार्य0 शा0म0 (वा0)/ 2021–22 **कार्य का नाम** विद्युत कार्यशाला खण्ड, प्रयागराज के अन्तर्गत परिवर्तक मरम्मत कार्यशाला केन्द्र पुराना शेड झूंसी में 160 एवं 250 केवीए क्षमता के क्षतिग्रस्त परिवर्तकों के मरम्मत का कार्य। **धरोहर धनराशि रू0** 10,350.00 **निविदा शुल्क (जी0एस0टी0 सहित) रू0** 3540.00 **क्रम सं0** 3. **निविदा विशिष्टि संख्या** 57/वि0कार्य0शा0म0 (वा0)/ 2021–22 **कार्य का नाम** विद्युत कार्यशाला खण्ड, प्रयागराज के अन्तर्गत मरम्मत कार्यशाला केन्द्र बमरौली में स्थापित ई0ओटी0 क्रेन के वार्षिक अनुरक्षण का कार्य। **धरोहर धनराशि रू0** 3000.00 **निविदा शुल्क (जी0एस0टी0 सहित) रू0** 1180.00 **क्रम सं0** 4. **निविदा विशिष्टि संख्या** 58/वि0कार्य0 शा0म0 (वा0)/ 2021–22 **कार्य का नाम** विद्युत कार्यशाला खण्ड, वाराणसी के अन्तर्गत विभिन्न विद्युत कार्यशाला केन्द्रों में 25 63 एवं 100 के0वी0ए0 के परिवर्तक पर नये टाप कवर प्लेट फ्लेंज एवं नट वोल्ट के द्वारा बदले जाने का कार्य। **धरोहर धनराशि रू0** 60,000.00 **निविदा शुल्क (जी0एस0टी0 सहित) रू0** 3540.00 **क्रम सं0** 5. **निविदा विशिष्टि संख्या** 59/वि0कार्य0 शा0म0 (वा0)/ 2021–22 **कार्य का नाम** अधिशासी अभियन्ता, विद्युत कार्यशाला खण्ड वाराणसी के अन्तर्गत अधिशासी अभियन्ता एवं सहायक अभियन्ता कार्यशाला साहुपुरी के प्रयोगार्थ दो अदद डीजल वाहन (चालक सहित) किराये पर उपलब्ध कराये जाने का कार्य। **धरोहर धनराशि रू0** 5300.00 **निविदा शुल्क (जी0एस0टी0 सहित) रू0** 1180.00 **क्रम सं0** 6. **निविदा विशिष्टि संख्या** 60/वि0कार्य0शा0म0 (वा0)/ 2021–22 **कार्य का नाम** विद्युत कार्यशाला खण्ड, आजमगढ़ के अन्तर्गत परिवर्तक मरम्मत कार्यशाला केन्द्र बलिया में 10,25,63 एवं 100 केवीए क्षमता के क्षतिग्रस्त परिवर्तकों के मरम्मत का कार्य। **धरोहर धनराशि रू0** 92000.00 **निविदा शुल्क (जी0एस0टी0 सहित) रू0** 3540.00 अधीक्षण अभियन्ता विद्युत कार्यशाला मण्डल पूर्वान्चल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड वाराणसी पत्रांक 1868 दिनांक 18.9.21 'राष्ट्रहित में बिजली बचाएं'


# पीएम की आपत्तिजनक तस्वीर पोस्ट करने वाला गिरफ्तार

**लखनऊ।** अमीनाबाद थाने के 75 सदस्यों वाले व्हाट्सएप ग्रुप में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर उनकी आपत्तिजनक फोटो वायरल करने वाले कसाईबाड़ा लाटूश रोड निवासी मोहम्मद आफताब कुरैशी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जिस व्हाट्सएप ग्रुप में आफाक कुरैशी द्वारा आपत्तिजनक तस्वीर पोस्ट की गई उसके एडमिन इंस्पेक्टर अमीनाबाद और उपनिरीक्षक दिलीप मिश्रा हैं। इस व्हाट्सएप ग्रुप में दो एडमिन सहित कुल 75 लोग शामिल हैं।

## हुसैनगंज में जालसाज धरा गया, 33 आईपैड बरामद

**लखनऊ।** राजधानी की हुसैनगंज पुलिस ने फ्लिपकार्ट से मंगाए गए सामान की जगह नकली सामान लौटाने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिसके बाद से आठ लाख रुपये कीमत के 33 आईपैड बरामद हुए हैं। डीसीपी मध्य डॉ. ख्याति गर्ग के मुताबिक शनिवार को मलिहाबाद निवासी गुफराम अहमद अंसारी को पकड़ा गया है। आरोपी के खिलाफ हुसैनगंज कोतवाली में मुकदमा दर्ज था। डीसीपी ने बताया कि गुफराम फ्लिपकार्ट कम्पनी से महंगे प्रोडक्ट बुक कराता था। आरोपी ने हाल के दिनों में कई आईपैड बुक कराए थे। बताए गए पते पर आईपैड पहुंचने के बाद असली उत्पाद की जगह गुफराम ने डिब्बे में नकली आईपॉड रख कर कम्पनी को लौटा कर रिफंड पेमेंट भी हासिल कर लिया था। लगातार नकली प्रोडक्ट वापस किए जाने के आधार पर कम्पनी की तरफ से अखिलेश कुमार मिश्र ने मुकदमा दर्ज कराया था।

## इंस्पेक्टर हुसैनगंज हटाए गए

**लखनऊ।** पुलिस कमिश्नर ने शनिवार को इंस्पेक्टर हुसैनगंज दिनेश सिंह बिस्ट को हटाकर उनके स्थान पर मानकनगर में तैनात अजय सिंह को पोस्ट किया है। वहीं मानकनगर में सुबोध कुमार को थाने का चार्ज दिया है।


## कार्यालय नगर पंचायत मूसानगर जनपद कानपुर देहात

पत्र सं0–221/एन0पी0एम0/टे0सू0/2021–22 दिनांक : 16/09/2021

**अल्पकालीन ई–निविदा सूचना**

एतद् द्वारा समस्त फर्मों/ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत मूसानगर में 15वाँ वित्त आयोग वित्तीय वर्ष 2020–21 में (Tied Grant) एवं (Untied Grant) की प्राप्त द्वितीय किश्त एवं राज्य वित्त आयोग निधि की धनराशि वित्तीय वर्ष (2021–22 से कराये जाने वाले कार्यों की ई–निविदायें पूर्व में दिनांक 16 अगस्त 2021 को आमंत्रित की गई थी, परन्तु तकनीकी खराबी के कारण उक्त निविदाओं को निरस्त कर दिया गया था। पूर्व में निरस्त की गई निविदाओ को पुनः www.etender.up.nic.in पोर्टल पर आमंत्रित किया जाता है। पूर्व में किसी फर्म/ठेकेदार द्वारा उक्त निविदा में प्रतिभाग किया था, वे निविदादाता टेण्डर शुल्क एवं अर्नेस्टमनी जमा की रसीद लगाकर निविदा डालता है तो उसकी पूर्व में जमा निविदा शुल्क एवं अर्नेस्टमनी मान्य होगी। शेष नियम व शर्ते पूर्व की भाँति रहेगी एवं कार्य से सम्बन्धित 02 प्रतिशत धरोहर धनराशि नगद, एन.सी.सी. अथवा एफ.डी.आर. जो अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत मूसानगर के नाम बंधक हो, अपलोड करना अनिवार्य है। किसी भी निविदा को बिना कोई कारण बताये निरस्त/स्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा। निविदा से सम्बन्धित अन्य किसी जानकारी के लिए कार्यालय नगर पंचायत मूसानगर में सम्पर्क जानकारी प्राप्त की जा सकती है। किसी भी निविदा को बिना कोई कारण बताये निरस्त/स्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा। प्रस्तावित कार्यों का विवरण www.etender.up.nic.in पर भी उपलब्ध है।

| E-Bid Referance | तिथि व समय |
|---|---|
| Tender Release Date | 17.09.2021, 10:30 AM |
| Bid Summission Start date | 17.09.2021, 11:30 AM |
| Close for Bid | 27.09.2021, 3:00 PM |
| Technical Bid Opening | 27.09.2021, 3:30 PM |
| Financial Bid Opening | After Technical Bid Approved |

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत मूसानगर
कानपुर देहात

## कार्यालय नगर पंचायत महोना, लखनऊ

संख्या– 665/न0पं0म0/नि0सू0/2021–22 दिनांक– 18.09.2021

**निविदा सूचना**

नगर पंचायत महोना लखनऊ में नगर निधि नगर पंचायत महोना लखनऊ की धनराशि से इण्टरलॉकिंग मार्ग व आर0सी0सी0 नाली, पुलिया के कार्य हेतु सक्षम श्रेणी के फर्म/ठेकेदारों से मुहरबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। इस हेतु निविदा प्रपत्र लिपिक द्वारा कार्यालय नगर पंचायत महोना में दिनांक 20.09.2021 से 24.09.2021 तक पंजीकरण प्रमाण– पत्र व 100/– के जनरल स्टाम्प पेपर के साथ आवेदन करने पर विक्रय किया जायेगा।

निविदायें दिनांक 11.10.2021 को अपराह्न 12.00 बजे तक कार्यालय नगर पंचायत महोना में रखे निविदा बाक्स में डाली जायेगी। प्राप्त निविदायें उसी दिन अपराह्न 12.30 बजे उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष खोली जायेगी। किसी भी निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। निविदा के साथ दो प्रतिशत जमानत धरोहर घनराशि नेफ्ट/आर0टी0जी0एस0 के माध्यम से नगर निधि नगर पंचायत महोना के खाता संख्या 251201000006000 IFSC IOBA 0002512 बैंक का नाम– इण्डियन ओवरसीज बैंक महोना लखनऊ, में जमा करना अनिवार्य होगा। बिना धरोहर धनराशि के निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। कार्य का आगणन नियम व शर्ते कार्यालय नगर पंचायत महोना लखनऊ में किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में देखा जा सकता है। नगर निधि में धनराशि उपलब्ध होने पर ही भुगतान किया जायेगा।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | 2 प्रतिशत धरोहर धनराशि | मूल्य निविदा प्रपत्र 18 प्रतिशत जी.एस.टी. सहित | कार्य पूर्ति का समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मियाँ साहब की मजार के पास बने मल्टीपरपज हाल के मंच पर टाइल्स एण्ड पुताई का कार्य। | 207213.00 | 4144.00 | 200+36=236.00 | 15 दिवस |
| 2 | उर्दू मीडियम विद्यालय में इण्टरलाकिंग का कार्य। | 205979.00 | 4120.00 | 200+36=236.00 | 15 दिवस |

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत महोना
लखनऊ

अध्यक्ष
नगर पंचायत महोना
लखनऊ


# पुलिस कमिश्नर ने किया साइबर क्राइम के नए कार्यालय का उद्घाटन



**लखनऊ।** राजधानी की हजरतगंज कोतवाली में स्थित साइबर क्राइम के नए ऑफि स का उद्घाटन पुलिस कमिश्नर डीके ठाकुर द्वारा किया गया। इसके मौके पर डीके ठाकुर के आलावा ज्वाइंट कमिश्नर क्राइम नीलब्जा चौधरी, ज्वाइंट कमिश्नर कानून–व्यवस्था पीयूष मुंडिया, डीसीपी पुलिस हेडक्वाटर केपी तिवारी, डीएपी नार्थ देवेश कुमार पांडेय, डीसीपी पश्चिमी सोमेन वर्मा, एडीसीपी प्राची सिंह, एडीसीपी पूर्वी आबिदी, एसीपी साइवर क्राइम व प्रभारी मथुरा राय मौजूद रहे।

# पीएनबी ने मनाया हिन्दी दिवस समारोह



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**पंजाब** नेशनल बैंक द्वारा स्थानीय स्टाफ ट्रेनिंग कॉलेज, लखनऊ के सभागार में हिन्दी दिवस समारोह मनाया गया तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता संजायानंदउप महाप्रबंधक, लखनऊ अंचल ने की। उक्त अवसर पर उपस्थित जनसमूह का स्वागत पवन सिंह, मण्डल प्रमुख, लखनऊ द्वारा किया गया। इस अवसर पर संजयानंद उप महाप्रबंधक, ने कहा कि पंजाब नैशनल बैंक राजभाषा हिन्दी के कार्यान्वयन में अग्रणी है। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर हमारे बैंक के प्रबंध कौशल की सराहना हुई है और अनेक शील्ड और सम्मान प्राप्त हुए हैं। राजभाषा के कार्यान्वयन के क्षेत्र में हमारे प्रधान कार्यालय को गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा सर्वोपरि राजभाषा कीर्ति पुरस्कार के लिए चुना गया है। इस अवसर पर दिलीप पट्टनायक उप अंचल प्रबंधक ने अपने सम्बोधन में कहा कि पंजाब नैशनल बैंक देश का एक प्रमुख राष्ट्रीयकृत प्रतिष्ठित बैंक है। बैंक ने राजभाषा का उत्तम कार्यान्वयन करके अनेक पुरस्कार प्राप्त किये हैं। उन्होनें कहा कि हिन्दी एक ऐसी भाषा है जो मस्तिष्क को मजबूत बनाती है। राष्ट्रीय मस्तिष्क अनुसंधान की रिसर्च में ये बात सामने आई है कि एक साथ अंग्रेजी और हिन्दी बोलने वाले बच्चों के दिमाग में साफ अंतर आंका गया। हिन्दी में मात्राओं के उपयोग के चलते बच्चों को दिमाग का अधिक इस्तेमाल करना पड़ा जिससे अनुमान लगाया गया कि दिमाग इससे और अधिक मजबूत होगा।

## मेगा क्रेडिट कैंप में वितरित किया गया 26.37 करोड़ का ऋण




**लखनऊ।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया लखनऊ क्षेत्र के द्वारा मेगा क्रेडिट कैम्प का आयोजन किया गया। इस कैम्प की अध्यक्षता लखनऊ अंचल के फील्ड महाप्रबंधक एस के गुप्ता द्वारा की गई। इस कैम्प में 185 लाभार्थियों को 26.37 करोड़ रुपए के ऋण वितरित किए गए। इस अवसर पर अजय कुमार खन्ना वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक भी उपस्थित थे।

## बीओआई के ऑडिट आफिस के नवीन परिसर का उद्घाटन



**लखनऊ।** बैंक ऑफ इंडिया के उत्तर प्रदेश ऑडिट ऑफिस के हजरतगंज लखनऊ स्थित नवीन परिसर का उद्घाटन बैंक ऑफइंडिया, राष्ट्रीय बैंकिग समूह नॉर्थ यूपी के महाप्रबधक गिरीश कुमार सिंह द्वारा अरो कुमार महापात्र (उप-महाप्रबंधक ऑडिट) एवं यादवेन्द्र नारायण द्विवेदी (आंचलिक प्रबन्धक,लखनऊ अंचल) की उपस्थिति मे किया गया। उद्घाटन समारोह मे सम्बोधन के दौरान महाप्रबन्धक सिंह ने कहा कि आंतरिक लेखा परीक्षा की उपयोगिता ग्राहक सेवा और गुणवत्ता में सुधार के लिए महत्वपूर्ण है। जिससे बैंक की वित्तीय स्थिति को सुदृढ़ किया जा सकता है और आंतरिक जोखिम को कम किया जा सकता है, जैसे जैसे हमारे बैंक की ऑडिट व्यवस्था से जोखिम प्रबंधन में सुधार आएगा उससे न केवल धोखाधड़ी से बचाव होगा बल्कि बैंक का व्यापार और ग्राहक आधार स्वतः बढ़ेगा जिससे बैंक का लाभ बढ़ेगा और अस्ति गुणवत्ता में सुधार होगा। उद्घाटन के दौरान उप-महा प्रबधक राष्ट्रीय बैंकिंग समूह नॉर्थ-द्वितीय राजीव भाटिया, केबी लाल एवं अन्य अधिकारी तथा कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## पौधरोपण कर एलपीएस ने मनाया फाउंडर्स-डे

**लखनऊ।** लखनऊ पब्लिक स्कूल्स एण्ड कॉलेजेज ने आज फाउंडर्स-डे पर अपनी सभी शाखाओं में वृहद स्तर पर पौधरोपण कराया। लखनऊ पब्लिक कॉलेज, ए ब्लॉक, राजाजीपुरम शाखा में डॉ. एसपी सिंह, कान्ति सिंह, सुशील कुमार, आशा सिंह, नेहा सिंह, हर्षित सिंह, गरिमा सिंह, शिखर पाल सिंह सहित सभी शाखाओं के प्रधानाचार्यो ने पौधरोपण किया। इस अवसर पर सभी शाखाओं एवं हेड ऑफिस में इस बात की शपथ दिलाई गयी कि सभी लोग संस्था की मूल मान्यताओं का दृढ़ता से अनुपालन करेंगे एवं शिक्षा में सतत् श्रेष्ठता में वृद्धि करने में अपना योगदान देंगे। अपने उद्बोधन में डॉ. एसपी सिंह ने कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा के लिए पौधरोपण हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है। हर विद्यार्थी को पौधारोपण का संकल्प लेना चाहिए। पर्यावरण की सुरक्षा में हम सबकी बराबर की सहभागिता होनी चाहिए।

## गौरक्षा विभाग अवध प्रान्त की बैठक आज

**लखनऊ।** अवध प्रांत गौ रक्षा विभाग की आवश्यक बैठक रविवार को कामधेनु भवन, रॉयल सिटी में आयोजित की जाएगी। बैठक में जिले के गौरक्षा प्रमुख समितियों के अध्यक्ष और मंत्री, समस्त प्रांतीय अधिकारी, क्षेत्रीय अधिकारी उपस्थित रहेंगे। प्रातः 10 बजे से 4 तक 2 चरणों में बैठक होगी। यह जानकारी गौरक्षा बिभाग के अवध प्रांत के सह प्रांत मंत्री राजेश सिंह एडवोकेट ने दी। सिंह ने बताया कि बैठक में क्षेत्रीय गौरक्षा प्रमुख पूरन सिंह मौजूद मौजूद रहेंगे। उन्होंने बताया कि बैठक में जिले के समस्त कार्यकर्ता अपने जिले की गौशालाओं की सूची, किसान गोष्ठी की तिथि एवं जिला बैठकों की तिथि सुनिश्चित करके आने क निर्देश दिए गए हैं।

# खत्म हुआ मनमानियों का दौर, हर जरूरतमंद के लिए सूबे में है राशन

## सबसे अधिक राशन कार्ड और उन्हें आधार कार्ड से लिंक करने वाला राज्य बना यूपी

● यूपी में राशन कार्ड धारकों की संख्या 36012758 हुई, छह माह में बने 161256 नए राशनकार्ड

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**एक** समय था जब राशन की दुकानों पर समय से पहले ही राशन खत्म हो गया है के बोर्ड लग जाया करते थे और जरूरतमंद कोटेदार की मनमानियों के शिकार होते थे लेकिन अब वो समय खत्म हो गया है। सूबे में गरीबों और जरूरतमंदों को राहत पहुंचाने के लिये प्रदेश सरकार ने जहां एक तरफ राशन वितरण की व्यवस्था को भ्रष्टाचार रहित बनाया है। वहीं दूसरी तरफ राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) योजना के तहत नए राशन कार्ड बनाने की प्रक्रिया को तेज किया है।

बीते छह माह में 161256 लोगों के नए राशनकार्ड बनाए गए हैं। इसके चलते अब प्रदेश में



एनएफएसए राशनकार्ड धारकों की संख्या बढ़कर 36012758 हो गई हैं। इनमें से 35997869 एनएफएसए राशनकार्डों को आधार कार्ड से जोड़ दिया गया हैं। यह नया रिकार्ड है क्योंकि सूबे के 99.79 फीसद राशन कार्ड अब आधार कार्ड से जुड़ गए हैं। इतनी बड़ी संख्या में किसी अन्य राज्य में अभी राशन कार्डो को आधार कार्ड से जोड़ा नहीं जा सका है। यूपी अब देश का ऐसा राज्य हो गया है, जिसके 99.79 राशन कार्ड अब आधार कार्ड से लिंक हैं। राशन कार्डो को आधार कार्ड से जोड़ने के चलते अब राशन वितरण में होने वाली धांधली पर पूरी तरह रोक लग गई है। इसके साथ ही ई–पास (प्वाइंट आफ सेल) मशीन के उपयोग से राशन वितरण में अब कोटेदार की धांधली पर अंकुश लगाया गया है। हर राशन कार्ड धारक को राशन मिल रहा है। अब उन लोगों को भी राशन देने की व्यवस्था कर ली गई है जिनके अंगूठे का निशान का मिलान नहीं हो पा रहा था। ऐसे राशन कार्ड धारकों को मोबाइल ओटीपी के आधार पर राशन मुहैया कराया जाएगा। अन्य राज्यों से यूपी में रोजगार करने आये लोग भी इस योजना के तहत राशन की दूकानों से राशन पा रहे हैं। उक्त व्यवस्था की चलते ही इस वर्ष कोरोना संकट में सरकार ने 15 करोड़ लोगों को जुलाई और अगस्त में फ्री राशन उपलब्ध कराया। सरकार के राशन वितरण कार्यक्रम में सरकारी राशन दुकानों से हर कार्ड धारक को 3 किलो गेहूं और 2 किलो चावल वितरित किया गया। कोरोना की पहली लहर के दौरान भी योगी सरकार ने पात्र कार्ड धारकों को 8 महीने तक मुफ्त राशन वितरण किया था। तब 5 किलो खाद्यान्न प्रति यूनिट की दर से राज्य सरकार ने सरकारी दुकानों से अप्रैल से नवंबर तक 60 लाख मेट्रिक टन खाद्यान्न का मुफ्त वितरण किया थाए जो कि देश में एक रिकॉर्ड है। इस बार भी पात्र कार्ड धारकों को सरकार ने फ्री राशन दिया गया। अब गरीब और जरूरतमंदों को सस्ता राशन मुहैया कराने का यह सिलसिला जारी रहेगा क्योंकि सरकार ने राज्य में राशन कार्ड बनाने तथा राशन वितरण की व्यवस्था को बेहतर किया गया है। जिसके चलते राज्य में बने 36012758 एनएफएसए राशन कार्ड को आधार कार्ड से लिंक किया गया है। सरकार के इस प्रयास से राज्य में राशन वितरण का कार्य भ्रष्टाचार मुक्त हो गया है।

एलडीए की शमन योजना-2020

# निरस्त होंगे अवैध निर्माण को वैध करने के सभी आवेदन

● एलडीए वीसी अक्षय त्रिपाठी ने जनशिकायतों की समीक्षा के दौरान दिए आदेश



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**शहर के** अवैध निर्माण के शमन योजना-2020 के तहत किए गए आवेदन निरस्त होंगे। एलडीए के उपाध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी ने जन शिकायतों की समीक्षा के दौरान सामने आए एक प्रकरण को लेकर यह आदेश जारी किये। अनाधिकृत, अवैध निर्माणों की कम्पाउडिंग के लिए लोगों को शमन उप विधि-2010 के तहत ही आवेदन करना होगा।

शनिवार को अनाधिकृत, अवैध निर्माणों को नियमित करने के लिए शमन योजना-2020 के तहत किये गये सभी आवेदन निरस्त होंगे। एलडीए के उपाध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी ने इस संबंध में आदेश जारी किये हैं। पूर्व में इस योजना के तहत आवेदन कर चुके लोगों को अब शमन उप विधि-2010 के तहत ही आवेदन करना होगा।

प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ने जन शिकायतों के निस्तारण के संबंध में शनिवार को समीक्षा बैठक की। इस दौरान सरस्वतीपुरम का एक प्रकरण सामने आया, जिसमें भवन स्वामी द्वारा शमन योजना-2020 के तहत आवेदन किया गया था। इसके आधार पर भवन स्वामी द्वारा उसके निर्माण को नियमित किये जाने की मांग की गई थी। मामले की समीक्षा के दौरान उपाध्यक्ष ने कहा कि शमन योजना-2020 को हाईकोर्ट द्वारा स्थगित कर दिया गया था। जिसके बाद शासन द्वारा सामान्य शमन नियमों के तहत शमन मानचित्र निस्तारित करने के निर्देश दिये गये थे। लिहाजा जिन लोगों ने शमन योजना-2020 के तहत आवेदन कर रखा है, वे यदि चाहें तो शमन उप विधि-2010 के प्राविधानों के अनुसार फिर से आवेदन कर सकते हैं। अन्यथा शमन योजना-2020 के अंतर्गत किये गये आवेदनों को निरस्त करने की कार्यवाही की जाएगी।

### नगर निगम, जलकल को जल्द हस्तांतरित होंगी सुविधाएं

**लखनऊ** विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी ने योजनाओं के हस्तांतरण के संबंध में भी बैठक की। जिसमें उन्होंने जानकीपुरम् योजना के सेक्टर-जे एवं जानकीपुरम् विस्तार योजना के सेक्टर-1 से सेक्टर-11 तक को नगर निगम व जलकल विभाग को हस्तांतरित की जाने वाली सुविधाओं का विवरण दिया गया। इसी तरह उन्होंने गोमती नगर योजना के तहत विराज खण्ड, विकल्प खण्ड, विभूति खण्ड एवं गोमती नगर विस्तार योजना की नगर निगम और जल संस्थान को हस्तांतरित की जाने वाली सुविधाओं की सूची तैयार करवाई। उन्होंने निर्देश दिये कि संबंधित विभागों को जितनी सुविधाएं हैण्डओवर की जानी हैं, उन्हें ले-आउट पर मार्क करके 10 दिनों में भेज दें। जिसके बाद नगर निगम के साथ संयुक्त बैठक करके इन सुविधाओं के हस्तांतरण की कार्यवाही की जाएगी।

### शिकायतकर्ताओं से फोन पर की बात

जन शिकायतों की समीक्षा बैठक के दौरान उपाध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी ने पूर्व की ही भांति शिकायतकर्ताओं से फोन पर बात की। उन्होंने लोगों को उनके द्वारा दिये गये प्रार्थना पत्रों पर की गई कार्यवाही की जानकारी दी गई। इस दौरान उन्होंने लोगों से यह भी पूछा कि क्या वे प्राधिकरण अधिकारियों द्वारा की गई कार्यवाही से संतुष्ट हैं। बैठक में उन्होंने करीब 215 शिकायतों की समीक्षा की, जिनमें से अधिकांश मामलों पर संबंधित अधिकारियों द्वारा कार्यवाही की जा चुकी थी। जिन मामलों के निस्तारण किन्हीं कारणों से शेष रह गयेए उपाध्यक्ष ने उन मामलों को भी शीघ्रता से नियमानुसार निस्तारित करने के निर्देश दिये।

## साल्वर गैंग का मददगार लिपिक गिरफ्तार

**लखनऊ।** एसटीएफ ने फर्जी प्रमाण-पत्रों के आधार पर शिक्षकों की नियुक्ति, साल्वर गैंग की मदद करने के मामले में मुख्य सहयोगी लिपिक नरेंद्र कनौजिया को परीक्षा नियामक प्राधिकारी कार्यालय प्रयागराज से गिरफ्तार किया है। लिपिक परीक्षा केन्द्र का मैनेजमेण्ट व प्रतियोगी परीक्षाओं का रिजल्ट तैयार करने वाली कंपनी से सांठ-गांठ कर टीजीटी, पीजीटी व टीईटी के माध्यम से भर्ती कराने वाले गिरोह की मदद भी करता था। एसटीएफ ने 17 सितंबर को फर्जी प्रमाण-पत्रों के आधार पर शिक्षकों की नियुक्ति एंव साल्वर गैंग, परीक्षा केन्द्र के मैनेजमेण्ट व प्रतियोगी परीक्षाओं का रिजल्ट तैयार करने वाली कंपनियों की मदद से धांधली करने वाले गिरोह के सरगना व 2 सदस्यों को गिरफ्तार किया था। एसटीएफ टीम द्वारा सिविल लाइन प्रयागराज स्थित रोडवेज बस स्टैण्ड से तड़के नरेन्द्र कनौजिया को गिरफ्तार किया। अभियुक्त ने पूछताछ पर बताया कि वह सचिव परीक्षा नियामक प्राधिकारी कार्यालय में कनिष्ठ लिपिक के पद पर नौकरी करता है। राम निवास जो शिकोहाबाद का रहने वाला है जो फर्जी टीचर भर्ती कराने का कार्य करता है।

# फर्जी मार्कशीट तैयार कर ठगी करने वाले गिरोह का खुलासा



● सरगना सहित तीन गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**डीसीपी** पूर्वी संजीव सुमन की क्राइम टीम और चिनट पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई के दौरान फर्जी मार्कशीट बनाकर फेल छात्रों को पास कराने के नाम पर लाखों की ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने गिरोह के सरगना सहित तीन जालसाजों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 180 मार्कशीट,17 अलग-अलग तरह की मुहरें, एक इंकपैड, तीन सीपीयू, एक कलर प्रिंटर, तीन डाटा केबिल, 11 कलर इंक, 20 गड्डी सादा कागज शैक्षिक प्रमाण पत्र तैयार करने वाला, 42 फर्जी रजिस्टर, तीन मोबाइल फोन के अलावा 28 हजार रुपए नगद बरामद हुए हैं। गिरोह में शामिल एक महिला सहित तीन अन्य जालसाजों की पुलिस सरगर्मी पूर्वक तलाश कर रही है। आशंका है कि गिरोह किसी ऊंचे रसूखदार शख्स की मदद से काम कर रहा था। हालांकि पुलिस अधिकारी अभी इसकी जांच किए जाने की बात कह रहे हैं।

एडीसीपी पूर्वी कासिम आब्दी के मुताबिक डीसीपी पूर्वी संजीव सुमन की क्राइम टीम व चिनहट पुलिस ने शनिवार को चिनहट तिराहे के पास से पुराना किला हुसैनगंज निवासी मनीष प्रताप सिंह और अमित सिसोदिया तथा गौतमबुद्ध नगर जिले के सेक्टर 71 निवासी गोविंद अग्रवाल को गिरफ्तार किया। मनीष व अमित मूल रूप से मथुरा के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया कि गिरोह में शामिल गाजियाबाद जिले के गाजीपुर निवासी नकुल, कसाईबाड़ा अमीनाबाद लखनऊ निवासी समरीन ख़ान व विकास दीप बिल्डिंग हुसैनगंज निवासी हलीम खान अभी पुलिस की पकड़ से दूर हैं। उन्होंने बताया कि गिरोह पश्चिमी उत्तर प्रदेश से लेकर पूर्वी उत्तर प्रदेश तक फेल छात्रों को पास कराने के लिए फर्जी मार्कशीट तैयार कर स्कूलों में दाखिला कराने के नाम पर उनसे मोटी रकम वसूलते थे।

इंस्पेक्टर चिनहट घनश्याम मणि त्रिपाठी के मुताबिक फरार नकुल और गिरफ्तार मनीष प्रताप सिंह चाचा भतीजा हैं, जो मिलकर जालसाजी की दुकान चलाते हैं। उन्होंने ने बताया कि यह एक अंतर्राज्यीय गिरोह है और इनका जाल लखनऊ के अलावा यूपी के अलग-अलग जिलों तक फैला हुआ है। जो दसवीं कक्षा के छात्रों से लेकर अन्य कक्षाओं के फेल छात्रों को पास कराने के लिए उनसे मोटी रकम लेकर फ र्जी मार्कशीट बनाकर उनके हाथों में थमा देते हैं। लेकिन उन भोले-भाले छात्र के परिजनों क्या मालूम कि जिस मार्कशीटों के सहारे अपने बच्चों का स्कूलों में दाखिला करा रहे वह मार्कशीट बच्चों का भविष्य खराब करने वाली मार्कशीट है। बताया गया कि यह गिरोह स्टेट बोर्ड ऑफ मदरसा एजुकेशन, बोर्ड ऑफ हायर एजुकेशन दिल्ली, सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ ओपन स्कूल, महाकौशल आयुर्वेदिक बोर्ड जबलपुर मध्य प्रदेश, राजकीय इंस्टीट्यूट ऑफ ओपन स्कूलिंग लखनऊ व नेशनल नर्सिंग एंड मिडवाइफरी काउंसिल ऑफ इंडिया जैसे शिक्षण संस्थान खोलकर सुनियोजित तरीके से धोखाधड़ी कर शैक्षिक प्रमाण पत्र तैयार कर छात्र-छात्राओं को गुमराह कर उनके हाथों मोटी रकम में बेच देते थे।

### चाचा-भतीजे मिलकर चलाते हैं संगठित गिरोह

**पकड़े** गए मनीष ने पुलिस को बताया कि फरार नकुल उसका सगा भतीजा है जो मिलकर अपने संस्थान से दसवीं कक्षा से लेकर अन्य कक्षाओं के फेल छात्र-छात्राओं को पास कराने के लिए फर्जी मार्कशीट तैयार कर उनसे 20-25 हजार रुपए ऐंठ लेते थे। बताया गया कि इनका ताल्लुक कई नामी-गिरामी स्कूलों से लेकर अन्य छोटे स्कूलों तक है। बताया गया कि फरार समरीन ख़ान व हलीम खान कंप्यूटर ऑपरेटर हैं।

# महिला मंत्री ने बतौर गवाह विशेष अदालत में दर्ज कराई गवाही

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

● नसीमुद्दीन, राम अचल राजभर व मेवालाल गौतम समेत पांच मुल्जिमों पर तय है आरोप

**एमपी-एमएलए** कोर्ट के विशेष जज पवन कुमार राय ने एक भाजपा नेता के परिवार की महिलाओं व उनकी बेटी के लिए अमर्यादित शब्दों का इस्तेमाल करने के मामले में राज्य सरकार की एक महिला मंत्री की बतौर गवाह गवाही दर्ज की। उन्होंने इस गवाह से मुल्जिमों की जिरह के लिए एक अक्टूबर की तारीख तय की है। शनिवार को इस मामले में महिला मंत्री अदालत में उपस्थित हुईं और अपनी गवाही दर्ज कराई। करीब सवा दो बजे गवाही शुरु होकर तीन बजे समाप्त हो गई।

**यह है मामला:** 22 जुलाई 2016 को इस मामले की नामजद एफआईआर भाजपा नेता की मां ने थाना हजरतगंज में दर्ज कराई थी। जिसके मुताबिक 20 जुलाई 2016 को बसपा सुप्रीमो ने राज्य सभा में उन्हें, उनकी बेटी, उनकी बहू व नातिन तथा उनके परिवार की सभी महिलाओं को गालियां दी व अपशब्द कहे। जबकि इसके दूसरे दिन बसपा के तत्कालीन राष्ट्रीय महासचिव नसीमुद्दीन सिद्दीकी व राम अचल राजभर तथा तत्कालीन राष्ट्रीय सचिव मेवालाल गौतम की अगुवाई में बसपा कार्यकर्ताओं ने हजरतगंज स्थित अम्बेडकर प्रतिमा पर उनके पुत्र को मां व बहन की गंदी गंदी गालियां दी तथा अभद्र टिप्पणी करते हुए धरना प्रदर्शन किया। वर्ग और जातीय भेद बताते हुए भीड़ को हिंसा के लिए उत्तेजित किया। उनके पुत्र की 12 वर्षीय बेटी के लिए खुलेआम अमर्यादित नारे लगाए। जो बलात्कार की श्रेणी में आते हैं।

12 जनवरी 2018 को विवेचना के बाद इस मामले में नसीमुद्दीन सिद्दीकी, राम अचल राजभर व मेवालाल गौतम के साथ ही दो अन्य मुल्जिम नौशाद अली व अतहर सिंह राव के खिलाफ भी आईपीसी की धारा 506, 509, 153ए, 34, 149 व पॉक्सो एक्ट की धारा 11 (1) के तहत आरोप पत्र दाखिल किया गया था। बीते 22 फरवरी को विशेष अदालत ने सभी मुल्जिमों पर आरोप तय कर अभियोजन को अपना गवाह पेश करने का आदेश दिया था।

अपहरण व छेड़छाड़ का मामला

## गायत्री की डिस्चार्ज अर्जी खारिज, 29 सितंबर को होगा आरोप तय

**लखनऊ (विधि संवाददाता)।** एमपी-एमएलए के विशेष जज पवन कुमार राय ने अपहरण व छेड़छाड़ के एक आपराधिक मामले में मुल्जिम गायत्री प्रसाद प्रजापति व आशीष शुक्ला की डिस्चार्ज अर्जी खारिज कर दी है। उन्होंने मुल्जिमों पर आरोप तय करने के लिए 29 सितंबर की तारीख मुकर्रर करते हुए उन्हें अदालत में पेश करने का आदेश दिया है। 26 अक्टूबर 2016 को इस मामले की एफआईआर चित्रकुट की एक महिला ने थाना गोमतीनगर में आईपीसी की धारा 294, 504 व 506 में बबलू सिंह व आशीष शुक्ला के खिलाफ दर्ज कराई थी। विवेचना के दौरान इस मामले में गायत्री का भी नाम प्रकाश में आया। साथ ही इस मामले में मुल्जिमों के खिलाफ अपहरण व छेड़छाड़ का भी आरोप पाया गया। 27 जुलाई 2017 को पुलिस ने अपहरण व छेड़छाड़ के आरोपों की बढ़ोत्तरी करते हुए आशीष के साथ ही गायत्री प्रजापति के खिलाफ भी आईपीसी की धारा 354 (ए) (।।), 364, 511, 504 व 506 व 120बी के तहत आरोप पत्र दाखिल किया था।

# गुटखा व्यापारी को गोली मारकर लूट करने वाला शातिर लुटेरा गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**ठाकुरगंज** पुलिस ने आज एक शातिर लुटेरे को गिरफ्तार कर लूट की घटना में इस्तेमाल तमंचा दो जिंदा कारतूस व 10 हज़ार नकदी बरामद की है।

ठाकुरगंज थाने की रिंग रोड चौकी इंचार्ज राकेश चौरसिया व उनकी टीम के द्वारा आज हामीरा पुर मलिहाबाद के रहने वाले शातिर लुटेरे हारून को गिरफ्तार कर लिया। हारून के खिलाफ पहले से 8 मुकदमे दर्ज हैं। हारून ने अपने साथियों के साथ सीतापुर जनपद के मिश्रिख थाना क्षेत्र में गुटखा व्यापारी 32 वर्षीय मोहम्मद आसिफ को 6 अगस्त 2021 को गोली मारकर उनसे 5 लाख 8 हज़ार रुपए लूट लिए थे। ठाकुरगंज पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए हारून के पांच साथियों राज कपूर, नानू वीरू, प्रियांशु उर्फ लालू राठौर व विशाल पाल उर्फ गोलू को मिश्रिख पुलिस पहले गिरफ्तार कर करीब 2 लाख 65 हजार रुपए बरामद कर चुकी हैं। एडीसीपी पश्चिम चिरंजीवी नाथ सिन्हा ने बताया कि आज ठाकुरगंज क्षेत्र में तमंचे और लूट की रकम के साथ गिरफ्तार किया गया लुटेरा हारून किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में था लेकिन इससे पहले कि हारून लखनऊ में किसी वारदात को अंजाम देता। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया बताया जा रहा है कि गिरफ्तार किया गया लुटेरा बहुत ही शातिर किस्म का अपराधी है और इसी ने 6 अगस्त 2021 को सीतापुर के मिश्रिख थाना क्षेत्र में ग्राम गंगापुर मोड़ के पास गुटखा व्यापारी मोहम्मद आसिफ को गोली मार कर 5 से ज्यादा की नगदी लूटी थी। इंस्पेक्टर मिश्रित ने बताया कि बदमाशों के हमले में गुटखा व्यापारी मोहम्मद आसिफ मामूली रूप से घायल हुए थे उन्होंने बताया कि बदमाशों के द्वारा गोली चलाई गई थी लेकिन गोली उन्हें नहीं लगी थी आसिफ पर बदमाशों ने तमंचे की बट से हमला किया था।

यूपीपीसीएल पीएफ घोटाला

## उप्र स्टेट पॉवर सेक्टर इम्पलाइज ट्रस्ट के तत्कालीन सचिव की दूसरी जमानत अर्जी भी खारिज

**लखनऊ (विधि संवाददाता)।** सीबीआई के विशेष जज अजय विक्रम सिंह ने यूपीपीसीएल पीएफघोटाला मामले में निरुद्ध उप्र स्टेट पॉवर सेक्टर इम्पलाइज ट्रस्ट के तत्कालीन सचिव प्रवीण कुमार गुप्ता की दूसरी जमानत अर्जी खारिज कर दी है। उन्होंने अर्जी खारिज करते हुए अपने आदेश में कहा है कि इसमें कोई नया तथ्य नहीं है। जमानत अर्जी का विरोध करते हुए कहा कि मुल्जिम द्वारा सचिव ट्रस्ट के पद पर रहते हुए अन्य लोकसेवकों के साथ एक साजिश के तहत भारत सरकार की गाइड लाइन का उल्लघंन कर सीपीएफव जीपीएफ का कुल दो हजार 267 करोड़ की रकम प्राइवेट फाइनेंस कम्पनियों में गलत तरीके से निवेश किया गया। सीबीआई का यह भी कहना था कि 12 मार्च 2020 को मुल्जिम की पहली जमानत अर्जी खारिज हो चुकी है। तब से अब तक कोई नया तथ्य प्रकाश में नहीं आया है। सीबीआई की विवेचना अभी लंबित है। लिहाजा यह अर्जी भी खारिज की जाए। दो नवंबर 2019 को यूपीपीसीएल के इस पीएफ घोटाला मामले की एफआईआर वर्तमान सचिव ट्रस्ट आईएम कौशल ने थाना हजरतगंज में दर्ज कराई थी।

# एसओ काकोरी को दंडित करने के लिए हाईकोर्ट भेजा मामला

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**पॉक्सो** के विशेष जज महेश चन्द्र वर्मा ने अपहरण के एक मामले में अभियोजन के गवाहों पर समन का तामीला नहीं कराने व बिना कारण बताए उसे वापस भेजने पर कड़ा रवैया अपनाया है। उन्होंने इस मामले में थानाध्यक्ष काकोरी को अदालत की अवमानना करने के मामले में दंडित करने के लिए मामले को हाईकोर्ट संदर्भित करने का आदेश दिया है। इसके साथ ही अभियोजन के गवाह एसआई अरुण कुमार चर्तुवेदी, एसआई राकेश कुमार यादव व निरीक्षक राजकुमार सरोज के विरुद्ध पुन: समन जारी करने का आदेश दिया है। उन्होंने पुलिस महानिदेशक को निर्देश दिया है कि वो इन गवाहों पर समन का तामीला सुनिश्चित कराएं। उन्हें थानाध्यक्ष काकोरी के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही का भी निर्देश दिया है। कहा है कि कृत कार्यवाही से अदालत को भी बताएं। मामले की अगली सुनवाई 23 सितंबर को होगी।

वर्ष 2013 में अपहरण के इस मामले की एफ आईआर थाना काकोरी में दर्ज हुई थी। इस मामले में मुल्जिम सर्वेश व सनद न्यायिक हिरासत में निरुद्ध हैं। इस मामले में गवाही की प्रक्रिया चल रही है। लेकिन अभियोजन के इन गवाहों की गवाही नहीं होने से मामले की सुनवाई लंबित है। 26 अगस्त 2021 को अदालत ने इन्हें समन जारी किया था। लेकिन समन का तामीला नहीं कराया गया बल्कि पैरोकार से ही आख्या लगवाकर समन वापस अदालत को भेज दिया गया।

### दुराचारी को 14 साल का सश्रम कारावास

**लखनऊ (विधि संवाददाता)।** फास्ट ट्रैक कोर्ट के विशेष जज डॉ. अवनीश कुमार ने शादी के लिए अपहरण कर युवती से दुराचार करने के एक मामले में मुल्जिम लल्लू को 14 वर्ष का सश्रम कारावास व 45 हजार के जुर्माने से दंडित किया है। उन्होंने इस मामले में मुल्जिम मुन्ना को छह साल का सश्रम कारावास व 15 हजार के जुर्माने से दंडित किया है। 18 जून 2006 को इस मामले की एफआईआर पीड़िता के पिता ने थाना मडियांव में दर्ज कराई थी।

### सास-ससुर की जमानत अर्जी खारिज

**लखनऊ (विधि संवाददाता)।** जिला जज सर्वेश कुमार ने दहेज हत्या के एक आपराधिक मामले में निरुद्ध ससुर कृष्ण कुमार पांडेय व सास अमिता पांडेय की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। उन्होंने प्रथम दृष्टया मुल्जिमों के अपराध को गंभीर करार दिया है। 27 अगस्त 2021 को इस मामले की एफआईआर मृतका अंकिता के पिता राम सेवक द्विवेदी ने थाना गोमतीनगर में दर्ज कराई थी। वर्ष 2009 में अंकिता की शादी अविनाश पांडेय से हुई थी। अंकिता पंचायती राज विभाग के डीपीआरओ आफिस में डीसी के पद पर कार्यरत थी। अंकिता की छह साल की बेटी भी है। इस मामले में पति अविनाश भी न्यायिक हिरासत में निरुद्ध है।

## इंदिरानगर पुलिस ने अदीब हत्याकांड के दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**लखनऊ।** राजधानी में करीब 8 वर्ष पूर्व लखनऊ के इंदिरा नगर इलाके में हुई 14 वर्षीय माज़ की गोली मार कर चर्चित हत्याकाण्ड को अंजाम दिया गया था। सात दिनों पहले मांज़ के एक रिश्तेदार 25 वर्षीय अदीब हत्याकांड के दो आरोपी फरीदीपुर इंदिरा नगर के रहने वाले अकमल और अलीम को आज इंदिरा नगर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गौरतलब है की अदीब की इसी सप्ताह हत्या कर दी गई थी हत्या का मुकदमा दर्ज करने के बाद इंदिरा नगर पुलिस मामले की जांच कर रही थी और आज इस हत्याकांड में अकमल और अलीम की गिरफ्तारी हो गई । आपको बता दें कि मृतक अदीब के रिश्ते के भाई 14 वर्षीय मांज़ की गोली मारकर हत्या 2013 में निवर्तमान इंस्पेक्टर रहे संजय राय के इशारे पर कर दी गई थी । महिला दरोगा के भाई माज़ हत्याकांड के आरोपी इंस्पेक्टर संजय राय को पुलिस सेवा से न सिर्फ बर्खास्त किया गया था बल्कि उसे इस हत्याकांड में न्यायालय द्वारा दोषी भी पाया गया और उसे सजा भी मिली थी।


## बंथरा में सई नदी व नगला नाले में दो युवक डूबे

**सरोजनीनगर।** बंथरा थाना क्षेत्र में शनिवार को सई नदी में गणेश प्रतिमा विर्सजन के दौरान एक युवक डूब गया। मौके पर मौजूद उसके साथियों ने उसे बचाने की काफी कोशिश की लेकिन वह सफल नही हो सके। उधर यही स्थित नगवा नाले में नहाने के लिए कूदा एक युवक गहरे पानी में जाने के बाद डूब गया। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने गोता खोरो को बुलाया है। सरोजनीनगर के बदालीखेड़ा में रहने वाला रवि कुमार गुप्ता (24) अपने साथियों के साथ कानपुर रोड सई नदी स्थित बनी पुल के पास गणेश प्रतिमा विसर्जन करने गया। प्रतिमा विसर्जन के बाद सभी लोग नदी में नहाने लगे। इस दौरान रवि तेज बहाव की चपेट में आकर बीच धारा में चला गया। रवि के चिल्लाने पर उसके साथियों ने उसे बचाने की काफी कोशिश की लेकिन वह सफल नही हो सके। उधर बंथरा के एसएसआई दिनेश बहादुर सिंह ने बताया कि रायबरेली के बछरावा का रहने वाला शिवाशूं गुप्ता (20) बंथरा के ही रामचौरा रोड के लालाखेड़ा के पास स्थित नगवा नाले में पास अपने साथी ऋषभ गुप्ता के साथ किराये पर रहकर एक निजी कम्पनी में नौकरी करता था। शनिवार को वह अपने घर के पास था तभी कुछ युवक नगवा नाले में नहा रहे थे। उन्हें देखकर वह भी नाले में कूद गया। मौके पर मौजूद लोगो ने बताया कि शिवांशू कुछ देर तैरने के बाद डूबने लगा। मौके पर मौजूद युवको ने उसे बचाने की कोशिश की लेकिन वह उसे पकड़ नही सके।

### नहर में गिरकर युवक की मौत

**लखनऊ।** तेलीबाग के सर्पोटगंज पुल के पास शनिवार सुबह नहर किनारे शौच करने गए 20 वर्षीय युवक का पैर फिसलने से नहर में डूब कर मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने सबको बाहर निकलवा कर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। द्वारिकापुरी कॉलोनी निवासी शकुंतला तिवारी पत्नी स्वर्गीय महेश तिवारी अपने चार बेटों के साथ रहती हैं। उन्होंन बताया कि शनिवार सुबह दूसरे नंबर का बेटा रवि तिवारी (20 वर्ष) रोजाना की तरह नहर किनारे सुबह शौच के लिए गया हुआ था जहां पर उसका पैर फिसलने से नहर में डूब गया और उसकी मौत हो गयी। बेटे की मौत से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। रवि तेलीबाग बाजार में स्थित एक बक्शे की दुकान पर काम करता था और उसे मिर्गी का दौरा भी पड़ता था। राहगीरों ने नहर में शव उतराता देख शोर मचाया और घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दिया। सूचना पाकर परिजन व पुलिस मौके पर पहुंची। शनिवार देर शाम पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

### सीएमएस छात्र को मिला नेशनल विनर का खिताब



लखनऊ। सिटी मांन्टेसरी स्कूल, अलीगंज (प्रथम कैम्पस) के कक्षा-8 के प्रतिभाशाली छात्र भानु प्रकाश वर्मा ने पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन पर आधारित प्रतियोगिता 'सेवस इको एचीवर्स ओलम्पियाड-2021' में 'नेशनल विनर' का खिताब अर्जित कर लखनऊ का नाम पूरे देश में गौरवान्वित किया है। इस उपलब्धि के लिए भानु प्रकाश को 5000 रुपये का नगद पुरस्कार, गोल्ड मैडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया है। सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने बताया कि सेवस इको एचीवर्स ओलम्पियाड में देश भर के कई प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग किया, जिसमें सी.एम.एस. छात्र का 'नेशनल विनर' चुना जाना सी.एम.एस. छात्रों की पर्यावरण के प्रति जागरूकता को स्वतः ही प्रदर्शित करता है। भानु प्रकाश ने इस प्रतिष्ठित ओलम्पियाड में पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन के सम्बन्ध में अपने ज्ञान-विज्ञान का उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के साथ ही सी.एम.एस. द्वारा पर्यावरण संरक्षण, वन्य जीव संरक्षण एवं प्रकृति प्रदत्त संसाधनों के दोहन आदि के संदर्भ में छात्रों को तैयार करने में विद्यालय के प्रयासों को रेखांकित किया है।

### बीकेटी में तमंचा व तलवार के साथ तीन गिरफ्तार

**बीकेटी।** देर रात चेकिंग के दौरान बीकेटी पुलिस ने तेज रफ्तार कार सवार तीन लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से अवैध तमंचा, कारतूस व तलवार बरामद करने का दावा किया है। पुलिस केअुनसार चेकिग के दौरान देवरई की तरफ से तेज रफ्तार कार यूपी 32एमई 8501 को रोका गया। सवालों का सही जवाब न दे पाने पर उनकी तलाशी ली गई तो अभय सिंह पुत्र अजय सिंह निवासी हरदौहरपुर बीकेटी लखनऊ के पास से .315 बोर का तमंचा, यशवर्धन राज निवासी भौली, बीकेटी के पास से कारतूस और अमित यादव निवासी ज्वार गांव सैरपुर के पास से तलवार व म्यान बरामद हुई। पुलिस ने तीनों को मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस: भटकते मिले फरियादी तो डीएम ने तहसीलदार को फटकारा

● नाराज डीएम ने कहा लेखपाल मूल कार्य करने के बजाए कर रहे हैं वसूली

**संवाददाता।** मोहनलालगंज



**राजस्व** अधिकारियों की कोर्ट से आदेश के बावजूद मोहनलालगंज तहसील में डीएम अभिषेक प्रकाश को फरियादी मेड़बन्दी और जमीन की पैमाइश के लिए भटकते मिले तो उनका पारा चढ़ गया। खफा डीएम ने शिकायतों को लेकर तहसीलदार राजेश विश्वकर्मा को फटकार लगाई। डीएम ने कहा तहसील में कार्यरत 41 लेखपाल अपना मूल कार्य करने के बजाए वसूली कर रहे हैं जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा सप्ताह में एक दिन निश्चित कर सभी लेखपालों से वरासत के मामलों का निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए। उतरावां से आई बुजुर्ग निर्मला का प्रधानमंत्री आवास निर्मित नहीं हो पाने की शिकायत पर डीएम ने तहसीलदार को निराकरण के लिए लिखकर देने को कहा। एडीएम प्रशासन अमरपाल सिंह को सौंपी गई भ्रष्टाचार की जांच डेढ़ माह में भी पूरी नहीं हो पाने पर डीएम ने नाराजगी जताई और जल्द रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। मोहनलालगंज तहसील में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निरीक्षण की संभावना को देखते हुए डीएम अभिषेक प्रकाश ने तहसीलदार को तैयारियां पूरी कराने और नायब तहसीलदार प्राची त्रिपाठी को छह माह से लटकी पड़ी विभागीय जांच जल्द पूरी करने की हिदायत दी। इससे पूर्व तहसील पहुंचे डीएम अभिषेक प्रकाश ने ई इपिक सेवा का रिबन काटकर शुभारंभ किया। डीएम ने कहा अब नए मतदाता निर्वाचन आयोग की वेबसाइट से अपना मतदाता पहचान पत्र मोबाइल के जरिए खुद बेहद आसानी से डाउनलोड कर सकेंगे। डीएम ने अतरौली निवासी ईशान अवस्थी को पहला ई इपिक भी वितरित किया। डीएम ने तहसील गेट पर समाजकल्याण एराजस्व एवं आपदा एगोल्डेन कार्ड और आधार कार्ड के लिए बनाए गए काउंटरों का भी जायजा लिया। हालांकि डीएम के वापस जाते ही अधिकतर काउण्टर खाली नजर आए।

### कैंसर पीड़ित को अंत्योदय कार्ड और दिव्यांग को दिलाई ट्राईसाइकिल

मोहनलालगंज तहसील पहुंचे डीएम अभिषेक प्रकाश से मऊ की मानसी शर्मा ने बताया कि उनके पति शैलेन्द्र कैंसर पीड़ित हैं। लेकिन अन्त्योदय कार्ड कोरोना होने से मुफ्त इलाज नहीं हो पा रहा है। कई बार शिकायत के बाद भी आपूर्ति विभाग के अधिकारी अनसुनी कर रहे हैं। जिस पर डीएम ने डीएसओ को अन्त्योदय कार्ड जारी कराने के निर्देश दिए। बक्खत खेड़ा से अपने मासूम बच्चे लक्ष्मी व लक्की को लेकर साथ लेकर आवास मांगने आई दिव्यांग गुड्डा को डीएम ने जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी से ट्राईसाइकिल दिलवाई।

### झील से कब्जा हटाने और खनन माफिया पर गैंगस्टर लगाने के निर्देश

तहसील समाधान दिवस में शिकायतें सुन रहे डीएम अभिषेक प्रकाश से मऊ के सुन्दरलाल ने मोहनलालगंज कस्बे की झील पर अवैध कब्जे की शिकायत दर्ज कराई। जिस पर डीएम ने तहसीलदार से दस दिन में एरियल सर्वे कराकर अवैध कब्जेदारों को चिन्हित कर रिपोर्ट तलब की है। अवैध खनन की शिकायतों पर खफा डीएम ने थानावार खनन माफि या की लिस्ट तैयार कर गैंगस्टर की कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होने साफशब्दों में कहा अवैध खनन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा । जांच में किसी भी विभागीय कर्मचारी की भूमिका संदिग्ध मिलने पर उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### निरीक्षण कर गोवंश आश्रय केंद्रों की व्यवस्थाएं सुधारें नोडल अधिकारी

तहसील समाधान दिवस में डीएम अभिषेक प्रकाश निराश्रित गोवंश आश्रय केन्द्रों में जलभराव समेत अन्य अव्यवस्थाओं की शिकायत पर बेहद नाराज हुए। उन्होने कहा सभी नोडल अधिकारी सोमवार तक आश्रय केन्द्रों का निरीक्षण कर मिट्टी पटाई के जरिए जलभराव की समस्या हर हाल में दूर कराएं। डीएम ने कहा कमजोर और बीमार गोवंश की पशुपालन विभाग के अधिकारी अपनी देखरेख में निगरानी कराएं।

### मोहनलालगंज तहसील की नई बिल्डिंग निर्माण का प्रस्ताव

मोहनलालगंज तहसील में जलभराव की लाइलाज समस्या समेत अन्य दुश्वारियों के समाधान के लिए जिला प्रशासन ने तहसील की नई बिल्डिंग का निर्माण कराने की तैयारी की है। शनिवार को शिकायत लेकर पहुंचे वरिष्ठ अधिवक्ता श्रवण कुमार यादव समेत अन्य अधिवक्ताओं को डीएम अभिषेक प्रकाश ने भरोसा दिया। डीएम ने कहा 1963 में निर्मित हुई तहसील का भवन काफी पुराना हो चुका है। जिससे कई तरह की समस्याएं सामने आ रही हैं। लिहाजा शासन को नई बिल्डिंग निर्माण का प्रस्ताव भेजा जाएगा। तहसील में आरके और नायब तहसीलदार की कमी पर डीएम ने स्टाफ की उपलब्धता होने पर शिकायत दूर कराने का आश्वासन दिया। उन्होने कहा फि लहाल मौजूद आरआई और नायब तहसीलदार सभी जिम्मेदारियां निभाते रहेंगे।

### सरोजनीनगर में हुआ सिर्फ तीन शिकायतों का निस्तारण

सरोजनीनगर। फरियादियों की शिकायतों का त्वरित निस्तारण करने के लिए भले ही सरकार द्वारा तहसील दिवस का नाम बदलकर संपूर्ण समाधान दिवस कर दिया गया है। लेकिन तहसील कर्मियों की लापरवाही के कारण संपूर्ण समाधान दिवस में मौके पर सभी शिकायतों का निस्तारण नहीं हो पा रहा है। शनिवार को सरोजनीनगर तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में भी दर्ज हुई कुल 94 शिकायतों में से मात्र तीन शिकायतों का ही मौके पर निस्तारण हो सका।

# कांग्रेस ने जनजाति समाज के लिए कुछ नहीं किया

**भाषा।** जबलपुर (मप्र),

**केंद्रीय गृह मंत्री** अमित शाह शनिवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस ने हमेशा जनजाति समाज का वोट लिया, लेकिन उनके कल्याण के लिए कभी कुछ नहीं किया, जबकि भाजपा हमेशा जनजातियों के कल्याण के लिए कटिबद्ध है और हमेशा इसके लिए प्रयासरत है। आजादी के अमृत महोत्सव पर मध्य प्रदेश के जबलपुर में स्वतंत्रता आंदोलन में अपना अतुलनीय योगदान देने वाले जनजातीय नायकों के सम्मान में आयोजित जनजातीय गौरव समारोह को संबोधित करते हुए शाह ने यह बात कही।

नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा नीत सरकार की विभिन्न उपलब्धियों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, जनजाति के लिए वार्षिक बजट 2013-14 में 4,200 करोड़ रुपए था। 2021-22 में इस बजट को बढ़ाकर 7,900 करोड़ रुपए, यानी करीब दोगुना करने का काम मोदी सरकार ने किया है। शाह ने कहा, कांग्रेस के जमाने में नौ राज्यों की केवल 10 वन उपजों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के तहत कवर किया गया है। मोदी सरकार आने के बाद सभी राज्यों की 49 उपजों को एमएसपी पर खरीदने की शुरुआत हुई है। उन्होंने कहा कि बच्चे को अच्छी शिक्षा मिलेगी, तो संविधान प्रदत्त अधिकारों को वो जान पाएंगे।

संविधान ने जो कर्तव्य दिए हैं, उनको वो जान पाएंगे। इसके लिए बहुत जरूरी है कि उनको अच्छी शिक्षा मिले। शाह ने कहा कि इसलिए मोदी ने एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय का मॉडल अपनाकर प्रत्एक आदिवासी बहुल ब्लॉक में एक आवासीय विद्यालय बनाने का काम किया है। उन्होंने कहा, भाजपा की सरकार चाहे केंद्र में हो या राज्य में, ए वंचितों के लिए काम करने वाली सरकार है। ए जनजाति के कल्याण के लिए समर्पित सरकार है। शाह ने कहा कि हमने जनजातीय भाइयों को घर दिया है, घर में बिजली व शौचालय दिया है। अब घरों में

## ● कल्याण के लिए कभी कुछ नहीं किया : शाह

पानी पहुंचा रहे हैं। साथ ही उन्हें पांच लाख रुपए तक के मुफ्त उपचार का लाभ दिया है। शाह ने आजादी के अमृत महोत्सव पर देश और धर्म की रक्षा के लिए प्राणों की आहूति देने वाले जनजातीय नायक अमर शहीद राजा शंकर शाह और उनके पुत्र कुंवर रघुनाथ शाह के 164वें बलिदान दिवस पर आज जबलपुर के मालगोदाम चौक पहुंचकर यहां स्थापित उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि 1857 के स्वतंत्रता संग्राम में राजा शंकर शाह व कुंवर रघुनाथ शाह ने अपने साहस से जन-जन में स्वाधीनता की अलख जगाई, जिसके लिए अंग्रेजी हुकूमत ने उन्हें तोपों से बांधकर उनकी निर्मम हत्या कर दी। आज उनके बलिदान दिवस पर जबलपुर में दोनों वीरों की प्रतिमाओं को नमन कर पुष्पांजलि अर्पित की। शाह ने कहा, मातृभूमि



के लिए राजा शंकरशाह व कुंवर रघुनाथ शाह जी का बलिदान हमें सदैव प्रेरणा देता रहेगा। पहले की सरकारों ने ऐसे कई महान वीरों विशेषकर जनजातीय नायकों की निरंतर उपेक्षा की लेकिन आज नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा सरकारें उनके सम्मान को पुनर्स्थापित करने के लिए कटिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि 1857 में शुरू हुई हमारी आजादी की क्रांति की लड़ाई 15 अगस्त 1947 को समाप्त हुई। तबसे आज तक 75 वर्ष तक इस देश को अलग-अलग समय पर अलग-अलग लोगों ने आगे बढ़ाया है। शाह ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ए संकल्प लिया है कि हम आजादी का अमृत महोत्सव मनाएंगे और देश के गुमनाम महानुभावों के बलिदान को, उनकी स्मृतियों को पुनर्जीवित करेंगे, क्योंकि इतिहास में उनका नाम नहीं लिखा गया।

उन्होंने कहा कि देश भर में कई जिलों में, कई प्रदेशों में ऐसे अनेकानेक वीर बलिदानी हैं, जिनको इतिहास में स्थान नहीं मिला, उचित सम्मान नहीं मिला। काल उसको भुला सकता है क्या? उनके बलिदान को हम भुला देंगे क्या?

# रवींद्र नारायण रवि ने तमिलनाडु के राज्यपाल के पद की ली शपथ



**चेन्नई, भाषा**

**रवींद्र** नारायण रवि ने शनिवार को तमिलनाडु के राज्यपाल के रूप में शपथ ली। उन्होंने बनवारीलाल पुरोहित का स्थान लिया है जिन्हें अब पंजाब का राज्यपाल नियुक्त किया गया है। रवि ने कहा कि वह अपनी नई भूमिका को एक चुनौती नहीं बल्कि एक अवसर के रूप में देखते हैं। मद्रास उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संजीब बनर्जी ने रवि को यहां राजभवन में एक आधिकारिक समारोह में शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री एम के स्टालिन, उनके मंत्रिमंडल सहयोगी, विपक्ष के नेता के. पलानीस्वामी और अन्य शामिल हुए। रवि राज्य के 26वें राज्यपाल हैं। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के पूर्व अधिकारी रवि को पिछले हफ्ते ही यहां का राज्यपाल नियुक्त किया था। इससे पहले रवि नगालैंड के राज्यपाल थे। उन्हें केंद्र ने 29 अगस्त, 2014 को नगा शांति वार्ता के लिए वार्ताकार भी नियुक्त किया था और यह जिम्मेदारी वह अब भी निभा रहे हैं। शपथ ग्रहण समारोह के बाद स्टालिन ने राज्य विधानसभा अध्यक्ष एम अप्पावू और अपने मंत्रिमंडल सहयोगियों का उन से परिचय करवाया। रवि ने शपथ ग्रहण के बाद मीडियाकर्मियों से बातचीत में कहा, मुझे लगता है कि एक चुनौती से ज्यादा यह एक अवसर है और मेरा खयाल है कि यह मेरे लिए मददगार होगा। रवि का जन्म बिहार के पटना में हुआ था। उन्होंने 1974 में भौतिक विज्ञान में स्नातकोत्तर किया और कुछ समय पत्रकारिता करने के बाद 1976 में वह भारतीय पुलिस सेवा में आए। वह आसूचना ब्यूरो (आईबी) और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) में भी सेवाएं दे चुके हैं। सरकारी सेवा से वह 2012 में सेवानिवृत्त हो गए थे। उन्हें 2018 में उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बनाया गया था।



धनबाद में कर्मा के मौके पर खोखन तालाब में 'कर्म डाला' डालतीं महिलाएं

# कट्टरपंथ पर केंद्र से जानकारी साझा करे वाम सरकार: भाजपा

**भाषा।** कोच्चि

**केरल में स**त्तारूढ़ माकपा ने व्यवसायिक कॉलेजों में युवाओं को आतंकवाद की ओर धकेले जाने की कोशिशों को लेकर आगाह किया था, जिसके एक दिन बाद शनिवार को भाजपा ने वाम सरकार से इस बारे में केंद्र के साथ जानकारी साझा करने का अनुरोध किया ताकि आगे की कार्वाई की जा सके।माकपा ने राज्य में पार्टी के आगामी सम्मेलनों के संबंध में तैयार एक आंतरिक परिपत्र में ए महत्वपूर्ण टिप्पणियां की थीं।

केंद्रीय मंत्री वी मुरलीधरन ने यहां संवाददाताओं से कहा कि जैसा कि परिपत्र में कहा गया है कि एक वर्ग के द्वारा जानबूझकर युवाओं को सांप्रदायिकता व आतंकवाद की ओर धकेलने के प्रयास किए जा रहे हैं, ऐसे में यदि राज्य सरकार आवश्यक जानकारी देती है, तो एनआईए जैसी केंद्रीय एजेंसियां निश्चित रूप से मामले की जांच करेंगी।गौरतलब है कि माकपा ने शुक्रवार को एक नोट में यहां व्यावसायिक कॉलेजों में पढ़ रहीं युवतियों को लुभाकर सांप्रदायिकता व आतंकवाद की राह पर ले जाने के एक वर्ग की कोशिशों के प्रति आगाह किया था। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने कहा कि चरमपंथी ताकतें मुख्यधारा के मुस्लिम संगठनों में घुसपैठ कर रही हैं और केरल में इस मुद्दे को हवा देने की कोशिश कर रही हैं।

## ● केंद्रीय मंत्री वी मुरलीधरन ने यहां संवाददाताओं से कहा-जैसा कि परिपत्र में कहा गया है कि एक वर्ग के द्वारा जानबूझकर युवाओं को सांप्रदायिकता व आतंकवाद की ओर धकेलने के प्रयास किए जा रहे हैं

माकपा ने यह भी कहा था कि संघ परिवार से जुड़ी ताकतों की गतिविधियों ने अल्पसंख्यक समूहों में असुरक्षा की भावना पैदा की है।अल्पसंख्यक सांप्रदायिकता उपशीर्षक वाले नोट में कहा गया है कि इसे गंभीरता से लिया जाना चाहिए। राज्य में तालिबान जैसे आतंकवादी संगठनों का समर्थन करने वाली बहस भी हो रही है, जिसकी लोकतांत्रिक दुनिया और मुस्लिम समुदाय ने एक सुर में निंदा की है।

नोट में कहा गया है कि राज्य में ईसाई समुदाय के लोग आम तौर पर सांप्रदायिक विचारधाराओं का समर्थन नहीं करते, हालांकि हाल के दिनों में इस समुदाय के एक छोटे से वर्ग के बीच बढ़ रहे कट्टरपंथी प्रभाव को गंभीरता से लिया जाना चाहिए।

## क्विक न्यूज

### महाराष्ट्र में बार से 10 महिला वेटरों समेत 31 लोग गिरफ्तार

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में पुलिस ने एक बार में छापा मारा और कोरोना वायरस संबंधी दिशानिर्देशों का उल्लंघन करने तथा अश्लील कृत्यो मे शामिल होने के आरोप में 10 महिला वेटरों और 21 अन्य लोगों को गिरफ्तार किया। ठाणे पुलिस की प्रवक्ता जयमाला वसावे ने बताया कि कल्याण अपराध शाखा की तृतीय इकाई ने बृहस्पतिवार रात को यह कार्वाई की। उन्होंने बताया, एक खुफिया सूचना के आधार पर अपराध शाखा के दल ने कल्याण-मानपाडा रोड पर स्थित बार पर छापा मारा और पाया कि बार के कई कर्मियों तथा ग्राहकों ने मास्क नही पहन रखा था और वे सामाजिक दूरी के नियमों का उल्लंघन भी कर रहे थे। उन्होंने बताया कि पुलिस ने यह भी पाया कि बार में ग्राहकों को खाना और शराब परोस रही महिलाओं ने सही तरीके से कपड़े नही पहने थे और वे अश्लील कृत्यों में शामिल थी।पुलिस ने बताया कि 10 महिला वेटरों के अलावा बार में 19 ग्राहकों और दो कर्मचारियों को भी गिरफ्तार किया गया तथा एक म्यूजिक एम्प्लीफायर समेत 24,300 रुपए के विभिन्न उपकरण भी जब्त किए गए। उनके खिलाफ मानपाडा पुलिस थाने में मामला दर्ज कर लिया गया है।

### महाराष्ट्र एटीएस ने एक संदिग्ध को पकड़ा आतंकी मॉड्यूल से तार जुड़े होने का संदेह

**मुंबई।** महाराष्ट्र के आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) ने दिल्ली पुलिस द्वारा पाकिस्तान संगठित आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करने के सिलसिले में मुंबई से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस विभाग में सूत्रों ने बताया कि जाकिर नाम के व्यक्ति को शुक्रवार रात को चलाए एक अभियान के दौरान उपनगर जोगेश्वरी से पकड़ा गया। बाद में उसे पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया।दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई से प्रशिक्षण ले चुके दो आतंकवादियों समेत छह लोगों की गिरफ्तारी के साथ ही मंगलवार को आतंकी मॉड्यूल का पर्दाफाश किया था। अधिकारियों ने बताया था कि आतंकवादियों ने देशभर में कई धमाके करने की कथित तौर पर साजिश रची थी।छह संदिग्ध आतंकवादियों में से एक मोहम्मद शेख मुंबई के धारावी का रहना वाला है।सूत्रों ने बताया कि गिरफ्तार संदिग्ध आतंकवादियों से पूछताछ के दौरान जाकिर का नाम सामने आया था।

### असम में एक नए संगठन के दो उग्रवादी ढेर

**गुवाहाटी।** असम के कोकराझार जिले में सुरक्षा बलों ने हाल में बनाए गए एक उग्रवादी संगठन के दो संदिग्ध उग्रवादियों को मार गिराया और उनके ठिकाने का भंडाफोड़ कर दिया। असम पुलिस के अतिरिक्त महानिदेशक जीपी सिंह ने शनिवार को ट्वीट किया कि सुरक्षाबलों ने शुक्रवार रात शुरू किए गए एक अभियान में कोकराझार के उल्टापानी इलाके में यूनाइटेड लिबरेशन ऑफ बोडोलैंड (यूएलबी) के एक शिविर का भंडाफोड़ किया। उन्होंने ट्वीट किया, पुलिसासुरक्षाबलों और उग्रवादियों के बीच मुठभेड़ के बाद संगठन के दो सदस्यों को मृत घोषित कर दिया गया। सिंह ने बताया कि उग्रवादियों के पास से दो पिस्तौल और ग्रेनेड बरामद किए गए है। इस हफ्ते की शुरुआत में एक वीडियो जारी कर एक समूह ने घोषणा की थी कि उन्होंने यूनाइटेड लिबरेशन ऑफ बोडोलैंड के नाम से नया संगठन बनाया है और बोडो लोगों के लिए अलग राज्य बनाना सरकार से उनकी प्रमुख मांग होगी।

### कश्मीरी पंडितों ने राहत भुगतान में देरी को लेकर जम्मू में किया प्रदर्शन

**जम्मू।** सैकड़ों कश्मीरी पंडितों ने मासिक राहत भुगतान में देरी के खिलाफ शनिवार को यहां विरोध प्रदर्शन किया और जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग को अवरुद्ध करने के उनके प्रयास को पुलिस ने विफल कर दिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि प्रदर्शनकारी शहर के बाहरी इलाके जगती प्रवासी शिविर से बाहर आए और अगस्त महीने के राहत भुगतान को तत्काल जारी करने की अपनी मांग के समर्थन में नारेबाजी करते हुए पास के राजमार्ग की ओर मार्च करना शुरू कर दिया। उन्होंने कहा कि पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को राजमार्ग की ओर बढ़ने से रोका और उन्हें वापस जाने के लिए समझाया। प्रदर्शनकारियों ने आगाह किया कि अगर उनकी मासिक राहत तुरंत जारी नही की गई तो वे अपना आंदोलन तेज करेंगे। कश्मीरी पंडित रिलीफ होल्डर्स एसोसिएशन के एक प्रवक्ता ने कहा, राहत आयोग द्वारा अगस्त महीने की राहत आज तक जारी नही की गई, जिससे विस्थापित समुदाय को परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा कि पिछले तीन दशकों में पहली बार ऐसा हुआ है कि समुदाय को मासिक राहत जारी करने में देरी हुई है। प्रवक्ता ने कहा, हम उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से इस मुद्दे पर गौर करने और भुगतान जल्द से जल्द जारी करने की अपील करते है।

# अश्लील फिल्म मामला: कुंद्रा ने सबूत नहीं होने का दावा कर मांगी जमानत

**भाषा।** मुंबई

**अश्लील फिल्म** मामले में आरोपी कारोबारी राज कुंद्रा ने शनिवार को यहां की अदालत में जमानत अर्जी दाखिल कर दावा किया कि उन्हें बलि का बकरा बनाया जा रहा है और मामले में दाखिल पूरक आरोप पत्र में कोई सबूत नहीं है जो कथित आपत्तिजनक फिल्म बनाने में उनकी प्रत्यक्ष संलिप्तता को साबित करे।

मामले की जांच कर रही अपराध शाखा ने कुंद्रा और तीन अन्य के खिलाफ कथित तौर पर अश्लील (पोर्न) फिल्म बनाने और कुछ ऐप की मदद से प्रसारित करने के आरोप में हाल में पूरक आरोप पत्र दाखिल किया है। इसके बाद आरोपी ने मेट्रोपोलिटन अदालत का रुख किया और तर्क दिया कि व्यवहारिक रूप से मामले की जांच हो चुकी है। बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के पति कुंद्रा को 19 जुलाई को गिफ्तार किया गया था। उनके खिलाफ भारतीय दंड संहिता और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस समय कुंद्रा न्यायिक हिरासत में हैं। अधिवक्ता प्रशांत पाटिल के जरिए दाखिल जमानत अर्जी में कुंद्रा ने दावा किया कि आज की तरीख तक अभियोजन के पास एक भी सबूत नहीं है जो हॉटशॉट्स ऐप को कानून के आधार पर अपराध के साथ संबद्ध कर सके। अभियोजन के मुताबिक हॉटशॉट्स ऐप के जरिए आरोपी अश्लील सामग्री को अपलोड एवं स्ट्रीमिंग करता था। जमानत अर्जी में यह भी कहा गया कि पूरे पूरक आरोप पत्र में एक भी आरोप मौजूदा आवेदक (कुंद्रा) के खिलाफ नहीं है जो इंगित करे कि वह किसी वीडियो की शूटिंग में सक्रिय रूप से शामिल थे। बल्कि यह कलाकार के विवेक पर है कि वह सामग्री ऐप पर अपलोड करे या नहीं करे। आवेदन में कहा गया कि शिकायत की सामग्री प्रथम दृष्टया कुंद्रा के खिलाफ किसी अपराध का खुलासा नहीं करती। अर्जी में दावा किया गया कि कुंद्रा को गलत तरीके से मामले में फंसाया गया। उनका नाम प्राथमिकी में नहीं था लेकिन प्रतिवादी (पुलिस) ने उसका नाम जबरन मामले में खींचा। याचिका में कहा गया कि इसकी वजह एजेंसी ही बता सकती है लेकिन उन्हें बलि का बकरा बनाया जा रहा है। इसमें कहा गया कि जांच में साफ तौर पर दिखता है कि कुंद्रा का आपत्तिजपक सामग्री बनाने के किसी भी अपराध में दूर-दूर तक संबंध नहीं है।अदालत कुंद्रा की जमानत अर्जी पर सोमवार को सुनवाई करेगी।

# प्रवर्तन निदेशालय ने समन का पालन नहीं करने पर अनिल देशमुख के खिलाफ अदालत में याचिका दायर की

**भाषा।** मुंबई

**प्रवर्तन निदेशालय** ने धनशोधन मामले में कई बार समन जारी किए जाने के बावजूद जांच एजेंसी के समक्ष पेश नहीं होने पर महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख के खिलाफ यहां अदालत का रुख किया है। निदेशालय ने शुक्रवार को एक विशेष अदालत में याचिका दायर की और देशमुख के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 174 (लोक सेवक के आदेश का पालन न करते हुए अनुपस्थित रहना) के तहत कार्वाई किए जाने का अनुरोध किया है। इस धारा के तहत दोषी को एक महीने कारावास की सजा मिल सकती है या पांच सौ रुपए जुर्माना लगाया जा सकता है या दोनों ही सजाएं मिल सकती हैं। जांच एजेंसी ने देशमुख के खिलाफ दर्ज धन शोधन मामले में उन्हें कई समन जारी किए थे, लेकिन राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) नेता उसके सामने अब तक पेश नहीं हुए हैं। इस मामले में देशमुख के दो सहयोगियों संजीव पलांडे और कुंदन शिंदे को गिरफ्तार किया गया है। दोनों फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। इन दोनों के अलावा जांच एजेंसी ने हाल में दायर अपने आरोप पत्र में मुंबई पुलिस के बर्खास्त अधिकारी सचिन वाजे को भी आरोपी बनाया है। आरोप पत्र में हालांकि देशमुख या उनके परिवार के सदस्यों का नाम शामिल नहीं किया गया है।मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त परम बीर सिंह ने देशमुख के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप लगाए थे, जिसके बाद केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने राकांपा नेता के खिलाफ 21 अप्रैल को प्राथमिकी दर्ज की थी। इसके पश्चात प्रवर्तन निदेशालय ने देशमुख और उनके सहयोगियों के खिलाफ जांच आरंभ की थी। सिंह ने आरोप लगाया था कि देशमुख ने तत्कालीन पुलिस अधिकारी सचिन वाजे से शहर के होटलों और बार से प्रति माह 100 करोड़ रुपए वसूलने को कहा था।

### राहुल ने जो समाधान निकाला, उससे कार्यकर्ता मंत्रमुग्ध हुए और अकाली दल की बुनियाद हिली: जाखड़

**चंडीगढ़।** पंजाब में कांग्रेस विधायक दल की महत्वपूर्ण बैठक से पहले पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने शनिवार को कहा कि राहुल गांधी ने पार्टी की राज्य इकाई में उलझी हुई गुत्थी को सुलझाने का जो रास्ता अपनाया है उसने न सिर्फ कांग्रेस कार्यकर्ताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया है, बल्कि अकाली दल की बुनियाद हिल गई है। उन्होंने ट्वीट किया, वाह राहुल गांधी, आपने बेहद उलझी हुई गुत्थी के पंजाबी संस्करण के समाधान का रास्ता निकाला है। आश्चर्यजनक ढंग से नेतृत्व के इस साहसिक फैसले ने न सिर्फ पंजाब कांग्रेस के झंझट को खत्म किया है, बल्कि इसने कार्यकर्ताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया है और अकालियों की बुनियाद हिला दी है।

# ओडिशा में अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजाति के खिलाफ अपराध आठ प्रतिशत बढ़े

**भाषा।** भुवनेश्वर,

**राष्ट्रीय अपराध** रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के अनुसार, ओडिशा में अनुसूचित जातियों (एससी) और अनुसूचित जनजातियों (एसटी) के खिलाफ अपराध में पिछले वर्ष की तुलना में 2020 में आठ प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है।एनसीआरबी ने अपनी नवीनतम रिपोर्ट में बताया कि अनुसूचित जातियों के खिलाफ अपराध की दर प्रति लाख आबादी पर 28.5 है, जो 25 की राष्ट्रीय दर से अधिक है, जबकि एसटी के संदर्भ में यह दर 6.5 है, जबकि देश भर में यह दर 7.9 है। मंगलवार को प्रकाशित क्राइम इन इंडिया 2020 रिपोर्ट में कहा गया कि देश में एससी के खिलाफ अपराधों में 9.4 प्रतिशत और एसटी के खिलाफ अत्याचारों में 9.3 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। ओडिशा में एसटी के खिलाफ अपराधों की संख्या पिछले साल 624 थी, और मामलों के लिहाज से वह देश में चौथे स्थान पर था। पिछले साल इन मामलों में 2019 की तुलना में 8.33 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। ओडिशा में 2020 में एससी के खिलाफ अत्याचार की 2,046 घटनाएं हुईं जो पिछले वर्ष की तुलना में 8.48 प्रतिशत अधिक हैं। राज्य में 2011 की जनगणना के अनुसार एसटी वर्ग के 95.9 लाख लोग हैं। एसटी वर्ग में राज्य में बलात्कार के 114 मामले दर्ज किए गए और इन अपराधों के लिहाज से वह देश में पांचवें स्थान पर है। ओडिशा में आदिवासी महिलाओं पर गरिमा भंग करने के इरादे से 30 हमले दर्ज किए गए। भारतीय दंड संहिता के तहत एससीएसटी (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत हत्या के आठ और हत्या के प्रयास के पांच मामले दर्ज किए गए थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि एसटी के खिलाफ अपराधों के लिए 564 लोगों को गिरफ्तार किया गया था, जबकि पुलिस ने 2020 में 575 मामलों में आरोप पत्र दाखिल किया था। अनुसूचित जातियों के खिलाफ अपराधों के लिए कम से कम।,556 लोगों को गिरफ्तार किया गया और पुलिस ने 2,088 मामलों में आरोप पत्र दायर किए। अदालतों ने एसटी के खिलाफ अत्याचार के मामलों में आठ लोगों को बरी किया, जबकि इन मामलों में दोषसिद्धि शून्य रही। वर्ष के अंत तक कुल 5,229 मामले लंबित हैं, जिनके लंबित रहने की दर 99.8 प्रतिशत है। इसके अलावा एससी के खिलाफ अत्याचारों के मामले में दोषसिद्धि की 3.72 दर के साथ केवल पांच लोगों को दोषी ठहराया गया, जबकि 170 आरोपियों को बरी कर दिया गया था। वर्ष के अंत में लंबित मामलों की संख्या 14,323 रही। इन मामलों के लंबित रहने की दर 99.1 प्रतिशत रही।



जम्मू में एक पासिंग आउट परेड के दौरान सेना के जवान

# अमरिंदर का इस्तीफा पंजाब में कांग्रेस के प्रदर्शन में नाकामी की स्वीकारोक्ति : बादल

**भाषा।** चंडीगढ़

**शिरोमणि** अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने शनिवार को कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री पद से अमरिंदर सिंह का इस्तीफा कांग्रेस की राज्य में काम नहीं कर पाने की नाकामी की स्वीकारोक्ति है और उसके पास साढ़े चार साल से अधिक के कार्यकाल में काम दिखाने के लिए कुछ भी नहीं है।

हालांकि उन्होंने कहा कि केवल पहरेदार बदलने से पंजाब में कांग्रेस के डूबते जहाज को नहीं बचाया जा सकेगा। कांग्रेस के दिग्गज नेता अमरिंदर सिंह ने शनिवार को यह कहते हुए पंजाब के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया कि वह खुद को अपमानित महसूस कर रहे हैं। सिंह



और हाल में पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष बनाए गए नवजोत सिंह सिद्धू के बीच एक महीने से सत्ता संघर्ष चल रहा था। 50 से अधिक कांग्रेस विधायकों ने पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी को पत्र लिखकर सिंह को मुख्यमंत्री पद से हटाने की मांग की थी। बादल ने एक बयान में कहा कि सिंह का इस्तीफा इस बात की स्वीकारोक्ति है कि कांग्रेस पंजाब में प्रदर्शन करने में नाकाम रही और उसके पास साढ़े चार साल से अधिक के कार्यकाल के लिए दिखाने के लिए कुछ भी नहीं है। उन्होंने कहा कि अपनी अक्षम सरकार को बचाने के लिए कांग्रेस पार्टी चेहरा बदलकर पंजाबियों को मूर्ख नहीं बना सकती है।उन्होंने कहा कि एक व्यक्ति पर दोष मढ़कर पार्टी विरोधी लहर को टालने की कांग्रेस आलाकमान की चाल सफल नहीं होगी। अकाली प्रमुख ने आरोप लगाया कि राज्य की पूरी कैबिनेट और कांग्रेस विधायक भ्रष्टाचार में डूबे हुए हैं। उन्होंने कहा, पंजाबी जानते हैं कि पंजाब में पूरी कांग्रेस पार्टी खुली लूट और अराजकता के लिए जानी जाती है। इसके मंत्रियों और विधायकों ने गैंगस्टरों को संरक्षण दिया।

## घटनाक्रम कांग्रेस आलाकमान की बेचैनी को दर्शाता है: भाजपा

**नई दिल्ली,** चंडीगढ़। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शनिवार को कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री पद से अमरिंदर सिंह का इस्तीफा विधानसभा चुनाव से पहले स्थिति से उबरने के लिए कांग्रेस आलाकमान की बेचैनी को दर्शाता है। पार्टी ने कहा कि राज्य की सत्ताधारी पार्टी बंटा हुआ खेमा है। भाजपा ने दावा किया कि पंजाब के लोग, शिरोमणि अकाली दल (शिअद) में भी भरोसा खो चुके है और अगले साल की शुरुआत मे होने वाले चुनावो मे भाजपा को चुनेगे क्योकि यही पार्टी अकेले राज्य को एक स्थिर और प्रगतिशील सरकार दे सकती है। भाजपा महासचिव तरुण चुग ने एक बयान मे कहा कि कांग्रेस घबराई हुई है क्योकि उसे चुनावो में हार दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि पंजाब मे कांग्रेस खुद को पुनर्जीवित करने के लिए संघर्ष कर रही है। सिंह के इस्तीफे को पार्टी को स्थिति से उबारने के लिए कांग्रेस आलाकमान की बेचैनी में दिखाई गई प्रतिक्रिया बताते हुए, चुग ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनावों में कांग्रेस का सफाया हो जाएगा। पंजाब में कांग्रेस का माफिया राज पंजाब मे उसके ताबूत की आखिरी कील साबित होगा। केंद्रीय मंत्री एवं पंजाब से भाजपा सांसद सोम प्रकाश ने कहा कि सिंह का इस्तीफा स्पष्ट रूप से दिखाता है कि कांग्रेस हताश है क्योकि वह हर गुजरते दिन के साथ अपनी साख खोती जा रही है। प्रकाश ने कहा, कांग्रेस का पतन हो रहा है, अकालियो ने लोगो का भरोसा खो दिया है, इसलिए हमे उम्मीद है कि पंजाब के लोग भाजपा को मौका देंगे, जो राज्य मे एक स्थिर और प्रगतिशील सरकार दे सकती है।



कोलकाता के कुमारतुली में दुर्गा पूजा उत्सव से पहले एक कलाकार देवी दुर्गा की फोटो को सजाते हुए

## चार बेटियों को पानी के टैंक में फेंककर मारा

**बाड़मेर।** राजस्थान के बाड़मेर जिले में शनिवार को एक व्यक्ति ने अपनी चार बेटियों को पानी के टैंक में फेंककर मार डाला और खुद भी आत्महत्या करने की कोशिश की। पुलिस सूत्रों ने बताया कि यह हादसा जिले के पोशाला गांव में अपराह्न करीब एक बजे हुआ। उन्होंने कहा कि पुरखाराम (30) नामक व्यक्ति ने पहले अपनी बेटियों-जियो (9), नोजी (7), हिना (3) एवं डेढ़ वर्षीय लासी को जहर दे दिया और फिर उन्हें अपने घर के बाहर स्थित 13 फुट गहरे पानी के टैंक में फेंक दिया। उन्होंने बताया कि इसके बाद उसने खुद भी पानी के टैंक में छलांग लगा दी।

## राजौरी में हेरोइन जब्त, चार गिरफ्तार

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर के राजौरी में चार संदिग्ध मादक पदार्थ तस्करों के पास से 85 ग्राम हेरोइन जब्त की गई है जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के एक प्रवक्ता ने शनिवार को बताया कि शुक्रवार देर रात थानामंडी इलाके में वाहनों की जांच के दौरान दो अलग-अलग घटनाओं में उन्हें गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि निजी कार में सवार शकील अहमद और सौरभ कुमार को मनयाल पर रोका गया।

पुलिस ने उनके पास से 43 ग्राम हेरोइन जब्त की है। प्रवक्ता ने बताया कि एक अन्य घटना में इसी स्थान पर जांच के दौरान विनीत सयाल और परवेज अहमद के पास से 42 ग्राम हेरोइन बरामद हुई जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। चारों के खिलाफ एनडीपीएस के तहत मामला दर्ज किया गया है और आगे की जांच जारी है।

## छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में एक नक्सली चढ़ा पुलिस के हत्थे

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों ने एक नक्सली को गिरफ्तार किया है। बीजापुर जिले के पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को यहां बताया कि जिले के नेलसनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत बोदली गांव के करीब सुरक्षा बलों ने मिलिशिया कमांडर सुकड़ा हेमला (35) को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने बताया कि जिले में नक्सल विरोधी अभियान के तहत शुक्रवार को बोदली गांव के करीब सुरक्षा बलों ने घेराबंदी कर नक्सली सुकड़ा हेमला को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि नक्सली सुकड़ा के खिलाफ क्षेत्र में हत्या, आगजनी और अन्य नक्सली घटनाओं में शामिल रहने का आरोप है।

# सदन की कार्यवाही में व्यवधान से कानून बनाने की प्रक्रिया में होती है देरी : वेंकैया

**भाषा।** नई दिल्ली

**उपराष्ट्रपति** एम वेंकैया नायडू ने शनिवार को कहा कि सदन की कार्यवाही में व्यवधान डालना संसदीय आचरण, नियमों और आचार संहिता की भावना के विरुद्ध है, इससे कानून बनाने की प्रक्रिया में देरी होती है और इसे सदस्यों का विशेषाधिकार नहीं माना जा सकता। उपराष्ट्रपति ने दूसरे राम जेठमलानी मेमोरियल व्याख्यान को संबोधित करते हुए कहा कि व्यवधान के जरिए विधायिका को निष्क्रिय बनाने के वित्तीय प्रभाव हैं, साथ ही कानून बनाने में देरी तथा



त्रुटिपूर्ण विधान के सामाजिक आर्थिक प्रभाव काफी बड़े हैं। उन्होंने कहा, संसदीय विशेषाधिकारों का उद्देश्य सांसदों को सक्षम और सदन की कार्यवाही को सार्थक बनाना है। सदन की कार्यवाही में व्यवधान डालना संसदीय आचरण, नियमों और आचार संहिता की भावना के विरुद्ध है। नायडू ने कहा, सदन में व्यवधान करने को सदस्यों का विशेषाधिकार नहीं माना जा सकता। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों को लोगों की ओर से और लोगों के लिए काम करना चाहिए तथा इसे सार्थक होना चाहिए, व्यवधान पैदा करने वाला नहीं। राज्यसभा के सभापति नायडू ने कहा कि लोग अक्सर उनसे पूछते हैं कि शोर शराबे के बीच में वे सदन की कार्यवाही स्थगित क्यों कर देते हैं।

# योगी के पिता पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने पर सपा एमएलसी पर मामला दर्ज

**भाषा।** पीलीभीत (उप्र)



पीलीभीत जिले के सुनगढ़ी कोतवाली में समाजवादी पार्टी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष एवं विधान परिषद सदस्य राजपाल कश्यप और पार्टी के जिला महासचिव युसूफ कादरी के खिलाफ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पिता के बारे में आपत्तिजनक बयान देने के मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पीलीभीत के पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार पी ने पत्रकारों को बताया कि भाजपा के जिला महामंत्री महादेव की तहरीर पर शहर के सुनगढ़ी थाना कोतवाली में सपा नेताओं के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया है और इसकी जांच की जा रही है। पुलिस के अनुसार बुधवार को पीलीभीत में आयोजित पिछड़ा वर्ग सम्मेलन में कश्यप ने मुख्यमंत्री के अब्बाजान के बयान पर पलटवार करते हुए योगी के पिता को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। सपा की सामाजिक न्याय यात्रा 15 सितंबर को पीलीभीत पहुंची, जहां आयोजित सभा में कश्यप ने मुख्यमंत्री के पिता को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की।

## भाजपा ने सोनोवाल, मुरुगन को रासभा उपचुनाव के लिए उम्मीदवार घोषित किया

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने शनिवार को केंद्रीय मंत्रियों सर्बानंद सोनोवाल और एल मुरुगन को राज्यसभा उपचुनावों के लिए क्रमश: असम तथा मध्य प्रदेश से अपना उम्मीदवार घोषित किया है। पार्टी के एक वक्तव्य में यह जानकारी दी गई। दोनों नेताओं को हाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी मंत्रिपरिषद में शामिल किया है। उन्हें छह महीने के अंदर संसद सदस्य बनना होगा। सोनोवाल और मुरुगन का राज्यसभा में आना लगभग तय है क्योंकि भाजपा को दोनों राज्यों की विधानसभा में बहुमत प्राप्त है। असम में बिस्वजीत दैमारी के इस्तीफा देने से राज्यसभा की एक सीट खाली हो गई थी।

# गुजरात के मंत्रियों ने कार्यभार संभाला

**भाषा।** अहमदाबाद

**गुजरात** मंत्रिपरिषद के नवनियुक्त कई मंत्रियों ने शनिवार को सचिवालय में अपने विभागों का कार्यभार संभाला। कुछ मंत्रियों ने शुभ समय के अनुसार कार्यभार संभाला और वहीं कुछ अन्य मंत्री अपने अभिभावकों का आशीर्वाद लेकर कार्यालय पहुंचे। कार्यभार संभालने वाले मंत्रियों में कानू देसाई, जीतू वघानी, ऋषिकेश पटेल, राघवजी पटेल, नरेश पटेल, हर्ष सांघवी, बृजेश मेरजा, कीर्तिसिंह वाघेला, मनीषा वकील और विनोद मोराडिया शामिल थे। कुछ मंत्रियों ने अपने कार्यकाल की शुरुआत अधिकारियों के साथ बैठक

### अपने अभिभावकों का आशीर्वाद लेकर कार्यालय पहुंचे

के साथ की। शिक्षा और विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री वघानी ने 906 छात्र लाभार्थियों के लिए वित्तीय सहायता के रूप में 7.83 करोड़ रुपए की मंजूरी दी। वित्त मंत्री कानू देसाई ने राज्य बिजली बोर्ड के अधिकारियों से मुलाकात की और कहा कि वह नरेंद्र भाई (मोदी), आनंदीबेन (पटेल) और विजय रूपाणी जैसे पूर्ववर्ती मुख्यमंत्रियों द्वारा किए गए कार्यों को आगे बढ़ाएंगे। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा मंत्री ऋषिकेश पटेल ने कार्यभार संभालने के बाद कहा कि सरकार मुफ्त कोविड-19 टीकाकरण पर जोर देना जारी रखेगी। जनजातीय मामलों के मंत्री नरेश पटेल ने कार्यभार संभालने के पहले पूजा के लिए एक पुजारी को साथ लेकर आए। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री प्रदीप परमार ने अपने माता-पिता का आशीर्वाद लेने के बाद शुभ मुहूर्त में कार्यभार संभाला। हर्ष सांघवी ने अपने परिवार के साथ कार्यालय में पूजा-अर्चना की और गृह राज्य मंत्री का पदभार ग्रहण किया। बाद में उन्होंने राज्य के पुलिस महानिदेशक आशीष भाटिया और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की।

## जम्मू-कश्मीर के बारामूला में 50 बिस्तरों वाले पोर्टेबल अस्पताल का उद्घाटन

**श्रीनगर।** कोविड-19 की तीसरी लहर की आशंका के मद्देनजर केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने शनिवार को जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में 50 बिस्तरों वाले पोर्टेबल (एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाए जाने वाले) अस्पताल का उद्घाटन किया, जिसमें आईसीयू और ऑक्सीजन सुविधाएं उपलब्ध हैं।यहां राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय में अस्पताल को स्थापित करने वाली कंपनी पिक्चरटाइम ने कहा कि मंत्री ने इस स्वास्थ्य केंद्र के कामकाज का अच्छी तरह निरीक्षण किया है। कोविड की तीसरी लहर की आशंका के मद्देनजर पिक्चरटाइम कोई कसर नहीं छोड़ रही।

# नीतीश ने 30 लाख से ज्यादा टीकाकरण के लिए बिहार के लोगों को दी बधाई

**भाषा।** पटना

**बिहार** के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 71वें जन्मदिन पर शुक्रवार को राज्य में 30.67 लाख से अधिक लोगों के कोविड-19 टीकाकरण के लिए बिहार के लोगों को बधाई दी। मुख्यमंत्री ने शनिवार को कहा कि बिहार ने इस अवसर पर देश में सबसे अधिक लोगों का टीकाकरण कर इतिहास का एक स्वर्णिम अध्याय लिखा है।

कुमार ने ट्वीट किया, कोविड




टीकाकरण महाअभियान के तहत बिहार में रिकॉर्ड टीकाकरण के लिए बिहारवासियों को बधाई, 17 सितंबर को आयोजित कोविड-19 टीकाकरण महाअभियान के तहत अब तक के आंकड़ों के अनुसार 30,67,918 लोगों का टीकाकरण कर बिहार ने नया स्वर्णिम अध्याय लिखा है तथा देश में बिहार प्रथम स्थान पर है। आशा है स्वास्थ्य विभाग इसी मनोयोग के साथ काम करता रहेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह एक बड़ी उपलब्धि है कि बिहार ने इस अवसर पर 30 लाख लोगों को टीका लगाने के अपने लक्ष्य को पार कर लिया है।

# सड़क पर बैठने से किसी मुद्दे का हल नहीं निकलता है : अजय

**भिवानी (हरियाणा)।** जननायक जनता पार्टी (जजपा) संस्थापक अजय चौटाला ने केंद्र के नए कृषि कानूनों को रद्द करने की प्रदर्शनकारी किसानों की मांग पर शनिवार को यहां कहा कि सड़क पर बैठने से किसी मुद्दे का कोई हल नहीं निकलता, बस जनता परेशान होती है। उन्होंने कहा कि सरकार तीन नए कृषि कानूनों के मुद्दे पर किसानों से बातचीत करने के लिए तैयार है। उन्होंने किसानों से बातचीत के लिए आगे आने की अपील की।

## जबरन वसूली में दाऊद का सहयोगी परवीन गिरफ्तार

**ठाणे।** पुलिस ने भगोड़े माफिया सरगना दाऊद इब्राहिम के कथित सहयोगी तारिक परवीन को जबरन वसूली के एक मामले में गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी परम बीर सिंह भी आरोपी हैं। एक अधिकारी ने बताया कि परवीन को शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया। तारिक अब्दुल करीम मर्चेंट उर्फ तारिक परवीन (55) एक अन्य मामले में पहले से ही जेल में बंद है और वह यहां ठाणे नगर थाने में दर्ज एक मामले में वांछित था। इस प्राथमिकी में सिंह सहित 20 से अधिक लोगों के नाम हैं। सिंह मुंबई और ठाणे के पुलिस आयुक्त रहे थे।



चेन्नई में कोविड जागरूकता पर दीवार पर बने भित्ति चित्र के सामने से गुजरती एक महिला

# ओडिशा में टीके की पहली खुराक ले चुके लोग दूसरी डोज के लिए नहीं आ रहे: अधिकारी

**भाषा।** भुवनेश्वर

ओडिशा के कोविड-19 रोधी टीकाकरण अभियान से जुड़े एक वरिष्ठ अधिकारी ने इस बात पर चिंता जताई है कि टीके की एक खुराक ले चुके लोग दूसरी खुराक लेने के लिए नहीं आ रहे हैं जिसकी वजह से राज्य में अभियान की गति मंद पड़ रही है। अधिकारी ने बताया कि ओडिशा में अब तक दो करोड़ से अधिक लोगों को टीके की पहली खुराक दी जा चुकी है जबकि दोनों खुराक लेने वाले लोगों की संख्या महज 69.8 लाख है। राज्य में कोविड-19 रोधी टीकाकरण अभियान के नोडल अधिकारी डॉ. बिजय पाणिग्रही ने कहा, और 28 लाख लोगों को टीके की दूसरी




खुराक अब तक ले लेनी चाहिए थी। राज्य के कुछ हिस्सों खासकर जनजातीय क्षेत्रों में टीके की दूसरी खुराक लगाने की गति धीमी है। बार-बार ताकीद करने के बावजूद लोगों ने समय पर दूसरी खुराक नहीं ली। ओडिशा की 3.9 करोड़ की पात्र आबादी में से अब तक 51.4 फीसदी को पहली खुराक लगाई जा चुकी है। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने स्वास्थ्य क्षेत्र के पेशेवरों की इस अभियान के प्रति प्रतिबद्धता के लिए उनका आभार जताया था।

स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि राज्य में शनिवार को कोरोना वायरस के 695 नए मामले सामने आए, जिससे संक्रमण के कुल मामलों की संख्या 10,19,621 पर पहुंच गई। छह संक्रमितों की मौत होने से मरने वालों की संख्या 8,128 हो गई। राज्य में फिलहाल 5,876 मरीज उपचाराधीन हैं जबकि अब तक 10,05,564 लोग संक्रमण से उबर चुके हैं। राज्य में संक्रमण दर 5.13 फीसदी है। राज्य में अब तक 1.91 करोड़ से अधिक नमूनों की कोविड-19 संबंधी जांच की जा चुकी है।

## क्विक न्यूज

### युवाओं को जंक फूड की लत से बचाने के लिए आयुष आहार को बढ़ावा देना चाहिए: सोनोवाल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय आयुष मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने शनिवार को कहा कि युवाओं को जंक फूड की लत से बचाने के लिए मंत्रालय को पूरे देश में आयुष आहार को बढ़ावा देना चाहिए। सोनोवाल ने नई दिल्ली के जनकपुरी में स्थित सेंट्रल काउंसिल्स कॉमन बिल्डिंग कॉम्प्लेक्स (सीसीसीबीसी) का दौरा किया, जहां उन्होंने परिसर में स्थित मंत्रालय के तहत सभी पांच अनुसंधान परिषदों और दो राष्ट्रीय आयोगों के अधिकारियों और वैज्ञानिकों के साथ बातचीत की। सोनोवाल ने कहा कि मंत्रालय को पूरे देश में आयुष आहार को बढ़ावा देना चाहिए। इससे युवाओं को जंक फूड की लत से बचाने में भी मदद मिलेगी। आयुष मंत्रालय आयुष आधारित आहार और जीवन शैली को बढ़ावा दे रहा है और सुपोषित भारत के अंतिम लक्ष्य को साकार करने के लिए पोषण अभियान में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के साथ मिलकर काम कर रहा है। भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने आयुष मंत्रालय के साथ मिलकर आयुष आहार पर दिशा-निर्देशों का मसौदा भी जारी किया है, जो मानक आधारित आयुष आहार की सुविधा प्रदान करेगा।

### बच्चों में इम्यून बढ़ाने पर शोध

**बेंगलुरू।** जगदाले हेल्थकेयर ने अपने लोकप्रिय स्वास्थ्य पेय मुलमिना पर एक नैदानिक अध्ययन के परिणामों के बारे में जानकारी दी। बच्चों सहित सभी आयु समूहों के लिए उपभोग के लिए उपयुक्त मुलमिना प्राकृतिक सुपरफूड से बना है और टेट्रा पैक में इम्यून बूस्टर एंटी ऑक्सीडेंट ड्रिंक है। शोध ने साबित किया कि पेय के अंतर्निहित प्रतिरक्षा-बढ़ाने वाले गुण इसे अन्य स्वास्थ्य पेय पदार्थों से बेहतर विकल्प बनाते हैं।चल रही महामारी के मद्देनजर, अधिक से अधिक लोग निवारक स्वास्थ्य के लिए बेहतर उपायों की तलाश कर रहे हैं। कोविड मामलों की वैश्विक वृद्धि के साथ दुनिया भर में स्वास्थ्य सेवा कंपनियां बीमारी के लिए एक व्यवहार्य निवारक और उपचारात्मक विकल्प तलाश रही हैं। आम के संयोजन में हल्दी, गोटू कुला जैसी आयुर्वेदिक दवाओं का अच्छी तरह से अध्ययन किया गया है, अब चिकित्सकीय रूप से सिद्ध हो चुका है कि 7-14 वर्ष के बीच के बच्चों में प्रतिरक्षा बढ़ाने में एक निश्चित भूमिका होती है। मैलिज हॉस्पिटल बेंगलुरू के कंसल्टेंट पीडियाट्रिशियन डॉ सौम्या नागार्जन ने कहा कि यह अध्ययन साबित करता है कि आम, गोटू कोला और हल्दी के संयोजन में आवश्यक विटामिन और खनिजों के साथ जब श्वसन पथ के संक्रमण वाले चुनिंदा रोगियों में एंटीबायोटिक दवाओं के साथ प्रयोग किया गया हैए तो नियमित अंतराल पर रक्त विश्लेषण से साबित होता है कि प्रतिरक्षा और एंटीऑक्सीडेंट स्तर में वृद्धि हुई है।

### प्रतिभा साहू नेशनल स्टार बनीं

**मुंबई।** भारत के नंबर वन शॉर्ट वीडियो एप्पै मौज ने देशभर में दो महीने तक चले अपने डिजिटल टैलेंट हंट का आज समापन कर दिया है। मौज ने लखनऊ की प्रतिभा साहू को फैशन एंड ब्यूपटी कैटेगरी में मौज सुपरस्टाटर घोषित किया है। अपनी कड़ी मेहनत और विशुद्ध प्रतिभा से प्रतिभा साहू ने हर किसी का ध्या न खींचा और ष्फैशन एंड ब्यूरटी कैटेगरीष् में विजेता बनीं। प्रतिभा को वह शोहरत मिलीए जिसकी वह हकदार थीं और साथ ही उन्हें 5 लाख रूपये की इनामी धनराशि भी दी गई। देशभर से बेहतरीन टैलेंट की खोज के उद्देश्यभ से लॉन्चह हुए क्रियेटर्स को इस प्लेहटफॉर्म पर अपनी स्किल्सल दिखाने के लिये आमंत्रित किया था।

### दुश्मन की हर चुनौती से निपटने को पूरी तरह तैयार है सेना: लेफ्टिनेंट जनरल दास

**जम्मू।** चेन्नई स्थित अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी (ओटीए) के कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल एम के दास ने शनिवार को कहा कि सेना देश की रक्षा के लिए दुश्मनों से मिलने वाली हर चुनौती का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार है। जम्मू कश्मीर लाइन इन्फैन्ट्री (जेएकेएलआई) रेजीमेंट से जुड़े लेफ्टिनेंट जनरल दास ने कहा कि जम्मू कश्मीर में स्थिति बेहतर हो रही है और सेना तथा अन्य सुरक्षा एजेंसियां आतंकवाद को उखाड़ फेंकने के लिए मिलकर काम कर रही हैं। दास यहां दनसाई में 40 सप्ताह के सफल प्रशिक्षण के बाद 126वें बैच के 460 नए भर्ती जवानों की पहली सत्यापन परेड से इतर मीडियाकर्मियों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना चुनौतियों से वाकिफ है और देश के दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए तैयार है। अधिकारी ने कहा, हमारा प्रशिक्षण बहुत समकालीन है क्योंकि इसमें सभी प्रतिकूल परिस्थितियों और अनदेखी स्थितियों से निपटने के बारे में सिखाया जाता है।

### 73.4 प्रतिशत भारतीयों को उम्मीद क्लाइमेट चेंज के संकट को टाल लेंगे

**बेंगलुरु।** नवंबर में यूके में 2021 यूनाईटेड नेशंस क्लाईमेट चेंज कॉन्फ्रेंस की शुरुआत के पहले एप्सन ने अपने क्लाईमेट रियलिटी बैरोमीटर के परिणामों की घोषणा की है। एप्सन के अध्ययन में क्लाईमेट की वास्तविक स्थिति और इसके विनाशकारी परिणामों के प्रति लोगों की समझ के बीच भारी अंतर सामने आया है। सर्वे में भारत के 1,207 लोगों सहित एशिया, यूरोप, उत्तर अमेरिका और दक्षिण अमेरिका के 15,264 लोगों के बीच क्लाईमेट परिवर्तन के वैश्विक अनुभवों और धारणाओं का अध्ययन किया गया। एप्सन के क्लाईमेट रियलिटी बैरोमीटर के तहत अपने जीवन में क्लाईमेट संकट को टालने के लिए मानव की क्षमता के बारे में पूछे जाने पर भारत में लगभग एक तिहाई (73.4 प्रतिशत) लोगों ने कहा कि इस मामले में वो 'बहुत' या कुछ आशावादी हैं, जबकि 10 में से एक (11.4 प्रतिशत) ने कहा कि वो 'बहुत' या 'कुछ' निराशावादी हैं। यह ग्लोबल् रूझान से काफी ज्यादा है, जहां आधे लोगों (46 प्रतिशत) ने कहा कि वो आशावादी हैं और 27 प्रतिशत ने कहा कि वो निराशावादी हैं। इन परिणामों से एक तरफक्लाईमेट की आपात स्थिति की तत्कालिता एवं स्केल के प्रति, लोगों की धारणा और दूसरी तरफ इसे हल करने के लिए किए गए कार्यों के बीच चौंकानेवाला क्लाईमेट रियलिटी डेफिसिट प्रदर्शित होता है। भारत में 4.1 प्रतिशत लोग मानते ही नहीं हैं कि दुनिया में क्लाईमेट की आपात स्थिति जैसी कोई चीज है। इस स्थिति को अस्वीकार करने के मामले में 11 प्रतिशत लोगों के साथ अमेरिका शीर्ष स्थान पर है।

# नए साल से एक माह का जीएसटी रिटर्न दाखिल नहीं करने पर जमा नहीं कर सकेंगे जीएसटीआर-1

**भाषा।** नई दिल्ली

**नए साल** यानी एक जनवरी से संक्षिप्त रिटर्न और मासिक माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के भुगतान में चूक करने वाली कंपनियों को आगे के महीने के लिए जीएसटीआर-1 बिक्री रिटर्न दाखिल करने की अनुमति नहीं होगी। जीएसटी परिषद की लखनऊ में शुक्रवार को हुई बैठक में अनुपालन को सुसंगत बनाने की दृष्टि से कई फैसले किए गए। इसमें कंपनियों या कारोबारियों द्वारा रिफंड का दावा करने के लिए आधार सत्यापन को अनिवार्य किया जाना भी शामिल है। माना जा रही है कि इन कदमों से जीएसटी की चोरी से राजस्व में होने वाले नुकसान को रोका जा सकेगा। जीएसटी व्यवस्था एक जुलाई, 2017 को लागू हुई थी।

जीएसटी परिषद ने एक जनवरी, 2022 से केंद्रीय जीएसटी नियम के नियम 59 (6) में संशोधन करने का फैसला किया है। इसके तहत यदि किसी पंजीकृत व्यक्ति ने पिछले महीने का फॉर्म जीएसटीआर-3बी में रिटर्न दाखिल नहीं किया है, तो उसे जीएसटीआर-1 जमा करने की अनुमति नहीं होगी। अभी कंपनियां यदि पिछले दो माह क जीएसटीआर-3बी जमा करने में चूक जाती हैं, तो उन्हें बाहरी आपूर्ति या जीएसटीआर-1 जमा कराने की अनुमति नहीं होती। कंपनियों को किसी महीने के लिए जीएसटीआर-1 बाद के महीने के 11वें दिन तक जमा कराना होता है। वहीं जीएसटीआर-3बी जिसके जरिए कंपनियां कर का भुगतान करती हैं, उसके बाद के माह के 20वें से 24वें दिन जमा कराना होता है। इसके अलावा परिषद ने जीएसटी पंजीकरण के लिए आधार सत्यापन को अनिवार्य कर दिया है तभी कोई कंपनी रिफंड के लिए दावा कर सकेगी। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने जीएसटी पंजीकरण के लिए आधार सत्यापन को 21 अगस्त, 2020 से अनिवार्य किया था। परिषद ने अब फैसला किया है कि कंपनियों को अपने जीएसटी पंजीकरण को बायोमीट्रिक आधार से जोड़ना होगा, तभी वे रिफंड के लिए दावा कर सकेंगी या रद्द पंजीकरण को फिर बहाल करने के लिए आवदेन कर सकेंगी।

### केरल के वित्त मंत्री ने जीएसटी क्षतिपूर्ति व्यवस्था को बढ़ाने की मांग की

**नई दिल्ली।** केरल के वित्त मंत्री के एन बालगोपाल ने शनिवार को कहा कि जीएसटी क्षतिपूर्ति को अगले साल जून से आगे बढ़ाने की जरूरत है, क्योंकि राज्य पहले ही गंभीर राजस्व कमी से जूझ रहा है। उन्होंने यहां मीडिया से कहा कि 15वें वित्त आयोग की हस्तांतरण सिफारिशों के मद्देनजर राज्य को उसका हक नहीं मिल रहा है। बालगोपाल ने कहा कि केरल को मार्च, 2022 को समाप्त होने वाले चालू वित्त वर्ष में 13,000 करोड़ रुपए से अधिक की जीएसटी (वस्तु और सेवा कर) क्षतिपूर्ति और 19,000 करोड़ रुपए से अधिक का एकमुश्त अनुदान मिलेगा। उन्होंने कहा कि अगर जीएसटी क्षतिपूर्ति अगले साल खत्म हो गई तो राज्य को राजस्व की और अधिक कमी का सामना करना पड़ेगा। इसके साथ ही उन्होंने उम्मीद जताई कि क्षतिपूर्ति व्यवस्था को बढ़ाया जाएगा। जीएसटी व्यवस्था में शामिल होने के चलते राज्यों को राजस्व की कमी की क्षतिपूर्ति के लिए बनाई गई व्यवस्था अगले साल जून में खत्म हो जाएगी।

# बैंक ऑफ महाराष्ट्र को राजभाषा का सर्वोच्च सम्मान कीर्ति पुरस्कार




**लखनऊ।** बैंक ऑफ महाराष्ट्र को राजभाषा हिन्दी के श्रेष्ठ कार्यान्वयन के लिए राजभाषा कीर्ति पुरस्कार प्रदान किया गया। 14 सितंबर, 2021 को हिंदी दिवस के अवसर पर विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित भव्य समारोह में गृह राज्य मंत्री श्री निशिथ प्रामाणिक द्वारा बैंक ऑफ महाराष्ट्र के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ श्री एएस राजीव को यह पुरस्कार प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गृहमंत्री अमित शाह थे। कार्यक्रम में गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, अजय कुमार मिश्रा एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इस अवसर पर बैंक ऑफ महाराष्ट्र के कार्यपालक निदेशक हेमन्त टम्टा, दिल्ली अंचल की महाप्रबंधक श्रीमती चित्रा दातार, महाप्रबंधक (मासंप्र) व राजभाषाद्ध राधे श्याम बंसल तथा सहायक महाप्रबंधक डॉ. राजेन्द्र श्रीवास्तव भी उपस्थित थे।

## क्विक न्यूज़

### सिंधुदुर्ग हवाईअड्डे से वाणिज्यिक उड़ानों का रास्ता साफ, डीजीसीए से लाइसेंस मिला

**मुंबई।** महाराष्ट्र के कोंकण क्षेत्र के सिंधुदुर्ग हवाईअड्डे को नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) से हवाईअड्डा लाइसेंस मिल गया है। इससे इस हवाईअड्डे से वाणिज्यिक उड़ानों के परिचालन का रास्ता साफ हो गया है। केंद्रीय मंत्री नारायण राणे ने सात सितंबर को कहा कि महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग जिले के चिपी हवाईअड्डे का उद्घाटन नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया नौ अक्टूबर को करेंगे। इससे पहले राज्य में सत्ताधारी शिवसेना ने मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के इसी तरह के कार्यक्रम की घोषणा की थी। चिपी में बना यह पहला हरित हवाईअड्डा है। इस पर 800 करोड़ रुपए का निवेश किया गया है। इस हवाईअड्डे का विकास करने वाली आईआरबी सिंधुदुर्ग एयरपोर्ट प्राइवेट लि. ने बयान में कहा कि इससे क्षेत्र की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। हवाईअड्डे से क्षेत्र में रोजगार और स्वरोजगार के कारोबार अवसर उपलब्ध होंगे। बयान में कहा गया है कि 2,500 मीटर लंबी हवाई पट्टी के साथ इस हवाईअड्डे में व्यस्त समय में 200 यात्री रवाना हो सकेंगे और 200 उतर सकेंगे।

### अमेरिकी अदालत ने एच-1बी वीजा चयन पर ट्रंप के प्रस्तावित नियम को रद्द कर दिया

**वाशिंगटन।** अमेरिका की एक संघीय अदालत ने तत्कालीन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दौर के उस प्रस्तावित नियम को रद्द कर दिया है, जिसके तहत एच-1बी वीजा चयन के लिए वर्तमान लॉटरी प्रणाली की जगह वेतन स्तर पर आधारित चयन प्रक्रिया को लागू किया जाना था। कैलिफोर्निया के उत्तरी जिले के लिए अमेरिकी जिला न्यायालय के न्यायाधीश जेफ्री एस व्हाइट ने ट्रंप युग के एच-1बी सीमा चयन नियमन इस आधार पर खारिज कर दिया कि जब नियमन को लाया गया, तब तत्कालीन कार्यवाहक होमलैंड सुरक्षा सचिव चाड वुल्फ उस समय कानूनी रूप से सेवा नही कर रहे थे। एच1बी वीजा एक गैर-आव्रजक वीजा है जिसकी मदद से अमेरिकी कंपनियां सैद्धांतिक या तकनीकी विशेषज्ञता की जरूरत वाले विशिष्ट पेशों में विदेशी कर्मियों को नौकरियों पर रखती हैं। प्रौद्योगिकी कंपनियां हर साल भारत और चीन जैसे देशों से हजारों लोगों को नियुक्त करने के लिए इस वीजा पर निर्भर करती है। हर साल जारी किए जाने वाले एच-1बी वीजा की संख्या 65,000 तक सीमित है, साथ ही उच्च डिग्री वाले व्यक्तियों के लिए अतिरिक्त 20,000 वीजा आरक्षित हैं। आवेदनों के चयन की वर्तमान प्रणाली पहले आओ, पहले पाओ और लॉटरी पर आधारित है। पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने कार्यकाल के अंतिम दिनों में पारंपरिक लॉटरी प्रणाली को खत्म करने की घोषणा की थी।

### आईजेएमए को उम्मीद, सरकार शुल्क आयोग की रिपोर्ट को लागू करेगी

**कोलकाता।** भारतीय जूट मिल संघ (आईजेएमए) ने उम्मीद जताई है कि कलकत्ता उच्च न्यायालय के हालिया निर्देश के बाद सरकार लंबे समय से अटकी शुल्क आयोग की रिपोर्ट को लागू करेगी। जूट मिलों की संस्था आईजेएमए ने कहा कि इस महीने कलकत्ता उच्च न्यायालय ने सरकार से शुल्क आयोग की रिपोर्ट को मंजूरी देने और 30 नवंबर के भीतर रिपोर्ट के अनुरूप भुगतान करने का निर्देश दिया है। आईजेएमए के अध्यक्ष राघवेंद्र गुप्ता ने कहा, हमें उम्मीद है कि उच्च न्यायालय के हालिया निर्देश के बाद सरकार जल्द ही शुल्क आयोग की रिपोर्ट को लागू करेगी। यह लंबे समय से लंबित है और अभी भी अनंतिम मूल्य निर्धारण जारी है। नए मूल्य निर्धारण के लागू होने से उद्योग को जीवित रहने में मदद मिलेगी। रिपोर्ट को 31 मार्च तक लागू किया जाना था। एक अन्य मिल मालिक और आईजेएमए के पूर्व पदाधिकारी ने कहा कि इस समय सभी जूट मिलें तदर्थ या अनंतिम मूल्य पर किसी तरह अपना काम चला रही है और मिलों को प्रति टन 3,000-6,000 रुपए का नुकसान हो रहा है।

### उलट शुल्क ढांचे को ठीक करने के फैसले से कपड़ा उद्योग से कर का बोझ कम होगा : एईपीसी

**नई दिल्ली।** परिधान निर्यात संवर्धन परिषद (एईपीसी) ने जीएसटी परिषद द्वारा एक जनवरी, 2022 से कपड़े पर उलट शुल्क ढांचे को ठीक के फैसले का स्वागत किया है। एईपीसी ने कहा कि इससे कृत्रिम रेशे (एमएमएफ) के कपड़े तथा परिधानों पर कर का बोझ कम होगा। जीएसटी परिषद की 17 सितंबर को हुई बैठक में एक जनवरी, 2022 से फुटवियर तथा कपड़े पर उलट शुल्क ढांचे को ठीक करने पर सहमति बनी। एईपीसी के चेयरमैन ए शक्तिवेल ने कहा कि इस फैसले से कपड़ा उद्योग को बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि उलट शुल्क ढांचा परिधान उद्योग के लिए एक मुद्दा था और परिषद ने सरकार से इस विसंगति को समाप्त करने की मांग की थी। इसके तहत इनपुट कर क्रेडिट के संग्रहण से कंपनियों की महत्वपूर्ण कार्यशील पूंजी ब्लॉक हो रही थी। शक्तिवेल ने कहा कि एमएमएफ कपड़ा खंड (फाइबर और यार्न) में उत्पादन के सामान (इनपुट) पर जीएसटी की दर 18 प्रतिशत और 12 प्रतिशत है, जबकि एमएमएफ फैब्रिक पर जीएसटी की दर पांच प्रतिशत है। वही तैयार परिधान पर यह पांच प्रतिशत और 12 प्रतिशत है। इससे ऐसी स्थिति पैदा हो रही कि इनपुट पर कर की दर उत्पादन से अधिक थी।

### विश्वबैंक की कारोबार सुगमता रैंकिंग में हेरफेर की खबरें परेशान करने वाली : कौशिक बसु

**नई दिल्ली।** विश्वबैंक के पूर्व मुख्य अर्थशास्त्री कौशिक बसु ने बहुपक्षीय संस्थान की कारोबार सुगमता रैंकिंग में जोड़-तोड़ या गड़बड़ी के आरोपों पर हैरानी जताई है। बसु ने कहा कि उनके कार्यकाल के दौरान भी सरकारों की ओर से दबाव आता था, लेकिन विश्वबैंक कभी दबाव में नही आया। इस तरह की खबरें परेशान करने वाली है। अनियमितता के आरोपों के बाद विश्वबैंक ने किसी देश में निवेश के माहौल पर कारोबार सुगमता रैंकिंग का प्रकाशन बंद करने का फैसला किया है। वर्ष 2017 में चीन की रैंकिंग बढ़ाने के लिए बैंक के शीर्ष अधिकारियों पर दबाव की वजह से आंकड़ों में अनियमितता का मामला सामने आने के बाद यह कदम उठाया गया है। बसु ने ट्वीट किया, विश्वबैंक की कारोबार सुगमता रैंकिंग में हेरफेर की खबर काफी परेशान करने वाली है। 2012 से 2016 के दौरान कारोबार सुगमता रैंकिंग का काम मेरे तहत आता था। हमारे ऊपर दबाव पड़ता था, लेकिन हम दबाव में नही आते थे। दुख की बात है कि यह बदल गया है। मै भारत को इस बात का श्रेय दूंगा कि न तो पिछली सरकार और न ही मौजूदा सरकार ने इस तरह का कोई दबाव डाला था। बसु 2012 से 2016 तक विश्वबैंक के मुख्य अर्थशास्त्री रहे थे। विश्वबैंक समूह ने बृहस्पतिवार को बयान जारी कर कहा था, कारोबार सुगमता पर उपलब्ध सभी सूचनाओं की समीक्षा, निष्कर्षों के ऑडिट और बैंक कार्यकारी निदेशकों के बोर्ड की ओर से आज जारी रिपोर्ट के बाद विश्वबैंक समूह प्रबंधन ने कारोबार सुगमता रैंकिंग का प्रकाशन रोकने का फैसला किया है। कारोबार सुगमता रैंकिंग-2020 में भारत 14 स्थानों की छलांग से 63वें पायदान पर पहुंच गया था। 2014 से 2019 के दौरान भारत की रैंकिंग में 79 स्थानों का सुधार हुआ है।

# विपक्ष शासित राज्यों ने जीएसटी क्षतिपूर्ति व्यवस्था जून, 2022 से आगे बढ़ाने की मांग की

**भाषा।** नई दिल्ली

**विपक्ष शासित** राज्यों के वित्त मंत्रियों ने माल एवं सेवा कर (जीएसटी) क्षतिपूर्ति उपकर व्यवस्था को जून, 2022 से आगे बढ़ाने की मांग की है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को लखनऊ में जीएसटी परिषद की 45वीं बैठक के बाद पत्रकारों से कहा था कि जीएसटी व्यवस्था लागू होने के चलते राज्यों को राजस्व की कमी के लिए क्षतिपूर्ति करने की व्यवस्था अगले साल जून में खत्म हो जाएगी।

हालांकि, राज्यों को जीएसटी राजस्व नुकसान की भरपाई को 2020-21 और 2021-22 में लिए गए कर्ज के भुगतान के लिए क्षतिपूर्ति उपकर मार्च, 2026 तक लिया जाएगा। यह उपकर विलासिता तथा अहितकर वस्तुओं पर लगाया गया है। बैठक में तमिलनाडु के वित्त मंत्री पी त्याग राजन ने क्षतिपूर्ति की व्यवस्था को जारी रखने की मांग की। उन्होंने कहा, हम मोटे तौर पर क्षतिपूर्ति तंत्र को जारी रखने के पक्ष में हैं। हम कई विवरणों से चिंतित हैं। उन्होंने कहा कि परिषद के सभी सदस्यों को 45वीं बैठक के दौरान प्रस्तुत विकल्पों का विश्लेषण और आकलन करने के लिए थोड़ा वक्त चाहिए और इसलिए उम्मीद है कि आगे कोई भी फैसला कम से कम 46 वीं बैठक के लिए टाल दिया जाएगा। केरल के वित्त मंत्री के एन बालगोपाल ने शनिवार को कहा कि जीएसटी क्षतिपूर्ति को अगले साल जून से आगे बढ़ाने की जरूरत है, क्योंकि राज्य पहले ही गंभीर राजस्व कमी से जूझ रहा है। उन्होंने कहा कि अगर जीएसटी क्षतिपूर्ति अगले साल खत्म हो गई तो राज्य को राजस्व की और अधिक कमी का सामना करना पड़ेगा। इसके साथ ही उन्होंने उम्मीद जताई कि क्षतिपूर्ति व्यवस्था को बढ़ाया जाएगा। दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि क्षतिपूर्ति उपकर का मामला मंत्रियों के समूह (जीओएम) को भेजा जाएगा। सीतारमण ने शुक्रवार को संवाददाताओं से कहा था कि जीएसटी परिषद की 43वीं बैठक में यह निर्णय लिया गया था कि जुलाई, 2022 के बाद उपकर का संग्रह लिए गए ऋणों के भुगतान के लिए होगा।

# पेट्रोलियम कंपनियों को एथनॉल खरीद निविदा पर काफी अच्छी प्रतिक्रिया मिली

**भाषा।** नई दिल्ली

**सार्वजनिक क्षेत्र** की पेट्रोलियम कंपनियों को पेट्रोल में मिश्रण के लिए एथनॉल की खरीद के लिए निकाली गई निविदा पर काफी अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। सरकार ने शनिवार को यह जानकारी दी। सरकार की ओर से जारी बयान में कहा गया है, आगामी प्रतिबद्ध एथनॉल संयंत्र के साथ एथनॉल की आपूर्ति को दीर्घावधि के करार पर हस्ताक्षर के लिए पहले रुचि पत्र (ईओआई) को काफी शानदार प्रतिक्रिया मिली है। इसमें 197 बोलीदाताओं ने भाग लिया। भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि. (बीपीसीएल) ने पेट्रोलियम विपणन कंपनियों की ओर से 27 अगस्त को पहला ईओआई प्रकाशित किया था। इसे 17 सितंबर को खोला गया। अभी इन बोलियां का आकलन किया जा रहा है।

पेट्रोलियम कंपनियों ने पेट्रोल में एथनॉल के मिश्रण (ब्लेंडिंग) को धीरे-धीरे बढ़ाकर 20 प्रतिशत करने के लिए एथनॉल की खरीद को निविदा निकाली थी। बयान में कहा गया है कि एथनॉल आपूर्ति वर्ष 2019-20 (दिसंबर, 2019 से नवंबर, 2020) के दौरान 173 करोड़ लीटर एथनॉल की खरीद की गई। इस दौरान पेट्रोल में पांच प्रतिशत एथनॉल मिश्रण हासिल किया गया। आपूर्ति वर्ष 2020-21 (दिसंबर, 2020 से नवंबर, 2021) के दौरान 325 करोड़ लीटर एथनॉल खरीद का लक्ष्य है। इस दौरान मिश्रण को 8.5 प्रतिशत पर पहुंचाने का लक्ष्य है। अभी तक 2020-21 में 243 एथनॉल खरीद पर 8.01 प्रतिशत मिश्रण को हासिल किया गया है।

# प. बंगाल सरकार की शराब आपूर्ति मॉडल में बदलाव की योजना, वितरकों को जोड़ेगी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल का आबकारी विभाग खुदरा विक्रेताओं तक शराब की आपूर्ति को सुसंगत करने के लिए इसके वितरण मॉडल में बदलाव की योजना बना रहा है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि आपूर्ति श्रृंखला में सार्वजनिक क्षेत्र की इकाई की भूमिका को बदलने के लिए वितरकों को जोड़ने की योजना है। नया मॉडल 18 अक्टूबर, 2021 से प्रभावी होगा। विभाग ने पश्चिम बंगाल राज्य बेवरेज निगम (बेवको) को विदेशी शराब और देसी शराब दोनों की बिक्री के लिए वितरक मॉडल से बदलने का फैसला किया है। अधिकारी ने बताया कि वित्त विभाग ने बेवको प्रबंधित भंडार गृह से शराब के परिवहन, आयात, भंडारण और आपूर्ति के लिए वितरकों को जोड़ने के बारे में 16 सितंबर को अधिसूचना जारी है। विभाग ने वितरकों की नियुक्ति के लिए पश्चिम बंगाल आबकारी (विदेशी शराब) नियम-1998 और पश्चिम बंगाल आबकारी नियम-2010 में संशोधन किया है। राज्य ने 2017 में विनिर्माताओं से शराब की खरीद करने और उसे राज्य के खुदरा विक्रेताओं को बेचने के लिए बेवको का गठन किया था। इसका मकसद शराब वितरण में पारदर्शिता को कायम रखना और गुणवत्ता नियंत्रण था।

# केरल के मुख्यमंत्री ने कोच्चि में डिजिटल केंद्र का उद्घाटन किया

**भाषा।** कोच्चि



**केरल के** मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने शनिवार को केरल स्टार्टअप मिशन (केएसयूएम) द्वारा कोच्चि में स्थापित एक अत्याधुनिक डिजिटल केंद्र का उद्घाटन किया। वर्चुअल माध्यम से इस डिजिटल केंद्र का उद्घाटन करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अगले पांच वर्षों के दौरान स्टार्टअप कंपनियों की संख्या को चार गुना बढ़ाने की दिशा में काम कर रही है। अगले पांच साल में इनकी संख्या 15,000 होगी। विजयन ने कहा, पांच साल पहले हमारे पास 300 स्टार्टअप कंपनियां थीं, लेकिन आज यह संख्या बढ़कर 3,900 हो गई है। इन स्टार्टअप से कम से कम 35 हजार लोगों को रोजगार मिल रहा है। हमारा लक्ष्य अगले पांच वर्षों के दौरान स्टार्टअप कंपनियों की संख्या को 15,000 करने का है। उन्होंने कहा कि सरकार नवाचार के एक पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करते हुए संसाधनों का समान वितरण सुनिश्चित करना जारी रखेगी। उन्होंने इस दौरान दुनिया में ज्ञान, नवाचार और रचनात्मकता के बढ़ते महत्व पर भी जोर दिया, ताकि बाजार में अच्छे विचारों को बढ़ावा मिले।

# कृषि अनुसंधान, विकास में अधिक निवेश की जरूरतः तोमर

**भाषा।** नई दिल्ली



**भारत** ने शनिवार को जी20 कृषि बैठक में जोर देकर कहा कि जलवायु परिवर्तन और 2030 तक खाद्य की मांग में वृद्धि से जुड़ी चुनौतियों के बीच कृषि अनुसंधान और विकास में निवेश बढ़ाने की जरूरत है। केंद्रीय कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने इतालवी प्रेजिडेंसी द्वारा आयोजित जी-20 की कृषि मंत्रिस्तरीय बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए कहा, कृषि अनुसंधान ने खाद्य सुरक्षा की समस्या से निपटने, किसानों व खेतिहरों की आय में सुधार करने तथा लोगों की आजीविका के लिए प्राकृतिक संसाधनों के सतत उपयोग में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

अनुसंधान खाद्य सुरक्षा के तीन पहलुओं- उपलब्धता, पहुंच और सामर्थ्य में महत्वपूर्ण योगदान देता है। उन्होंने बैठक के सत्र स्थिरता के पीछे एक प्रेरक शक्ति के रूप में अनुसंधान को संबोधित करते हुए कहा कि भारत में कृषि अनुसंधान ने देश को खाद्यान्न आयातक से, निर्यातक के रूप में बदलने में प्रमुख भूमिका निभाई हैं। तोमर ने कहा, समेकित अनुसंधान के प्रयासों से बेहतर मृदा उत्पादकता, भंडारण के लिए जल प्रबंधन, विस्तार एवं दक्षता हेतु तकनीकों और पद्धतियों को विकसित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि भारत सालाना 30.8 करोड़ टन खाद्यान्न उत्पादन के साथ न केवल अपनी खाद्य जरूरतों को पूरा कर रहा है, बल्कि दूसरे देशों को आपूर्ति भी कर रहा है।

कृषि मंत्री ने कहा, 2030-31 तक भारत की आबादी 150 करोड़ से ज्यादा होने की संभावना है, जिसके पोषण के लिए अनाज की मांग तब लगभग 35 करोड़ टन तक होने का अनुमान है। इसी तरह खाद्य तेलों, दूध व दूध से बने उत्पादों, मांस, अंडे, मछली, सब्जियों, फलों और चीनी की मांग काफी बढ़ जाएगी। इसके मुकाबले प्राकृतिक संसाधन सीमित हैं और जलवायु परिवर्तन की चुनौती भी है। उन्होंने कहा कि देश को आत्मनिर्भर बनाने के प्रयासों में जीनोमिक्स, डिजिटल कृषि, जलवायु स्मार्ट प्रौद्योगिकियों व पद्धतियों, कुशल जल उपयोग उपकरणों, उच्च उपज वाली किस्मों के विकास पर ध्यान देने की जरूरत है।

# पेज एक का शेष

### कांग्रेस ने...

के प्रभारी हरीश रावत और केंद्रीय पर्यवेक्षक अजय माकन के चंडीगढ़ पहुंचने के बाद यह साफ हो गया था कि कैप्टन अमरिंदर ने इस्तीफा नहीं दिया तो उन्हें हटा दिया जाएगा। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के सियासी मूड को भांपते हुए वे तुरंत राजभवन पहुंचे और अपना एक लाइन का इस्तीफा सौंप दिया। पंजाब की राजनीतिक स्क्रिप्ट भाजपा शासित गुजरात की तरह लिखी गई है, जहां पर न केवल मुख्यमंत्री बल्कि पूरे मंत्रिमंडल को बदल कर चुनाव से पहले सरकार को एकदम नया लुक दिया गया। पंजाब के सियासी गलियारे में इसी तरह की अटकलें चल रही थीं, लेकिन इस बात की संभावना कम थी पंजाब के पूरे कैबिनेट को बदल दिया जाएगा, हालांकि सूत्रों ने बेहतर प्रदर्शन न करने वालों को निकाल बाहर करने के लिए 'सर्जिकल ऑपरेशन' से इनकार नहीं किया था। नेतृत्व में अचानक बदलाव पर कांग्रेस सूत्रों ने कहा कि आंतरिक रिपोर्ट में कहा गया था कि निवर्तमान मुख्यमंत्री के खिलाफ अंदर ही अंदर नाराजगी चल रही थी क्योंकि वे पार्टी कार्यकर्ताओं और यहां तक कि विधायकों और मंत्रियों के लिए भी आसानी से उपलब्ध नहीं थे। सूत्रों ने कहा कि पंजाब में जहां पर सरकारों को दोहराया नहीं जाता (एक बार अकालियों को छोड़कर) वहां पर सत्ता विरोधी लहर एक बड़ा मसला है। लिहाजा विधायकों की मांग और उनकी इच्छा के मुताबिक यह एक व्यवहारिक राजनीतिक समाधान था। पार्टी के एक विधायक ने कहा कि पटियाला के राजा चंडीगढ़ के पास स्थित सिसवान बांध इलाके में जीवन का लुत्फ उठा रहे थे। यहां पर वे अपने फार्म हाउस में रहते हैं और जमीन से जुड़ी राजनीतिक हकीकत से खुद को काट लिया था।

### सीएम के...

में उनके कुछ करीबी सहयोगियों और विधायकों के अलावा, कई लोग बैठक में शामिल नहीं हुए। अमरिंदर ने राज्य में 10 साल के अकाली शासन के बाद 2017 के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को शानदार जीत दिलाई थी। कुल 117 सदस्यीय विधानसभा में कांग्रेस ने 80 विधायकों का प्रचंड बहुमत हासिल किया था। कैप्टन अमरिंदर सिंह ने दावा किया कि वह उन सभी दांव-पेचों से वाकिफ हैं जो उनके राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी इस समय उनके खिलाफ आजमा रहे हैं। कैप्टन अमरिन्दर सिंह ने पार्टी आलाकमान से नाखुशी जाहिर करते हुए कहा कि उन्होंने पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी से पहले ही पदमुक्त करने के लिए कहा था, लेकिन आलाकमान ने उन्हें पद पर बने रहने का निर्देश दिया।

### चुनाव से...

देश को समर्पित करने की स्थिति में होंगे। हमारा प्रयास होगा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों से इसका शुभारंभ कराया जाए। उन्होंने इस बात पर खुशी जताई कि वड़ोदरा के उपक्रम में कोविडकाल की प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद प्रथम प्रोटोटाइप ट्रेन को समय से पहले उपलब्ध कराया गया है। सीएम ने कहा कि इससे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना भी साकार हो रही है। मुख्यमंत्री ने आगरा व कानपुर मेट्रो के प्रथम प्रोटोटाइप ट्रेन के वर्चुअल अनावरण के दौरान वड़ोदरा से जुड़े यूपी मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के प्रबंध निदेशक, मेसर्स एल्सटॉम इंडिया ट्रांसपोर्ट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक समेत सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को इसके लिए बधाई भी दी।

### सात लड़कियों...

वर्मा करेंगे। उन्होंने बताया कि गांव की 10 बच्चियों की टोली करम डाली को लेकर गांव में ही रेलवे लाइन के समीप बने तालाब में विसर्जन करने गई थी।

### सुप्रियो टीएमसी...

में शामिल हुए। टीएमसी ने ट्वीट किया, आज, राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी और राज्यसभा सदस्य डेरेक ओ ब्रायन की उपस्थिति में, पूर्व केंद्रीय मंत्री और मौजूदा सांसद बाबुल सुप्रियो तृणमूल परिवार में शामिल हो गए। हम इस अवसर पर उनका बेहद गर्मजोशी से स्वागत करते हैं। भाजपा जैसे दल में कई लोगों के विपरीत, सुप्रियो ने जुलाई में लंबे समय से प्रतीक्षित फेरबदल के दौरान केंद्र सरकार से हटाए जाने पर अपनी नाराजगी स्पष्ट रूप से जाहिर की थी। संयोग से यह मार्च-अप्रैल में पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में टॉलीगंज में उनकी हार के बाद हुआ था। उस संभावना को लेकर भी अटकलें लग रही हैं कि सुप्रियो को हाल में टीएमसी सदस्य अर्पिता घोष द्वारा खाली की गई सीट से राज्यसभा भेजा जा सकता है। घोष ने हाल में इस्तीफा देते हुए कहा था कि वह पार्टी संगठन के लिए काम करना चाहती हैं। बमुश्किल 10 मिनट चले संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए सुप्रियो ने कहा कि वह टीएमसी में शामिल होने को लेकर उत्साहित हैं और पश्चिम बंगाल के विकास को लेकर काम करेंगे। उन्होंने कहा, जब मैंने दो महीने पहले कहा था कि मैं राजनीति छोड़ना चाहता हूं तो मैं इसे लेकर गंभीर था। यह नया घटनाक्रम बीते दो-तीन दिनों में हुआ। इसलिए, यह नया अवसर मिलने के बाद, मैंने अपना विचार बदलने का फैसला किया। उन्होंने कहा, मैं टीएमसी में शामिल होने को लेकर बहुत उत्साहित हूं। मैं बंगाल के विकास के लिए काम करूंगा। जब उनसे लोकसभा सीट से इस्तीफा देने के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, मैं नियमों का पालन करूंगा। जब मैं तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो गया हूं तो आसनसोल सीट पर बने रहने का कोई औचित्य नहीं है। सुप्रियो ने कहा कि वह सोमवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी से मुलाकात करेंगे। उन्होंने कहा, मैं राज्य के लोगों के लिए काम करने का अवसर देने के लिए अभिषेक बनर्जी और ममता बनर्जी का शुक्रगुजार हूं।

### सोनू सूद...

है। उसने कहा कि इन फर्जी ऋणों का इस्तेमाल निवेश करने और संपत्तियां खरीदने के लिए किया गया। बयान में बताया गया , अभी तक 20 करोड़ रुपए से अधिक राशि की कर चोरी का पता चला है। आधिकारिक सूत्रों ने भी सूद के बारे में यह जानकारी दी। बयान में सूद के उस परमार्थ संगठन का भी जिक्र किया गया है, जो पिछले साल कोविड-19 के प्रकोप के दौरान बनाया गया था। अभिनेता ने पिछले साल कोविड-19 महामारी के मद्देनजर देशव्यापी लॉकडाउन के दौरान प्रवासियों को उनके गृह राज्यों तक पहुंचने में मदद कर सुर्खियां बटोरी थीं। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार ने हाल में घोषणा की थी कि सूद आम आदमी पार्टी की सरकार के देश के मेन्टर्स कार्यक्रम के ब्रांड एंबेसडर होंगे, जिसके तहत छात्रों को अपने करियर के विकल्प के लिए मार्गदर्शन दिया जाएगा। केजरीवाल ने शनिवार को कहा था कि भारत के उन लाखों परिवारों की प्रार्थनाएं सूद के साथ हैं, जिन्हें मुश्किल समय में उनका साथ मिला। सीबीडीटी के बयान में बताया गया, अभिनेता द्वारा 21 जुलाई, 2020 को स्थापित परमार्थ संगठन ने एक अप्रैल, 2021 से अब तक 18.94 करोड़ रुपए का दान एकत्र किया है, जिसमें से विभिन्न राहत कार्यों के लिए लगभग 1.9 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं और शेष 17 करोड़ रुपए संगठन के बैंक खाते में पड़े हैं, जिनका इस्तेमाल नहीं किया गया है। बयान में आरोप लगाया गया है कि यह पाया गया कि एफसीआरए नियमों का उल्लंघन करते हुए परमार्थ संगठन ने एक क्राउडफंडिंग (किसी कार्य के लिए बड़ी संख्या में लोगों से धन जुटाना) मंच के जरिए विदेशी दानदाताओं से 2.1 करोड़ रुपए की धनराशि भी जुटाई। बयान में कहा गया है कि अभिनेता ने लखनऊ स्थित अवसंरचना समूह के साथ एक संयुक्त उपक्रम शुरू किया और इसमें काफी धन निवेश किया। बोर्ड ने कहा कि कर विभाग ने कर चोरी और बही खाते में अनियमितताओं से संबंधित सबूतों का पता लगाया है। सीबीडीटी ने कहा, छापेमारी से पता चला कि उक्त समूह ने उप-अनुबंध व्यय की फर्जी बिलिंग और धन की हेराफेरी की। अभी तक इस प्रकार के फर्जी अनुबंधों के जो सबूत मिले हैं, उनमें 65 करोड़ रुपए से अधिक के धन के हेरफेर की बात सामने आई है। बेहिसाब नकद खर्च, कबाड़ की बेहिसाब बिक्री और डिजिटल डेटा से बेहिसाब नकद लेनदेन के साक्ष्य भी मिले हैं। लखनऊ स्थित समूह ने जयपुर स्थित एक कंपनी के साथ 175 करोड़ रुपए का संदिग्ध फर्जी लेनदेन किया।

### बच्चों में...

के कई बार चरम पर पहुंचने संबंधी उदाहरण देते हुए गौबा ने देश के कुछ हिस्सों में उच्च संक्रमण दर पर चिंता जताई। वहीं, केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने 11 राज्यों में सीरोटाइप-2 डेंगू संबंधी चुनौती को रेखांकित किया, जो बीमारी के अन्य स्वरूपों के मुकाबले अधिक घातक और जटिलताओं वाला स्वरूप है। उन्होंने सुझाव दिया कि राज्यों को मामलों का शुरू में ही पता लगाने, बुखार हेल्पलाइन स्थापित करने, पर्याप्त मात्रा में जांच किट, लार्वानाशक और दवाओं का भंडार रखने तथा त्वरित जांच के लिए टीमों की तैनाती करने जैसे कदम उठाए जाने चाहिए। भूषण ने यह सुझाव भी दिया कि बुखार सर्वेक्षण, संपर्कों का पता लगाने, रोगवाहकों पर नियंत्रण, रक्त और रक्त तत्वों, खासकर प्लेटलेट का पर्याप्त भंडार बनाए रखने के लिए रक्त बैंकों को तैयार रखने जैसी आवश्यक जनस्वास्थ्य कार्रवाई की जानी चाहिए। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि आगामी त्योहारों को देखते हुए राज्यों को निर्देश दिया जाता है कि वे सभी आवश्यक सावधानियां सुनिश्चित करें और अधिक संख्या में लोगों को एकत्र न होने देने के लिए कदम उठाएं। मंत्रालय ने यह भी कहा कि मॉल, स्थानीय बाजारों और पूजा स्थलों के संबंध में मौजूदा दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन किया जाए तथा कोविड उपयुक्त व्यवहार का पालन सुनिश्चित किया जाए। स्वास्थ्य सचिव ने कहा कि आपात कोविड प्रतिक्रिया पैकेज के तहत सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को धन जारी किया जा चुका है, जो त्वरित एवं इष्टतम ढंग से इस्तेमाल किया जाना चाहिए।

# फ्रांस ने अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया से राजदूत वापस बुलाए

एपी। पेरिस

**अमेरिका** के सबसे पुराने सहयोगी देश फ्रांस ने अप्रत्याशित रूप से गुस्सा जताते हुए अमेरिका से अपने राजदूत को शुक्रवार को वापस बुला लिया।

दोनों देशों के बीच 18वीं सदी की क्रांति के दौरान बने संबंधों में दरार आती नजर आ रही है। दरअसल, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और ब्रिटेन ने नया हिंद-प्रशांत सुरक्षा गठबंधन बनाने में फ्रांस को छोड़ दिया है। फ्रांस के विदेश मंत्रालय के अनुसार, यह पहली बार है जब उसने अमेरिका से अपने राजदूत को वापस बुलाया है। उसने ऑस्ट्रेलिया से भी अपने राजदूत को वापस बुलाया है।

फ्रांसीसी विदेश मंत्री ज्यां इव लि द्रीयां ने एक लिखित बयान में कहा कि फ्रांस के राष्ट्रपति एमैनुअल मैक्रों के अनुरोध पर लिया गया यह फैसला ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका द्वारा की गई घोषणा की असाधारण गंभीरता को देखते हुए न्यायोचित है। अमेरिका,



ऑस्ट्रेलिया और ब्रिटेन ने नए त्रिपक्षीय सुरक्षा गठबंधन ऑकस की घोषणा की है। गौरतलब है कि फ्रांस और ऑस्ट्रेलिया के बीच डीजल पनडुब्बियों के निर्माण के लिए करीब 100 अरब डॉलर का सौदा हुआ था। नई ऑकस पहल की शर्तों के तहत ऑस्ट्रेलिया के लिए डीजल पनडुब्बियों के निर्माण का यह सौदा समाप्त हो जाएगा, जिससे फ्रांस नाखुश है।विदेश मंत्री ने कहा कि समझौता खत्म करने का ऑस्ट्रेलिया का फैसला सहयोगियों और साझेदारों के बीच अस्वीकार्य बर्ताव है। राजदूत फिलिप एतिने ने ट्वीट किया कि इन घोषणाओं का हमारे गठबंधनों, हमारी साझेदारियों और यूरोप के लिए हिंद-प्रशांत की महत्ता की हमारी दूरदृष्टि पर प्रत्यक्ष असर पड़ रहा है।

अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की प्रवक्ता एमिली होर्न ने कहा कि जो बाइडन प्रशासन एतिने को पेरिस वापस बुलाने के फैसले को लेकर फ्रांसिसी अधिकारियों के करीबी संपर्क में है। उन्होंने एक बयान में कहा, हम उनकी स्थिति समझते हैं और हम अपने मतभेदों को दूर करने के लिए आने वाले दिनों में काम करते रहेंगे जैसा कि हमने हमारे लंबे गठबंधन के दौरान कई मौकों पर किया है। फ्रांस हमारा सबसे पुराना सहयोगी और मजबूत साझेदारों में से एक है। हमारा साझा लोकतांत्रिक मूल्यों और वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए साथ मिलकर काम करने का लंबा इतिहास रहा है। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता नेड प्राइस ने भी फ्रांस के साथ संबंधों को अहमियत दी और उम्मीद जताई कि दोनों देशों के बीच बातचीत आने वाले दिनों में जारी रहेगी। इसमें अगले हफ्ते संयुक्त राष्ट्र महासभा की वार्षिक बैठक भी शामिल है। हालांकि 2017 में सत्ता में आने के बाद से ऐसा पहली बार होगा, जब मैक्रों विश्व नेताओं की वार्षिक बैठक में भाषण नहीं देंगे। उनके बजाय विदेश मंत्री संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित करेंगे।मैक्रों ने अभी राजदूत को वापस बुलाने के मुद्दे पर टिप्पणी नहीं की है। चार साल के उनके कार्यकाल में यह विदेश नीति का सबसे साहसी कदम बताया जा रहा है। इससे पहले शुक्रवार को फ्रांस के एक शीर्ष राजनयिक ने गोपनीयता की शर्त पर बताया था कि मैक्रों को ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन से बुधवार सुबह एक पत्र मिला जिसमें पनडुब्बी समझौते को रद्द करने के फैसले की घोषणा की गई है। फ्रांसिसी अधिकारियों ने तब अमेरिकी प्रशासन से यह पूछने के लिए संपर्क किया था कि क्या चल रहा है। उन्होंने बताया कि बाइडन के घोषणा करने से महज दो से तीन घंटे पहले ही वाशिंगटन के साथ बातचीत की गई। लि द्रीयां ने बृहस्पतिवार को बताया कि उन्हें फैसले के बारे में बिल्कुल भी जानकारी नहीं थी और उन्होंने ऑस्ट्रेलिया तथा अमेरिका दोनों की आलोचना की।

फ्रांस के विदेश मंत्री ने कहा, यह वास्तव में पीठ में एक छुरा घोंपना है। हमने ऑस्ट्रेलिया के साथ भरोसे का रिश्ता बनाया और इस भरोसे को तोड़ा गया। सहयोगियों के बीच ऐसा नहीं किया जाता। इस बीच, ऑस्ट्रेलिया ने फ्रांस द्वारा अपने राजदूत को वापस बुलाए जाने पर शनिवार को खेद जताया। ऑस्ट्रेलिया के विदेश मंत्री मारिस पायने के कार्यालय ने एक बयान में कहा, अटैक क्लास परियोजना पर फैसले के बाद विचार विमर्श के लिए ऑस्ट्रेलिया से अपने राजदूत को वापस बुलाने के फ्रांस के निर्णय पर हम खेद जताते हैं। बयान में कहा गया है, ऑस्ट्रेलिया अपने फैसले को लेकर फ्रांस की गहरी निराशा को समझता है। हमने यह फैसला अपने राष्ट्रीय सुरक्षा हितों को देखते हुए लिया है। इसमें कहा गया है कि फ्रांस के साथ अपने रिश्ते को आस्ट्रेलिया अहमियत देता है और भविष्य में एक साथ मिलकर काम करने की उम्मीद करता है। ऑस्ट्रेलिया में फ्रांस के राजदूत ज्यां पियरे थेबॉल्त ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया ने कभी यह जिक्र नहीं किया था कि यह परियोजना रद्द की जा सकती है। गौरतलब है कि पेरिस ने इटली के नेताओं के फ्रांसिसी सरकार के बारे में आलोचनात्मक टिप्पणियां करने के बाद 2019 में पड़ोसी देश से अपने राजदूत को वापस बुला लिया था। पिछले साल फ्रांस ने तुर्की से अपने राजदूत को तब वापस बुला लिया था जब तुर्की के राष्ट्रपति रजब तैय्यब एर्दोआन ने कहा था कि मैक्रों को दिमागी इलाज की जरूरत है।

## ऑस्ट्रेलिया-अमेरिका पनडुब्बी समझौता बड़ी गलती

कैनबरा। फ्रांस के राजदूत ने अमेरिका के साथ ऑस्ट्रेलिया के पनडुब्बी समझौता करने के लिए उनके देश के साथ एक बड़े करार को अचानक रद्द करने के ऑस्ट्रेलियाई सरकार के फैसले को बड़ी भूल करार दिया है। सहयोगी देशों के बीच नाराजगी को प्रदर्शित करने के लिए एक अभूतपूर्व कदम के तौर पर राजनयिक देश छोड़ने की तैयारी करते दिखे। फ्रांसीसी राजदूत ज्यां पियरे थेबॉल्ट ने राजधानी कैनबरा में शनिवार को अपने आवास से निकलने के दौरान यह टिप्पणी की। थेबॉल्ट ने कहा, यह एक बहुत बड़ी गलती रही है, साझेदारी का एक बेहद खराब प्रबंधन। उन्होंने यह समझाते हुए कहा कि पेरिस और कैनबरा के बीच हथियारों का समझौता विश्वास, आपसी समझ और ईमानदारी पर आधारित माना जाता था।

## अलास्का में सैन्य बेस पर आपात स्थिति की घोषणा की गई

**जॉइंट बेस एल्मेंडोर्फ रिचर्डसन (अमेरिका)।** अलास्का में कोविड-19 के बढ़ते मामलों को देखते हुए जॉइंट बेस एल्मेंडोर्फ रिचर्डसन के सैन्य नेतृत्व ने यहां लोक स्वास्थ्य आपात स्थिति की घोषणा की है। अधिकारियों ने बताया कि सभी सैन्य कर्मियों से कहा गया है कि वे ऐसे स्थानों पर जाने से बचें जहां पर मास्क पहनना या सामाजिक दूरी बनाना अनिवार्य नहीं है। अमेरिकी वायु सेना में कर्नल क्रिस्टेन एग्विलर ने शुक्रवार को कहा कि यह घोषणा 30 दिन के लिए प्रभावी रहेगी और संक्रमण संबंधी हालात के मद्देनजर इस अवधि को घटाया या बढ़ाया जा सकता है। कोरोना वायरस के अत्यधिक संक्रामक डेल्टा स्वरूप के कारण राज्य में संक्रमण के मामले और अस्पताल में भर्ती मरीजों की संख्या बढ़ गई है।

**अमेरिकी सेना का कबूलनामा**

# ड्रोन हमले में हुई थी दस बेकसूर अफगान नागरिकों की मौत

- मरने वालों में शामिल थे सात बच्चे
- काबुल एयरपोर्ट पर हुए हमले के बाद अमेरिकी सेना ने की थी कार्रवाई

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका** की सेना ने माना है कि अफगानिस्तान से उसके सैनिकों की वापसी से कुछ दिन पहले एक जानलेवा ड्रोन हमला उसकी भयावह गलती थी क्योंकि इसमें आईएसआईएस-के के आतंकवादियों के बजाय सात बच्चों समेत 10 बेगुनाह अफगान नागरिक मारे गए थे।अमेरिका की मध्य कमान के कमांडर जनरल केनेथ फ्रैंक मैक्केंजी ने 29 अगस्त के हमले की जांच के नतीजों पर पत्रकारों से यह भी कहा कि ड्रोन हमले में क्षतिग्रस्त हुए वाहन और मारे गए लोगों के इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड लेवांत-खुरासन (आईएसआईएस-के) से जुड़े होने या अमेरिकी सेना के लिए कोई प्रत्यक्ष खतरा होने की आशंका नहीं थी। उन्होंने कहा कि हालांकि इस हमले को इस्लामिक स्टेट के हमले के बाद हामिद करजई अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर जमीनी हालात के संदर्भ में ही समझा जाए। हवाईअड्डे पर हुए हमले में अमेरिका के 13 सैनिक मारे गए थे और 100 से अधिक नागरिकों ने जान गंवाई थी। साथ ही खुफिया अधिकारियों ने एक और आसन्न हमले का संकेत दिया था। जनरल मैक्केंजी ने कहा कि जांच के नतीजों की विस्तार से समीक्षा करने के बाद वह इस बात से सहमत हैं कि 29 अगस्त को काबुल में हेलफायर मिसाइल से हमले में सात बच्चों समेत 10 नागरिक मारे गए,जो दुखद है।उन्होंने पेंटागन में एक संवाददाता सम्मेलन में पत्रकारों से कहा, यह गलती थी और मैं माफी मांगता हूं। कमांडर होने के नाते मैं इस हमले और इसके दुखद परिणाम के लिए पूरी तरह जिम्मेदार हूं। साथ ही हम यह मानते हैं कि क्षतिग्रस्त हुआ वाहन और मारे गए लोगों का आईएसआईएस-के से संबंध होने या अमेरिकी सेना के लिए प्रत्यक्ष रूप से खतरा होने की आशंका नहीं थी। मैं इस हमले में मारे गए लोगों के परिवार और दोस्तों के प्रति शोक व्यक्त करता हूं। जनरल मैक्केंजी ने कहा कि हमले से 48 घंटे पहले खुफिया जानकारी में यह संकेत मिला कि इस परिसर का इस्तेमाल इस्लामिक स्टेट के आतंकवादी भविष्य के हमलों के लिए कर रहे हैं।उन्होंने कहा, हमले से 36 घंटे पहले हवाईअड्डे पर अधिकारियों को आसन्न खतरों से संबंधित 60 अलग-अलग खुफिया जानकारी मिली। उन्होंने बताया कि अधिकारियों को खुफिया सूचना मिली कि इस्लामिक स्टेट अगले हमले में सफेद रंग की टोयोटा कोरोला कार का इस्तेमाल करेगा, जिसके बाद 29 अगस्त की सुबह परिसर की निगरानी तेज कर दी गई।उन्होंने कहा कि जांच में अब सामने आया कि यह हमला एक गलती थी। उन्होंने कहा, पहले मैं यह बता दूं कि यह जल्दबाजी में किया गया हमला नहीं था। अधिकारियों ने वाहन और उसमें सवार लोगों पर करीब आठ घंटे तक नजर रखी थी। सैन्य दल ने यह हमला इस विश्वास के साथ किया कि वे हमारी सेना और नागरिकों पर आसन्न खतरे को रोक रहे हैं जो अब हमे लगता है कि सही नहीं था। जनरल मैक्केंजी ने कहा, मैं आज यहां तथ्यों को सामने रखने और हमारी गलतियां स्वीकार करने आया हूं। अंत में मैं यही कहूंगा कि इस हमले में मारे गए लोगों के परिवार और दोस्तों के प्रति संवदेनाएं व्यक्त करता हूं। उन्होंने कहा कि अमेरिका मुआवजा देने की संभावनाएं भी तलाश रहा है।



डोनाल्ड ट्रंप व उनके सहयोगियों की ओर से आयोजित रैली से पहले अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट की सुरक्षा बढ़ाई गई

# अभी भी नहीं बदली तालिबान की सोच

- महिलाओं के लिए मंत्रालय को हटा कर उन पर पाबंदी लगाने वाला मंत्रालय बनाया

एपी। काबुल

**अफगानिस्तान** के नए तालिबान शासकों ने कभी महिला मामलों का मंत्रालय रहे एक भवन से शनिवार को विश्व बैंक के कार्यक्रम के कर्मचारियों को जबरन बाहर कर सदाचार प्रचार एवं अवगुण रोकथाम मंत्रालय स्थापित किया। काबुल पर कब्जा कर सरकार में आने के महज एक महीने बाद तालिबान द्वारा महिलाओं के अधिकारों पर पाबंदी लगाने वाला यह एक नया कदम है। तालिबान ने 1990 के दशक में अपने शासनकाल के दौरान बालिकाओं और महिलाओं को शिक्षा के अधिकार से वंचित कर दिया था और उनके सार्वजनिक जीवन पर पाबंदी लगा दी थी। इसबीच, पूर्वी प्रांतीय राजधानी जलालाबाद में शनिवार को तालिबान वाहनों को निशाना बना कर किए गए विस्फोटों में तीन लोग मारे गए जबकि 20 अन्य घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने यह जानकारी दी। इस हमले की अभी तक किसी संगठन ने जिम्मेदारी नहीं ली है लेकिन इस्लामिक स्टेट आतंकवादियों का मुख्यालय इस इलाके में है और वे तालिबान के दुश्मन हैं। काबुल में महिला मामलों के मंत्रालय के बाहर उस वक्त एक नया घटनाक्रम दिखा, जब यह घोषणा की गई कि यह अब उपदेश और मार्गदर्शन तथा सदगुण प्रचार एवं अवगुण रोकथाम मंत्रालय होगा।

विश्व बैंक के 10 करोड़ डॉलर के महिला आर्थिक सशक्तिकरण एवं ग्रामीण विकास कार्यक्रम को शनिवार को यह कहते हुए जमीनी स्तर पर बंद कर दिया गया कि कार्यक्रम के सदस्य शरीफ अख्तर हटाए जा रहे लोगों में शामिल हैं। अफगान वूमंस नेटवर्क का नेतृत्व करने वाली मबौबा सुराज ने कहा कि वह महिलाओं और बालिकाओं द्वारा तालिबान सरकार द्वारा जारी आदेशों से हतप्रभ है।

इस बीच, तालिबान द्वारा संचालित शिक्षा मंत्रालय ने सातवीं से 12 वीं कक्षा के लड़कों को अपने पुरूष शिक्षकों के साथ शनिवार से स्कूल आने को कहा, लेकिन इन कक्षाओं में स्कूल आने वाली लड़कियों का कोई जिक्र नहीं किया गया। इससे पहले, उच्चतर शिक्षा मंत्री ने कहा था कि लड़कियों को समान रूप से शिक्षा हासिल करने का अधिकार दिया जाए। सुराज ने कयास लगाया कि विरोधाभासी बयान शायद तालिबान में विभाजन को प्रदर्शित करता है। महिलाओं के अधिकार एवं शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए 2003 में अफगानिस्तान लौटी अफगान-अमेरिकी सुराज ने कहा कि उनके कई साथी कार्यकर्ता देश छोड़ चुके है।

# दंगा करने वालों के समर्थन में रैली को लेकर पुलिस मुस्तैद

एपी। वाशिंगटन

**अमेरिका** में इस साल जनवरी में कैपिटल भवन (संसद भवन) परिसर में हिंसा के आरोप में जेल भेजे गए लोगों के समर्थन में शनिवार को प्रस्तावित रैली से पहले पुलिस ने तैयारियां पूरी कर ली हैं और अमेरिकी राष्ट्रीय गार्ड समेत आसपास के कानून प्रवर्तकों से भी मदद ली गई है।

कैपिटल पुलिस प्रमुख टॉम मंगेर ने एक पत्रकार वार्ता में शुक्रवार को कहा कि शनिवार को होने वाली रैली में सभावित हिंसा की सूचनाएं सही हैं या नहीं यह कहना मुश्किल है लेकिन जनवरी में भी ऑनलाइन और अन्य स्थानों से इस तरह के संकेत मिले थे पर उनपर ध्यान नहीं दिया गया था।

उन्होंने कहा कि प्रदर्शन में 700 लोगों को हिस्सा लेने की इजाजत दी गई है। मंगेर ने कहा कि उनका मानना है कि रैली के विरोध में भी लोग आ सकते हैं जिससे वहां पर संघर्ष होने की आशंका है। उन्होंने कहा कि पुलिस इस तरह के अंदेशों को लेकर भी तैयार है कि प्रदर्शनकारी हथियार लेकर पहुंच सकते हैं। मंगेर ने कहा, हम हिंसा बर्दाश्त नहीं करेंगे और हम किसी भी किस्म का आपराधिक व्यवहार सहन नहीं करेंगे। गौरतलब है कि इस साल छह जनवरी को तत्कालीन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के समर्थक उस समय संसद भवन में घुस गए थे जब मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडन की जीत को प्रमाणित किया जा रहा था। उनका आरोप था कि पिछले साल नवंबर में हुए राष्ट्रपति पद के चुनाव में धांधली हुई है। हिंसा के मामले में करीब 63 लोग जेल में है और 600 लोगों पर दंगा करने का आरोप लगाया गया था।

# उत्तर कोरिया यूरेनियम संवर्धन संयंत्र का कर रहा है नए सिरे से विस्तार: विशेषज्ञ

एपी। सियोल

**विशेषज्ञों** का कहना है कि हाल की उपग्रह तस्वीरों से पता चलता है कि उत्तर कोरिया अपने मुख्य योंगब्योन परमाणु परिसर में एक यूरेनियम संवर्धन संयंत्र का विस्तार कर रहा है, जो इस बात का संकेत है कि वह बम सामग्री के उत्पादन को बढ़ावा देना चाहता है। अमेरिका के साथ लंबे समय से निष्क्रिय परमाणु निरस्त्रीकरण कूटनीति के बीच उत्तर कोरिया ने छह महीने में अपना पहला मिसाइल परीक्षण किया जिसके बाद तनाव बढ़ गया था। इसके बाद यह आकलन सामने आया है।मोंटेरे में मिडिलबरी इंस्टीट्यूट ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज के जेफरी लुईस और दो अन्य विशेषज्ञों ने एक रिपोर्ट कहा, संवर्धन संयंत्र का विस्तार शायद इंगित करता है कि उत्तर कोरिया योंगब्योन परिसर में हथियार-स्तर के यूरेनियम का उत्पादन 25 प्रतिशत तक बढ़ाने की योजना बना रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि मैक्सार द्वारा ली गई उपग्रह तस्वीरें योंगब्योन में यूरेनियम संवर्धन संयंत्र से सटे एक क्षेत्र में निर्माण को दर्शाती हैं। इसमें कहा गया है कि एक सितंबर को ली गई एक उपग्रह तस्वीर में उत्तर कोरिया ने पेड़ों को हटाया और निर्माण के लिए जमीन तैयार की और एक निर्माण उत्खनन भी दिखाई दे रहा है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि 14 सितंबर को ली गई दूसरी तस्वीर में क्षेत्र को घेरने के लिए एक दीवार खड़ी की गई है, एक नींव पर काम किया गया है और नए क्षेत्र तक पहुंच प्रदान करने के लिए संवर्धन इमारत के किनारे से पैनल हटा दिए गए हैं। इसमें दावा किया गया है, नया क्षेत्र लगभग ।,000 वर्ग मीटर में फैला है, जिसमें ।,000 अतिरिक्त सेंट्रीफ्यूज रखने के लिए पर्याप्त जगह है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि ।,000 नए सेंट्रीफ्यूज के जुड़ने से संयंत्र की उच्च संवर्धित यूरेनियम का उत्पादन करने की क्षमता 25 प्रतिशत बढ़ जाएगी। परमाणु हथियार या उच्च संवर्धित यूरेनियम या प्लूटोनियम का उपयोग करके बनाए जा सकते हैं, और उत्तर कोरिया के पास योंगब्योन में इन दोनों का उत्पादन करने की सुविधा है। पिछले महीने, योंगब्योन पर पहले की उपग्रह तस्वीरों से संकेत मिला था कि उत्तर कोरिया हथियार-स्तर के प्लूटोनियम का उत्पादन करने के लिए अन्य केन्द्रों के संचालन को फिर से शुरू कर रहा है। कुछ अमेरिकी और दक्षिण कोरियाई विशेषज्ञों का अनुमान हैं कि उत्तर कोरिया गोपनीय ढंग से कम से कम एक अतिरिक्त यूरेनियम-संवर्धन संयंत्र चला रहा है।



नार्को में यूनाइटेड स्टेट्स मरीन लांस सीपीएल के शव को ले जाने वाला रथ काफिले के साथ गुजरता हुआ

## भारत के दिए गए टीकों का भंडार खत्म : संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस के प्रवक्ता ने कहा कि भारत द्वारा इस साल की शुरूआत में शांति रक्षकों के लिए दान दिए गए कोविड-19 रोधी टीकों का भंडार खत्म हो गया है। महासचिव के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने शुक्रवार को अपने नियमित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि संयुक्त राष्ट्र को चीन से कोविड-19 रोधी टीकों की 3,00,000 खुराक दान में मिली है। उन्होंने कहा, यह दान बहुत ही महत्वपूर्ण समय में किया गया है क्योंकि इस साल मार्च में भारत सरकार द्वारा दान दिए गए टीकों का भंडार खत्म हो गया है। भारत ने संयुक्त राष्ट्र के सभी मिशनों में उसके शांति रक्षकों के लिए एस्ट्राजेनेका के कोविड-19 रोधी टीकों की 2,00,000 खुराक भेंट की थी। भारत, संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षा मिशनों में सबसे अधिक सैनिक भेजने वाले देशों में से एक है।

# बाइडन प्रशासन का विशेष ध्यान हिंद-प्रशांत क्षेत्र पर है: विशेषज्ञ

भाषा। वाशिंगटन

**विशेषज्ञों** का मानना है कि जो बाइडन प्रशासन हिंद-प्रशांत क्षेत्र पर पूरा ध्यान दे रहा है और व्हाइट हाउस में अगले हफ्ते होने जा रहा पहला प्रत्यक्ष क्वाड शिखर सम्मेलन, 2017 में शुरू हुई प्रक्रिया की स्वाभाविक परिणति है। क्वाड ऑस्ट्रेलिया, भारत, जापान और अमेरिका का समूह है। बाइडन इस समूह के पहले शिखर सम्मेलन की मेजबानी 24 सितंबर को करेंगे। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन और जापान के प्रधानमंत्री योशिहिदे सुगा शामिल होंगे। यह सम्मेलन, चीन के बढ़ते आर्थिक एवं सैन्य दबाव के मद्देनजर वाशिंगटन का हिंद-प्रशांत क्षेत्र पर जो ध्यान है, उसका संकेत देता है। शिखर सम्मेलन में ए नेता मुक्त और खुले हिंद-प्रशांत को बढ़ावा देने, जलवायु परिवर्तन से निबटने, संबंधों को गहरा करने तथा कोविड-19 से मुकाबला करने जैसे क्षेत्रों में व्यावहारिक सहयोग बढ़ाने पर चर्चा करेंगे। उभरती प्रौद्योगिकियों और साइबरस्पेस पर साझेदारी के बारे में भी इस दौरान बात होगी। यूएस इंडिया स्ट्रेटेजिक ऐंड पार्टनरशिप फोरम के अध्यक्ष मुकेश अघी ने कहा, क्वाड शिखर सम्मेलन हमारे समय की दो सबसे बड़ी चुनौतियों - महामारी और जलवायु परिवर्तन से निबटने के लिए आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत करते हुए और टीका कूटनीति को बढ़ाते हुए व्यापार की आर्थिक क्षमता का लाभ उठाएगा। उन्होंने कहा, विशेष रूप से समूह के भीतर, हम देखते हैं कि भारत और अमेरिका मजबूत साझेदारों के रूप में उभर रहे हैं, जो महसूस करते हैं कि रणनीतिक हितों को आगे बढ़ाने के अलावा, क्षेत्रीय खतरों को कम करने और स्वतंत्र एवं खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र को सुरक्षित करने की आवश्यकता है। ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन अमेरिका नाम के थिंक टैंक के कार्यकारी निदेशक ध्रुव जयशंकर ने कहा कि क्वाड नेताओं का यह शिखर सम्मेलन, 2017 में शुरू हुई प्रक्रिया की स्वाभाविक परिणति है।

## सोमालिया के राजनीतिक संकट पर यूएन ने आपात सत्र बुलाया

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने सोमालिया के राजनीतिक संकट पर शुक्रवार को आपात सत्र बुलाया। सोमालिया में गहराते संकट से चुनाव प्रक्रिया लंबित होने तथा पूर्व अफ्रीकी क्षेत्र के और अस्थिर होने की आशंका है। संयुक्त राष्ट्र में ब्रिटेन की राजदूत बार्बरा वुडवार्ड ने सोमालिया के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के बीच बढ़ते तनाव पर गहरी चिंता प्रकट की। इससे पहले राष्ट्रपति मोहम्मद अब्दुल्लाही मोहम्मद ने बृहस्पतिवार को अपने बयान में कहा था कि उन्होंने प्रधानमंत्री मोहम्मद हुसैन रोबल के अधिकारियों को नियुक्त करने तथा हटाने के अधिकार को निलंबित कर दिया है। यह दोनों नेताओं के तेजी से बिगड़ते रिश्तों में टकराव का ताजा मामला है। वुडवर्ड ने कहा कि बढ़ते तनाव से चुनावी प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है और देश में अल-शबाब आतंकवादियों से लेकर अन्य चुनौतियों के साथ ही एक संवैधानिक संकट जन्म ले सकता है।

पायनियर
# स्वास्थ्य
लखनऊ, रविवार, 19 सितंबर, 2021


## अंडमान और निकोबार में कोविड-19 का महज एक नया मामला

पोर्ट ब्लेयर। अंडमान और निकोबार में कोविड-19 का केवल एक नया मामला सामने आया है। इसके साथ ही केंद्र शासित प्रदेश में महामारी के कुल मामलों की संख्या 7,596 हो गई है। एक स्वास्थ्य अधिकारी ने शनिवार को बताया कि संक्रमितों के संपर्क में आए लोगों का पता लगाने के दौरान यह नया मामला सामने आया। अंडमान और निकोबार में 14 मरीज कोविड-19 के उपचाराधीन हैं और सभी मरीज दक्षिण अंडमान जिले में हैं जबकि दो अन्य जिले उत्तर और मध्य अंडमान और निकोबार कोविड-19 से मुक्त हैं। पिछले 24 घंटों में दो और मरीजों के कोविड-19 से स्वस्थ होने के बाद संक्रमण मुक्त हो चुके लोगों की संख्या 7,453 हो गई है। किसी भी मरीज की मौत न होने के कारण कोविड-19 से जान गंवाने वाले लोगों की संख्या 129 पर बनी हुई है।


**DOC टॉक**



डॉ विद्या झा

एसोसिएट प्रोफेसर और सलाहकार (प्रभारी), साइटोजेनेटिक्स लैब, सहायक चिकित्सा प्रशासक अमृता आयुर्विज्ञान संस्थान, कोच्चि

## कोविड-19 से रहें बेहतर ढंग से सुरक्षित



रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र (सीडीसी) स्थानिक रोग को एक भौगोलिक क्षेत्र के भीतर आबादी में बीमारी या संक्रामक वाहक की निरंतर उपस्थिति और / या सामान्य प्रसार के रूप में परिभाषित करता है। यह देखी गयी आधार रेखा या रोग का स्थानिक स्तर अनिवार्य वांछित स्तर नहीं है, जो वास्तव में शून्य हो सकता है। किसी भी हस्तक्षेप की कमी के मामले में और यह मानते हुए कि रोग का स्तर अतिसंवेदनशील व्यक्तियों के समूचे स्तर पर समाप्त करने के लिए पर्याप्त नहीं है, मगर इस स्तर पर बीमारी अनिश्चित काल तक बनी रह सकती है। इसलिए, इस आधारभूत स्तर को अक्सर जनसंख्या में रोग के अपेक्षित स्तर के रूप में माना जाता है।

विभिन्न आबादी समूहों और राष्ट्रों में झुंड प्रतिरक्षा प्राप्त करने के समय में अंतर और कोविड-19 टीकों से प्राप्त सुरक्षा अवधि में अनिश्चितता के कारण, यह संभावना है कि बूस्टर टीके जैसे कुछ उपायों की अनिश्चित काल तक आवश्यकता हो सकती है। सार्स-कोवि-2 मौजूद रहेगा। यहां तक कि जब कोई देश झुंड प्रतिरक्षा की स्थिति तक पहुंच भी जाता है, तो भी मौजूदा निगरानी, बूस्टर टीके, और संभावित रूप से अन्य उपायों की आवश्यकता बनी रह सकती है। फिलहाल, डेल्टा संस्करण ने कम से कम अल्पावधि में अधिकांश देशों में समग्र झुंड प्रतिरक्षा को प्रभावी ढंग से पहुंच से बाहर कर दिया है।

अभी तक, भारत झुंड प्रतिरक्षा प्राप्त करने में सक्षम नहीं हुआ है और एक ज्यादा यथार्थवादी एपिडेमियोलोजिकल समापन छोर नजर आता दिखता है जब कोविड-19 से स्थानिक बीमारी के रूप में निपटा जा सकता है। हालांकि, सबसे बड़ी समग्र चुनौती एक महत्वपूर्ण नए संस्करण का उभरना है जो अधिक संक्रमणकारी है, जिसमें अस्पताल में भर्ती होने और मृत्यु होने की अधिक संभावना है, और यह टीकाकरण वाले लोगों को संक्र मित करने में अधिक सक्षम है। मौजूदा टीके डेल्टा संस्करण से संक्रमण को रोकने में सक्षम नहीं हैं। इसके अलावा, क्रमिक रक्त परीक्षण से पता चलता है कि प्रतिरक्षा अपेक्षाकृत तेजी से कम हो सकती है। इसने कुछ विकसित देशों को अधिक संवेदनशील आबादी को बूस्टर खुराक की पेशकश शुरू करने या उनके रोलआउट की योजना बनाने के लिए प्रेरित किया है।

> भारत बीमारी की महत्त्वपूर्ण लहरों के मद्देनजर एक असुरक्षित देश के रूप में बना हुआ है। इस तथ्य के कारण कि समग्र प्रतिरक्षा कमजोर है, भारतीय आबादी का एक बड़ा हिस्सा अभी तक पूर्णतया टीका सुरक्षित नहीं किया गया है। भारत के लिए स्थानिक बीमारी के रूप में कोविड -19 से निपटने की संभावित समय सीमा भी कम स्पष्ट है।

इसलिए, भारत सहित कई देश स्थानिक कोविड-19 के चरण में पहुंचना चाहेंगे। लेकिन भारत बीमारी की महत्वपूर्ण लहरों के मद्देनजर एक असुरक्षित देश के रूप में बना हुआ है। इस तथ्य के कारण कि समग्र प्रतिरक्षा कमजोर है, भारतीय आबादी का एक बड़ा हिस्सा अभी तक पूर्णतया टीका सुरक्षित नहीं किया गया है। भारत के लिए स्थानिक बीमारी के रूप में कोविड -19 से निपटने की संभावित समय सीमा भी कम स्पष्ट है। डेल्टा संचालित मामलों की लहर में गिरावट आने पर गंभीर बीमारियों और मौतों से निपटने के लिए कोविड-19 मामलों के प्रबंधन से सार्वजनिक-स्वास्थ्य प्रयासों पर ध्यान केंद्रित करना होगा।

अंतिम बिंदु के रूप में स्थानिकता तक पहुंचने में चुनौतियों का नए वेरिएंट्स में उभरना जारी है जो टीका-आधारित प्रतिरक्षा को लांघ जाते हैं। वे अक्सर टीकाकरण वाले व्यक्तियों में गंभीर बीमारी का कारण बनते हैं और समय के साथ प्राकृतिक व टीका आधारित प्रतिरक्षा की कमी के कारण अत्यधिक संक्रामक होते हैं, प्रतिरक्षा बनाए रखने और बीमारी के स्वीकार्य बोझ को परिभाषित करने के लिए टीका बूस्टर खुराक को जल्दी से सामने लाना होगा (उदाहरण के लिए, टीकाकरण और बिना टीकाकरण आबादी में रोग दबाव के लिए अलग-अलग लक्ष्य निर्धारित करना)। सबसे बड़ा कार्य यह निर्धारित करना होगा कि सार्वजनिक-स्वास्थ्य प्रतिबंधों को उठाने के लिए बीमारी का दबाव कितना कम है।

हालांकि, समय के साथ, समस्त बाधाओं के बावजूद, हम अधिक टीकाकरण कवरेज, पूर्व संक्रमण से प्राकृतिक प्रतिरक्षा, बूस्टर खुराक, भारत में टीकों की पूर्ण स्वीकृति, बच्चों हेतु टीकों के प्राधिकरण के कारण कोविड-19 के कारण अस्पताल में भर्ती होने और मृत्यु दर से बेहतर रूप से सुरक्षित रहेंगे।

## क्या है एनआईवी



**केरल के कोझीकोड जिले में 12 साल के एक बच्चे की मौत के बाद निपाह वायरस फिर से सक्रिय हो गया है। हमें कितना चिंतित होना चाहिए? वायरस के बारे में अधिक जानने के लिए विशेषज्ञों से बात कर रही हैं सुप्रिया रमेश**

निपाह वायरस (एनआईवी) को पहली बार 1999 में मलेशिया में सुअर पालकों में इसके प्रकोप के दौरान पहचाना गया था। भारत में, इसका पहला प्रकोप केरल के एक जिले कोझीकोड में बताया गया था, जो बांग्लादेश के माध्यम से फैल गया है। जबकि एनआईवी का पहला मामला तीन साल पहले दर्ज किया गया था, हाल की खबरें तब से इसके तीसरे प्रकोप का संकेत दे रही हैं।

एनआईवी संक्रमण एक जूनोटिक बीमारी है जो जानवरों से लोगों में फैलती है और एनआईवी का प्राथमिक स्रोत चमगादड़ हैं। यह दूषित भोजन के माध्यम से मनुष्यों में भी फैल सकता है या सीधे संक्रामक हो सकता है। इंटर्नल मेडिसिन एंड मेडिकल एडवाइजर के वरिष्ठ निदेशक डॉ आशुतोष शुक्ला कहते हैं, ''हालांकि यह भी नोट किया गया था कि वायरस में सूअरों को गंभीर रूप से प्रभावित करने की प्रवृत्ति थी, मगर वायरस से संक्रमित सूअर का मांस का सेवन एक अन्य योगदानकारी कारण है।''

भले ही यह एक ज्ञात बीमारी है, फिर भी वायरस का दुबारा प्रकट होना चिंता का विषय है और इस प्रकार कोविड महामारी की तरह ही ग्रह को अपनी चपेट में लेने से पहले सभी संभावित निवारक उपाय किए जाने की आवश्यकता है। शुक्ला कहते हैं, ''गंभीर संक्रमण में, व्यक्ति की मौके पर ही मृत्यु हो सकती है, लेकिन अन्य लक्षणों में तीव्र श्वसन रोग, उल्टी, सिरदर्द और गर्दन में जकड़न शामिल हो सकते हैं, और जटिलताएं तब बढ़ जाती हैं जब वायरस मस्तिष्क और तंत्रिका तंत्र को प्रभावित करना शुरू कर देता है, जिससे मस्तिष्क में सूजन हो जाती है जिससे मरीज की मौत हो सकती है।''

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, मनुष्यों में निपाह वायरस के संक्रमण से कई प्रकार के रोग लक्षण पैदा होते हैं, जिसमें लक्षणहीन संक्रमण (सबक्लिनिकल) से लेकर तीव्र श्वसन संक्रमण और घातक एन्सेफेलाइटिस होना शामिल हैं।

एनआईवी का प्राथमिक रूप से पॉलीमेरिक चेन रिएक्शन (पीसीआर) के माध्यम से निदान किया जाता है जैसा कि डेंगू या अन्य वायरल बीमारियों के मामलों में किया जाता है। जटिलताओं को रोकने के लिए प्रारंभिक पहचान और निगरानी महत्वपूर्ण है। वर्तमान में, एनआईवी संक्रमण के लिए कोई लाइसेंस प्राप्त उपचार उपलब्ध नहीं है और यह सहायक देखभाल तक सीमित है, जिसमें आराम, खूब पानी पीना और लक्षणों के उभार अनुसार उपचार करना शामिल हैं।

डब्ल्यूएचओ ने बताया कि निपाह वायरस के संक्रमण के शुरुआती लक्षण और लक्षण अविशिष्ट हैं, और निदान अक्सर उपस्थिति के समय संदिग्ध नहीं होता है। यह सटीक निदान में बाधा उत्पन्न कर सकता है और इसके प्रसार का पता लगाने, प्रभावी और समय पर संक्रमण नियंत्रण उपायों और प्रकोप प्रतिक्रिया गतिविधियों में चुनौतियां पैदा कर सकता है। इसके अलावा, गुणवत्ता, मात्रा, प्रकार, नैदानिक नमूना संग्रह का समय और प्रयोगशाला में नमूनों को भेजने के लिए आवश्यक समय, प्रयोगशाला परिणामों की सटीकता को प्रभावित कर सकते हैं।

इस रोग से संबंधित मामले की मृत्यु दर 40 प्रतिशत से 75 प्रतिशत अनुमानित है। महामारी विज्ञान निगरानी और नैदानिक प्रबंधन की स्थानीय क्षमताओं के आधार पर यह दर प्रकोप से भिन्न हो सकती है। संक्रमित रोग, सलाहकार, डा अंकिता बैध्या कहती हैं, ''आमतौर पर निपाह वायरस का संक्रमण दूषित शारीरिक तरल पदार्थ के माध्यम से होता है। उस स्थिति में, संक्रामकता दर बहुत अधिक नहीं होती है, लेकिन यदि स्थानीय प्रसार में इसे नियंत्रित नहीं रखा जाता है, तो यह अत्यंत चिंता का विषय हो सकती है।''

> बीमारी शुरू में 3-14 दिनों के बुखार और सिरदर्द के रूप में नजर आती है और इसमें अक्सर सांस की बीमारी के लक्षण शामिल होते हैं, जैसे खांसी, गले में खराश और सांस लेने में कठिनाई।

लक्षणों में तेज बुखार, उल्टी, सिरदर्द और गर्दन में अकड़न होना शामिल है और जब वायरस मस्तिष्क और तंत्रिका तंत्र को प्रभावित करना शुरू कर देता है तो जटिलताएं बढ़ जाती हैं। संक्रमण के कारण हल्की से गंभीर बीमारी हो सकती है, जिसमें मस्तिष्क में सूजन होना भी शामिल है जिससे मृत्यु हो सकती है। लक्षण आमतौर पर वायरस के संपर्क में आने के बाद 4-14 दिनों के भीतर दिखाई देते हैं। शुक्ल बताते हैं, ''बीमारी शुरू में 3-14 दिनों के बुखार और सिरदर्द के रूप में नजर आती है, और इसमें अक्सर सांस की बीमारी के लक्षण शामिल होते हैं, जैसे खांसी, गले में खराश और सांस लेने में कठिनाई। मस्तिष्क की सूजन का एक चरण आ सकता है, जहां लक्षणों में उनींदापन, भटकाव और मानसिक भ्रम होना शामिल हो सकते हैं, जो मरीज को 24-48 घंटों के भीतर तेजी से कोमा में ले जा सकते हैं।''किसी भी अन्य बीमारी की तरह, जल्दी पता लगाना और निगरानी करना आवश्यक है। भले ही मनुष्यों के जरिए वायरस का फैलना कम आम है, लेकिन इसे फैलने से रोकने के लिए एहतियाती कदमों का पालन करना अधिक महत्वपूर्ण है। यदि आप ऐसी जगह रह रहे हैं जहां बहुत सारे चमगादड़ पाए जाते हैं, आपको अतिरिक्त सावधान रहना चाहिए। केरल में, जहां बहुत ज्यादा आबादी है, लोगों को सावधान रहना चाहिए अगर आसपास कोई चमगादड़ मृत पाया जाता है। बैध्या कहती हैं कि अगर लोग बुखार और सिरदर्द और किसी प्रकार के मस्तिष्क संक्रमण के लक्षणों जैसे भूलने की बीमारी की रिपोर्ट कर रहे हैं, तो तत्काल जांच कार्य किया जाना चाहिए।

## डिब्बाबंद ऑक्सीजन के जरिए जीवन रक्षा



**घर पर पोर्टेबल बोतलबंद ऑक्सीजन रखना उतना ही महत्वपूर्ण हो सकता है जितना कि प्राथमिक चिकित्सा किट में बैंड-एड। अलंकार सक्सेना बता रहे हैं कि यह किस तरह हमारी दैनिक जीवन स्थितियों में भी बहुत मददगार हो सकते हैं**

वो प्राथमिक चिकित्सा किट आपके बाथरूम वैनिटी में पड़ा हुई है, इसे कितनी बार थर्मामीटर, एंटीसेप्टिक लिक्विड / क्रीम, ओटीसी दवाओं और बैंड एड्स से परे इस्तेमाल किया जा रहा है? अधिकांश घरों और यहां तक कि कार्यस्थलों के लिए, प्राथमिक चिकित्सा किट में ये कुछ चीजें शामिल होती हैं, जिनका एकमात्र उद्देश्य चोटों व बीमारियों का इलाज करना और उनकी गंभीरता और संक्रमण की संभावना को घटाना होता है। हालांकि, सटीक होने के लिए, प्राथमिक चिकित्सा, मूलत: चिकित्सा देखभाल की प्रतीक्षा करते समय, किसी बीमार या घायल व्यक्ति को दी जाने वाली तत्काल देखभाल है। तो, लो टिशू ऑक्सीजन से जुड़ी प्राणघातक आपात स्थितियों को लेकर कोई तत्काल कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है?

प्राथमिक चिकित्सा पद्धति का सबसे महत्वपूर्ण पहलू 'जीवन का संरक्षण' है, जो तभी संभव है यदि शरीर में हवा का लगातार निर्बाध संचरण हो। अवरुद्ध वायुमार्ग से कुछ ही मिनटों में मस्तिष्क क्षतिग्रस्त हो सकता है। खतरनाक है ना? हाल ही में, भारत अपने गंभीर रूप से प्रदूषित शहरों के लिए चर्चा में रहा है। वास्तव में, स्विस संगठन, आईक्यूएयर द्वारा तैयार 'वर्ल्ड एयर क्वालिटी रिपोर्ट, 2020' के अनुसार, दुनिया के 30 सबसे प्रदूषित शहरों में से 22 शहर भारत में हैं, दिल्ली को विश्व स्तर पर सबसे प्रदूषित राजधानी शहर के रूप में स्थान दिया गया है, जबकि प्रदूषण को रोकने के लिए परिवहन और रहने के तरीके अनेक नीतियां और विकल्प पेश किए जा रहे हैं। लेकिन अभी भी लोगों को घरेलू स्तर पर गंभीर सावधानी बरतने की तत्काल आवश्यकता है।

प्रदूषित वातावरण किसी भी शहर के लिए एक चेतावनी होता है क्योंकि यह उसके मौसम को प्रभावित कर सकता है। यह स्पष्ट रूप से इंगित करता है कि उस हवा में ऑक्सीजन सांस लेने के लिए उपयुक्त नहीं है और आपकी सेहत को काफी हद तक परेशान कर सकती है। बस आसमान को ढंकने वाले स्मॉग की मोटी परत , काम के उसी माहौल में यात्रा करने या काम चलाने और यहां तक कि बच्चों और बुजुर्गों को उस हवा में सांस लेने देने की भयावहता को याद करें। जल्द ही, सांस लेने की समस्या परिवार के लगभग हर सदस्य पर हमला करने के लिए बाध्य है। ऐसे परिदृश्य में, पोर्टेबल बोतलबंद ऑक्सीजन से लैस प्राथमिक चिकित्सा किट हर घर के लिए तारणहार हो सकती है। आपात स्थिति के दौरान, चिकित्सा सहायता की प्रतीक्षा करते समय, पोर्टेबल बोतलबंद ऑक्सीजन से लिया जाने वाला एक कश शरीर और अंगों को ऑक्सीजन के उत्पादन को बनाए रखने में मदद कर सकता है। यह देखते हुए कि शुद्ध ऑक्सीजन की अनुपस्थिति हमारे दैनिक जीवन में एक नया सामान्य होती जा रही है, ''रोकथाम इलाज से बेहतर है'' की पुरानी कहावत पूरी तरह से समझ में आती है। इस प्रकार, घर पर एक पोर्टेबल बोतलबंद ऑक्सीजन रखना हमारे दिन-प्रतिदिन की जीवन स्थितियों में भी बहुत मददगार हो सकता है जैसे सांस की तकलीफ, बीमारी के बाद ठीक होना, जिमिंग, दौड़ना आदि जैसी किसी भी शारीरिक गतिविधि के बाद ठीक होना। इतना ही नहीं, पोर्टेबल बोतलबंद ऑक्सीजन भी आमतौर पर

इस्तेमाल किया जाने वाला प्रदर्शन उत्प्रेरक है जिसका पेशेवर एथलीट खेलों के दौरान उपयोग करते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने पहले ही सांस लेने में तकलीफ महसूस करने वाले वयस्कों के लिए ऑक्सीजन थेरेपी की सिफारिश की है। कोविड 19 वायरस वाली महामारी के बीच इस सिफारिश ने अधिक महत्व प्राप्त कर लिया है, जिससे रक्तप्रवाह में ऑक्सीजन-स्तर में कमी के कारण कुछ मामलों में सांस लेने में तकलीफ होती है।

**- लेखक यूसीएस वेलनेस प्राइवेट लिमिटेड के सह-संस्थापक और सीईओ हैं।**

## समर कूलर

**खरबूजे के बीज :** हम आमतौर पर फलों में लगे बीजों को फेंक देते हैं। हमारे भोजन में बहुत सारे फलों के बीजों का सेवन अलग-अलग तरीकों से किया जा सकता है और बीजों वाला एक ऐसा फल जिसके कि अनगिनत स्वास्थ्य लाभ हैं, वो है खरबूजा।



यह आपके शरीर और त्वचा के लिए बेहतरीन हाइड्रेटर है और गर्मी को दूर रखता है। फाइबर की अच्छी मात्रा होने के कारण, यह मैग्नीशियम, विटामिन ए और फास्फोरस से भी भरपूर होता है जो वजन कम करने की प्रक्रिया को तेज करने में मदद करता है। अच्छा आंत स्वास्थ्य बनाए रखना भी उतना ही महत्वपूर्ण है और ये बीज आपके पेट को साफ करने में मदद करते हैं और एक कृमिनाशक का भी काम करते हैं।

इस कठिन समय के दौरान स्क्रीन की थकान बेहद चिंता का विषय हो सकती है और हम सभी को अपनी आंखों की उचित देखभाल करनी चाहिए। बीजों में मौजूद ल्यूटिन और जेक्सैन्थिन दो कैरोटीनॉयड हैं, जो आपकी आंखों की रोशनी के लिए अद्भुत काम करते हैं।

खरबूजे के बीजों को फल से निकालकर, कुछ दिनों तक धूप में सुखाकर, नाश्ते के रूप में या मीठे व्यंजनों में गार्निशिंग तत्व के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है।

## दादी का कहना

**लोगों के बाल झड़ने के कई कारण हो सकते हैं, यह हार्मोनल हो सकता है या बीमारी के कारण भी हो सकता है। रोशनी देवी ऐसे घरेलू उपचार बता रही हैं जो बालों के झड़ने को रोकने में मददगार हो सकते हैं**



लोगों के बाल झड़ने के कई कारण हो सकते हैं, यह हार्मोनल हो सकता है या बीमारी के कारण भी हो सकता है। रोशनी देवी ऐसे घरेलू उपचार बता रही हैं जो बालों के झड़ने को रोकने में मददगार हो सकते हैं

तो पेश है झड़ते बालों की समस्या का समाधान। मुलेठी एक ऐसी जड़ी-बूटी है जो न सिर्फ आपके बालों को नुकसान होने से बचाती है बल्कि बालों का झड़ना कम करने में भी मदद करती है। इसे मास्चराइजर के रूप में सिर की खाल पर लगाने में इस्तेमाल किया जा सकता है ताकि रुखेपन से छुटकारा मिल सके। प्राकृतिक नद्यपान को मेंहदी के साथ मिलाया जा सकता है, जो आपको बाल धोने के बाद उनका रेशमीपन प्राप्त करने में मदद करेगा। इससे यह आपके बालों को वैसे ही मॉइस्चराइज करेगा जैसे यह उन्हें मजबूत और बेहतर बनाता है। आवश्यक तेलों और बालों की मिट्टी के साथ नद्यपान भी बालों के लिए कुछ बेहतरीन कवच बनाता है।



नद्यपान की जड़ को एक चौथाई चम्मच केसर के साथ एक कप दूध में मिलाकर बारीक पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को हफ्ते में दो बार लगाएं और इसे रात भर के लिए अपने बालों की जड़ों और बालों की लंबाई पर लगाकर छोड़ दें, इससे बालों का झड़ना कम हो सकता है।

मुलेठी की जड़ रूखी, पपड़ीदार या खुजली वाली खोपड़ी को कम करने का काम करती है। लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि मुलेठी की जड़ आपके सिर की खाल को सांस लेने का रास्ता देती है और आपके कमजोर बालों के रोम को मजबूत बनाती है, जो कि बालों के झड़ने का सबसे पहला कारण होता है। तत्काल परिणामों का आनंद लेने के लिए, इसे साप्ताहिक स्तर पर लगाएं या चाय के रूप में मौखिक रूप से सेवन करें।

## स्वास्थ्य देखभाल को बनाएं मजबूत

मौजूदा महामारी से सबक लेते हुए और सदी में एक बार के अवसर पर जोर देते हुए, डब्ल्यूएचओ दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्र के देशों ने स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए स्वास्थ्य प्रणाली प्रतिरक्षण को मजबूत करने और सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज व स्वास्थ्य के सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए एक मंत्रिस्तरीय घोषणा को अपनाया।

मंत्रिस्तरीय गोलमेज बैठक के दौरान डब्ल्यूएचओ दक्षिण-पूर्व एशिया की क्षेत्रीय निदेशक डा पूनम सिंह ने कहा, ''मजबूत स्वास्थ्य प्रणालियां जो प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल उन्मुख हैं, और जो किसी को पीछे नहीं छोड़ती हैं, ऐसी आबादी बनाती हैं जो स्वस्थ, अधिक उत्पादक और आर्थिक रूप से सुरक्षित है। लचीला स्वास्थ्य प्रणालियां आपातकालीन तैयारियों और प्रतिक्रिया का आधार हैं, और जो यह सुनिश्चित करती हैं कि जब गंभीर घटनाएं हों, तो अत्यावश्यक स्वास्थ्य सेवाओं को बनाए रखा जा सके।''

मंत्रिस्तरीय गोलमेज सम्मेलन में अपनाई गई घोषणा के माध्यम से, सदस्य देशों ने स्वास्थ्य सुरक्षा को आगे बढ़ाने और सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज व स्वास्थ्य संबंधी एसडीजी की दिशा में प्रगति के लिए राजनीतिक नेतृत्व और जवाबदेही प्रदान करने की प्रतिबद्धता दिखाई।

सदस्य देशों ने सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकालीन क्षमताओं और सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज की उपलब्धि, दोनों को मजबूत करने की नींव के रूप में, सार्वजनिक निवेश में वृद्धि के माध्यम से व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल की ओर स्वास्थ्य प्रणालियों को पुनर्निर्देशित करने का निर्णय लिया। क्षेत्रीय निदेशक ने कहा, ''महामारी ने स्वास्थ्य हेतु मानव संसाधन में निवेश की तात्कालिकता और महत्व पर प्रकाश डाला है, विशेष रूप से प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल स्तर पर, और सार्वजनिक स्वास्थ्य आपात स्थितियों के लिए प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के लिए सस्ती, प्रभावी, गुणवत्तापूर्ण और सुरक्षित चिकित्सा उत्पादों की पर्याप्त आपूर्ति और लचीली स्वास्थ्य प्रणाली बनाने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला है।'' यह घोषणा महामारी के दौरान और बाद में आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं व सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों के वितरण को बनाए रखने के लिए समुदायों के साथ घनिष्ठ जुड़ाव और सशक्तीकरण के लिए भी प्रतिबद्ध है।

पायनियर
लखनऊ, रविवार, 19 सितंबर, 2021



# कोविड का नया प्रतिरूप 'म्यू'

यहां तक कि दुनिया भर में कोविड -19 डेल्टा संस्करण के मामले लगातार बढ़ रहे हैं, एक नया संस्करण, म्यू, डब्ल्यूएचओ के लिए रुचि का विषय बन गया है। ऐसा प्रतीत होता है कि इस नए स्ट्रेन में पिछले कोविड -19 संक्रमण या टीकाकरण द्वारा प्रदान की गई प्रतिरक्षा से बचने की क्षमता वाले उत्परिवर्तन हैं। क्या म्यू चिंता का एक प्रकार हो सकता है? इस संबंध में विशेषज्ञों से बात की सुप्रिया रमेश ने।

चूंकि पिछले साल कोविड -19 महामारी ने दुनिया को प्रभावित किया था, इसलिए कोई कमी नहीं आई है - यो तो विश्व स्तर पर मामलों की संख्या में और न ही नए रूपों के उद्भव में। जब भारत में दूसरी लहर आई तो इस बात की चर्चा थी कि तीसरी लहर का बच्चों पर ज्यादा असर कैसे पड़ेगा। लेकिन अब ऐसा लग रहा है कि आगे और भी चिंताएं हैं। न केवल भारत के लिए बल्कि पूरी दुनिया के लिए एक नया प्रकार - म्यू - जिसे कोलंबिया, दक्षिण अमेरिका में खोजा गया था, नई चिंता है।

अच्छी बात यह है कि सरकार ने कहा है कि भारत में अभी तक वैरिएंट नहीं मिला है, यह कब देश में प्रवेश कर कहर बरपा सकता है, कहा नहीं जा सकता।

देश ने 27 जनवरी, 2020 को केरल में अपना पहला कोविड -19 मामला दर्ज किया, और देश तब से वायरस से जकड़ा हुआ है और इस महामारी कालकोठरी से बाहर आना केवल एक दूर के सपने जैसा लगता है। जब से विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने 6 मई, 2021 को डेल्टा संस्करण को चिंता का विषय (वीओसी) घोषित किया है, देश ने दुनिया भर में मामलों और मौतों की एक नई लहर देखी है, जिससे देश में सुधार की गति धीमी हो रही है, आर्थिक स्थिरता को खतरा है और गंभीर सामाजिक और राजनीतिक प्रभाव संभावित हैं।

नया संस्करण अब अधिक ध्यान आकर्षित कर रहा है क्योंकि यह देश के कुछ हिस्सों में फैलना शुरू हो गया है और यह ध्यान देने योग्य बात है। म्यू न केवल उच्च संख्या या उच्च प्रतिशत में देखा जा रहा है, बल्कि यह पूरे अमेरिका में विभिन्न स्थानों पर पाया जा रहा है, वर्तमान में कोलंबिया में इस प्रकार के उच्चतम प्रसार के साथ।

यह आनुवंशिक संरचना में कोविड के जीनोम में उत्परिवर्तन के एक समूह को वहन करता है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार, यह अभी भी रुचि का एक प्रकार है और भारत में अभी तक किसी भी नमूने का पता नहीं चला है।


''कोलम्बिया से यह इक्वाडोर (13 प्रतिशत) और चिली (लगभग 40 प्रतिशत) जैसे अन्य दक्षिण अमेरिकी देशों में फैल गया है। म्यू संस्करण अब संयुक्त राज्य अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, दक्षिण कोरिया, जापान, इक्वाडोर सहित 43 देशों में पाया गया है। कनाडा और यूरोप के कुछ हिस्सों में। अब तक, भारत में इसका पता नहीं चला है'', डॉ राहुल पंडित, सदस्य, कोविड -19 टास्क फोर्स, महाराष्ट्र सरकार कहते हैं।

वह आगे कहते हैं कि दुनिया भर में म्यू वेरिएंट के 4700 से अधिक मामले हैं। हालांकि 2000 मामलों के साथ, अमेरिका ने सबसे अधिक एमयू मामले दर्ज किए हैं, इसे अभी तक तत्काल खतरा नहीं माना गया है।

नई दिल्ली के संक्रामक रोग, मणिपाल अस्पताल, द्वारका, की सलाहकार डॉ अंकिता बैद्य, कहती हैं, ''रुचि का एक प्रकार चिंता का एक प्रकार बन जाता है जब हम प्रलेखित साक्ष्य देखते हैं कि वायरस की संचरण क्षमता में वृद्धि हुई है, यह अधिक खतरनाक है, टीकों के प्रति अधिक प्रतिरोध है, और उच्च संक्रामकता दर है'', संक्रामक रोग, मणिपाल अस्पताल, द्वारका, नई दिल्ली।

जनवरी 2021 में अपनी पहली उपस्थिति बनाने के बावजूद, और तब से आसपास होने के बावजूद, म्यू वेरिएंट डेल्टा जितना खराब नहीं लगता है, जो कि दुनिया के अधिकांश हिस्सों में प्रमुख संस्करण है। लेकिन म्यू में म्यूटेशन हैं जो हमें कोविड के टीकों से मिलने वाली सुरक्षा से बचने की क्षमता रखते हैं।

हालांकि, चिंता की बात यह है कि यह इस रूप में प्रतिरक्षा से बचने की घटना को जन्म दे सकता है कि प्राकृतिक संक्रमण के माध्यम से मौजूदा एंटीबॉडी हमें इस संक्रमण से बचाने में सक्षम नहीं हो सकते हैं। ''जब हम इस तरह के नवीन उपभेदों को दुनिया में घूमते हुए देखते हैं, तो यह चिंता का विषय बन जाता है, विशेष रूप से इसमें इतने सारे उत्परिवर्तन होते हैं जो हमारी प्रतिरक्षा से बच सकते हैं और एक ऐसे व्यक्ति को भी फिर से संक्रमित कर सकते हैं जो पहले से ही कुछ अलग प्रतिरूप से संक्रमित होकर उबर चुका है'', बैद्य बताते हैं।




डब्ल्यूएचओ ने कहा है, ''म्यू संस्करण में उत्परिवर्तन का एक नक्षत्र है जो प्रतिरक्षा से बचने के संभावित गुणों को इंगित करता है। प्रारंभिक साक्ष्य से पता चलता है कि ये उत्परिवर्तन बीटा संस्करण के समान टीका- और स्वस्थ सीरम-प्रेरित एंटीबॉडी से बचने की अनुमति दे सकते हैं।''

डॉ सोमेश्वर सिंह, लीड कंसल्टेंट, ईएनटी, मधुकर रेनबो चिल्ड्रन हॉस्पिटल का कहना है कि हालांकि रिपोर्टों ने हाल ही में दक्षिण अमेरिका के अलावा दुनिया के अधिकांश हिस्सों में इसके गिरावट का सुझाव दिया है, हमें ध्यान से देखना होगा कि यह तनाव कैसे फैलता है।

अभी तक सटीक संक्रमण दर अच्छी तरह से स्थापित नहीं है और अधिक डेटा की आवश्यकता है क्योंकि केवल छिटपुट मामले ही हुए हैं। ''यह उत्परिवर्तन के साथ, इस प्रतिरूप से अधिक गंभीर संक्रमण होने की संभावना है क्योंकि यह किसी प्रकार की प्रतिरक्षा से बचने की घटना दिखा रहा है, जिसका अर्थ है कि पिछला एंटीबॉडी काम नहीं कर रहा है और इसके परिणामस्वरूप उच्च संक्रामक दर हो सकती है,'', बैद्य कहते हैं।

टीकों की प्रभावकारिता के बारे में बात करते हुए, यह पुष्टि करने के लिए अभी भी बहुत सारे शोध किए जाने हैं कि मौजूदा टीके म्यू स्ट्रेन के खिलाफ प्रभावी होंगे या नहीं। साथ ही, यह जोखिम भी मौजूद है कि यह टीके के प्रभाव को कम कर सकता है।

- पिछले महीने इंग्लैंड की सार्वजनिक स्वास्थ्य एजेंसी की एक रिपोर्ट ने सुझाव दिया था कि एमयू संस्करण टीकों के लिए प्रतिरोधी हो सकता है क्योंकि चिंताजनक बीटा संस्करण पहली बार दक्षिण अफ्रीका में देखा गया था, लेकिन कहा कि अधिक वास्तविक दुनिया के डेटा की आवश्यकता थी
- डब्ल्यूएचओ के अधिकारियों ने कहा कि दक्षिण अमेरिका के कुछ देशों में एमयू संस्करण बढ़ रहा है, लेकिन डेल्टा संस्करण अभी भी कहीं अधिक आसानी से फैलता है
- एमयू संस्करण तेजी से फैलता नहीं दिख रहा है : यह वैश्विक स्तर पर कोविड-19 मामलों के 1 प्रतिशत से कम के लिए जिम्मेदार है
- कोलंबिया में, यह लगभग 39 प्रतिशत मामलों के लिए जिम्मेदार हो सकता है
- वैज्ञानिक संदिग्ध आनुवंशिक परिवर्तनों के आधार पर उभरते हुए कोविड-19 रूपों की निगरानी करते हैं और फिर यह निर्धारित करने के लिए सबूत की तलाश करते हैं कि नया संस्करण अधिक संक्रामक है या अधिक गंभीर बीमारी का कारण बनता है
- वायरस लगातार विकसित होते हैं और कई नए प्रकार अक्सर फीके पड़ जाते हैं

बैद्य का कहना है कि म्यू स्ट्रेन के लक्षण और लक्षण काफी हद तक डेल्टा वेरिएंट से मिलते-जुलते हैं। इसमें ऊपरी श्वसन पथ के सामान्य वायरल लक्षणों के साथ-साथ खांसी और सर्दी, हल्का बुखार, दस्त, पेट के लक्षण, मतली और अपच के लक्षण भी अच्छी मात्रा में होते हैं। अन्य वायरल लक्षणों की तरह कुछ सिरदर्द, पैर में दर्द और शरीर में दर्द भी हो सकता है।

वर्तमान में, मौजूदा उपभेदों के समान किसी भी प्रकार के लिए केवल रोगसूचक उपचार दिया जाता है। उपचार ज्यादातर रोग की गंभीरता के अनुसार तैयार किया जाता है चाहे वह हल्का, मध्यम या गंभीर हो।

हम में से बहुत से लोग सोच रहे हैं कि वायरस कितनी जल्दी बदल जाता है और हर नए संस्करण के उभरने के साथ, इस घातक महामारी से उबरना मुश्किल लगता है और एक दूर के सपने जैसा लगता है। दूसरी ओर, हम महामारी के साथ जीना सीख रहे हैं और अब इसे जीवन का एक हिस्सा मान रहे हैं।

प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया से बचने, एंटीबॉडी दबाव से बचने और एंटीवायरल दबाव से बचने के लिए वायरस आनुवंशिक संरचना में उत्परिवर्तन से गुजरना जारी रखेगा। नए उत्परिवर्तन मौजूदा उपभेदों की तुलना में कम या अधिक गंभीर हो सकते हैं, लेकिन साथ ही हमें पर्याप्त संक्रमण नियंत्रण सावधानी बरतने से नहीं रोकना चाहिए जैसे मास्क पहनना, हाथ की स्वच्छता का अभ्यास करना और सामाजिक दूरी बनाए रखना। ''आज, दुनिया एक छोटी सी जगह है क्योंकि लोग कुछ ही घंटों में दूर-दूर की यात्रा करते हैं, इससे वायरस फैलने में मदद मिलती है। हमें वायरस के प्रसार से लड़ने के लिए सावधानीपूर्वक तैयार किए गए सामाजिक अलगाव और संगरोध उपायों का अभ्यास करने की आवश्यकता है। टीकाकरण बहुत महत्वपूर्ण है'', सिंह बताते हैं।

म्यू वेरिएंट में स्पाइक प्रोटीन में टी95आई, वाई144एस, वाई145एन, आर346के, ई484के, एन501वाई, डी614जी, पी681एच, वाई144टी, के417एन और डी950एन जैसे गंभीर म्यूटेशन हैं। इनमें से कुछ उत्परिवर्तन चिंता के रूपों में पाए गए हैं। एन501वाई और पी681एच म्यूटेशन भी अल्फा वेरिएंट (बी.1.1.7) में मौजूद हैं, जिन्हें पहली बार यूके में पाया गया था और इन्हें रैपिड ट्रांसमिशन से जोड़ा गया है। एन501वाई उत्परिवर्तन चिंता के बीटा और गामा वेरिएंट (वीओसी) में भी मौजूद है। ई484के और के417एन उत्परिवर्तन, जो बीटा संस्करण में भी होते हैं (बी.1.351, पहली बार दक्षिण अफ्रीका में पाया गया) प्रतिरक्षा से बचने से जुड़े हैं। हालांकि, अन्य उत्परिवर्तन का महत्व अभी तक ज्ञात नहीं है।

## नए प्रतिरूप से बचने के लिए जल्द टीका लगवाएं

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डलूएचओ) ने 30 अगस्त, 2021 को रुचि का पांचवां संस्करण (वीओआई)- बी1.621.1 जोड़ा और इसे म्यू संस्करण- लेबल किया। अन्य चार वर्तमान वीओआई हैं ईटीए (बी1.525), एलओटीए (बी.1.526), कप्पा (बी.1.617.1) और लैम्ब्डा (सी.37)।


म्यू वेरिएंट की पहचान सबसे पहले जनवरी 2021 में दक्षिण अमेरिका के कोलंबिया में हुई थी, जहां विश्लेषण किए गए 39 फीसदी नमूनों में म्यू का पता चला है। वहां से, यह इक्वाडोर (13 प्रतिशत) और चिली (लगभग 40 प्रतिशत) जैसे अन्य दक्षिण अमेरिकी देशों में फैल गया है।

एमयू संस्करण अब अमेरिका, ब्रिटेन, दक्षिण कोरिया, जापान, इक्वाडोर, कनाडा और यूरोप के कुछ हिस्सों सहित 43 देशों में पाया गया है। अभी तक भारत में इसका पता नहीं चला है।

डॉ राहुल पंडित, सदस्य, कोविड-19 टास्क फोर्स, महाराष्ट्र सरकार के अनुसार, दुनिया भर में म्यू वेरिएंट के 4,700 से अधिक मामले हैं। हालांकि 2000 मामलों के साथ, अमेरिका ने सबसे अधिक एमयू मामले दर्ज किए हैं, इसे अभी तक तत्काल खतरा नहीं माना गया है।

पिछले महीने, डब्ल्यूएचओ ने कहा है कि म्यू संस्करण में उत्परिवर्तन का एक समूह है जो प्रतिरक्षा से बचने के संभावित गुणों का संकेत देता है। ''प्रारंभिक साक्ष्य से पता चलता है कि ये उत्परिवर्तन बीटा संस्करण के समान वैक्सीन- और दीक्षांत सीरम-प्रेरित एंटीबॉडी से बचने की अनुमति दे सकते हैं'', डॉ पंडित कहते हैं।

म्यू वेरिएंट में स्पाइक प्रोटीन में टी95आई, वाई144एस, वाई145एन, आर346के, ई484के, एन501वाई, डी614जी, पी681एच, वाई144टी,



के417एन और डी950एन जैसे गंभीर म्यूटेशन हैं।

''इनमें से कुछ उत्परिवर्तन चिंता के रूपों में पाए गए हैं। एन501वाई और पी681एच म्यूटेशन भी अल्फा वेरिएंट (बी1.1.7) में मौजूद हैं, जिन्हें पहली बार यूके में पाया गया था और इन्हें रैपिड ट्रांसमिशन से जोड़ा गया है। एन501वाई उत्परिवर्तन चिंता के बीटा और गामा वेरिएंट (वीओसी) में भी मौजूद है। ई484के और के417एन उत्परिवर्तन, जो बीटा संस्करण में भी होते हैं (बी1.351, पहली बार दक्षिण अफ्रीका में पाया गया) प्रतिरक्षा से बचने से जुड़े हैं। हालांकि, अन्य उत्परिवर्तनों का महत्व अभी तक ज्ञात नहीं है'', डॉ पंडित बताते हैं।

डेल्टा संस्करण (बी.1.617.2) दुनिया भर में प्रमुख संस्करण बना हुआ है और दुनिया के कई हिस्सों में मामलों के पुनरुत्थान का प्रमुख कारण है।

वर्तमान में, विश्व स्तर पर एमयू संस्करण केवल 0.1 प्रतिशत मामलों के लिए जिम्मेदार है, भले ही यह इस साल जनवरी के आसपास रहा हो।

हालांकि यह चिंता का एक प्रकार (वीओसी) नहीं है, लेकिन किसी भी बदलाव का पता लगाने के लिए इसकी बारीकी से निगरानी की जा रही है जो इसे डेल्टा संस्करण की तुलना में अधिक पारगम्य बनाता है, अधिक गंभीर बीमारी का कारण बनता है और टीकों को कम प्रभावी बनाता है। यदि ऐसा होता है, तो इसे वीओसी के रूप में पुनः वर्गीकृत किया जा सकता है।

''नए रूपों के उद्भव को रोकने के लिए सबसे अच्छी रणनीति अधिक से अधिक लोगों को तेजी से टीकाकरण करना है। टीकाकरण की आबादी जितनी बड़ी होगी, वायरस के संक्रमित और उत्परिवर्तित होने की संभावना उतनी ही कम होगी'', डॉ पंडित कहते हैं।

# चेन्नई सुपर किंग्स और मुंबई इंडियन्स के बीच आईपीएल मैच का आगाज आज

## ● टी-20 विश्व कप को ध्यान में रखकर आईपीएल में उतरेंगे खिलाड़ी

**भाषा।** दुबई

**चेन्नई** सुपर किंग्स और मुंबई इंडियन्स के बीच रविवार को होने वाले धमाकेदार मैच से इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के दूसरे चरण का आगाज होगा जिसमें खिलाड़ियों को टी20 विश्व कप से पहले यूएई की परिस्थितियों को समझने का भी मौका मिलेगा। भारत में कोविड-19 की दूसरी लहर के कारण आईपीएल को मई में बीच में ही स्थगित करना पड़ा था। उस समय तक टूर्नामेंट के 29 मैच ही हो पाए थे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) अब ऐसी किसी स्थिति से बचने के लिए प्रार्थना कर रहा होगा। बीसीसीआई को आईपीएल के दूसरे चरण के आयोजन के लिए कार्यक्रम तय करने में काफी मशक्कत करनी पड़ी थी। ऐसे में इंग्लैंड दौरे पर गई भारतीय टीम में कोविड-19 के मामले पाए जाने से बीसीसीआई की भी सांसे फूलने लगी थी लेकिन यह बड़ा मुद्दा नहीं बना तथा भारत और इंग्लैंड के जिन खिलाड़ियों को आईपीएल में खेलना है वे सुरक्षित यहां पहुंच गए। आईपीएल में 2019 के बाद पहली बार सीमित संख्या में दर्शक भी उपस्थित रहेंगे जिससे टूर्नामेंट का रोमांच बढ़ जाएगा। टी20 विश्व कप के लिए टीमें घोषित की जा चुकी हैं लेकिन आईपीएल के प्रदर्शन को तब भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। किसी खिलाड़ी के चोटिल होने पर अंतिम क्षणों में भी कोई अन्य खिलाड़ी उसकी जगह ले सकता है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने वैसे भी 10 अक्टूबर तक बदलाव की अनुमति दे रखी है। विश्व कप के बाद टी20 की कप्तानी छोड़ने की घोषणा करने वाले भारतीय कप्तान विराट कोहली आईसीसी ट्रॉफी उठाने का अपना सपना पूरा करने से पहले रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर को आईपीएल का पहला खिताब दिलाना चाहेंगे। यूएई में आईपीएल के 31 मैच खेले जाएंगे और इसका मतलब होगा कि टूर्नामेंट के दौरान पिच अच्छी रहेगी। भारत की तुलना में परिस्थितियां भिन्न होंगी और पिचें कुछ धीमी होंगी ऐसे में सभी टीमें नए सिरे से ही शुरुआत करेंगी। चेन्नई और मुंबई की चिर प्रतिद्वंद्विता के साथ रविवार को आईपीएल बहाल होगा। मुंबई ने अब तक सात मैचों में चार में जीत दर्ज की है और किसी भी तरह की ढीली शुरुआत उसे भारी पड़ सकती है। पिछले साल के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद चेन्नई ने लय हासिल कर ली है। उसके सात मैच में पांच जीत से 10 अंक हैं। उसके युवा खिलाड़ियों ऋतुराज गायकवाड़ और सैम करेन ने अब तक अच्छा प्रदर्शन किया है। उसके स्पिनरों इमरान ताहिर, मोईन अली और रविंद्र जडेजा ने भी प्रभाव छोड़ा। मोईन और जडेजा ने बल्लेबाजी में भी अच्छा प्रदर्शन किया है। कई दिग्गज खिलाड़ियों से सजी यह टीम अब कप्तान महेंद्र सिंह धोनी और सुरेश रैना के भी लय में लौटने की उम्मीद कर रही होगी। जहां तक मुंबई का सवाल है तो उसके मध्यक्रम को अच्छा प्रदर्शन की जरूरत है और उसके गेंदबाजों को भी पावरप्ले में बेहतर खेल दिखाना होगा। कप्तान रोहित शर्मा शानदार फॉर्म में चल रहे हैं जबकि सूर्यकुमार यादव, इशान किशन और लेग स्पिनर राहुल चाहर विश्व कप टीम में जगह बनाने से आत्मविश्वास से ओतप्रोत होंगे। हार्दिक पंड्या के भी नियमित रूप से गेंदबाजी करने की उम्मीद है जिससे आईसीसी टूर्नामेंट के लिए भारत के पास अधिक विकल्प हो जाएंगे। पंजाब किंग्स, राजस्थान रॉयल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स की टीमें कुछ खिलाड़ियों के हटने से प्रभावित हुई हैं। उसके अन्य खिलाड़ियों को इसकी भरपाई करनी होगी।




### मुंबई इंडियंस ने चोटिल मोहसिन खान की जगह रुश कलारिया को शामिल किया

**दुबई।** गत चैम्पियन मुंबई इंडियंस ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के संयुक्त अरब अमीरात में होने वाले चरण के लिए चोटिल मोहसिन खान की जगह अपनी मुख्य टीम में तेज गेंदबाजी आल राउंडर रुश कलारिया को शामिल किया। कलारिया मुंबई इंडियंस टीम के साथ बैक-अप खिलाड़ी के तौर पर अबुधाबी गए थे और इस 28 साल के खिलाड़ी ने अपना पहला आईपीएल अनुबंध भी हासिल कर लिया। कलारिया 2012 आईसीसी अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप में भारत की अंडर-19 टीम का हिस्सा थे। वह 2012 में पदार्पण के बाद से घरेलू क्रिकेट में गुजरात के अहम खिलाड़ी रहे हैं। कलारिया को शनिवार को ट्रेनिंग सत्र के दौरान टीम में शामिल किया गया।

### हसरंगा और चमीरा ने टीम को नया आयाम दिया: कोहली

**दुबई।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के कप्तान विराट कोहली ने कहा कि श्रीलंका के खिलाड़ी वानिंदु हसरंगा और दुशमंता चमीरा के आने से टीम को नया आयाम मिला है लेकिन वे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के पहले चरण के अच्छे प्रदर्शन को हल्के में नहीं लेंगे। आईपीएल के 14वें सत्र के दौरान मई में बायो-बबल में कोरोना वायरस संक्रमण के कई मामले मिलने के बाद स्थगित कर दिया था। इसके बचे हुए मैचों को रविवार से यूएई (संयुक्त अरब अमीरात) में खेला जाएगा। कोहली ने दूसरे चरण के शुरू होने से पहले टीम की नीली जर्सी के लॉन्च करने के मौके पर पर पहले चरण में भाग लेने वाले एडम जम्पा और केन रिचर्डसन जैसे खिलाड़ियों को याद किया। कोहली ने कहा, हमने बदलाव किए हैं, हमें उनकी जगह दूसरे खिलाड़ी मिले हैं। पहले चरण में हमारे साथ रहे केन रिचर्डसन, एडम जम्पा ने दूसरे चरण में नहीं खेलने का फैसला किया।

## शास्त्री ने कहा, कोच के रूप में जो चाहा वह हासिल किया

**लंदन।** रवि शास्त्री का भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच के रूप में कार्यकाल अगले महीने टी20 विश्व कप के साथ समाप्त हो जाएगा और उन्होंने स्वीकार किया कि इससे उन्हें थोड़ा दुख होगा लेकिन साथ ही कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल में जो चाहा वह हासिल किया और वह सही समय पर इस जिम्मेदारी से मुक्त हो रहे हैं। शास्त्री का मुख्य कोच के रूप में कार्यकाल 2017 में शुरू हुआ था। इसके बाद उन्हें 2019 में फिर से इस पद पर नियुक्त कर दिया गया था। टी20 विश्व कप 17 अक्टूबर से यूएई में खेला जाएगा। कोविड-19 के लिए पॉजिटिव पाए जाने के कारण 59 वर्षीय शास्त्री अभी पृथकवास पर हैं। उन्होंने द गार्डियन से कहा कि टी20 विश्व कप विशेष होगा लेकिन टीम ने उनके रहते हुए पहले ही विशिष्ट उपलब्धियां हासिल की हैं। शास्त्री ने कहा, मेरा ऐसा मानना है क्योंकि मैंने जो चाहा वह हासिल किया। पांच साल तक नंबर एक (टेस्ट क्रिकेट में) रहे, आस्ट्रेलिया में दो बार जीते, इंग्लैंड में जीते। उन्होंने कहा, मैंने माइकल आथरटन से बात की थी और कहा था, मेरे लिए यह चरम है आस्ट्रेलिया को आस्ट्रेलिया में हराना और इंग्लैंड में कोविड काल में जीत दर्ज करना।

# मुख्य कोच पद के लिए कुंबले, लक्ष्मण से संपर्क कर सकता है बीसीसीआई

**भाषा।** नई दिल्ली






**कप्तान** विराट कोहली के साथ मतभेदों के कारण चार साल पहले अपना पद छोड़ने वाले अनिल कुंबले और अपनी कलात्मक बल्लेबाजी के लिए मशहूर वीवीएस लक्ष्मण भारतीय क्रिकेट टीम का मुख्य कोच बनने की दौड़ में शामिल हो सकते हैं। वर्तमान कोच रवि शास्त्री का कार्यकाल टी20 विश्व कप के बाद समाप्त हो जाएगा और ऐसे में सौरव गांगुली की अगुवाई वाला भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) कुंबले और लक्ष्मण से मुख्य कोच पद के लिए आवेदन करने को कह सकता है। कुंबले 2016-17 में भारतीय टीम के कोच थे। सचिन तेंदुलकर, लक्ष्मण और गांगुली की अगुवाई वाली क्रिकेट सलाहकार समिति ने उन्हें शास्त्री के स्थान पर कोच नियुक्त किया था। लेकिन चैंपियन्स ट्राफी फाइनल में पाकिस्तान से हार के बाद उनके कोहली के साथ मतभेद खुलकर सामने आ गए थे। इसके बाद कुंबले ने अपने पद से त्यागपत्र दे दिया था। बीसीसीआई कुंबले के अलावा लक्ष्मण से भी संपर्क कर सकता है जो पिछले कुछ वर्षों से इंडियन प्रीमियर लीग की टीम सनराइजर्स हैदराबाद से जुड़े हुए हैं। इसके बावजूद कुंबले कोच पद के प्रबल दावेदार रहेंगे। बीसीसीआई सूत्रों ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई से कहा, अनिल कुंबले ने जिन परिस्थितियों में पद छोड़ा था उसमें सुधार करने की जरूरत है। जिस तरह से सीओए (प्रशासकों की समिति) कोहली के दबाव में आ गई थी और उन्हें (कुंबले) को हटा दिया गया था वह सही नहीं था। हालांकि यह इस पर भी निर्भर करेगा कि कुंबले या लक्ष्मण इस पद के लिए आवेदन करने के इच्छुक हैं या नहीं। कोहली पहले ही घोषणा कर चुके हैं कि वह विश्व कप के बाद टी20 की कप्तानी छोड़ देंगे। बीसीसीआई की पहली पसंद भारतीय कोच हैं तथा कुंबले और लक्ष्मण को 100 से अधिक टेस्ट मैच खेलने के अलावा कोचिंग का भी अनुभव है। विदेशी कोच दूसरा विकल्प है। सूत्र ने कहा, बीसीसीआई के कोच पद के लिए मानदंड ऐसा होगा जिससे कि खिलाड़ी के रूप अच्छे रिकार्ड के साथ कोचिंग का अनुभव रखन वाले ही आवेदन कर सके। सूत्रों से विक्रम राठौड़ की दावेदारी के बारे में पूछा गया, उन्होंने कहा, अगर वह चाहें तो आवेदन कर सकते है लेकिन भारतीय क्रिकेट टीम का मुख्य कोच बनने के लिए उनके पास वैसा रूतबा नहीं है।

# न्यूकासल और लीड्स का मैच 1-1 से ड्रा छूटा

**एपी।** न्यूकासल



**न्यूकासल** ने एलन सेंट मैक्सिमिन के गोल की मदद से लीड्स के खिलाफ इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट मैच।-। से ड्रा खेला। फ्रांस के 24 वर्षीय मैक्सिमिन ने सेंट जेम्स पार्क स्टेडियम में लगभग 50 हजार दर्शकों के सामने 44वें मिनट में बराबरी का गोल किया। इससे पहले राफिन्हा ने 13वें मिनट में लीड्स को बढ़त दिलाई थी। इन दोनों टीमों को लीग में अब भी पहली जीत का इंतजार है। लीड्स के पांच मैचों में तीन और न्यूकासल के इतने ही मैचों में दो अंक हैं। मैनचेस्टर यूनाईटेड, चेल्सी, लिवरपूल और एवर्टन के चार चार मैचों में समान 10 अंक हैं और वे शीर्ष पर हैं।

## क्विक न्यूज

### पिजाका के गोल से टोरिनो ने सासुओलो को हराया

**रेजियो एमिलिया (इटली)।** मार्को पिजाका के अंतिम क्षणों में किए गए गोल की मदद से टोरिनो ने इटालियन फुटबॉल लीग सेरी ए में सासुओलो को।-0 से हराया। टोरिनो की सत्र के शुरू में दो हार के बाद यह लगातार दूसरी जीत है। उसके अब चार मैचों में छह अंक हो गए है और वह शीर्ष पर चल रहे रोमा, एसी मिलान और नैपोली से तीन अंक पीछे है। सासुओलो के चार अंक हैं। पिजाका ने 83वें मिनट में यह गोल किया। उनका शॉट कोण लेकर गोल में गया जिसका सासुओलो के गोलकीपर आंद्रिया कॉनसिगली के पास कोई जवाब नही था।

### आपरेशन के बाद पेले की स्थिति सामान्य

**साओ पाउलो।** ब्राजील के दिग्गज फुटबॉलर पेले की आंत से ट्यूमर निकालने के लिए किए आपरेशन के बाद स्थिति सामान्य बनी हुई है और उनकी बेटी केली नेसिमेंटो ने कहा कि वह धीरे धीरे ठीक हो रहे है। उन्होंने इन रिपोर्टों पर टिप्पणी नही कि 80 वर्षीय पेले को फिर से आपात चिकित्सा कक्ष में भर्ती किया गया है। पेले का चार सितंबर को आपरेशन किया गया था। केली नेसिमेंटो ने अपने पिता के साथ एक तस्वीर इंस्टाग्राम पर साझा की है जिसमें उन्होंने कहा कि यह तस्वीर अल्बर्ट आइंस्टीन अस्पताल में उनके कमरे में अभी अभी ली गई थी। उन्होंने कहा, वह धीरे धीरे ठीक हो रहे है और सामान्य स्थिति में है। इस तरह के आपरेशन के बाद इतनी उम्र के व्यक्ति की स्थिति में कभी कभी हल्का उतार चढ़ाव आता है। कल वह बेहद थकान महसूस कर रहे थे, लेकिन आज उन्हें अच्छा लग रहा है। पेले के रहते हुए ब्राजील ने 1958, 1962 और 1970 में विश्व कप जीता। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में 92 मैचों में 77 गोल किए जो ब्राजील की तरफ से रिकार्ड है।

### शुभंकर ने दो ईगल जमाए, दूसरे दौर के बाद संयुक्त नौवें स्थान पर

**क्रोम्वायर्ट (नीदरलैंड)।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा ने दूसरे दौर मे दो ईगल की मदद से छह अंडर 66 का कार्ड खेला जिससे वह डच ओपन गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त नौवें स्थान पर पहुंच गए है। पहले दौर में दो अंडर 70 का स्कोर बनाने वाले शुभंकर का कुल स्कोर आठ अंडर है और वह शीर्ष पर चल रहे क्रिस्टोफर ब्रोबर्ग (68-64) से चार शॉट पीछे है। उनका कुल स्कोर अभी 12 अंडर है। शुभंकर ने बोगी से शुरुआत की लेकिन तीसरे और छठे होल में बर्डी बनाने मे सफल रहे। उन्होने पार-5 वाले 12वे होल मे ईगल बनाया। इसके बाद वह पार-4 वाले 15वे होल में भी ईगल बनाने में सफल रहे। उन्होंने 18वें होल मे बर्डी के साथ दिन का समापन किया।

### हनी बैस्य ने जेएंडके ट्रॉफी जीतकर तीन साल के खिताबी सूखे को खत्म किया

**श्रीनगर।** दिल्ली के गोल्फ खिलाड़ी हनी बैस्य शनिवार को यहां जेएंडके (जम्मू कश्मीर) ओपन 2021 गोल्फ टूर्नामेंट के चौथे और आखिरी दौर मे चार अंडर 68 के शानदार कार्ड खेलकर चार शॉट के अंतर के साथ विजेता बने। छह बार के पीजीटीआई विजेता बैस्य (67, 69, 66, 68) ने कुल 18 अंडर 270 के स्कोर के साथ तीन साल के खिताबी सूखे को खत्म किया। इस जीत से वह पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट मे 85वें से 22वें स्थान पर पहुंच गए। चालीस लाख रुपए की इनामी राशि के पीजीटीआई टूर्नामेंट में दूसरे स्थान पर रहे गुरुग्राम के वीर अहलावत ने आखिरी दौर मे 66 का कार्ड खेला जिससे उनका कुल स्कोर 14 अंडर 274 का रहा। पटना के अमन राज (68-71-70-66) 13 अंडर के स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर रहे।

### गौरिका संयुक्त छठे और रिदिमा संयुक्त नौवें स्थान पर रही

**पुइडॉक्स (स्विट्जरलैंड)।** भारत की गौरिका विश्नोई लवॉक्स लेडीज ओपन गोल्फ टूर्नामेंट मे संयुक्त छठे स्थान पर रही जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उनका लंबे समय बाद सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। घरेलू सर्किट मे पांच बार की विजेता गौरिका ने तीन दौर मे 71-72-69 का स्कोर बनाया और वह चार अंडर के साथ संयुक्त छठे स्थान पर रही। भारत की एक अन्य गोल्फर रिदिमा दिलावरी ने संयुक्त नौवां स्थान हासिल किया। उन्होंने 74-69-70 का स्कोर बनाया। अमनदीप द्राल (73-73-72) और प्रणवी उर्स (71-74-73) संयुक्त 22वें जबकि वाणी कपूर (75-74-72) संयुक्त 33वे स्थान पर रही। स्कॉटलैंड की गैब्रिएली मैक्डोनाल्ड ने प्लेऑफ मे इंग्लैड कह जेम्मा क्ल्यूज को हराकर खिताब जीता।

### अदिति ने पोर्टलैंड क्लासिक के कट में जगह बनाई

**पोर्टलैंड (अमेरिका)।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक ने पहले दौर के निराशाजनक प्रदर्शन से उबरकर दूसरे दौर मे पार 72 का कार्ड खेला जिससे वह 2021 कैम्बिया पोर्टलैंड क्लासिक गोल्फ टूर्नामेंट के कट मे जगह बनाने मे सफल रही। पहले दौर में पांच ओवर 77 का स्कोर बनाने वाली अदिति अभी संयुक्त 57वे स्थान पर है। वह अंतिम दो दौर मे अच्छा प्रदर्शन करके अपनी स्थिति मे सुधार कर सकती है। अदिति ने दूसरे दौर मे पांचवे और 18वे होल मे बर्डी बनाई लेकिन इस बीच उन्होने 11वे और 12वे होल मे बोगी भी की। कट

# चौथी बार एनआरएआई अध्यक्ष चुने गए रनिंदर

**भाषा।** मोहाली



**अनुभवी** प्रशासक रनिंदर सिंह को शनिवार को फिर से चौथी बार भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) का अध्यक्ष चुना गया जिन्होंने यहां चुनावों में बसपा सांसद श्याम सिंह यादव को 56-3 मत से हराया। कुंवर सुल्तान सिंह को निर्विरोध राष्ट्रीय संस्था का महासचिव चुना गया जबकि रणदीप मान को कोषाध्यक्ष बनाया गया। महासंघ के आठ उपाध्यक्षों के अलावा ओडिशा के सांसद कालीकेश नारायण सिंह देव सीनियर उपाध्यक्ष बने रहेंगे।

पवन कुमार सिंह भी शेला कानुंगो के साथ शीर्ष संस्था के संयुक्त सचिव बने रहेंगे। दोनों को निर्विरोध चुना गया। चुनावों में एनआरएआई के 59 सदस्यों ने प्रतिनिधित्व किया जिसमें से 56 ने रनिंदर के पक्ष में जबकि तीन ने उनके प्रतिद्वंद्वी यादव के पक्ष में मत दिए जो उत्तर प्रदेश राइफल संघ के अध्यक्ष हैं। एनआरएआई ने दिल्ली उच्च न्यायालय में यादव द्वारा दायर याचिका के बाद खेल मंत्रालय के नए सिरे से चुनाव प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश के बावजूद चुनाव कराने का फैसला किया। यादव उत्तर प्रदेश के जौनपुर लोकसभा क्षेत्र से बहुजन समाज पार्टी के सांसद हैं। एनआरएआई ने चुनाव निर्धारित समय पर कराने का फैसला इसलिए कायम रखा क्योंकि उच्च न्यायालय से अभी इस पर कोई स्टे ऑर्डर नहीं मिला था। यह मामला दिल्ली उच्च न्यायालय में लंबित है और सुनवाई की अगली तारीख दिसंबर है। चुनाव आईएस बिंद्रा स्टेडियम में कराए गए। अपनी याचिका में यादव ने चुनावों के लिए मेहताब सिंह गिल को चुनाव अधिकारी नियुक्त किए जाने में हितों के स्पष्ट टकराव का हवाला दिया है। यादव ने रनिंदर के कार्यकाल को लेकर भी आपत्ति उठाई थी लेकिन मंत्रालय ने पाया कि वह फिर से चुनाव लड़ सकते हैं।

## न्यूजीलैंड की टीम चार्टर्ड फ्लाइट में पाकिस्तान से रवाना

**इस्लामाबाद।** न्यूजीलैंड की 33 सदस्यीय टीम शनिवार की शाम इस्लामाबाद से चार्टर्ड फ्लाइट में दुबई के लिए रवाना हुई। एक दिन पहले न्यूजीलैंड टीम ने सुरक्षा के खतरे का हवाला देते हुए क्रिकेट दौरा रद्द कर दिया था। न्यूजीलैंड खिलाड़ियों और अधिकारियों को हवाईअड्डे पर रैपिड कोविड-19 परीक्षण से गुजरना पड़ा और सभी की रिपोर्ट नेगेटिव आने के बाद उन्हें कड़े सुरक्षा प्रोटोकॉल के बीच जाने की अनुमति दी गई। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने शुक्रवार को पहले एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच से तुरंत पहले अचानक श्रृंखला रद्द करने का फैसला किया जिसके लिए उन्होंने गंभीर सुरक्षा खतरे का हवाला दिया। न तो न्यूजीलैंड बोर्ड और न ही उनकी सरकार ने पाकिस्तान सरकार, सुरक्षा अधिकारियों और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को इस खतरे की जानकारी साझा की। इस घटनाक्रम से नाराज पाकिस्तान के गृह मंत्री शेख राशीद अहमद ने शनिवार को कहा कि न्यूजीलैंड टीम को कोई खतरा नहीं था और उन्होंने सिर्फ स्वदेश रवाना होने के लिए बहाना बनाया क्योंकि वे श्रृंखला नहीं खेलना चाहते थे।

## भारतीय महिला टीम अभ्यास मैच में आस्ट्रेलिया से 36 रन से हारी

**भाषा।** ब्रिसबेन

**भारतीय** महिला क्रिकेट टीम शनिवार को यहां 50 ओवर के अभ्यास मैच में आस्ट्रेलिया से 36 रन से हार गई जिससे उसकी दौरे की शुरूआत निराशाजनक तरीके से हुई। सलामी बल्लेबाज रशेल हेन्स (65), मेग लैंनिंग (59) और बेथ मूनी (59) ने अर्धशतकीय पारियां खेली जिससे आस्ट्रेलिया ने इयान हीली ओवल में पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 278 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। इसके जवाब में भारतीय टीम 50 ओवर में सात विकेट पर 242 रन ही बना सकी जिसमें पूजा वस्त्राकर 57 रन की पारी से शीर्ष स्कोरर रहीं।

आस्ट्रेलिया के लिए स्टार हरफनमौला एलिस पैरी (38 रन देकर दो विकेट) ने नई गेंद से गेंदबाजी के लिए सफल वापसी की। उन्होंने 19 साल की स्टेला कैम्पबेल (38 रन देकर तीन विकेट) के साथ मिलकर शुरुआती 15 ओवर में भारत के दो दो विकेट झटक लिए थे जिससे प्रतिद्वंद्वी टीम का स्कोर चार विकेट पर 88 रन था। पैरी ने अनुशासित गेंदबाजी की जिससे वह सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना (14) और मिताली राज (01) के महत्वपूर्ण विकेट झटकने में सफल रहीं। कैम्पबेल ने शेफाली वर्मा (27) और रिचा घोष (11) को जल्द ही पवेलियन भेज दिया। इसके बाद भारत की 21 साल की यस्तिका भाटिया (41) ने शानदार जुझारू जज्बा दिखाया और डार्सी ब्राउन की शार्ट गेंदों के सामने डटी रहीं। पर स्पिनर सोफी मोलिनेक्स की गेंद का शिकार बन गईं। अब भारत का स्कोर छह विकेट पर 106 रन था। वस्त्राकर और दीप्ति शर्मा (नाबाद 49) ने टीम को इन झटकों से उबारने की कोशिश की लेकिन दोनों जीत तक नहीं ले जा सकीं। इससे पहले झूलन गोस्वामी (36 रन देकर दो विकेट) और मेघना सिंह (35 रन देकर कोई विकेट नहीं) ने नई गेंद से प्रभावित किया। गोस्वामी ने एलिसा हीली (08) को आउट कर आस्ट्रेलिया को पहला झटका दिया लेकिन हेन्स और लैनिंग टीम को 100 रन से स्कोर तक ले गईं। वस्त्राकर ने फिर हेन्स को आउट कर यह भागीदारी समाप्त की। पैरी (01) स्टंप आउट हुईं। लगातार दो विकेट गिरने से आस्ट्रेलिया का स्कोर चार विकेट पर 136 रन हो गया।

## मो. हुसामुद्दीन राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

**बेल्लारी ( कर्नाटक )।** राष्ट्रमंडल खेलों (2018) के कांस्य पदक विजेता मोहम्मद हुसामुद्दीन (57 किग्रा) ने शनिवार को यहां जारी पांचवीं एलीट पुरुष राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप में अपनी शानदार लय जारी रखते हुए क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। सेना खेल नियंत्रण बोर्ड (एसएससीबी) का प्रतिनिधित्व कर रहे गत चैंपियन हुसामुद्दीन ने प्री-क्वार्टर फाइनल में छत्तीसगढ़ के साहिल को एकतरफा मुकाबले में 5-0 से शिकस्त दी। अंतिम-आठ में उनका सामना कल महाराष्ट्र के रुषिकेश गौड़ से होगा। इंस्पायर इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट्स में आयोजित टूर्नामेंट में 57 किग्रा के एक अन्य मुकाबले में शानदार लय में चल रहे हरियाणा के सचिन ने मणिपुर के जोबिसन एंगकोकपम को परास्त किया। इस साल (2021) के विश्व युवा चैंपियन सचिन ने शुक्रवार को विश्व चैम्पियनशिप में पदक जीत चुके गौरव बिधूड़ी को हराकर उलटफेर किया था। उन्होंने शनिवार को अपने प्रतिद्वंद्वी को एकतरफा अंदाज में 5-0 से हराते हुए क्वार्टर में अपना स्थान पक्का किया। गोवा के रोशन जमीर (54 किग्रा) ने इस बीच दिन के सबसे करीबी मुकाबलों में से एक में राजस्थान के सूरज भान सिंह को 3-2 से हराया। इस मुकाबले में दोनों खिलाड़ियों ने काफी आक्रामक खेल का मुआयना किया लेकिन रोशन ने अंतिम दौर में प्रभावी प्रभावशाली प्रदर्शन कर मैच अपने नाम किया। राजस्थान के भीम प्रताप सिंह (51 किग्रा) और दिल्ली के रोहित मोर (57 किग्रा) ने चैंपियनशिप के चौथे दिन 5-0 की जीत के साथ क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। इसी तरह 60 किग्रा भार वर्ग में त्रिपुरा के परविंदर पूनिया ने तमिलनाडु के प्रभु मुरली को 5-0 से हराया।

## दिल्ली एफसी और बेंगलुरु एफसी का मुकाबला 2-2 की बराबरी पर छूटा

**कोलकाता।** दिल्ली एफसी और बेंगलुरू एफसी ने शनिवार को यहां मोहन बागान मैदान पर 130वें डूरंड कप फुटबॉल में ग्रुप सी के रोमांचक मैच को 2-2 से ड्रॉ खेला। दिल्ली एफसी के लिए विलिस डीऑन प्लाजा (58वें, 62वें) ने दोनों गोल किए, जबकि बेंगलुरू एफसी के लिए शिव शक्ति एन (27वें) और विद्यासागर सिंह (75वें) ने गोल दागे। इस मुकाबले के ड्रॉ होने से ग्रुप सी की चारों टीमों के पास अगले दौर में जगह बनाने का मौका है। मैच के पहले हाफ में दोनों टीमों ने मौके बनाए लेकिन ज्यादातर समय वे उसे भुनाने में नाकाम रहे। मैदान गीला होने के कारण खिलाड़ियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। मैच के 27वें मिनट में शिव शक्ति के गोल से बेंगलुरु ने खाता खोला। इसके बाद दिल्ली की टीम ने भी मौके बनाए लेकिन बेंगलुरु के गोलकीपर लारा ने उनके प्रयासों को विफल कर दिया। मध्यांतर के बाद दिल्ली ने आक्रामक शुरुआत की जिसका उसे फायदा भी हुआ। मैच के 58वें मिनट में विलिस के शानदार हेडर से टीम ने स्कोर बराबर किया। त्रिनिदाद और टोबैगो की राष्ट्रीय टीम के इस खिलाड़ी ने इसके चार मिनट में एक और गोल कर टीम को मैच में 2-। से आगे कर दिया। दिल्ली की टीम बढ़त हासिल करने के बाद लय में थी लेकिन बेंगलुरु के विद्यासागर ने हरमनप्रीत सिंह के शानदार पास को गोल में बदलने में कोई गलती नहीं की। ड्रॉ मुकाबले से दोनों टीमों को।-। अंक मिला।

# डेविस कप: बोपन्ना-रामकुमार ने युगल मैच गंवाया, फिनलैंड से हारा भारत

**भाषा।** एस्पू (फिनलैंड)




**रोहन** बोपन्ना और रामकुमार रामनाथन की जोड़ी शनिवार को यहां करो या मरो के युगल मैच में हार गई जिससे भारत ने फिनलैंड के खिलाफ विश्व ग्रुप एक मुकाबला।-3 से गंवा दिया। कप्तान रोहित राजपाल ने अंतिम मिनट में युगल जोड़ी बदलकर बोपन्ना को दिविज शरण के बजाय रामकुमार के साथ उतारा। पर इससे भी भारत को मदद नहीं मिली और इस अहम मैच में बोपन्ना और रामकुमार की जोड़ी हैनरी कोंटिनेन और हैरी हेलियोवारा से एक घंटे 38 मिनट में 6-7 6-7 से हार गई।

प्रजनेश गुणेश्वरन और रामकुमार दोनों शुक्रवार को अपने एकल मैच गंवा चुके थे जिससे मुकाबले में बने रहने के लिए भारतीयों को युगल मैच जीतने की जरूरत थी। दोनों उलट एकल फिर महत्वहीन हो गए थे। प्रजनेश ने बाद में चौथे मैच में पैट्रिक निकलास सालमिनेन को 6-3 7-5 से हरा दिया जबकि पांचवां मैच खेला नहीं गया। भारत अब विश्व ग्रुप एक में अपना स्थान बरकरार रखने के लिए अगले साल प्ले-ऑफ में खेलेगा। युगल मुकाबले में हेलियोवारा को कोर्ट पर चारों खिलाड़ियों में सबसे कमजोर माना जा रहा था लेकिन उन्होंने अपने खेल में कई गुना सुधार किया और मैच के नतीजे को प्रभावित किया। बोपन्ना ने कहा कि फिनलैंड के खिलाड़ियों को बतौर जोड़ी शीर्ष स्तर के मैच खेलने के अनुभव से फायदा मिला। उन्होंने कहा, हम इस स्तर पर पहली बार एक साथ खेल रहे थे। करीबी प्वाइंट में इससे अंतर पैदा हुआ। लेकिन हमने अच्छा मैच खेला क्योंकि हम पहली बार एक साथ खेल रहे थे। बोपन्ना (40 वर्ष) ने कप्तान के जोड़ीदार बदलने के फैसले का समर्थन किया।उन्होंने यह भी कहा कि भारत को एकल मैचों में भी अच्छा करने की जरूरत है तभी टीम डेविस कप मुकाबले जीत सकती है। बोपन्ना ने कहा, चार अंक एकल मैचों के होते हैं, हमें यहीं पर ध्यान लगाने की जरूरत है। छह साल से किसी भारतीय खिलाड़ी ने डेविस कप में अपने से ऊंची रैंकिंग के खिलाड़ी को नहीं हराया है। उन्होंने कहा, हमें अपने देश में अच्छे ढांचे और जूनियर स्तर पर अच्छी प्रणाली की जरूरत है। क्रिकेट अच्छा कर रहा है क्योंकि इसके लिए शानदार तंत्र मौजूद है इसलिए हर खेल को इसी तरह की जरूरत होती है। आप ए सब खुद नहीं कर सकते। महासंघ और सरकार को एक साथ मिलकर यह करना होगा। युगल मैच में भारतीय जोड़ी ने जब बढ़त बनाई हुई थी, तब इसे गंवा बैठी। उन्होंने दूसरे सेट में आठ गेम में चार ब्रेकप्वाइंट गंवाए। जबकि इनमें जीतने से उन्हें मेजबान जोड़ी पर दबाव बनाने का मौका मिल जाता। पहले सेट में 3-3 की बराबरी के बाद भारतीय जोड़ी ने हेलियोवारा की सर्विस पर आक्रामकता दिखाई। पर रामकुमार की डबल फॉल्ट और नेट पर वॉली गलती का फायदा उठाते हुए फिनलैंड की जोड़ी सेट टाई ब्रेकर के बाद अपने नाम किया। दूसरे सेट में भी बोपन्ना लगातार असहज गलतियों के कारण अपनी सर्विस गंवा बैठे। यह सेट भी टाई ब्रेकर तक पहुंचा जिसमें फिनलैंड के खिलाड़ी हेलोवारा ने 5-2 पर शानदार फारहैंड से पहला मैच प्वाइंट हासिल किया और फिर रामकुमार अगले प्वाइंट में रिटर्न नहीं कर सके जिससे फिनलैंड ने मुकाबले में 3-0 से अजेय बढ़त बना ली। प्रजनेश शुक्रवार को अपने से निचली रैंकिंग खिलाड़ी से हार गए जबकि रामकुमार को भी दूसरे एकल में पराजय झेलनी पड़ी।

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 324
लखनऊ, रविवार, 19 सितम्बर, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
डाक संस्करण

www.dailypioneer.com




## राष्ट्र सेवा के 20 वर्ष



## सोच ईमानदार काम दमदार

## बदलाव के 4.5 वर्ष



19 सितम्बर, 2021

## आओ मनाएं विकास उत्सव

17 सितम्बर - 7 अक्टूबर, 2021



किसान कल्याण मिशन | मिशन रोज़गार | मिशन शक्ति | अभ्युदय | ODOP एक जनपद एक उत्पाद | INVEST UP

- देश की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर
- प्रति व्यक्ति आय लगभग दोगुनी हुई
- ईज ऑफ डूइंग बिजनेस रैंकिंग में देश में दूसरा स्थान
- ₹3 लाख करोड़ से अधिक की निवेश परियोजनाएं प्रारम्भ 5 लाख नए रोजगार के अवसर
- वर्ष 2017 में बेरोजगारी दर 17.5% थी, जो अब घटकर 4.1% रह गई

## विकास की लहर हर गांव - हर शहर

### किसान हित सर्वोपरि

• ₹1.44 लाख करोड़ गन्ना मूल्य का रिकॉर्ड भुगतान • ₹36,000 करोड़ से किसानों का कर्ज माफ • एम.एस.पी. पर खाद्यान्न की रिकॉर्ड खरीद, किसानों को ₹79,000 करोड़ का भुगतान • पी.एम. किसान सम्मान निधि से किसानों को ₹37,521 करोड़ हस्तांतरित • प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में किसानों को ₹2,376 करोड़ की क्षतिपूर्ति • किसानों को ₹4 लाख 72 हजार करोड़ फसली ऋण का भुगतान • कृषि निवेशों पर देय अनुदान राशि ₹2,151.30 करोड़ हस्तांतरित • 13 सिंचाई परियोजनाएं पूर्ण, 3.77 लाख हेक्टेयर अतिरिक्त सिंचन क्षमता में वृद्धि

### निष्पक्ष एवं पारदर्शी प्रक्रिया से रिकॉर्ड रोजगार

• 4.50 लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी • 3.50 लाख युवाओं की संविदा पर नियुक्ति • 82 लाख एमएसएमई इकाइयों में 2 करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार • एक जनपद एक उत्पाद (ओ.डी.ओ.पी.) योजना से 25 लाख लोगों को रोजगार • 1.50 करोड़ से अधिक श्रमिकों को मनरेगा में रोजगार

### भय एवं भ्रष्टाचार मुक्त प्रदेश

• जीरो टॉलरेन्स नीति से अपराधों में रिकॉर्ड कमी • माफियाओं द्वारा अवैध ढंग से अर्जित ₹1866 करोड़ से अधिक की सम्पत्तियां जब्त/ध्वस्त • बेहतर पुलिसिंग के लिए लखनऊ, नोएडा, कानपुर नगर व वाराणसी में पुलिस कमिश्नरेट प्रणाली लागू

### हर बेघर को घर, हर घर बिजली, हर घर नल और मुफ़्त रसोई गैस कनेक्शन

• प्रधानमंत्री आवास योजना में 42 लाख से अधिक आवासों का निर्माण • मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में 1,08,495 आवासों का निर्माण • 1.41 करोड़ घरों तक पहुंची बिजली • 30,000 ग्राम पंचायतों में शुद्ध पेयजल की योजना • 2.61 करोड़ शौचालयों का निर्माण, 10 करोड़ लोग लाभान्वित • 1.67 करोड़ परिवारों को उज्ज्वला योजना में नि:शुल्क गैस कनेक्शन

### मुफ़्त टेस्टिंग-मुफ़्त टीका-मुफ़्त इलाज-मुफ़्त राशन

• 7.61 करोड़ से अधिक कोरोना टेस्टिंग, देश में सर्वाधिक • 9.50 करोड़ से अधिक टीकाकरण, देश में प्रथम • चिकित्सालयों में कोरोना का मुफ़्त इलाज • प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना में कुल 6.90 करोड़ से अधिक लोगों का 5 लाख रुपए का बीमा कवर • 15 करोड़ जरूरतमंदों को मुफ़्त राशन

### एक जनपद-एक मेडिकल कॉलेज की ओर मेडिकल शिक्षा और रोजगार के बढ़े अवसर

• 59 जनपदों में न्यूनतम एक मेडिकल कॉलेज क्रियाशील • 16 जनपदों में पी.पी.पी. मॉडल पर मेडिकल कॉलेज की स्थापना प्रक्रिया प्रारंभ • गोरखपुर और रायबरेली में एम्स का संचालन • लखनऊ में अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय का निर्माण प्रारम्भ • गोरखपुर में महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय का निर्माण प्रारम्भ

### शिक्षा से प्रगति, देश की उन्नति

• 'मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना' के अंतर्गत प्रतियोगी परीक्षाओं के छात्रों को नि:शुल्क कोचिंग सुविधा • 1.38 लाख सरकारी स्कूलों का कायाकल्प • 7 नए राज्य विश्वविद्यालय की स्थापना • 16 नए निजी विश्वविद्यालय • 1 लाख 50 हजार से अधिक शिक्षकों/शिक्षणेत्तर कर्मियों की नियुक्ति

### महिलाएं बनीं विकास में भागीदार

• 1.50 लाख महिलाओं को सरकारी नौकरी • बालिकाओं को स्नातक तक नि:शुल्क शिक्षा • मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना से 10.01 लाख बेटियां लाभान्वित • मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत 1.52 लाख से अधिक कन्याओं का विवाह • 55,964 महिलाएं बैंकिंग सखी के रूप में नियुक्त • ग्रामीण आवासीय अभिलेख (घरौनी) परिवार की महिला सदस्य के नाम • 10 लाख स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से 1 करोड़ महिलाओं को रोजगार • 29 लाख 68 हजार निराश्रित महिलाओं को पेंशन

### देश में सर्वाधिक एक्सप्रेस-वे, एयरपोर्ट्स एवं मेट्रो

• 4 नए एक्सप्रेस-वे • 14,471 किमी. सड़कों का चौड़ीकरण/सुदृढ़ीकरण • 3,49,274 किमी. सड़कों का गड्ढामुक्तिकरण तथा 15,246 किमी. नई सड़कों का निर्माण • 5 इंटरनेशनल एयरपोर्ट • 8 एयरपोर्ट संचालित, 13 अन्य एयरपोर्ट व 7 हवाई पट्टी का विकास • 10 शहरों में मेट्रो परियोजना • डिफेंस कॉरिडोर का कार्य गतिमान

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

## गदगद है जलशक्ति

चित भी मेरी पट भी मेरा। मौजूदा समय में यह कहावत जलशक्ति के मुखिया पर सटीक बैठ रही है। मात्र 24 घंटे की जलशक्ति ने इंद्र के पर्यायवाची महेंद्र को काफी राहत दी है। जब से बरसात हुई है तब से कोई भी टेल तक पानी की मांग नहीं कर रहा है क्योंकि नदी नालों और नहरों से पानी उफान मार कर टेल तो दूर की बात सबके घरों में जा पहुंचा है जो कि बाहर निकलने का नाम नहीं ले रहा है। जल के प्रलय ने सब कुछ बराबर कर दिया है। स्थिति यह है कि जिन नहरों की सफाई हुई थी या फिर होने वाली थी आज सब सामान्य स्थिति में पहुंच चुकी है। यही हमारे मंत्री जी के लिए राहत भरी बात है। अब कोई कह नहीं सकता नहरों की सफाई हुई या नहीं हुई। पानी है कि नहीं क्योंकि सब कुछ जलमग्न है। इसे कहते हैं जल शक्ति का कमाल। चित भी मेरी पट भी मेरा। फायदा दोनों स्तर पर होता है। पहले नहरों में पानी पहुंचाने के नाम पर पैसा बनता था अब नहरों से पानी निकालने के नाम पर पैसा बनेगा।




## कौन पड़ेगा भारी

एक पुरानी कहावत है कि दो की लड़ाई में हमेशा तीसरा लाभ उठाता है। इस समय कुर्सी पर कब्जे की जंग तेज हो गई है वह इसलिए क्योंकि चुनाव में जाने से पहले जो कुर्सी पर काबिज हो जाएगा और अगर चुनाव परिणाम में आशातीत सफलता मिलेगी तो जीत का सहरा कुर्सी पर काबिज साहब को ही जाएगा। इसलिए सरकार के कार्यकाल के साढ़े चार साल पूरे होने पर सभी ने अपने प्रयास तेज कर दिए हैं ताकि कहीं कोई चूक न होने पाए। मगर इस समय दो साहब प्रदेश की नौकरशाही की शीर्ष कुर्सी पाने के लिए तेजी से कोल्ड वार के दौर से गुजर रहे हैं। बैठक में जब अधिकारी मिलते हैं तो मुस्कुराहट की कमी दिखती है। मजे की बात यह है कि दोनों ही अधिकारी महाराज के खास हैं। एक साहब जो कि एक्सप्रेस-वे का जिम्मा संभाले हैं वह तो शुरू से ही करीब हैं जबकि दूसरे वाले साहब जो खजाने की चाबी संभाल रहे हैं वह अभी चंद माह पहले से ही महाराज जी के करीब आ गए हैं। जाहिर है कि मौजूदा चीफ साहब इस लड़ाई से सुकून में हैं।

## परिक्रमा का फल

बच्चों को उच्च शिक्षा के लायक बनाने वाले शिक्षा विभाग को लम्बे समय के उपरांत आखिरकार अपना मुखिया मिल ही गया। पिछले कई साल से कार्यवाहक के रूप में कार्यभार देखने वाले अधिकारी महोदय की गणेश परिक्रमा रंग जो लाई है। सरकार बनने के कुछ समय उपरांत से ही यह पद खाली चल रहा था। कार्यवाहक की जिम्मेदारी संभालते संभालते लोग साहब को ही मुखिया समझने लगे थे। पर साहब थे तो कार्यवाहक ही। कुर्सी पर पूर्ण अधिकार प्राप्त करने के लिए साहब ने बहुत गणेश परिक्रमा की तब जाकर मेहनत रंग लाई है। अब साहब कम से कम अपने को पूर्णकालिक तो बता सकेंगे।




## होश हुए फाख्ता

शहर में भारी बारिश तो नगर निगम के बड़े साहब के दावों की पोल खुल गयी है। साहब ने अधिकारियों को नालों और नालों की सफाई के लिए करोड़ों रुपए आवंटित किए, कई बैठकें कर पूरी रूपरेखा तय की लेकिन अफसरों की ऐसे निर्देशों को झेलने की पुरानी आदत हैं जिसे अनसुना कर आगे बढ़ गये। इसका नतीजा 16 सितंबर को हुई बारिश ने सबके सामने ला दिया है। ऐसे में बड़े साहब को छाता लेकर नाले और सीवर चोक देखने निकलना पड़ा। आलम यह है कि 26 घंटे की बारिश ने सारी तैयारियों की हकीकत दिखा दी। अब साहब को समझ आया कि उत्तर प्रदेश की राजधानी को संभालना बच्चों का खेल नहीं है। चूक गए तो कुर्सी गयी। साहब ने आनन फानन में अफसरों को कड़ी हिदायत देकर काम करने का एलान किया है। अब पंप और जेनरेटर लेकर अधिकारी बैठे हुए हैं।

## ललक सोशल मीडिया की

एक महत्वपूर्ण कमिश्नरेट के पुलिस कमिश्नर की सोशल मीडिया पर जबरदस्त सक्रियता से आराम तलब पुलिस अधिकारियों की नींद उड़ी हुई है। आलम यह है कि कमिश्नरेट में तैनात अधिकारी हर दो-दो मिनट पर अपने मोबाइल पर व्हाट्सएप मैसेज चेक करते नजर आते हैं। दरअसल कमिश्नर साहब हर वक्त न सिर्फ ऑनलाइन रहते हैं बल्कि सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर नजर रखते हैं। वह कई व्हाट्सएप ग्रुप से भी जुड़े हुए हैं। कमिश्नरेट में कोई भी छोटी या बड़ी घटना होने पर मातहतों के बताने से पहले उन्हें सोशल मीडिया से जानकारी हो जाती है। कमिश्नर साहब तुरंत उस जानकारी को संबंधित मातहत अधिकारियों के मोबाइल पर भेजकर उसकी सच्चाई पता लगाने और उन्हें अवगत कराने के निर्देश देते हैं। सुबह हो चाहे शाम या फिर देर रात, कोई भरोसा नहीं रहता कि व्हाट्सएप पर किस घटना को लेकर कमिश्नर साहब का मैसेज आ जाए। कमिश्नर साहब की इस सक्रियता के नतीजतन मातहत अधिकारी खबरनवीसों से उन्हें क्राइम न्यूज संबंधी ज्यादा से ज्यादा व्हाट्सएप ग्रुप्स में जुड़वाने का आग्रह कर रहे हैं।



## टीका-चोटी और तरक्की

कर्मकांड और ज्योतिष का ज्ञान रखने वाले सरकार के एक मंत्री ने अपने वरिष्ठ मंत्री को तरक्की के लिये चोटी रखने और टीका लगाने की सलाह दी है। सरकार के इस मंत्री का अपने वरिष्ठ मंत्री से कहना है कि ऐसा करने से उन्हे चमत्कारिक लाभ होगा और अचानक बड़ी तरक्की होगी। अपने साथी मंत्री की सलाह पर मंत्री जी ने पीला टीका लगाना तो शुरू कर दिया है लेकिन चोटी रखने के बारे में अभी वह असमंजस में हैं। बड़ा ओहदा पाने की हसरत रखने वाले मंत्री के करीबियों का कहना है कि मंत्री जी पहले ब्राउन रंग का टीका लगाते थे सो उन्हें पीला टीका लगाने में ज्यादा सोचना नहीं पड़ा लेकिन चोटी के बारे में अभी वह मंथन कर रहे हैं। उन्हें डर है कि लोग पूछेंगे तो क्या बताएंगे। खैर तरक्की की ख्वाहिश रखने वाले मंत्री और सलाह देने वाले मंत्री कभी एक ही नगर निगम सदन से सदस्य रहे हैं और अभी भी दोनों एक ही सदन के सदस्य हैं। सलाह देने वाले मंत्री का तन्त्रमंत्र से गहरा नाता है और वह सीएम योगी के भी प्रिय हैं। अब बड़ा सवाल यह है कि तरक्की की ख्वाहिश रखने वाले मंत्री सरकार में पहले ही उप मुख्यमंत्री के ओहदे पर हैं। ऐसे में देखना यह है कि टीका ओर चोटी रखने के बाद अगर तरक्की होती है तो वह सीमा बनते हैं या फिर केन्द्र में जाते हैं।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को लखनऊ की उत्तर विधान सभा क्षेत्र में पंचायती राज विभाग के सभागार में आयोजित बीजेपी प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन का दीप जलाकर उद्घाटन किया

# मुख्यमंत्री योगी आज रखेंगे उपलब्धियों का लेखा जोखा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ कल अपनी सरकार की साढ़े चार साल की उपलब्धियों को प्रदेश की जनता के सामने रखेंगे। राज्य की सत्ता की बागडोर संभालने के बाद से सरकार की बड़ी योजनाओं तथा विकास कार्यों को लेखाजोखा तैयार कराया गया है। सूत्रों के मुताबिक सीएम के हाथों सरकार की उपब्धियों का ब्योरा जारी किये जाने के बाद सरकार के मंत्री, विधायक, सांसद तथा पार्टी कार्यकर्ता इसे लोगों तक सीधे पहुंचायेगे। माना जा रहा है कि उपलब्धियों के सहारे सरकार और



संगठन लोगों तक सीधे पहुंचने का प्रयास करेगा ताकि चुनाव से पहले माहौल तैयार हो सके। इसके लिये कल लोकभवन में आयोजन रखा गया है। जिसमें सरकार के मंत्रियों तथा अधिकारियों की मौजूदगी में सीएम योगी उपलब्धियों को रखकर सरकार के कामकाज का संदेश देंगे।

# 'डबल इंजन' की सरकार से यूपी को हुआ बड़ा फायदा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

- पिछली सरकार के मुकाबले केंद्र से मिली दोगुनी मदद

**केन्द्र** और राज्य में एक ही पार्टी यानी कि 'डबल इंजन' की सरकार से यूपी को बड़ा फायदा मिला है। पिछली सरकार के कार्यकाल के मुकाबले योगी सरकार में केन्द्र सरकार से दो गुना धनराशि राज्य को हासिल हुई। जिसका सीधा फायदा यूपी और यहां की जनता को मिला है। लंबे समय तक केंद्र की सत्ता पर काबिज रही कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों ने यूपी के विकास को हाशिये पर रखा। आंकड़े के मुताबिक वित्तीय वर्ष 2012-13 में कांग्रेस की अगुवाई वाली सरकार ने यूपी के विकास के लिए महज 17 हजार करोड़ की सहायता राशि दी थी। इस दौरान राज्य में सपा सरकार थी। केंद्र की सत्ता संभालते ही मोदी सरकार ने वित्तीय वर्ष 2014-15 में यूपी के विकास के लिए 32 हजार करोड़ रुपये की सहायता राशि जारी की लेकिन सपा सरकार इस बड़ी धनराशि का इस्तेमाल विकास को गति देने में नहीं कर सकी। केंद्रीय सहायता से विकास तेज करने के बजाय तत्कालीन सपा सरकार ने न सिर्फ केंद्र सरकार की योजनाओं पर अपने नाम लिखवा कर जनता के बीच भ्रम फैलाने की कोशिश की बल्कि कई बड़ी योजनाओं का विरोध कर प्रदेश में लागू करने में रोड़ा अटकाया । जिससे प्रदेश के लोग लाभ पाने से वंचित रह गए। प्रदेश में योगी सरकार बनने के बाद वित्तीय वर्ष 2017-18 में केंद्र सरकार से मिलने वाली सहायता राशि का आंकड़ा 40 हजार करोड़ रुपये को पार कर गया। केंद्र की मोदी सरकार ने उत्तर प्रदेश की योगी सरकार को 2017-18 से 31 अगस्त 2021 तक कुल 201584 करोड़ रुपये केंद्रीय अनुदान राशि दी है। जबकि इसकी तुलना में 2012-13 से 2016-17 तक पिछली सरकार के दौरान कुल 136832.63 करोड़ रुपये केंद्रीय सहायता के तौर पर यूपी को मिले। दरअसल कांग्रेस की अगुवाई वाली यूपीए केंद्र सरकार ने 2012-13 में 17337.78 करोड़ रुपये और 2013-14 में करीब 22405-16 करोड़ केंद्रीय सहायता के रूप में यूपी को जारी किए।

# झूठे वादों से भ्रमित करती है भाजपा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा राज में उत्तर प्रदेश की जनता कोरोना महामारी, श्रमिक पलायन और बढ़ती बेरोजगारी का बुरी तरह शिकार रही है। मंहगाई, बिजली संकट और चिकित्सा क्षेत्र की बदहाली से लोग त्रस्त हैं। जनसामान्य को इन परेशानियों से रोजाना जूझना पड़ रहा है लेकिन भाजपा सरकार को इसकी कतई चिंता नहीं है। भाजपा झूठे वादों से भ्रमित करती है और साजिशन जनहित से इतर मुद्दों को हवा देती है। भाजपा के राजनीतिक स्वार्थसाधन का एजेंडा वैक्सीनेशन को भी 'इवेंट' बना देना है। प्रधानमंत्री के जन्मदिन को 'विकास उत्सव' बनाकर भाजपा



कौन संदेश देना चाहती है। शुरू से ही भाजपा की नीयत राजनीतिक स्वार्थपूर्ति की दिखाई दी है। वैक्सीनेशन को भी भाजपाई रंग देने के लिए प्रधानमंत्री की फोटो लगाई जा रही है। यह वैक्सीनेशन अभियान तो कोविड संक्रमण से बचाव के लिए राष्ट्रीय अभियान के रूप में चलाने की बात थी तो उसमें राष्ट्रीय ध्वज लगाया जाता तो इसकी गरिमा बढ़ती। विश्व के किसी भी देश में वैक्सीनेशन के अभियान में वहां के प्रधानमंत्री या राष्ट्राध्यक्ष का चित्र नहीं लगा फिर भारत में यह नया खेल किस राजनीतिक उद्देश्य से किया जा रहा है।

# जनता के कल्याण के लिए योगी सरकार ने ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं: स्वतंत्र देव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**बीजेपी** प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्रदेव सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य की भाजपा सरकार के शानदार साढ़े चार वर्ष पूरे होने पर बधाई दी है और कहा है कि यह अवधि प्रदेश के नवनिर्माण व जनाकांक्षाओं की पूर्ति के रहे हैं। गांव, गरीब, किसान, पिछड़ा, दलित, वंचित, युवा, महिला, व्यापारी, कर्मचारी सहित समाज के हर वर्ग व प्रदेश की समग्र जनता के कल्याण के ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सरकार ने 2017 में भाजपा के संकल्प पत्र के



माध्यम से जनता से किए गए हर संकल्प को पूर्ण किया है। कैबिनेट की पहली बैठक में ही किसानों की कर्जमाफी का ऐतिहासिक फैसला लिया गया। माफियाओं-गुंडों पर हो रही कार्रवाई और गरीबों की जमीन कब्जाने वालों पर चल रहे बुलडोजर से माफियाओं और कभी सत्ता में रहते हुए उनको सर आंखों पर बिठाने वाले विपक्षी दलों के भी कलेजे दहल रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि निवेश से लेकर सामाजिक सुरक्षा के मोर्चे पर कभी यूपी सबसे पिछड़ा था।

आज पीएम नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में व योगी जी की अगुवाई में केंद्रीय योजनाओं के क्रियान्वयन में प्रदेश पहले पायदान पर है। पिछली सरकारों में भर्तियां भाई-भतीजावाद व भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई थी। युवाओं का हक छीना गया। वहीं योगी सरकार में अब तक 4 लाख से अधिक युवाओं को पूरी पारदर्शिता के साथ नौकरी मिल चुकी है।

**Indian Institute of Sugarcane Research,**
**Rae Bareli Road, Post - Dilkusha,**
**Lucknow - 226 002, India**

ICAR

F.No 13-71/2020-Admn.I Dated : 17.09.2021

**WALK-IN-INTERVIEW**

Walk-in-Interview for the following contractual position under time bound project as perde-tails given below :-

| S. No. | Name of position | No. of Vaccancy | Date of Interview | Place of Interview |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Research Associate (Bussiness Manager) | 01 | 27.09.2021 | ICAR-IISR, Lucknow |
| 2 | Office Assistant (YP-I) | 01 | 28.09.2021 | ICAR-IISR, Lucknow |
| 3 | Field Assistant | 03 | 29.09.2021 | IISR biological Control laboratory, Parvaranagar, Maharashtra |
| 4 | Young Professional- II | 01 | 30.09.2021 | ICAR-IISR, Lucknow |
| 5 | Junior Research Fellow | 01 | 08.10.2021 | ICAR-IISR, Lucknow |

For further details as qualifications, age and other terms and conditions etc., please refer to the Institute's Website **https://iisr.icar.gov.in**

For any change/updation will be published on website only.

**(R K Yadav)**
**Assistant Administrative Officer**
**& I/c Adm.I**

# साढ़े चार वर्ष के शासन में बर्बाद हुआ यूपी: कांग्रेस

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश कांग्रेस कमेटी मीडिया विभाग के संयोजक अशोक सिंह ने भाजपा शासन के साढ़े चार वर्ष पूरे होने के मौके पर कहा कि सीएम योगी के तमाम दावों के उलट उत्तर प्रदेश हत्या, लूट, दुराचार व अन्य जघन्य अपराधों में देश में नंबर वन बन गया है। उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में बीजेपी की सरकार ने साढ़े चार साल में यूपी को



तबाह कर दिया है इस सरकार में किसान, नौजवान, शिक्षक, राज्य कर्मचारी, महिलाएं सब तरफ उत्पीड़न शोषण का सत्ता के संरक्षण में शिकार होकर खून के आंसू रोने के लिये विवश है। सिंह ने राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के ताज़ा आंकड़ों का हवाला देते हुए सवाल किया कि महिला उत्पीड़न, हत्या व जघन्य अपराधों में उत्तरप्रदेश टॉप पर कैसे पहुच गया जबकि सरकार का दावा तो यह है कि अपराधी या तो जेलों में है या राज्य की सीमा के बाहर। जनता योगी जी से सवाल पूछ रही है कि वे बतायें कि आखिर इस बदहाली का जिम्मेदार कौन है। सिंह ने कहा कि सेन्टर फॉर मानिटरिंग इंडियन इकोनामी के ताजा आंकलन ने यूपी में बेरोजगारी की भयावहता की स्थिति सामने ला दी है। बेरोजगारी दर यूपी में तेजी से बढ़ी है। रोजगार मांगने वालों पर योगी जी की पुलिस की लाठिया चटक रहीं हैं उस पर तुर्रा यह कि यहां सब ठीक है। प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर बेरोजगार नौजवान राष्ट्रीय बेरोजगारी दिवस मनाने को विवश हैं, राज्य में डॉक्टर्स, टेक्नीशियन, नर्सों के 45 हजार, पुलिस विभाग में 1 लाख व अध्यापकों के लगभग 2 लाख पद रिक्त हैं। सरकार अनुपूरक बजट में किसानों के लिये 200 करोड़ की व्यवस्था करती है तो विकास के झूठे दावों के प्रचार के लिए 500 करोड़ का बजट आवंटित करने में शर्म महसूस नहीं करती।

## कांग्रेस चलाएगी 'बनें कांग्रेस की आवाज' अभियान

**लखनऊ।** प्रदेश में नई राजनैतिक जमीन तैयार कर रही कांग्रेस ने युवाओं से कांग्रेस की आवाज बनने का आह्वान किया है। पार्टी की ओर से जिला प्रवक्ता और मीडिया कोआर्डिनेटर चुनने के लिए 'बनें कांग्रेस की आवाज' अभियान शुरू करने का ऐलान किया गया है। इसके लिए पार्टी नेताओं की टीम जिलों में जाकर दोनों पदों पर चुनाव करेगी। यूपी कांग्रेस कमेटी के मीडिया एवं कम्युनिकेशन विभाग के वाइस चेयरमैन डॉ.पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि जिलों में प्रवक्ता और मीडिया कोआर्डिनेटर बनने का अवसर कांग्रेस के हर कार्यकर्ता या समर्थक के पास होगा।

जो भी भारत के संविधान में वर्णित संकल्पों और कांग्रेस पार्टी रीति-नीति के प्रति प्रतिबद्धता महसूस करता हो, जनता के बीच इन्हें प्रभावी तरीके से रख सकता हो, वह इस अभियान का हिस्सा बन सकता है।

# 'संस्कृत' को आगे बढ़ाने में रचा इतिहास

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**साढ़े** चार साल के कार्यकाल में योगी सरकार ने संस्कृत भाषा को आगे बढाने और बोलचाल की भाषा के रूप में विकसित करने के बड़े कदम उठाये। विश्व की सबसे प्राचीन भाषा और भारतीय भाषाओं की जननी कही जाने वाली संस्कृत को योगी सरकार में सम्मान मिला है। इससे पहले कभी भी संस्कृत को आगे बढ़ाने के प्रयास नहीं किये।

संस्कृत के नाम पर अकादमी और संस्थान तो चले लेकिन उनको आगे बढ़ाने के लिए कभी भी ठोस और प्रभावी योजनाएं नहीं बनी। जिसकी वजह से संस्कृत लोकप्रिय भाषा के रूप में स्थापित नहीं हो पाई। विगत 19 मार्च 2017 में प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सत्ता संभालने के साथ ही प्रदेश संस्कृत संस्थान को संस्कृत भाषा को जन-जन पहुंचाने का लक्ष्य दिया। जिसको धरातल पर उतारने का काम किया गया। संस्थान ने वर्ष 2018-19 में सरल संस्कृत सम्भाषण शिविर योजना शुरू की। कानपुर, मथुरा, गोरखपुर, वाराणसी, मेरठ एवं लखनऊ में 531 प्राथमिक विद्यालय, 656 माध्यमिक, 181 सार्वजनिक संस्थाओं, 91 महाविद्यालयों, 175 संस्कृत महाविद्यालयों सहित कुल 1634 विद्यालयो में 40850 प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया।

प्रदेश में सरल संस्कृत सम्भाषण योजाना से जवाहर नवोदय विद्यालय मे संस्कृत प्रशिक्षण दिया गया। मेरठ कालेज मेरठ में संस्कृत प्रशिक्षण के कार्यक्रम चलाए गये। वाराणसी संवादशाला में आवासीय संस्कृत प्रशिक्षण और इसमें उत्तीर्ण 68 प्रशिक्षकों द्वारा पहली बार अपने-अपने ब्लॉक में चुन्नू-मुन्नू संस्कारशाला का आयोजन किया गया। वर्ष 2020-21 में कोविड 19 महामारी के दौरान आनलाइन माध्यम से 1800 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण दिया और 3600 शिक्षकों को संस्कृत प्रशिक्षण दिया। वर्ष 2021-22 में वर्तमान में आनलाइन माध्यम से लगभग 8533 प्रशिक्षणार्थियों को संस्कृत सम्भाषण का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। संस्थान की मिस्डकॉल योजना के माध्यम से संस्कृत सम्भाषण योजना में रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है।

संस्थान ने योगए पौरोहित्य, ज्योतिष प्रशिक्षण शिविर योजना, प्रत्येक जनपद में वास्तु एवं ज्योतिष प्रशिक्षण शिविर, पुरस्कार योजना, व्याख्यान गोष्ठी योजना और एकमासात्मक नाट्य प्रशिक्षण योजना से संस्कृत को जन-जन तक पहुंचाने का काम किया। सिविल सेवा परीक्षा की निशुल्क कोचिंग एवं मार्गदर्शन योजनाए कम्प्यूटर के माध्यम से संस्कृत की कक्षाएं संचालित किये जाने की योजना के साथ उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान पुस्तकालय का सुदृढीकरण और छात्रवृत्ति योजना और पुस्तक के प्रकाशन का भी लाभ प्रदेश में संस्कृत भाषा सीखने वाले युवाओं को दिया जा रहा है।

इंडियन बैंक Indian Bank

इलाहाबाद ALLAHABAD

अंचल कार्यालयः एस 19/33, इकराम खान बिल्डिंग, नदेसर,वाराणसी। फोन 0542-2505443, ई-मेल: zovaranasi@indianbank.co.in

**मांग सूचना**

अधोहस्ताक्षरी दारा वित्तीय आस्तियो का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 ( 2002 का 54 ) की धारा 13(2) जो प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के साथ पठित है के अंतर्गत नीचे उल्लिखित उधारकर्ताओं/ गांरटीकर्ताओं को एतद्द्वारा नोटिस दिया जाता है कि वह उन्हें/उनकी गांरटी पर प्रदान कि गई ऋण सुविधाओं की बकाया राशि का भुगतान इस नोटिस कि तारीख से 60 दिनों के अन्दर करें।यदि आप 13(2) के अंतर्गत जारी इस नोटिस की शर्तो के अनुसार निम्नलिखित ऋण, अतिरिक्त ब्याज, प्रासंगिक व्यय, लागत आदि सहित चुकाने में विफल रहते है तो बैंक अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) के अन्तर्गत एवं अक्त अधिनियम के अन्य प्रायोज्य प्रावधानों के अर्न्तगत सभी अधिकारों अथवा किसी भी अधिकार का प्रयोग करेगा।आपको यह भी नोटिस दिया जाता है कि अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (13) के अनुसार आप बैंक की लिखित सहमति किये बिना इस नोटिस में नीचे उल्लिखित कथित प्रतिभूत आस्तियों का विक्रय, पट्टा अथवा अन्यथा द्वारा अंतरण नही करेगें।खातो एवं प्रतिभति आस्तियों का विवरण, ब्याज एवं अन्य प्रभारों और उसपे व्यय सहित नीचे दिया गया है।

| क्र. सं. | खाते का नाम | नाम ऋणी/जमानतदार/सम्पत्ति के स्वामी | बंधक सम्पत्ति का विवरण | डिमाण्ड नोटिस की तिथि/ बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मे0 राजेश ब्रदर्स प्रो0 श्रीमती विमला देवी शाखा - वाराणसी डाफी | 1. मे0 राजेश ब्रदर्स प्रो0 श्रीमती विमला देवी निवासी बच्छॉव, जिला - वाराणसी उ0प्र0 - 221011 (ऋणी)<br>2. श्रीमती विमला देवी पत्नी बदरी प्रसाद मौर्या निवासी बच्छॉव, जिला - वाराणसी उ0प्र0 - 221011 (प्रोपाईटर/ बन्धकर्ता/ जमानतदार )<br>3. श्री राजू मौर्या पुत्र बदरी प्रसाद मौर्या निवासी बच्छॉव, जिला - वाराणसी उ0प्र0 - 221011 (जमानतदार ) | सभी भाग सम्पत्ति अराजी सं0 205, क्षेत्रफल 2720 वर्ग फीट यानि 252.78 वर्ग मी0 स्थित मौजा- बच्छॉव, परगना- कसवार राजा, तहसील व जिला-वाराणसी जो कि श्रीमती विमला देवी पत्नी स्व0 बदरी प्रसाद मौर्या के नाम मे है।<br>चौहद्दी-<br>पूरब- कच्चा रास्ता 10 कडी, पश्चिम-भूखण्ड भाग श्रीमती देवी, उत्तर- अराजी सं0 199 नवीन पराती , दक्षिण-भूखण्ड भाग श्रीमती देवी | 28.06.2021<br>रू 1397304.00<br>+ लागत + प्रभार + अन्य व्यय |
| 2. | मे0 नागेश्वर प्रसाद टेलीकाम प्रो0 श्री मधुसुदन केसरी शाखा - कचनार | 1. मे0 नागेश्वर प्रसाद टेलीकाम प्रो0 श्री मधुसुदन केसरी निवासी - कचनार, राजातलाब, वाराणसी-221311 (ऋणी)<br>2. श्री मधुसुदन केसरी पुत्र श्री राम केसरी निवासी नगर पंचायत,गंगापुर,वाराणसा उ0प्र0 -221302 (प्रोपाईटर)<br>3. श्रीमती रेखा केसरी पत्नी श्री मधुसुदन केसरी निवासी नगर पंचायत,गंगापुर, वार्ड नं 8, परगना - कसवार राजा, तहसील- राजातलाब, जिला-वाराणसी उ0प्र0-221302 (जमानतदार /बन्धककर्ता) | 1. सभी भाग सम्पत्ति अराजी सं0 403/1, क्षेत्रफल 2402.8675 वर्ग फीट (223.31 वर्ग मी0) मौजा - जमीन हिकमत शाहपुर, परगना- कसवार राजा, तहसील - राजातलाब, जिला- वाराणसी जो कि श्रीमती रेखा केसरी पत्नी श्री मधुसुदन केसरी के नाम मे है।<br>चौहद्दी-<br>पूरब- अकेलवा से मोहन सराय लिंक मार्ग, पश्चिम- संजय सिंह पुत्र कमला सिंह व अन्य की जमीन, उत्तर- अन्य की जमीन, दक्षिण- विक्रेता की जमीन<br>2. सभी भाग सम्पत्ति अराजी सं0 932, क्षेत्रफल 0.025 हेक्टेयर (252.78 वर्ग मी0) ग्राम - कचनार, परगना- कसवार सरकारी, तहसील व जिला - वाराणसी जो कि श्रीमती रेखा केसरी पत्नी श्री मधुसुदन केसरी के नाम मे है।<br>चौहद्दी-<br>पूरब- कच्चा चक रोड 10 कडी बादहु अन्य की जमीन, पश्चिम- खेत लालता, उत्तर- हरिनाथ का भवन, दक्षिण- खेत कल्लू व अन्य | 21.08.2021<br>रू 2959689.56<br>+ लागत + प्रभार + अन्य व्यय |

दिनांक - 19.09.2021
स्थान - वाराणसी

प्रकाशन में हुई किसी प्रकार की त्रुटि के लिये सम्बन्धित शाखा या मण्डलीय कार्यालय से सम्पर्क कर सकते है।

प्राधिकृत अधिकारी

2 न्यूज-व्यूज
मुख्यमंत्री आज रखेंगे उपलब्धियों का लेखा जोखा

9 राष्ट्रीय
रवींद्र नारायण रवि ने ली राज्यपाल के रूप में शपथ

10 स्वास्थ्य
डिब्बाबंद ऑक्सीजन के जरिए जीवन रक्षा

11 विशेष
कोविड का नया प्रतिरूप 'म्यू'

RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 324
लखनऊ, रविवार, 19 सितम्बर, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
डाक संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



चौथी बार एनआरएआई अध्यक्ष चुने गए रनिंदर
स्पोर्ट्स-12

# अमरिंदर ने दिया इस्तीफा, सोनिया चुनेंगी नया सीएम

भाषा। चंडीगढ़/नई दिल्ली



**पंजाब** प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू के साथ लंबे समय तक चली तनातनी के बाद मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने शनिवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया और दो टूक कहा कि बार-बार विधायकों की बैठक बुलाए जाने से उन्होंने अपमानित महसूस किया, जिसके बाद पद छोड़ने का फैसला किया। उनके इस्तीफे के बाद हुई विधायक दल की बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को अधिकृत किया गया कि वह विधायक दल के नए नेता का चयन करें। यह नया नेता ही पंजाब का अगला मुख्यमंत्री होगा।

विधायक दल की बैठक से कुछ देर पहले अमरिंदर सिंह राजभवन पहुंचे और राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित को अपना और अपने मंत्रिपरिषद का इस्तीफा सौंपा। इस्तीफा देने के बाद राजभवन के बाहर संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि वह अपने साथियों और समर्थकों के साथ बातचीत करने के बाद भविष्य के कदम एवं विकल्प पर फैसला करेंगे। हालांकि, उन्होंने यह स्पष्ट किया कि फिलहाल वह कांग्रेस में हैं। अमरिंदर सिंह ने कहा कि कांग्रेस अलाकमान जिसे चाहे, उसे मुख्यमंत्री बना सकता है। उन्होंने बताया, मेरा फैसला आज सुबह हो गया था। मैंने कांग्रेस अध्यक्ष से बात की थी और उनसे कह दिया था कि इस्तीफा दे रहा हूं। सिंह के अनुसार, कुछ महीनों में यह तीसरी बार हो रहा है। पहले विधायकों को बुलाया, दूसरी बार बुलाया और तीसरी बार बैठक कर रहे हैं। मैं अपमानित महसूस करता हूं। मेरे ऊपर अगर संदेह है तो ऐसे में मैंने फैसला किया कि मुख्यमंत्री पद छोड़ दिया जाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस आलाकमान को जिस पर भरोसा हो, उसे मुख्यमंत्री बना सकता है। यह पूछे जाने पर कि उनकी भविष्य की रणनीति क्या होगी और क्या भाजपा अथवा किसी दूसरी पार्टी के साथ जाएंगे, तो अमरिंदर सिंह ने कहा, मेरी 52 साल की राजनीति में जिन लोगों ने मेरा साथ दिया, उनके साथ बातचीत करने के बाद इस बारे में फैसला करूंगा। इस सवाल पर कि क्या वह नए मुख्यमंत्री को स्वीकार करेंगे तो उन्होंने कहा कि वह अपने साथियों से चर्चा के बाद ही कोई निर्णय लेंगे। उन्होंने जोर देकर कहा, जहां तक मेरी भविष्य की राजनीति का सवाल है, तो एक विकल्प हमेशा रहता है, समय आने पर उस विकल्प को देखूंगा। मैं अपने साथियों से बात करके कोई फैसला करूंगा। बाद में एक निजी चैनल से बातचीत में अमरिंदर सिंह ने कहा कि अगर सिद्धू को मुख्यमंत्री बनाया जाता है तो वह पंजाब का बेड़ा गर्क कर देंगे क्योंकि वह उनके नेतृत्व वाली सरकार में एक मंत्रालय नहीं चला सके थे। उधर, कांग्रेस के केंद्रीय पर्यवेक्षकों अजय माकन और हरीश चौधरी तथा प्रदेश प्रभारी हरीश रावत की मौजूदगी में विधायक दल की बैठक में प्रस्ताव पारित कर नया नेता चुनने के लिए सोनिया गांधी को अधिकृत किया गया। इसके साथ ही, एक और प्रस्ताव पारित कर अमरिंदर सिंह के योगदान की तारीफ की गई और उनका धन्यवाद किया गया। विधायक दल की बैठक के बाद रावत ने संवाददाताओं से कहा, पार्टी में यह परंपरा रही है कि कांग्रेस अध्यक्ष को नया नेता चुनने के लिए अधिकृत किया जाए। पंजाब के हमारे विधायक दल ने भी इसी परंपरा का अनुसरण करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष से आग्रह किया कि वह नए नेता का फैसला करें।

## 'सिद्धू सीएम बने तो पंजाब का बेड़ा गर्क कर देंगे'

भाषा। नई दिल्ली

**पंजाब** के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद अमरिंदर सिंह ने इस पद के लिए नवजोत सिंह सिद्धू के नाम की संभावना का विरोध करते हुए शनिवार को कहा कि जो एक मंत्रालय ठीक से नहीं चला सके, वो भला राज्य क्या चलाएंगे।

अमरिंदर सिंह ने एक निजी चैनल के साथ बातचीत में यह दावा भी किया कि अगर सिद्धू को मुख्यमंत्री बनाया जाता है तो वह पंजाब का बेड़ा गर्क कर देंगे। उन्होंने यह टिप्पणी ऐसे वक्त की है, जब चंडीगढ़ में कांग्रेस विधायक दल की बैठक हो रही है। इस बैठक में नए नेता के बारे में फैसला होने की संभावना है। यह पूछे जाने पर कि क्या सिद्धू मुख्यमंत्री के रूप में उन्हें स्वीकार होंगे, तो अमरिंदर सिंह ने इसका ना में जवाब दिया। उन्होंने पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पर निशाना साधते हुए कहा, एक मंत्रालय तो चला नहीं सके, राज्य क्या चलाएंगे। सब बर्बाद कर देंगे। उनकी कुव्वत नहीं है। पूरे राज्य का बेड़ा गर्क कर देंगे।

## राज्यपाल ने स्वीकार किया इस्तीफा

**चंडीगढ़।** पंजाब के राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित ने मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। आधिकारिक बयान में कहा गया है कि राज्यपाल ने अमरिंदर सिंह और उनके मंत्रिपरिषद का इस्तीफा स्वीकार करने के साथ ही उनसे कहा है कि अगली व्यवस्था होने तक वह पद पर बने रहें। अमरिंदर सिंह ने पुरोहित से मुलाकात कर अपना और अपने मंत्रिपरिषद का इस्तीफा सौंपा था। इससे पहले, अमरिंदर ने अपने समर्थक विधायकों के साथ बैठक में इस्तीफे देने का फैसला किया था।

## विधायक दल की बैठक में प्रस्ताव पारित फैसला कांग्रेस अध्यक्ष पर छोड़ा गया

भाषा। चंडीगढ़



**पंजाब** में कांग्रेस विधायक दल की बैठक में शनिवार को एक प्रस्ताव पारित कर पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी से आग्रह किया गया कि वह विधायक दल के अगले नेता के बारे फैसला करें। पार्टी के प्रदेश प्रभारी हरीश रावत और कांग्रेस के केंद्रीय पर्यवेक्षक अजय माकन के मुताबिक, विधायक दल की बैठक में एक और प्रस्ताव पारित कर पंजाब एवं पार्टी के प्रति योगदान के लिए अमरिंदर सिंह का धन्यवाद किया गया। विधायक दल की बैठक के बाद रावत ने संवाददाताओं से कहा, कांग्रेस में यह परंपरा रही है कि कांग्रेस अध्यक्ष को नया नेता चुनने के लिए अधिकृत किया जाए। पंजाब के हमारे विधायक दल ने भी इसी परंपरा का अनुसरण करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष से आग्रह किया कि वह नए नेता का फैसला करें। कांग्रेस अध्यक्ष जिसे भी नेता चुनेंगी, वह सबको स्वीकार होगा। माकन ने कहा कि विधायक दल की बैठक में कांग्रेस के कुल 80 में से 78 विधायक मौजूद थे और मुख्यमंत्री के लिए इसमें किसी नाम पर चर्चा नहीं की गई। उन्होंने कहा, विधायक दल का नेता चुनने के लिए कांग्रेस अध्यक्ष को अधिकृत करने वाले प्रस्ताव के साथ ही एक प्रस्ताव रखा गया। इसमें हमने अमरिंदर सिंह के योगदान की तारीफ की और उनका धन्यवाद किया। उम्मीद की है कि उनका मार्गदर्शन आगे भी मिलता रहेगा। इससे पहले, अमरिंदर सिंह ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दिया।

# मेरे जन्मदिन पर लगे 2.5 करोड़ टीके तो एक राजनीतिक दल को आया बुखारः मोदी

● यह मेरे लिए भावुक करने वाला क्षण हैः मोदी ने अपने जन्मदिन पर 2.5 करोड़ खुराक दिए जाने पर कहा

भाषा। पणजी



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि देश में कोविड-19 टीकों के दुष्प्रभाव के तौर पर बुखार आने को लेकर चर्चा हो रही है, लेकिन उनके जन्मदिन पर जब 2.5 करोड़ टीके लगाए गए तो एक राजनीतिक दल को बुखार आ गया। मोदी ने गोवा में शत प्रतिशत आबादी को कोविड-19 रोधी टीके की पहली खुराक दिए जाने के मद्देनजर यहां स्वास्थ्यकर्मियों और टीकाकरण के लाभार्थियों के साथ संवाद के दौरान यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा, टीकों की बर्बादी रोकने का गोवा का मॉडल देश के अन्य हिस्सों के लिए भी मददगार होगा। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि उनके 71वें जन्मदिन पर शुक्रवार को देश में लोगों को कोविड-19 टीके की 2.50 करोड़ से अधिक खुराक दी गईं, जो उनके लिए एक अविस्मरणीय और भावुक करने देने वाला क्षण है। मोदी ने तटीय राज्य में स्वास्थ्य सेवा कर्मियों और टीकाकरण लाभार्थियों के साथ वीडियो लिंक के जरिए संवाद के दौरान कहा, आपके प्रयासों से भारत ने एक दिन में 2.5 करोड़ से अधिक खुराक देकर विश्व रिकॉर्ड बनाया है। यह एक ऐसी उपलब्धि है, जिसे दुनिया के सबसे शक्तिशाली देश भी हासिल नहीं कर पाए हैं। उन्होंने कहा, हमने देखा कि देश कल किस प्रकार कोविन डैशबोर्ड को देखता रहा। कल प्रति घंटे 15 लाख और प्रति मिनट 26,000 से अधिक लोगों को टीके लगाए गए। प्रति सेकंड 425 से अधिक लोगों को टीके लगाए गए। मोदी ने कहा कि वह इस प्रयास के लिए, देश के सभी चिकित्सकों, चिकित्साकर्मियों और प्रशासन के लोगों की सराहना करते हैं। उन्होंने कहा कि भारत की ताकत को दर्शाने वाले इस कार्य को पूरा करने के लिए अत्यधिक प्रयास और कुशल जनशक्ति की आवश्यकता थी। उन्होंने कहा, जन्मदिन आते हैं और चले जाते हैं और मैं ऐसी चीजों से दूर रहा हूं, लेकिन कल मेरे लिए भावुक कर देना वाला दिन था। यह मेरे लिए एक अविस्मरणीय अवसर बन गया है। मोदी ने किसी पार्टी का नाम लिए बगैर कहा कि उनके जन्मदिन पर टीकों की 2.5 करोड़ से अधिक खुराक दिए जाने के बाद एक राजनीतिक दल को बुखार हो गया। उन्होंने कहा, लोग कहते हैं कि टीकों के दुष्प्रभाव के रूप में बुखार आता है, लेकिन मेरे जन्मदिन पर 2.5 करोड़ टीके लगाए जाने के बाद एक राजनीतिक दल को बुखार आ गया।

## सोनू सूद, उनके सहयोगियों ने बीस करोड़ रुपये की कर चोरी कीः आयकर विभाग

**नई दिल्ली।** केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने शनिवार को आरोप लगाया कि अभिनेता सोनू सूद और उनके सहयोगियों ने 20 करोड़ रुपए कर की चोरी की है। बोर्ड ने यह भी आरोप लगाया कि जब आयकर विभाग ने उनके और उनसे जुड़े लखनऊ स्थित एक अवसंरचना समूह के परिसरों पर छापा मारा, तो यह पाया गया कि उन्होंने अपनी बिना हिसाब की आय को कई फर्जी संस्थाओं से फर्जी असुरक्षित ऋण के रूप में दर्शाया।उसने सूद पर विदेशों से चंदा जुटाने के दौरान विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम (एफसीआरए) का उल्लंघन करने का भी आरोप लगाया। आयकर विभाग ने 48 वर्षीय अभिनेता और लखनऊ स्थित कारोबारी समूह के परिसरों पर 15 सितंबर को छापे मारे थे और सीबीडीटी ने बताया कि छापेमारी अभी जारी है। सीबीडीटी ने एक बयान में कहा, अभिनेता और उनके सहयोगियों के परिसरों की छापेमारी के दौरान कर चोरी से संबंधित साक्ष्य मिले हैं। उसने कहा, अभिनेता द्वारा अपनाई जाने वाली मुख्य कार्य प्रणाली यह थी कि वह अपनी बेहिसाब आय को कई फर्जी संस्थाओं से फर्जी असुरक्षित ऋण के रूप में तब्दील करते थे।

# चुनाव से पहले कानपुर-आगरा में दौड़ेगी मेट्रो

● तीस नवम्बर के आसपास पीएम के हाथों कराएंगे शुभारंभः योगी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**विधानसभा** चुनाव में जाने से पहले कानपुर तथा आगरा में मेट्रो ट्रेन का पहिया दौड़ाने की तैयारी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों तीस नवम्बर के आसपास दोनों ही शहरों में मेट्रो ट्रेन का शुभारंभ किये जाने के संकेत सीएम योगी ने गोरखपुर में मेट्रो की प्रथम प्रोटोटाइप ट्रेन के वर्चुअल अनावरण के दौरान दिये।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि देश की सबसे बड़ी आबादी वाले राज्य उत्तर प्रदेश के चार शहरों लखनऊ, गाजियाबाद, नोएडा और ग्रेटर नोएडा में मेट्रो रेल का सफल संचालन किया जा रहा है। कानपुर और आगरा में मेट्रो का काम लगभग पूरा हो चुका है। इसके साथ ही पांच अन्य प्रमुख शहरों गोरखपुर, वाराणसी, प्रयागराज, मेरठ और झांसी में मेट्रो के लिए डीपीआर तैयार है या अंतिम चरण में है। इन शहरों में भी पब्लिक ट्रांसपोर्ट की बेहतरीन सुविधा उपलब्ध होगी।

उन्होंने कहा कि मेट्रो जैसा सुरक्षित और आरामदायक पब्लिक ट्रांसपोर्ट आज की आवश्यकता है। तीस नवम्बर के आसपास हम कानपुर और आगरा मेट्रो को देश को समर्पित करने की स्थिति में होंगे। हमारा प्रयास होगा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों से इसका शुभारंभ कराया जाए। उन्होंने इस बात पर खुशी जताई कि वड़ोदरा के उपक्रम में कोविडकाल की प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद प्रथम प्रोटोटाइप ट्रेन को समय से पहले उपलब्ध कराया गया है। सीएम ने कहा कि इससे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना भी साकार हो रही है। मुख्यमंत्री ने आगरा व कानपुर मेट्रो के प्रथम प्रोटोटाइप ट्रेन के वर्चुअल अनावरण के दौरान वड़ोदरा से जुड़े यूपी मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के प्रबंध निदेशक, मैसर्स एल्सटॉम इंडिया ट्रांसपोर्ट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक समेत सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को इसके लिए बधाई भी दी।

## नाराज सुप्रियो भाजपा छोड़ टीएमसी में शामिल

**कोलकाता।** केंद्रीय मंत्रिपरिषद से हटाए जाने के बाद कई हफ्तों तक कभी नरम तो कभी गरम तेवर दिखाने वाले भाजपा सांसद बाबुल सुप्रियो ने शनिवार को पश्चिम बंगाल में सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) का दामन थामकर लोगों को चौंका दिया। आसनसोल संसदीय सीट से दो बार के सांसद सुप्रियो ने पूर्व में कहा था कि वह राजनीति छोड़ देंगे। हालांकि, भाजपा नेतृत्व ने बाद में उन्हें लोकसभा का सदस्य बने रहने के लिए मना लिया था। गायिकी से सियासत का रुख करने वाले सुप्रियो पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी और राज्यसभा सदस्य व प्रवक्ता डेरेक ओ ब्रायन की मौजूदगी में टीएमसी में शामिल हुए। टीएमसी ने ट्वीट किया, आज, राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी और राज्यसभा सदस्य डेरेक ओ ब्रायन की उपस्थिति में, पूर्व केंद्रीय मंत्री और मौजूदा सांसद बाबुल सुप्रियो तृणमूल परिवार में शामिल हो गए। हम इस अवसर पर उनका बेहद गर्मजोशी से स्वागत करते हैं। भाजपा जैसे दल में कई लोगों के विपरीत, सुप्रियो ने जुलाई में लंबे समय से प्रतीक्षित फेरबदल के दौरान केंद्र सरकार से हटाए जाने पर अपनी नाराजगी स्पष्ट रूप से जाहिर की थी।

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 59,015 | |
| निफ्टी | 17,585 | |
| सोना | 45,207 | /10g |
| चांदी | 60,183 | /kg |

## क्विक न्यूज़

### कोविड प्रोटोकॉल के साथ चारधाम यात्रा शुरू

**देहरादून।** महामारी की दूसरी लहर की वजह से महीनों तक निलंबित रहने के बाद उत्तराखंड में हिमालय पर्वतीय क्षेत्र में स्थित चार पवित्र धामों की यात्रा कोविड प्रोटोकॉल के साथ शनिवार से शुरू हो गई। देवस्थानम बोर्ड के मीडिया प्रभारी हरीश गौड़ ने बताया कि यात्रा मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) का अनुपालन सुनिश्चित करने संबंधी प्रबंधों के बीच आसपास के गांवों से श्रद्धालुओं ने आज सुबह मंदिरों में पहुंचना शुरू कर दिया। उन्होंने कहा कि तीर्थयात्रियों पर सीसीटीवी के जरिए नजर रखी जा रही है, जिससे कि यह पता चल सके कि कोई कोविड-19 प्रोटोकॉल का कोई उल्लंघन तो नहीं हो रहा है। तीर्थयात्रियों को चार धामों-बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री के गर्भ गृह में जाने की अनुमति नहीं है।

## सात लड़कियों की तालाब में डूबने से मौत

**लातेहार।** झारखंड के लातेहार जिले में आदिवासी पर्व करमा पूजन के बाद डाली का विसर्जन करने गई 10 लड़कियों की टोली में से सात लड़कियों की शनिवार को तालाब में डूबने से मौत हो गई। इनमें से छह बच्चियां एक ही परिवार की थीं। यह जानकारी लातेहार के उपायुक्त अबू इमरान ने दी। वहीं, इस घटना पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने शोक व्यक्त किया है। उपायुक्त बताया कि घटना शनिवार दोपहर लगभग 12 बजे के करीब जुलि के बालूमाथ प्रखंड में शेरेगड़ा पंचायत के बुकरू गांव के मननडीह में घटी। इमरान ने बताया कि सभी मृत लड़कियों के शव तालाब से निकाल लिए गए हैं और उन्हें पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। मृत सभी लड़कियों की उम्र 12 वर्ष से 20 के बीच है। उपायुक्त ने बताया कि मौके पर राहत एवं बचाव कार्य के बाद मामले की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दे दिए गए हैं और पूरी घटना की जांच उप उपायुक्त सुरेन्द्र वर्मा करेंगे। उन्होंने बताया कि गांव की 10 बच्चियों की टोली करम डाली को लेकर गांव में ही रेलवे लाइन के समीप बने तालाब में विसर्जन करने गई थी।

## चार बेटियों को पानी के टैंक में फेंककर मारा

**बाड़मेर।** राजस्थान के बाड़मेर जिले में शनिवार को एक व्यक्ति ने अपनी चार बेटियों को पानी के टैंक में फेंककर मार डाला और खुद भी आत्महत्या करने की कोशिश की। पुलिस सूत्रों ने बताया कि यह हादसा जिले के पोशाला गांव में अपराह्न करीब एक बजे हुआ। उन्होंने कहा कि पुरखाराम (30) नामक व्यक्ति ने पहले अपनी बेटियों-जियो (9), नोजी (7), हिना (3) एवं डेढ़ वर्षीय लासी को जहर दे दिया और फिर उन्हें अपने घर के बाहर स्थित 13 फुट गहरे पानी के टैंक में फेंक दिया। उन्होंने बताया कि इसके बाद उसने खुद भी पानी के टैंक में छलांग लगा दी।

# मंदिर निर्माण के लिए राजनाथ को सौंपा गया 115 देशों का जल

● रक्षामंत्री बोले-यह वसुधैव कुटुंबकम की सोच दर्शाता है

भाषा। नई दिल्ली

**रक्षामंत्री** राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के लिए सात महाद्वीपों के 115 देशों से जल लाने का विचार अनूठा है और यह वसुधैव कुटुंबकम के संदेश को झलकाता है।

सिंह ने अकबर रोड स्थित अपने आवास पर श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय तथा डेनमार्क, फिजी तथा नाइजीरिया समेत अनेक देशों के राजदूतों और उच्चायुक्तों की मौजूदगी में 115 देशों की नदियों, झरनों और समुद्रों का जल प्राप्त किया। भाजपा नेता और दिल्ली के पूर्व भाजपा विधायक विजय जॉली की अगुवाई में एनजीओ



दिल्ली स्टडी सर्किल ने जल एकत्रित किया। जॉली के प्रयासों की सराहना करते हुए सिंह ने कहा, दुनिया के सभी देशों से जल लाने से भारत की वसुधैव कुटुंबकम की सोच झलकती है। 115 देशों से जल लाना एक उत्कृष्ट कार्य है। मुझे आशा है कि मंदिर निर्माण पूरा होने से पहले बाकी 77 देशों से भी जल लाया जाएगा। हम इस जल से अपने राम लला का जलाभिषेक करेंगे। उन्होंने कहा कि राम मंदिर का निर्माण सभी के लिए गौरव का क्षण है। उन्होंने कहा, भारतीय संस्कृति बहुत समृद्ध है और भारत में जाति, वर्ण और धर्म के आधार पर कोई भेदभाव नहीं होता। इस अवसर पर राय ने कहा कि दुनिया के अनेक देशों से जल लाना एक ऐतिहासिक क्षण है। उन्होंने कहा, अयोध्या में एक सप्तसागर है। माना जाता है कि त्रेता युग में भगवान राम के राज्यतिलक के दौरान दुनिया के सभी सागरों का जल लाया गया था।

और आज जब उनके जन्मस्थान पर उनका मंदिर बनाया जा रहा है तो दुनिया के सभी समुद्रों का जल एक बार फिर लाया गया है। यह हमारे लिए भावनात्मक विषय है। उन्होंने यह भी कहा कि राम मंदिर की नींव का पहला चरण पूरा हो गया है। जॉली ने कहा कि कोविड महामारी के दौरान जब लोग अपने घरों से बाहर नहीं निकल सके तो उनके संगठन ने दुनिया के 115 देशों से पानी एकत्रित किया। उन्होंने कहा, केवल हिंदुओं ने ही नहीं, बल्कि दुनिया भर के मुस्लिम, सिख, ईसाई, यहूदी और बौद्ध धर्म के लोगों ने इस पवित्र काम में योगदान दिया है।

# किसान हितों को सर्वोपरि रखते हुए सरकार कर रही है विकास कार्य: केशव प्रसाद मौर्य

## ● डिप्टी सीएम ने श्रृंगवेरपुर में किया करोड़ों की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज

**उत्तर प्रदेश** के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने प्रयागराज के फाफामऊ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत श्रृंगवेरपुर धाम में आयोजित कार्यक्रम में 20 करोड़ 71 लाख की लागत से बनने वाली 17 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि उक्त परियोजनाओं से यहां के आम जनमानस को अनेक सुविधाओं का लाभ मिलेगा। कहा कि सड़क और पुलों के निर्माण से कृषि विपणन सेवाओं में गति आएगी। किसानों की आमदनी बढ़ेगी। सड़कें विकास का आधार होती हैं। इनसे ग्रामीणों के जीवन स्तर में आमूलचूल परिवर्तन आएगा। पुलों और सड़कों के माध्यम से किसान अपने उत्पाद को आसानी से अच्छे बाजारों में ले जा सकेंगे और उनके उत्पाद का अच्छा पैसा मिलेगा। लोकार्पण समारोह को सम्बोधित करते हुए केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि किसान हितों को सर्वोपरि रखते हुए प्रदेश में विकास कार्यों को अमली जामा पहनाया जा रहा है और विकास कार्य स्पष्ट रूप से धरातल पर नजर आ रहे हैं। उन्होंने कहा पिछले साढे 4 साल में जहां प्रदेश में बहुमुखी चहुंमुखी ग्रामोन्मुखी और संतुलित विकास के नए मानदंड स्थापित किए गए हैं। वहीं पर लोक निर्माण विभाग द्वारा बहुत ही उत्कृष्ट और उल्लेखनीय कार्य किए गए हैं। उन्होंने कहा पूरे प्रदेश में विकास की बयार बह रही है। सोशल सेक्टर की योजनाओं के माध्यम से ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के हर पात्र व्यक्ति को लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से अपील की कि वह योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को दिलाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करें और सहयोग प्रदान करें। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति बेहतर है। उत्तर प्रदेश खुशहाली के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है। कानून व्यवस्था बहुत ही चुस्त और दुरुस्त है। अपराधी सलाखों के पीछे हैं। किसान सम्मान निधि के रूप में डेढ़ लाख करोड़ लोगों के खातों में सीधे धनराशि भेजी गई है। किसानों के हितों को सर्वोपरि रखते हुए उनको खुशहाली व तरक्की के रास्ते पर लाया जा रहा है।


शिलान्यास करते डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य

## श्री गणेशोत्सव सेवा समिति के कार्यक्रम कथक नृत्यांगना अदिति चटर्जी का शानदार प्रस्तुति

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**गणपति उत्सव** के उपलक्ष में गणेशोत्सव सेवा समिति, अगस्त कुंड, वाराणसी में भगवान गणेश के पूजा के साथ साथ सांस्कृतिक समारोह का भी भव्य आयोजित हुआ ।उपरोक्त सांस्कृतिक कार्यक्रम में सितार वादन में रोहित चटर्जी तथा तबला में जय दे और कत्थक में अदिती चटर्जी का शानदार प्रस्तुति हुई ।कथक में भगवान गणेश को नृत्यांजलि गणेश वंदना से की गई, तत्पश्चात ठाट, लड़ी, टुकड़ा, व शुद्ध कथक प्रस्तुति की गई ।करीब 45 मिनट लाइव चले इस सांस्कृतिक कथक प्रोग्राम में सैकड़ों लोगों ने आनंद उठाया। अदिती चटर्जी, बनारस घराना के कथक कलाकार है और उन्हें राष्ट्रीय स्कॉलरशिप सांस्कृतिक मंत्रालय द्वारा प्राप्त है तथा कई राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय मंचों से लाइव प्रस्तुति देने का सौभाग्य मिला हैं। अदिती के गुरु है पंडित रवि शंकर मिश्रा तथा डॉक्टर जया राय (कथक बनारस घराना) के हैं जो बराबर उनको सही दिशा-निर्देश देते रहते हैं।

# इंडियन बैंक के अंचल कार्यालय में निर्यातक गोष्ठी का हुआ आयोजन

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी



**शनिवार को** इंडियन बैंक, अंचल कार्यालय, वाराणसी परिसर में निर्यातक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस बैठक में भदोही, खमरिया, मिर्जापुर एवं वाराणसी नगर के निर्यातक उपस्थित थे। बैंक के मुंबई एवं चेन्नई स्थित विदेशी विनिमय व ट्रेजरी विभाग भी वेब के माध्यम से इस गोष्ठी से जुड़े थे। प्रारंभ में बैंक के उप अंचल प्रबंधक विजय कुमार द्विवेदी ने सबका स्वागत किया एवं बैठक के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में आभासी रूप से जुड़े इंडियन बैंक, कारपोरेट कार्यालय के सहायक महा प्रबंधक (अंतर्राष्ट्रीय डिविजन) आनन्द कुमार ने निर्यातकों की व्यावहारिक समस्याओं को सुना और उनका निराकरण किया तथा समाधान के तरीके सुझाए। बैठक में उपस्थित क्षेत्र महाप्रबंधक विनय कुमार सिंह ने कहा कि निर्यातकों का वित्तपोषण करना बैंक की विशेष प्राथमिकता है। उन्होंने निर्यातकों को भरोसा दिलाया कि उनकी ऋण आवश्यकताओं की पूर्ति एवं असुविधाओं के निवारण में देरी नहीं होने पाएगी। गोष्ठी के दौरान निर्यातकों एवं एम.एस.एम.ई.ऋणियों के लिए उपलब्ध ब्याज में राहत, ग्राहक हितैषी योजनाएं, ईसीजीसी कवर की भी चर्चा हुई । इस बैठक के आयोजन के लिए उद्यमियों ने बैंक के प्रति धन्यवाद व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में अंचल प्रबंधक राजेश ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि निर्यात एक ऐसा सेक्टर है जिसके विस्तार एवं संवर्धन के लिए इंडियन बैंक प्रतिबद्ध है तथा आज की बैठक उस दिशा में उठाया गया एक कदम है। बैठक में चुनिंदा शाखा प्रबंधक एवं अधिकारी उपस्थित थे।

## नियमतीकरण के लिए किए जा रहे प्रयास

**प्रयागराज।** मौजूद समय में लोगों के लिए तमाम तरह के नियमतीकरण के लिए प्रयास किये जा रहे हैं। कलरबार के जैकलीन फर्नांडीज कलेक्शन के विशेष कलेक्शन में वह सब कुछ है जो जैकलीन से प्रेरित करता है। चाहे वह हल्के म्यूटेड रंग हो या फिर बोल्ड और ड्रामेटिक शेड्स दुनिया भर के मेकअप प्रेमी अब अपने पसंदीदा जैकलीन लुक को फिर रिक्रिएट और बहुत कुछ कर सकते हैं। सभी पहलुओं में लक्ज़री को शामिल करते हुए। यह कलेक्शन विशेष रूप से जैकलीन द्वारा क्यूरेट किया गया है। ताकि सबसे अच्छी सुंदरता मिल सके। संस्थापक और प्रबंध निदेशक समीर मोदी ने कलेक्शन और एसोसिएशन के बारे में कहा जैकलीन कलरबार के लिए हर चीज का प्रतिनिधित्व करती है।

**पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लि0 ई–निविदा सूचना** अनुभवी फर्मों / ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु दो भागों में मुहरबन्द अल्पकालीन निविदायें ई–टेण्डर के माध्यम से निम्नविवरणानुसार आमंत्रित की जाती हैं जो दिनांक 04.10.2021 समय 13.00 बजे तक ऑनलाइन ई–निविदा अपलोड की जायेगी जो उसी दिन दिनांक 04.10.2019 सायंकाल 16.00 बजे खोली जायेगी। कृपया पूर्ण निविदा का विवरण/डाउन लोडिंग एवं संशोधन/शुद्धिकरण एवं नियम व शर्तें संबंधी सूचनाओं हेतु वेबसाइट http//.etender.up.nic.in को देखें। **क्रम सं0** 1. **निविदा विशिष्टि संख्या** 55/वि0कार्य0शा0म0 (वा0)/2021–22 **कार्य का नाम** विद्युत कार्यशाला खण्ड, प्रयागराज के अन्तर्गत कार्यशील विभिन्न कार्यशालाओं में मरम्मत कार्य हेतु स्थापित विभिन्न प्रकार के उपकरण डीवीडीएफ, ओवन, हाई वोल्टेज, एच0टी0 वाइडिंग मशीन, एल0टी0 वाइडिंग मशील एवं हाईड्रोलिक ट्राली इत्यादि के रूटीन एवं आकस्मिक मरम्मत का कार्य। **धरोहर धनराशि रू0** 11,400.00 **निविदा शुल्क (जी0एस0टी0 सहित) रू0** 3540.00 **क्रम सं0** 2. **निविदा विशिष्टि संख्या** 56/वि0कार्य0 शा0म0 (वा0)/ 2021–22 **कार्य का नाम** विद्युत कार्यशाला खण्ड, प्रयागराज के अन्तर्गत परिवर्तक मरम्मत कार्यशाला केन्द्र पुराना शेड झूंसी में 160 एवं 250 केवीए क्षमता के क्षतिग्रस्त परिवर्तकों के मरम्मत का कार्य। **धरोहर धनराशि रू0** 10,350.00 **निविदा शुल्क (जी0एस0टी0 सहित) रू0** 3540.00 **क्रम सं0** 3. **निविदा विशिष्टि संख्या** 57/वि0कार्य0शा0म0 (वा0)/ 2021–22 **कार्य का नाम** विद्युत कार्यशाला खण्ड, प्रयागराज के अन्तर्गत मरम्मत कार्यशाला केन्द्र बमरौली में स्थापित ई0ओटी0 क्रेन के वार्षिक अनुरक्षण का कार्य। **धरोहर धनराशि रू0** 3000.00 **निविदा शुल्क (जी0एस0टी0 सहित) रू0** 1180.00 **क्रम सं0** 4. **निविदा विशिष्टि संख्या** 58/वि0कार्य0 शा0म0 (वा0)/ 2021–22 **कार्य का नाम** विद्युत कार्यशाला खण्ड, वाराणसी के अन्तर्गत विभिन्न विद्युत कार्यशाला केन्द्रों में 25 63 एवं 100 के0वी0ए0 के परिवर्तक पर नये टाप कवर प्लेट फ्लेंज एवं नट वोल्ट के द्वारा बदले जाने का कार्य। **धरोहर धनराशि रू0** 60,000.00 **निविदा शुल्क (जी0एस0टी0 सहित) रू0** 3540.00 **क्रम सं0** 5. **निविदा विशिष्टि संख्या** 59/वि0कार्य0 शा0म0 (वा0)/ 2021–22 **कार्य का नाम** अधिशासी अभियन्ता, विद्युत कार्यशाला खण्ड वाराणसी के अन्तर्गत अधिशासी अभियन्ता एवं सहायक अभियन्ता कार्यशाला साहुपुरी के प्रयोगार्थ दो अद्द डीजल वाहन (चालक सहित) किराये पर उपलब्ध कराये जाने का कार्य। **धरोहर धनराशि रू0** 5300.00 **निविदा शुल्क (जी0एस0टी0 सहित) रू0** 1180.00 **क्रम सं0** 6. **निविदा विशिष्टि संख्या** 60/वि0कार्य0शा0म0 (वा0)/ 2021–22 **कार्य का नाम** विद्युत कार्यशाला खण्ड, आजमगढ़ के अन्तर्गत परिवर्तक मरम्मत कार्यशाला केन्द्र बलिया में 10,25,63 एवं 100 केवीए क्षमता के क्षतिग्रस्त परिवर्तकों के मरम्मत का कार्य। **धरोहर धनराशि रू0** 92000.00 **निविदा शुल्क (जी0एस0टी0 सहित) रू0** 3540.00 अधीक्षण अभियन्ता विद्युत कार्यशाला मण्डल पूर्वान्चल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड वाराणसी पत्रांक 1868 दिनांक 18.9.21 'राष्ट्रहित में बिजली बचाएं'

# पूर्व मुख्यमंत्री से मिला साहू समाज एवं राठौर महासभा का प्रतिनिधिमंडल

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**साहू** समाज व राठौर महासभा का प्रतिनिधि मंडल पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश सिंह यादव से लखनऊ स्थित समाजवादी के कार्यालय में मिला और उन्हें पुष्प गुच्छेक देकर उनका स्वागत किया। इस पर पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश सिंह यादव ने दोनों युवाओं से कहा कि बूथ स्तर पर मजबूती से कार्य करो तथा एक विशाल रथ निकालो जो साहू समाज एवं राठौर महासभा से हो। इसके साथ ही उत्तरी विधानसभा में चुनाव की तैयारी कर मजबूत बनो। 2 अक्टूबर गांधी जयंती व देश के पूर्व पीएम स्व0 लालबहादुर शास्त्री के जन्मदिन पर साहू समाज व राठौर समाज महासभा विशाल रथ निकालेगा साथ ही सबसे मिलकर बूथ स्तर पर कार्य किया जाएगा।

पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश सिंह यादव से लखनऊ समाजवादी पार्टी कार्यालय में मुलाकात के बाद समाज को जोड़ने के लिए आश्वस्त किया। मिलने वालों में राष्ट्रीय अध्यक्ष जगजीवन बाबू (साहू समाज), राठौर महासभा प्रदेश अध्यक्ष साहू समाज राठौर महासभा मोहन गुप्ता, प्रदेश उपाध्यक्ष साहू राठौर महासभा जिला अध्यक्ष, साहू समाज होरी लाल गुप्ता, सनी करण गुप्ता, दीपचंद गुप्ता, शहर उत्तरी विधानसभा 388 आदि लोग उपस्थित रहे।

# व्यापारियों के मान-सम्मान के साथ खिलवाड़ नहीं होगा बर्दाश्त: डॉ. रामगोपाल

## ● रतनपुरा व्यापारी सम्मेलन का किया गया आयोजन

## ● रतनपुरा व्यापार मंडल के नए पदाधिकारियों को सौंपी गई जिम्मेदारी

**संवाददाता।** मऊ



**अखिल भारतीय** उद्योग व्यापार मण्डल के सदस्यों द्वारा रतनपुरा में व्यापारी सम्मेलन का आयोजन किया गया। साथ ही साथ रतनपुरा व्यापार मंडल के नए पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपते हुए फूल माला पहनाकर स्वागत भी किया गया। व्यापारी सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष डॉण् रामगोपाल गुप्ता ने कहा कि व्यापारियों के मान.सम्मान के साथ खिलवाड़ किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। व्यापारियों के सम्मान के लिए आरपार का संघर्ष किया जाएगा। इस अवसर पर रतनपुरा व्यापार मंडल का गठन पूर्व अध्यक्ष दुर्गा जायसवाल के निर्देशन में किया गया।

## क्विक न्यूज

### सोशल आडिट बैठक में अपूर्ण मिले अभिलेख

**सोनभद्र।** विकास खंड नगवां के ग्राम पंचायत दूबेपुर में महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत वर्ष 2020-21 में कराए गए कार्यों व प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को दिए गए आवासों को लेकर सोशल ऑडिट ग्राम सभा की बैठक ग्राम पंचायत मे स्थित प्राथमिक विद्यालय पर सुनिल कुमार पांडेय की अध्यक्षता में संपन्न हुई। सोशल ऑडिट के दौरान वर्ष 2020-21 में कराए गए कार्यों को लेकर सोशल ऑडिट टीम के सदस्यो द्वारा तैयार किये गये डाफ्ट प्रतिवेदन मे उल्लेखित विन्दुओं व अनियमितताओं पर व्यापक चर्चा व विचार विमर्श किया गया। अभिलेखों के सत्यापन में अभिलेख अपूर्ण मिले। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत वर्ष 2020-21 में 34 लाभार्थियों को आवास उपलब्ध कराया गया है। सभी के आवास अपूर्ण थे। 33 लाभार्थियों का आवास छत स्तर तक पूर्ण हो गया था जबकि 1 लाभार्थी के आवास की छत नहीं पड़ी थी बैठक के दौरान ग्राम प्रधान सोशल ऑडिट टीम के सदस्य उदयनाथ रियासत अली राजमोहन पाण्डेय कोऑर्डिनेटर आशुतोष कुमार समेत अन्य ग्रामीण जन व जॉब कार्ड धारक उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर आयोजित हुई कार्यशाला

**बीजपुर/सोनभद्र।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ एनटीपीसी शक्तिनगर परिसर में शुक्रवार को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के संदर्भ में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जनपद सोनभद्र के लिए आयोजित इस कार्यशाला का शुभारंभ सुबह 10 बजे से विद्यालय परिसर में परंपरागत ढंग से किया गया। इस आशय की जानकारी देते हुए विद्यालय के जनसम्पर्क अधिकारी एवं असिस्टेंट प्रोफेसर पत्रकारिता व जनसंपर्क छोटे लाल प्रसाद ने बताया कि इस एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ एनटीपीसी शक्तिनगरए सोनभद्र के प्रभारी डॉ. रागिनी श्रीवास्तव के कुशल नेतृत्व में प्रोजेक्टर पर विद्यालय के शिक्षकों एवं कर्मचारियों के लिए सम्पन्न किया गया। जिसमें उनको राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के बावत विस्तार पूर्वक जानकारियां दी गई। इस दौरान उन सभी को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयनए विधिए आयामए चुनौतियों तथा प्रवेश आदि के बारे में विस्तृत जानकारियां दी गई। कार्यशाला में विश्वविद्यालय के डॉ. विनोद कुमार पाण्डेय डॉ. मानिक चंद पाण्डेय डॉ. मानिन्दर कुमार डीसूजा डॉ. रामकीर्ति सिंह डॉ. रणवीर प्रसाद सिंह डॉ. मृत्युंजय कुमार पाण्डेय डॉ. मनोज कुमार गौतम अजय लक्ष्मीए उदय नारायण पाण्डेय रविकांत कुशवाहा अमित कुमार सिंह आदि मुख्यरूप से शामिल थे।

### भुट्टो को बनाया गया ब्लॉक अध्यक्ष



**धानापुर/चंदौली।** शनिवार को कस्बा स्थित शहीद पार्क में कांग्रेस पार्टी के न्याय पंचायत स्तर की बैठक हुई। जिसमें सिराजुद्दीन भुट्टो को सर्वसम्मति से ब्लाक अध्यक्ष बनाया गया। ब्लाक अध्यक्ष का पद कई माह से रिक्त चल रहा था। आगामी चुनाव को देखते हुए पार्टी अपने संग्रहण को लेकर काफी गंभीर है। बैठक की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने कहा कि कार्यकर्ता अभी से संगठित होकर आने तनमन से लग जाएं। संगठन से बढ़ कर कोई व्यक्ति नही होता इसलिए हमें अनुशासित होकर पार्टी के कार्य में लगना होगा। बैठक में मुख्य रूप से शाहआलम खानए डॉ पीसी सिंहए हसन खानए नगीना सिंहए रविशंकर रामए डॉ मकसूदए सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। संचालन प्रदीप मिश्रा ने किया।

## कार्यालय नगर पंचायत मूसानगर जनपद कानपुर देहात

पत्र सं0–221/एन0पी0एम0/टे0सू0/2021–22 दिनांक : 16/09/2021

**अल्पकालीन ई–निविदा सूचना**

एतद् द्वारा समस्त फर्मों/ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत मूसानगर में 15वाँ वित्त आयोग वित्तीय वर्ष 2020–21 में (Tied Grant) एवं (Untied Grant) की प्राप्त द्वितीय किश्त एवं राज्य वित्त आयोग निधि की धनराशि वित्तीय वर्ष (2021–22 से कराये जाने वाले कार्यों की ई–निविदायें पूर्व में दिनांक 16 अगस्त 2021 को आमंत्रित की गई थी, परन्तु तकनीकी खराबी के कारण उक्त निविदाओं को निरस्त कर दिया गया था। पूर्व में निरस्त की गई निविदाओ को पुनः www.etender.up.nic.in पोर्टल पर आमंत्रित किया जाता है। पूर्व में किसी फर्म/ठेकेदार द्वारा उक्त निविदा में प्रतिभाग किया था, वे निविदादाता टेण्डर शुल्क एवं अर्नेस्टमनी जमा की रसीद लगाकर निविदा डालता है तो उसकी पूर्व में जमा निविदा शुल्क एवं अर्नेस्टमनी मान्य होगी। शेष नियम व शर्ते पूर्व की भाँति रहेगी एवं कार्य से सम्बन्धित 02 प्रतिशत धरोहर धनराशि नगद, एन.सी.सी. अथवा एफ.डी.आर. जो अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत मूसानगर के नाम बंधक हो, अपलोड करना अनिवार्य है। किसी भी निविदा को बिना कोई कारण बताये निरस्त/स्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा। निविदा से सम्बन्धित अन्य किसी जानकारी के लिए कार्यालय नगर पंचायत मूसानगर में सम्पर्क जानकारी प्राप्त की जा सकती है। किसी भी निविदा को बिना कोई कारण बताये निरस्त/स्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा। प्रस्तावित कार्यों का विवरण www.etender.up.nic.in पर भी उपलब्ध है।

| E-Bid Referance | तिथि व समय |
|---|---|
| Tender Release Date | 17.09.2021, 10:30 AM |
| Bid Summission Start date | 17.09.2021, 11:30 AM |
| Close for Bid | 27.09.2021, 3:00 PM |
| Technical Bid Opening | 27.09.2021, 3:30 PM |
| Financial Bid Opening | After Technical Bid Approved |

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत मूसानगर
कानपुर देहात

## कार्यालय नगर पंचायत महोना, लखनऊ

संख्या– 665/न0पं0म0/नि0सू0/2021–22 दिनांक– 18.09.2021

**निविदा सूचना**

नगर पंचायत महोना लखनऊ में नगर निधि नगर पंचायत महोना लखनऊ की धनराशि से इण्टरलॉकिंग मार्ग व आर0सी0सी0 नाली, पुलिया के कार्य हेतु सक्षम श्रेणी के फर्म/ठेकेदारों से मुहरबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। इस हेतु निविदा प्रपत्र लिपिक द्वारा कार्यालय नगर पंचायत महोना में दिनांक 20.09.2021 से 24.09.2021 तक पंजीकरण प्रमाण– पत्र व 100/– के जनरल स्टाम्प पेपर के साथ आवेदन करने पर विक्रय किया जायेगा।

निविदायें दिनांक 11.10.2021 को अपराह्न 12.00 बजे तक कार्यालय नगर पंचायत महोना में रखे निविदा बाक्स में डाली जायेगी। प्राप्त निविदायें उसी दिन अपराह्न 12.30 बजे उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष खोली जायेगी। किसी भी निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। निविदा के साथ दो प्रतिशत जमानत धरोहर धनराशि नेफ्ट/आर0टी0जी0एस0 के माध्यम से नगर निधि नगर पंचायत महोना के खाता संख्या 251201000006000 IFSC IOBA 0002512 बैंक का नाम– इण्डियन ओवरसीज बैंक महोना लखनऊ, में जमा करना अनिवार्य होगा। बिना धरोहर धनराशि के निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। कार्य का आगणन नियम व शर्तें कार्यालय नगर पंचायत महोना लखनऊ में किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में देखा जा सकता है। नगर निधि में धनराशि उपलब्ध होने पर ही भुगतान किया जायेगा।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | 2 प्रतिशत धरोहर धनराशि | मूल्य निविदा प्रपत्र 18 प्रतिशत जी.एस.टी. सहित | कार्य पूर्ति का समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मियाँ साहब की मजार के पास बने मल्टीपरपज हाल के मंच पर टाइल्स एण्ड पुताई का कार्य। | 207213.00 | 4144.00 | 200+36=236.00 | 15 दिवस |
| 2 | उर्दू मीडियम विद्यालय में इण्टरलाकिंग का कार्य। | 205979.00 | 4120.00 | 200+36=236.00 | 15 दिवस |

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत महोना
लखनऊ

अध्यक्ष
नगर पंचायत महोना
लखनऊ

# अनुप्रिया पटेल ने मंडलीय अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

**संवाददाता।** मीरजापुर

**अपना दल** एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्यमंत्री श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने कोरोना की संभावित तीसरी लहर को देखते हुए शनिवार को मंडलीय अस्पताल का आकस्मिक निरीक्षण किया और कोरोना प्रबंधन हेतु आवश्यक दिशा.निर्देश दिया। इस दौरान श्रीमती पटेल ने निर्माणाधीन ऑक्सीजन प्लांट का भी निरीक्षण किया एवं इसे जल्द से जल्द तैयार करने का निर्देश दिया। इस मौके पर सीएमओ डॉण्पीडी गुप्ता एवं सीएमएस ;पुरुष अस्पतालद्ध डॉण्आलोक एवं सीएमएस ;महिला अस्पतालद्ध डॉण्संजय पांडेय ने एक महीने में ऑक्सीजन प्लांट के चालू होने का आश्वासन दिया। श्रीमती पटेल ने कहा कि कोरोना की संभावित तीसरी लहर को देखते हुए किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कोरोना प्रबंधन हेतु सभी आवश्यक तैयारियां जल्द से जल्द पूरी कर ली जाए। बता दें कि मरीजों के बेहतर इलाज हेतु फिलहाल मीरजापुर शहर में स्थित अस्पतालों में दो ऑक्सीजन प्लांट चालू हैं एवं तीसरे ऑक्सीजन प्लांट का निर्माण हो रहा है। यह प्लांट अगले एक पखवाड़े में तैयार हो जाएगा।

**960 लीटर प्रति मिनट होगा उत्पादन:** इस मौके पर सीएमओ डॉ. पीडी गुप्ता ने बताया कि लगभग 96 लाख की लागत से निर्मित होने वाले इस प्लांट से प्रति मिनट 960 लीटर ऑक्सीजन का उत्पादन होगा। इससे 100 बेड को ऑक्सीजन की आपूर्ति होगी। इस अवसर पर दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री रेखा वर्मा, युवा मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष विधायक राहुल प्रकाश कोल, प्रदेश अध्यक्ष सहकारिता मंच रमेश पटेल, प्रदेश सचिव छात्र मंच दिलीप सिंह पटेल, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य छात्र मंच आरिफ खान, जिला अध्यक्ष इंजीनियर राम लौटन बिंद, युवा मंच जिलाध्यक्ष उदय पटेल, अनुसूचित मंच जिला अध्यक्ष ज्ञानचंद कनौजिया एआई टी मंच जिला अध्यक्ष हेमंत बिंद, सहकारिता मंच जिला अध्यक्ष शालिगराम पटेल, जिला मीडिया प्रभारी शंकर सिंह चौहान आदि लोग उपस्थित रहे।

# रामराज्य का स्वप्न होगा साकार: सिद्धार्थ नाथ सिंह

## ● मिजोरम के पूर्व राज्यपाल कुम्मनमन राजशेखरन के मध्य बृहद रूप से हुई चर्चा

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज

**मंदिर के** निर्माण से देश में रामराज्य का स्वप्न साकार होगा। यह बातें काबीना मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने कहीं। उन्होंने कहा कि अयोध्या में भगवान श्रीराम का दिव्य और विशाल मंदिर के नवनिर्माण से उर्जा निकलकर केरल के कोल्लम जिले के चदयामंगलम में जटायुमंगलम पहाड़ी पर जटायु मंदिर के निर्माण परियोजना जा पहुँची है। जिसको लेकर उत्तर प्रदेश सरकार के प्रवक्ता एवं कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह से मिजोरम के पूर्व राज्यपाल कुम्मनमन राजशेखरन के मध्य बृहद रूप से चर्चा हुई। जहां जटायु ने सीता देवी के सम्मान की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी थी। जटायु ने अपने बलिदान के माध्यम से भारतीय नैतिक मूल्यों को बरकरार रखा साथ ही महिलाओं के गौरव और सम्मान की रक्षा की है। जटायु के वीरता साहस और शौर्य के साथ रावण से युद्ध किया। वास्तव में यह एक योद्धा की निस्वार्थ लड़ाई थी। जटायु की महानता यह थी उन्होंने बिना किसी व्यक्तिगत लाभ से रावण का मुकाबला किया और एक नारी के सम्मान और गौरव की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। उन्होंने इसे भगवान के प्रति पूर्ण समर्पण के साथ किया। रावण से युद्ध के बाद जटायु शक्तिहीन हो गए थे।अपनी प्यास बुझाने के लिए जटायु ने अपनी चोंच से चट्टान को रगड़ कर एक जलकुंड बनाया जिसे कोक्कोरणी के नाम से जाना जा रहा है। जलकुंड आज भी विद्यमान है। श्री रामचंद्र ने जटायु का सर अपनी गोद में रखा और सीता हरण की पूरी कथा सुनी। उनकी मृत्यु के पश्चात भगवान श्रीराम ने जटायु का अंतिम संस्कार अपने पिता दशरथ की तरह सम्मानपूर्वक किया था। भगवान श्रीराम ने जटायु चट्टान के शीर्ष पर एक पैर पर खड़े होकर जटायु को मोक्ष प्रदान किया था और आज भी इस स्थान पर प्रभु श्रीराम के एक पैर का पदचिन्ह है। जिसका भक्तगण आज भी दर्शन पूजन करते हैं। पूर्व राज्यपाल राजशेखरन ने बताया कि भगवान के पावन चरणों की ओर 501 सीढ़ियों की श्रृंखला बनाने का एक दिव्य प्रयास शुरू किया गया है।जहां जटायु के विशाल मंदिर की दिव्यता का स्वरूप देने की योजना है। जटायु मंदिर की तीर्थ यात्रा से हर भक्त को श्रीराम मंदिर अयोध्या की दिव्यता के जैसा ही आत्म साक्षात्कार का अनुभव प्राप्त हो सकेगा।


कुम्मनम राजशेखरन पूर्व राज्यपाल मिजोरम कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह से राजनीतिक परिवेश पर चर्चा करते हुए

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: (0522) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# महाराष्ट्र और हिमाचल की महिला पहलवानों ने ग्रीको रोमन में कुश्ती का दिखाया जौहर

## राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता के दूसरे दिन शामिल हुए कैबिनेट मंत्री बृजेश पाठक एवं कामनवेल्थ गोल्ड मेडिलिस्ट गीता

संवाददाता। गौरीगंज, अमेठी



कुश्ती का शुभारंभ करते हुए सांसद, मंत्री व अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी गीता फोगाट

**सैनिक स्कूल** परिसर कौहार गौरीगंज में आयोजित राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता के दूसरे दिन खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने हेतु तथा कुश्ती समारोह देखने उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री बृजेश पाठक तथा कामनवेल्थ गोल्ड मेडलिस्ट गीता फोगाट शामिल हुई। जहां दूसरे दिन केंद्रीय मंत्री भारत सरकार महिला एवं बाल विकास तथा अमेठी सांसद स्मृति इरानी व भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष व सांसद बृजभूषण शरण सिंह कैबिनेट मंत्री बृजेश पाठक एवम गीता फोगाट ने शुभारंभ किया। वही दूसरे दिन राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता के शुभारंभ पर दिल्ली और महाराष्ट्र के पहलवान फ्री स्टाइल पुरुष कुश्ती का जौहर दिखाया वही महिला कुश्ती महाराष्ट्र और हिमाचल ग्रीको रोमनए उत्तराखंड और पंजाब कुश्ती फ्रीस्टाइल पुरुष उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र सहित अन्य राज्यों से आए खिलाड़ियों ने अपना अपना हुनर दिखाया। तथा कुश्ती प्रतियोगिता में भाग लिया इस दौरान कोई चलता पद चिन्हों पर कोई पद चिन्ह बनाता है। बस वही सूरमा इस जग में, घर घर में पूजा जाता है। उपरोक्त पंक्तियों के माध्यम से भारतीय कुश्ती संघ अध्यक्ष, सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने केंद्रीय मंत्री एवं सांसद अमेठी स्मृति इरानी का अभिवादन किया। इस दौरान कैबिनेट मंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि आजादी के बाद अमेठी के इतिहास में एक पहला ऐसा खेल आयोजन है जो राष्ट्रीय स्तर पर हो रहा है जहां विभिन्न राज्यों से आए हुए खिलाड़ी खेल प्रतियोगिता में प्रतिभाग लेते हुए अपने अपने कौशल व प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं।

# पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचीं स्मृति इरानी

**अमेठी।** केंद्रीय मंत्री व सांसद स्मृति ईरानी शुक्रवार देर शाम अमेठी के जायस कोतवाली क्षेत्र में पहुंची। गुरुवार को यहां कच्ची दीवार ढह जाने से मलबे में दबकर 05 वर्षीय अलीशा की मौत हो गई थी। स्मृति ने अलीशा की मां को गले से लगाकर ढाढ़स बंधाया और हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। बता दें कि मोहनगंज थाना क्षेत्र में कच्ची दीवार में दबकर तीन बच्चों की मौत के मामले में 6 दिन पूर्व प्रियंका गांधी पीड़ित परिवार से मिलने पहुंची थीं। चार लाख की सहायता के लिए डीएमण् को दिया निर्देश गुरुवार को जायस कोतवाली अंतर्गत खवाजगान वॉर्ड में दीवार गिर गई थी। वॉर्ड निवासी मुफीद कुरैशी की 5 वर्षीय पुत्री अलीशा सुबह 10 बजे के आसपास दुकान से सामान लेने गई थी। परिवारीजनों के अनुसार जब मासूम अलीशा सामान लेकर लौट रही थी उसी समय अमृत लाल सोनकर के घर की दीवार गिर पड़ी। अलीशा इसकी चपेट में आकर दब गई। आसपास के लोग जब मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू करके उसे मलबे से बाहर निकालते तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना के दूसरे दिन स्मृति ईरानी ने मुफीद कुरैसी के घर जाकर शोक संवेदना व्यक्त किया।। केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी ने बच्ची के परिजनों से मिल हर सम्भव मदद का भरोसा दिलाया। वहीं मौके पर मौजूद रहे जिलाधिकारी अरुण कुमार को आपदा राहत कोष से चार लाख की धनराशि सरकारी मदद के स्वरूप देने को कहा है प् आपको बतातें चले कि 6 सितंबर को मोहनगंज थाना क्षेत्र के टोडरपुर मजरे जमुरवां गांव में बारिश के चलते कच्चे मकान की दीवार ढह गई थीए जिसमें वंश 8, दिव्यांशु 6, सत्यम 10 की मौत हो गई थी। जबकि आशीष 10 और शिवा 10 घायल हो गए थे। हालत गंभीर होने पर एक को

## क्विक न्यूज

### भाजपा नेताओं की मौजूदगी में सरकार पर हमला

**फर्रुखाबाद।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नें भाजपा नेताओं की मौजूदगी में सरकार पर हमला बोला। उन्होंने सरकार के द्वारा डीजल-पेट्रोल के दाम पर काबू करनें और एससी-एसटी एक्ट के प्रावधानों में बदलाव करनें की मांग की। शहर के बढ़पुर स्थित भाजपा पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक व क्षत्रिय महासभा के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ठाकुर वीरेंद्र सिंह के होटल में राष्ट्रीय अध्यक्ष कु. हरिवंश सिंह नें कहा कि सरकार नें जो एससी-एसटी एक्ट बनाया है उसका गलत प्रयोग हो रहा है। जो लोग अपराध करें उन्हें फांसी दे दी जाये, लेकिन जो राजनैतिक से प्रेरित होकर कार्यवाही की जाती है उन निर्दोषों को तो बचाया जा सके। राष्ट्रीय अध्यक्ष नें कहा कि डीजल का भाव आसमान पर है। जिससे किसान परेशान है। सरकार आसमान छू रहे भाव पर लगाम लगाये और किसानों को डीजल का कोटा निर्धारित कर दे। लेकिन भाव कम होनें चाहिए। उन्होनें कहा कि कोरोना में भी आक्सीजन की कमी से कई मौतें हुईं। लेकिन फिलहाल अब आक्सीजन की व्यवस्था है। सरकार से मांग करते हुए उन्होंने कहा कि यदि सरकार नें उनकी मांग नही मानी तो क्षत्रिय महासभा सड़कों पर उतरेगी। एक सबाल किया गया कि जो संगठन के पदाधिकारी भाजपा में उच्च पदों पर सत्ता की मलाई खा रहें है वह क्षत्रिय महासभा में पदाधिकारी भी है क्या वह सरकार का विरोध करेंगे। लेकिन उन्होंने कोई संतोष जनक उत्तर नही दिया।

### फिट इंडिया फ्रीडम रन को विधायक ने दिखाई हरी झंडी

**बिंदकी ( फतेहपुर )।** अमृत महोत्सव के अंतर्गत नेहरू युवा केंद्र के तत्वाधान में फिट इंडिया फ्रीडम रन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक ने हरी झंडी दिखाकर किया। फिट इंडिया फ्रीडम रन के तहत शामिल सैकड़ों लोग बावन इमली शहीद स्मारक पहुंचे। वहां पर अमर शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। बावन इमली शहीद स्मारक के सभागार कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के परिजन को सम्मानित किया गया। बिंदकी क्षेत्र के खजुहा रोड पारादान कोठी के समीप स्थित आरएसजी इंटर कॉलेज परिसर से अमृत महोत्सव के अंतर्गत नेहरू युवा केंद्र के तत्वाधान में फिट इंडिया फ्रीडम रन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ बिंदकी क्षेत्र के विधायक करण सिंह पटेल ने हरी झंडी दिखाकर किया। क्षेत्रीय विधायक के साथ सैकड़ों लोग तेज चाल में चलते हुए बावन इमली शहीदी स्मारक पहुंचे। जहां पर विधायक के अलावा एसडीएम विजय शंकर तिवारी, फॉरेस्ट रेंजर रामसुख पटेल, बीजेपी मंडल अध्यक्ष अतुल द्विवेदी सहित तमाम लोगों ने अमर शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। तत्पश्चात बावन इमली शहीद स्मारक परिसर में बने सभागार कक्ष में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति तथा क्षेत्रीय विधायक ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व ठाकुर जयराम सिंह निवासी कुसारा कोतवाली बिंदकी के पुत्र वासुदेव सिंह को साल ओढ़ाकर फूल माला पहनाकर तथा प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम के आयोजन से युवाओं में उत्साह का माहौल बढ़ता है। वहीं क्षेत्रीय विधायक ने कहा कि अमृत महोत्सव की जितनी प्रशंसा की जाए वह कम है। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष अतुल द्विवेदी, अभय प्रताप सिंह डिग्री कॉलेज के प्रोफेसर सत्येंद्र सिंह यादव, राजकीय महिला महाविद्यालय बिंदकी की प्रोफेसर अंशु बाला, फॉरेस्ट रेंजर रामसुख पटेल, राकेश गुप्ता, ज्ञानेंद्र, व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष मोना ओमर, जिला युवा अधिकारी संदीप कुमार मिश्रा तथा सुशील बाजपेई, वीरेंद्र शुक्ला, ज्ञान प्रकाश तिवारी, अजहर हुसैन, स्वेता साहू, उदय प्रताप सिंह, ओम प्रकाश द्विवेदी तथा श्रद्धा बाजपेई आदि मौजूद रहे।

### 'बार' जुलूस निकाल कर फूंकेगी डीएम, एसपी का पुतला

**फर्रुखाबाद।** जिला बार एसोसिएशन की जिला प्रशासन के खिलाफ आंदोलन करते हुए तीन दिन गुजर गये लेकिन अभी तक कोई निर्णायक फैसला ना होनें से आक्रोश बढ़ गया है। बार एसोसिएशन नें जिलाधिकारी व एसपी का पुतला फूंकनें की रुपरेखा बना पत्र जारी कर दिया है। जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विश्राम सिंह, जिला महासचिव संजीव पारिया ने पत्र जारी कर बताया कि जिला प्रशासन के खिलाफ 'कलम बंद' हड़ताल कर रहे अधिवक्ता अपनी माँगो को लेकर अक्रोशीय है। अध्यक्ष और महासचिव नें कहा कि डीएम-एसपी की खराब शैली के कारण कलमबंद हड़ताल जारी है। उन्होंने बताया कि इसके विरोध में आगामी 20 अक्टूबर को अधिवक्ता कचेहरी से अंबेडकर प्रतिमा तक पैदल मार्च करेंगे और डीएम-एसपी का पुतला भी फूंकेंगे। इस प्रदर्शन में सभी तहसीलों, टैक्स बार एसोसिएशन, एआरटीओ आदि के अधिवक्ताओं को आमंत्रित किया गया है। आंदोलित अधिवक्ता कचेहरी तिराहे से एलआईसी तिराहा, कोतवाली से बड़े चौराहे होते हुए अम्बेडकर प्रतिमा तक जायेंगे।

### अबोध बच्चे को लेकर ट्रेन के आगे कूदी महिला

**अमेठी।** ज़िले से एक दर्दनाक हादसा सामने महिला अपने आठ महीने के बच्चे को लेकर ट्रेन के आगे कूद गई। इस घटना के बाद पुलिस प्रशासन में हड़कंप है। घटना की जानकारी पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भज दिया है और मामले की जांच कर रही है। मामा ने कराई थी शादी जानकारी के अनुसार मुसाफिर खाना कोतवाली के चंदापुर निवासी निशा के मामा ने उसकी शादी मई 2019 में करमराज के साथ करवा दी था। करमराज मुसाफिरखाना में एक शराब की दुकान के सामने ठेला लगाकर परिवार का पालन पोषण करता था। दोनों का एक बेटा अयांश भी था। पुलिस मामले की जांच कर रही है। शुक्रवार को निशा पति करमराज के साथ मायके के लिए निकली फिर उसने पति से बहन के घर छोड़ने को कहा।

### फसल बर्बाद होने पर किसान ने फांसी लगाकर दी जान

**फतेहपुर।** लगातार तीन दिन हुई बारिश के कारण खेत बर्बाद होने पर 55 वर्षीय किसान ने खेत में ही टीनशेड के नीचे फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। जानकारी के अनुसार औंग कस्बा निवासी स्व. ललई का पुत्र सुरेश पटेल का एक बीघा खेत है। लगातार तीन दिन से बारिश के चलते फसल बर्बाद होने पर दुखी हो गया और उसने शुक्रवार शाम खेत में ही बने टीनशेड के नीचे धन्नी पर रस्सी का फंदा डाल फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस में मृतक के परिजनों ने बताया कि एक बीघा खेती थी। जिससे वह अपने परिवार का पालन-पोषण करता था। यही नहीं अपने पुत्र व पुत्री की फीस का पैसा देने के लिए इधर-उधर भटक रहा था। बारिश से जब उसकी फसल बर्बाद हो गई तो वह टूट गया और उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

### तहसील कायमगंज में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में तहसील कायमगंज में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने सुनी फरियादियों की शिकायतें। सम्पूर्ण समाधान दिवस की शिकायतों का समयबद्ध गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। समस्त बीडियो चकमार्ग की पैमाइश के बाद तत्काल मनरेगा से मिट्टी डलवाना सुनिश्चित करे ताकि पुन: कब्जे की शिकायत सामने न आये।

### मानसिक विक्षिप्त किशोर ने फांसी लगा की आत्महत्या

**सफीपुर, उन्नाव।** मानसिक विक्षिप्त किशोर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के भेज दिया। कोतवाली क्षेत्र के भैसहरा गांव निवासी मानसिक विक्षिप्त 17 वर्षीय प्रमोद पुत्र देवकुमार ने घर के एक कमरे में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। परिजनों ने बताया की गायक बनने की चाहत में वह परेशान रहता था।

### पीएम के जन्मदिन पर केन्द्रीय मंत्री ने किया वृद्धों को फल वितरित

**फतेहपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर वृद्धाश्रम मवइया में सांसद केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति द्वारा वृद्धाश्रम में निवास कर रहे वृद्धजनों को इस अवसर पर फल वितरित किया। साथ ही कहा कि आप लोग चिंता मुक्त होकर रहते हुए जीवन व्यतीत करें। कार्यक्रम में जिला समाज कल्याण अधिकारी केएस मिश्र एवं सुलह अधिकारी वरिष्ठ नागरिक भरण पोषण अधिकरण बिंदकी रामप्रकाश मौर्य, समाज कल्याण विभाग से सुशील कुमार गुप्ता पर्यवेक्षक, संजय, उमाशंकर, सुरेश चंद श्रीवास्तव, सोमदत्त मौर्य एवं वृद्ध आश्रम के अधीक्षक संजय सिंह, अशोक यादव लेखाकार, अनुज गुप्ता, दीपक कुमार आदि उपस्थित रहे।

### लोडर ने बाइक सवार को टक्कर मारी, मौत

**पाटन।** बिहार थाना क्षेत्र में बाइक से जा रहे अधेड़ उम्र व्यक्ति को तेज रफ्तार लोडर ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना कानपुर रायबरेली राजमार्ग पर गढ़ी बिहार के पास हुई।बिहार थाना क्षेत्र के पोखरी गांव निवासी नंन्दलाल पुत्र स्वण् बरखंडी शनिवार सायं 6 बजे करीब सुमेरपुर जा रहाए बिहार थाने से करीब एक किमी आगे पहुंचा था कि राजमार्ग पर एक तेज रफ्तार लोडर ने पीछे से टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।दुर्घटना कर भाग रहे लोडर को चालक समेत पाटन चौकी इंचार्ज उबैस अली ने नाकाबंदी कर पकड़ लिया। नंन्दलाल की मौत की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पत्नी प्रभा देवी व इकलौते बेटे प्रशांत का रो.रोकर बुरा हाल था।नंन्दलाल कस्बा बिहार में इलेक्ट्रॉनिक की दुकान किए था।

# सीडीओ की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस पुरवा तहसील में हुआ आयोजित

संवाददाता। उन्नाव

**जनता की** समस्याओं का त्वरित गति के साथ निस्तारण संभव हो सके इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन आज मुख्य विकास अधिकारी दिव्यांशु पटेल की अध्यक्षता में तहसील पुरवा में किया गया। सीडीओ ने अध्यक्षता करते हुए जनता की समस्याओं को बहुत ही गंभीरता के साथ सुनने के उपरांत विभागीय अधिकारियों के माध्यम से मौके पर ही उनका निराकरण करने के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कोई भी फरियादी समस्या के समाधान के उद्देश्य से ही सरकारी कार्यालयों में आता है इसलिए जनता की समस्या का समाधान करना हम सबके लिए सर्वोपरि है। कोई भी फरियादी तहसील दिवस, किसी भी कार्यालय से निराश होकर नहीं जाना चाहिये। पारदर्शिता के आधार पर संबंधित को नियमानुसार न्याय दिया जाए जब तक फरियादी द्वारा की गई शिकायत के समाधान से संतुष्ट नहीं हो जाए तब तक शिकायत का समाधान नहीं माना जाएगा। तहसील संपूर्ण समाधान दिवस जनपद की समस्त तहसीलों में अब माह के प्रथम व तृतीय शनिवार को आयोजित किया जाता है। सीडीओ ने यह भी निर्देश दिए कि शासन द्वारा संचालित समस्त जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जन.जन तक जनपद के प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए संबंधित विभाग के अधिकारी सोशल मीडिया के माध्यम से अन्य माध्यमों से शासन की योजनाओं का व्यापक प्रचार.प्रसार कराएं जिससे कि आम आदमी भी योजना से सीधे जुड़ सके और लाभान्वित हो सकें। तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में 171 शिकायत प्राप्त हुई जिसमें से 9 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। सीडीओ ने कहा जिन विभागों की अन्य शिकायतें हैं जिनका मौके पर निस्तारण नहीं हो सका है संबंधित अधिकारी स्थलीय निरीक्षण कर शिकायतों का गुणवत्ता के साथ 5 दिन के अंदर ही निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा जो भी निस्तारण किया जाए वह ससमय व गुणवत्ता पूर्ण किया जाए।

### अंतिम संस्कार में आया वृद्ध गंगा में डूबा, तलाश जारी

**कमालगंज, फर्रुखाबाद।** अंतिम संस्कार में शामिल होनें आया वृद्ध अचानक पैर फिसलनें से गंगा में डूब गया। काफी कई घंटे की तलाश के बाद भी उसका कोई सुराग नही लगा। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। उसकी गंगा में तलाश जारी है। थाना क्षेत्र के ग्राम खुटादेव निवासी 50 वर्षीय रामकिशोर पुत्र ज्वाला प्रसाद अपने गाँव के मोहनलाल की पत्नी के अन्तिम संस्कार में गंगा घाट जंजाली नगला के निकट गया था। गंगा के किनारे चिता लगाते समय उसका पैर फिसल गया और गंगा के तेज धार में डूब कर चला गया यह नजारा गाँव के ग्रामीण खड़े देखते रहे। पुलिस को सूचना मिलते ही तत्काल एसआई अमित कुमार फोर्स के साथ पहुँच गए। और गोताखोर बुलाकर तलाश शुरू करायी। काफी देर प्रयास के बाद भी उसका पता खबर लिखे जाने तक नही चला।

# डीएम की अध्यक्षता में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

संवाददाता। अमेठी

**जिले की चारों** तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में तहसील गौरीगंज में कोविड.19 की गाइडलाइन का पालन करते हुए संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जायेए शिकायतों को गम्भीरता से लिया जाये। इस अवसर पर पुलिस से संबंधित प्रकरणों को पुलिस अधीक्षक दिनेश सिंह व विकास से संबंधित प्रकरणों को मुख्य विकास अधिकारी डॉ अंकुर लाठर ने सुना एवं संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को निर्देश दिए कि संपूर्ण समाधान दिवस में समय से आकर जन समस्याएं सुनें तथा उनका निस्तारण कराना सुनिश्चित करें इसमें लापरवाही किए जाने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। आज संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान सर्वाधिक शिकायतें राजस्व विभागए पुलिस विभाग तथा विकास विभाग से संबंधित प्राप्त हुई। जिनके निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने लेखपालों को निर्देश दिए कि गांव में जाकर निरंतर भ्रमण कर अवैध कब्जा सहित छोटे.मोटे विवाद निपटाएं। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि ग्रामीणों के शिकायती पत्र प्राप्त होते ही तुरन्त कार्रवाई अमल में लाई जायें ताकि तत्समय मौके पर ही निस्तारण किया जा सके। उन्होंने कहा कि जन सामान्य के कल्याणार्थ संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगो को दिया जाना सुनिश्चित किया जाये। शासन द्वारा संचालित योजनाएं पात्र व्यक्ति तक अवश्य पहुंचनी चाहिए। आज तहसील गौरीगंज में कुल 77 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 4 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गयाए तहसील अमेठी में 85 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से 2 का निस्तारण किया गयाए तहसील तिलोई में 73 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें 2 का निस्तारण किया गया तथा तहसील मुसाफिरखाना में 39 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से 5 शिकायतों का निस्तारण किया गया तथा शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमें मौके पर भेजी गई। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन जन समस्याओं के निस्तारण के प्रति अत्याधिक गम्भीर है और इसमें उदासीनता एवं लापरवाही क्षम्य नही होगी।

# अखिल भारतीय अग्रहरि समाज का कार्यकारिणी चुनाव आज

संवाददाता। फतेहपुर

● राधेश्याम गुप्त व सोम चंद्र होंगे मुख्य चुनाव आयुक्त

**अखिल** भारतीय अग्रहरि समाज की 20वीं कार्यकारिणी का चुनाव कल राधानगर स्थित एक स्टेट में संपन्न कराया जायेगा। यह जानकारी मुख्य चुनाव आयुक्त एवं पूर्व मंत्री राधेश्याम गुप्त अग्रहरि व चुनाव आयुक्त सोम चंद्र अग्रहरि ने दी। चुनाव आयुक्तों ने बताया कि चुनाव के लिए नामांकन कल प्रात: 8 बजे से प्रात: 10 बजे तक होगा। नामांकन पत्रों की जांच प्रात: 11 बजे से पूर्वान्ह 12 बजे तक की जायेगी। 12 बजे से 1 बजे तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। तत्पश्चात 2 बजे से 05:30 बजे तक मतदान कराया जायेगा। मतगणना शाम 05:30 बजे से परिणाम आने तक जारी रहेगी। बताया कि अध्यक्ष, महामंत्री तथा कोषाध्यक्ष पद के लिए चुनाव कराया जा रहा है। संगठन के चुनाव आयुक्तों ने मतदाता सदस्यों से अपील की है कि चुनाव सम्पन्न कराने में सक्रिय सहयोग प्रदान करे। मतदान के लिए प्रत्येक मतदाता को एक मतदाता कार्ड दिया जायेगा। जिसे मतदान करने तक अपने पास रखना होगा। इसके अलावा मतदान कक्ष में प्रवेश करते ही मतदाता को अग्रहरि समाज कार्यकारिणी रजिस्टर में हस्ताक्षर के बाद अपना फोटो युक्त पहचान पत्र के रुप में आधारध्पैन कार्ड/ड्राइविंग लाइसेंस इत्यादि दिखाना जरूरी होगा। इसी काउंटर पर मतदाता के पत्रिका आजीवन सदस्यता का सत्यापन भी होगा तथा मतदान के लिए निर्धारित पर्ची दी जायेगी। इसके अलावा पतदाता काउंटर में मतदाता अपनी उपरोक्त पर्ची जमा कर मत पत्र प्राप्त करेंगे। मतदाता तीन पदों के लिए मत पत्रों को लेकर मतदान कक्ष में प्रवेश करेंगे और अपनी पसन्द के प्रत्याशियों के नाम वहां पहले से ही लिखित बोर्ड से देखकर अपने मत पत्रों में लिख कर सभी पर्चियों को मोड़कर चुनाव मतपेटी में डालेंगे।

# संपूर्ण समाधान दिवस में आईं कुल 231 समस्याएं

● डीएम तथा एसपी ने सुनी फरियादियों की समस्याएं

संवाददाता। बिंदकी (फतेहपुर)

संपूर्ण समाधान दिवस के मौके पर कुल 231 समस्याएं आयी। जिनमें 15 का मौके पर निस्तारण हुआ। जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि जो भी समस्याएं आती हैं उसका निस्तारण किया जाए और अवगत कराया जाए। तहसील के सभागार कक्ष में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 231 फरियादियों ने अपनी समस्याएं बताई। जिनमें 15 का निस्तारण मौके पर किया गया। राजस्व विभाग से संबंधित 113 समस्याएं रही।

जबकि पुलिस विभाग से संबंधित 57 समस्याएं आई। विकास से संबंधित 27 रहीं। जबकि तमाम अन्य समस्याएं रहीं। संपूर्ण समाधान दिवस में मनोहर पुत्र रामदास निवासी फिरोजपुर थाना जाफरगंज ने शिकायत किया कि बिंदकी के तहसील रोड स्थित। सहारा इंडिया प्राइवेट लिमिटेड में उसका 43700 फिक्स जमा थां अब समय अवधि पूरी हो गया है। इसके बावजूद भी उसे पैसा नहीं दिया जा रहा है। शिकायत किया कि कंपनी का कार्यालय फतेहपुर चला गया है। जिससे पूछताछ करने तथा जानकारी करने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सुनील सिंह निवासी हूसेपुर ने शिकायत किया कि साजिश के तहत उसकी कालोनी काट दी गई है। पीड़ित ने जांच कर कार्रवाई की मांग की है तथा कालोनी आवंटित किए जाने की मांग किया है।।

वही छोटेलाल निवासी महाराज ने शिकायत किया कि 02 दिन पहले गांव में उसके साथ मारपीट की गई लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। जबकि वह पुलिस में शिकायत कर चुका है। वही तहसील के पीछे नई बस्ती निवासी अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद विकलांग कल्याण समिति के अध्यक्ष जितेंद्र ने कहा कि कई साल से नाला बनवाने की मांग कर रहे हैं लेकिन अभी तक नाला नहीं बना है। इस मौके पर एसडीएम विजय शंकर तिवारी, तहसीलदार चंद्रशेखर आदि मौजूद रहे।

# पूर्व सांसद ने सेवानिवृत्त शिक्षकों का किया सम्मान

संवाददाता। उन्नाव

● गुरुजन ईश्वर के रुप हैं : प्रो. विशम्भर

**प्रतिवर्ष** की भांति इसवर्ष भी पूर्व सांसद की अध्यक्षता वाले हृदय नारायण धवन चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा सेवा निवृत्त हो चुके शिक्षकों के सम्मान की परम्परा को जारी रखते हुये वर्ष 2020 व 2021 में सेवा निवृत्त हुये प्राथमिक, माध्यमिक, इण्टरमीडिएट व स्नातक विद्यालय के 210 अध्यापकों को पूर्व सांसद अन्नू टण्डन जी ने सर्वपल्ली डा. राधाकृष्णन् जी की जयंती की स्मृति में अरोड़ा रिसार्ट, उन्नाव में सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर पधारे काशी के संकट मोचन मन्दिर के मुख्य महंत व आईआईटी, बीएचयू के इलेक्ट्रानिक्स इंजीनियरिंग विभाग के हेड ऑफ डिपार्टमेंट प्रो विशम्भर नाथ मिश्रा ने अन्नू टण्डन द्वारा शिक्षकों के प्रति ऐसी सम्मानजनक परम्परा पूरे मनोयोग से अनवरत जारी रखने की प्रशंसा करते हुये कहा कि गुरुजन ईश्वर के वो रुप है जिससे ताउम्र ज्ञान की जीवंत गंगा प्रवाहित होती रहती है तथा ऐसे गुरुजनों के सम्मान को परम्परा के रुप में अक्षुण्य रखने के कारण अन्नू टण्डन जी प्रशंसा की पात्र है। शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नही होता। सेवानिवृत्त तो सरकारी शब्दावली है किन्तु मैं समझता हूँ जब व्यक्ति परिपक्वता की उम्र में आता है तो उसे सेवानिवृत्त सरकार कर देती है जबकि परिपक्वता के इस पल में शिक्षक को देश निर्माणलय में मूल्यांकन की भूमिका निभानी चाहिये। उन्होंने भारतीय गुरु शिष्य परम्परा पर प्रकाश डालते हुये कहा कि भारत ऐसा राष्ट्र है जहाँ गुरु को ईश्वर से बढ़कर पूजा जाता है इसी वजह से देश जगत गुरु की संज्ञा में विश्व में जाना जाता है। उन्होंने अंत में कहा कि धर्म की परिभाषा इतनी वृहद है कि यदि उसे ठीक तरह से व्यक्ति के समझ में नहीं आकर राजनीति आदि में समागम करने की कोशिश करता है तो वहाँ धर्म का कुप्रभाव दिख जाता है। इसलिये धर्म हर जगह जरुरी है किन्तु उचित तर्कपूर्ण परिभाषित एवं सुसंस्कृत हाथों द्वारा प्रयोजित होना चाहिये। प्रो विशम्भर नाथ मिश्रा ने कहा कि अन्नू टण्डन को मैं संसद की गंगा के रुप में देखता हूँ और ये गंगा यदि संसद से विलग हो जायेगी तो प्रजातंत्र को नुकसान होगा। पूर्व सांसद अन्नू टण्डन ने अपने स्वागत उद्बोधन में संकट मोचन मन्दिर के मुख्य महंत प्रो. विशम्भरनाथ मिश्र, प्रो.ओंकार सिंह, शिक्षक विधायक राज बहादुर सिंह चंदेल, उपस्थित गुरुजन व सभागार में उपस्थित जनों का सम्मान करते हुये कहा कि आज बेहद पावन समागम देखने को मिल रहा है। एक तरफ आसीन है हमारे गुरुजन जिन्होंने अपनी पूरी जिन्दगी शैक्षणिक तपस्या में लगाकर देश को मजबूत आधार दिया तो दूसरी तरफ आसीन है एक महान संतए शिक्षा जगत के पुरोधा जिन्होंने अपने तपोबल, प्रखर विचारों, ओज से सनातन धर्म की जीवंतता को स्थापित रखा व मानवता को धर्म में अग्रणी स्थान दिया। उन्होंने आगे कहा कि मैं अपने को कृतार्थ मानती है जिसे देश के दोनों तपस्वी समुदाय का आशीर्वाद प्राप्त हुआ। इस मौके पर मौजूद कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे शिक्षक विधायक राजबहादुर सिंह चन्देल जी ने कहा कि अन्नू टण्डन जैसे व्यक्तित्व निश्चित तौर पर एक अच्छी शिक्षा की देन है। अपने कर्तव्य बोध का जिन्दगी भर पालन करने वाले ही शिक्षा की उचित परिभाषा को सार्थक करते हैं। उन्होंने कहा कि सर्वपल्ली डा.0 राधा कृष्णन् जी के आदर्श ने शिक्षा से लेकर शिक्षक को हर स्तर पर अपना आदर्श दिया जिसका पालन करने की आवश्यकता है। उन्होंने अन्नू टण्डन जी को जिले की बेटी के तौर पर आशीर्वाद देते हुये कहा कि उनके प्रत्येक जनहित से पूर्ण कार्य में मेरा सहयोग रहेगा। विशिष्ट अतिथि व मुख्य वक्ता प्रो. ओंकार सिंह जो संस्थापक कुलपति मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय गोरखपुर रहे उन्होंने ष्संगोष्ठी विषय आधुनिक दुनिया की प्रगति में भारतीय संस्कृति व संस्कार की महत्ता पर विचार व्यक्त करते हुये कहा कि भारतीय संस्कृति व संस्कार का आधार पूर्णतया वैज्ञानिक व तार्किक है।

यदि संस्कृति व संस्कार को उचित तरीके से परिभाषित व मूल्यांकन यदि कोई कर ले तो पूरा विश्व प्रेम, सुख, शांति के धरातल में विकास के पथ पर अग्रसर हो सकता है। उन्होंने आगे कहा कि संस्कृति व संस्कार की रक्षा जिस प्रकार हिन्दुस्तान के शिक्षकों ने जीवित रखी है वो विश्व में अनुकरणीय है। कार्यक्रम का कुशल संचालन प्रमोद मिश्रा व विवेक शुक्ला ने किया। पूर्व सांसद अन्नू टण्डन ने मुख्य अतिथि प्रो. विशम्भर नाथ मिश्रा व विशिष्ट अतिथि प्रो. ओंकार सिंह एवं शिक्षक विधायक राज बहादुर सिंह चंदेल के साथ माँ सरस्वती व डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन् के चित्र में माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। संगीतकार डा. राजेश्वरी डौण्डियाल व उनकी टीम द्वारा गुरु वंदनाए वन्देमातरम् गान किया गया। इस मौके पर पूर्व सांसद अन्नू टण्डन जी ने मुख्य अतिथि प्रो. विशम्भर नाथ मिश्राए विशिष्ट अतिथि राज बहादुर सिंह चन्देल व ओंकार सिंह यादव को हनुमान जी का स्मृति चिन्ह व शाल पहनाकर सम्मानित किया तथा एचएनडीसी ट्रस्ट के महाप्रबंधक अनूप कुमार मेहरोत्राए व विवेक शुक्ला ने मंचासीन अतिथियों के बैज लगाकर स्वागत किया। प्रमुख रुप से एसएचएनडीसी ट्रस्ट के वरिष्ठ सदस्य अनूप कुमार मेहरोत्रा, नीरू टण्डन, शबा अहमद, सीमा मेहरोत्रा, राम कुमार पूर्व विधायक, उदयराज यादव पूर्व विधायक, बदलू खां पूर्व विधायक, सुधीर रावत पूर्व विधायक,कृपाशंकर पूर्व विधायक, सुन्दर लाल कुरील पूर्व विधायक, सुनील साजन एमएलसीए डा0 अभिनव, वीर प्रताप सिंह, मन्टू कटियार, राजेश यादव, जिला अध्यक्ष धर्मेन्द्र , ज्ञानेन्द्र सिंह ब्लाक प्रमुखए बितेन्द्र यादव ब्लाक प्रमुखए राज कुमार रावत पूर्व प्रमुख,शिव शंकर शुक्ला, जिला पंचायत अशोक चन्देलए जिला पंचायत बृजपाल यादव, जिला पंचायत सुनील रावत, जिला पंचायत रमेश रावत मौजूद रहे।

# लोगों की समस्याओं का करें गुणवत्तापरक निदानः आयुक्त

संवाददाता। बांदा

**सम्पूर्ण** समाधान दिवस तहसील अतर्रा में मण्डलायुक्त दिनेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। जन सुनवाई के समय अपात्र व्यक्ति रामआसरे के द्वारा आयुक्त से राशन कार्ड बनाने की मांग की गयी तो जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया गया कि शीघ्र जांच कर अवगत कराया जाए कि ये पात्र हैं कि नही! जिला पूर्ति अधिकारी के द्वारा तत्काल जांच कर बताया गया कि महोदय रामआसरे के पास ट्रैक्टर है और ये पूर्ण रूप से सम्पन्न हैं तो आयुक्त द्वारा जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया गया कि रामआसरे के द्वारा जितना राशन फर्जी लिया गया है उसकी वसूली की जाए। आयुक्त दिनेश कुमार सिंह ने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों एवं तहसील स्तरीय अधिकारियोंध्कर्मचारियों को निर्देशित किया कि प्रतिदिन 10:00 बजे से 12:00 बजे तक कार्यालय में बैठकर जनता की समस्यायें सुने और गुणवत्तापरक निस्तारण करें और प्राप्त शिकायतों को एक रजिस्टर में दर्ज कर शिकायत कर्ता को पूर्ण रूप से संतुष्ट करें। उन्होंने लेखपालों को निर्देशित किया कि ग्राम सचिवालय में बैठकर जनता की समस्यायें सुने और घर.घर जाकर वरासत सम्बन्धित एवं अन्य समस्यायें सुने और गुणवत्तापरक निस्तारण करें। किसी भी व्यक्ति की वरासत पेन्डिग नही होनी चाहिए। उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि उन पर भी नजर रखी जाए जो अवैध करोबार करते हैंए कच्ची एवं पक्की शराब का विक्रय करते हैं। गुण्डाए माफियाओं की सूची बनाकर उप जिलाधिकारी को दी जाए जिससे ऐसे अराजक तत्वों पर आवश्यक कार्यवाही की जा सके। उन्होंने कहा कि प्रत्येक लेखपाल को अपने सम्बन्धित ग्राम की जानकारी होनी चाहिए। आगामी विधानसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए वोटर लिस्ट का भी काम निष्पक्ष ढंग से किया जाए। उन्होंने कहा कि हम सबको अच्छे भाव से गरीबों के लिए कार्य करना चाहिए और जो शासन की योजनायें चल रही हैं उनका लाभ प्रत्येक पात्र लाभार्थी तक पहुंचाना चाहिए जिससे वे शासन की योजनाओं से लाभान्वित हो सकें।






पुलिस महानिरीक्षक श्री के0 सत्यनारायणा ने कहा कि आगामी चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए हम सभी को सतर्क रहना होगा। गॉव की विवाद सम्बन्धी सूचनायें प्राप्त कर गॉव स्तर पर ही सम्बन्धित थानाध्यक्षों के द्वारा निस्तारित कराया जायेगा। जो कच्चीध्पक्की शराब सरकारी ठेकेदार के द्वारा फुटकर रूप में यदि कोई बेचता पाया जाए तो उसके ऊपर शीघ्र कानूनी कार्यवाही की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि कुछ गॉवों में अराजक तत्वों के द्वारा अवैध तमन्चे रखे जाते हैं। ऐसे व्यक्तियों की सूचना पाये जाने पर उनके खिलाफ तत्काल कार्यवाही कार्यवाही की जाए।

जिलाधिकारी श्री अनुराग पटेल ने मण्डलायुक्त को आश्वत करते हुए कहा कि महोदय आपके द्वारा दिये गये दिशा.निर्देशों का भली.भांति एवं गुणवत्तापरक अनुपालन कराया जायेगा। उन्होंने जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जैसा आयुक्त महोदय द्वारा कहा गया कि 10:00 से 12:00 बजे तक कार्यालय में बैठकर जन समस्याओं को सुना जाए एवं सूचीबद्ध कर गुणवत्तापरक निस्तारण भी करना सुनिश्चित किया जाए। तहसील समाधान दिवस में कुल 70 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें राजस्व की 27ए पुलिस की 05ए विकास की 13ए समाज कल्याण 01 एवं अन्य की 24 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिनमें से 07 सन्दर्भों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। शेष प्रार्थना पत्रों को गुणवत्तायुक्त सम्बन्धित अधिकारियों को निस्तारित करने के निर्देश दिये गये। सम्पूर्ण समाधान दिवस में अनुपस्थित अधिशाषी अभियंताओं से स्पष्टीकरण मांगने के निर्देश दिये गये। सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील अतर्रा में उपस्थित अपर पुलिस अधीक्षकए मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्यए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 विजय कुमार तिवारीए उप जिलाधिकारी अतर्रा सौरभ शुक्लाए प्रभगीय वनाधिकारी संजय अग्रवाल सहित सम्बन्धित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## एसडीएम ने गहरे गड्ढे का किया स्थलीय निरीक्षण

**जालौन ( उरई )।** लगभग डेढ़ माह पूर्व बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे लिए उठाई गई मिट्टी के स्थान पर हुए गहरे गड्ढे में पानी भरने से एक युवक की गड्ढे में डूबकर मृत्यु हो गई थी। उक्त मामले में मृतक के परिजनों को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दिलाने के लिए एसडीएम ने मौके का मुआयना किया। साथ ही इतना गहरा गड्ढा किसकी अनुमति से खोदा गया। इसकी भी जांच चल रही है। बता दें, मृतक के परिवार की आर्थिक स्थिति सही न होने के चलते मृतक के परिजनों ने प्रशासन से मदद की गुहार लगाई थी। प्रशासन द्वारा मृतक के परिजनों को आपदा राहत कोष से 4 लाख की मदद दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। इसको लेकर एसडीएम मीनू राणा ने शनिवार को घटना स्थल का निरीक्षण कर गड्ढे की गहराई और डूबने का कारण पता लगाने का प्रयास किया। उक्त संदर्भ में एसडीएम मीनू राणा ने बताया कि मृतक के आश्रितों को आर्थिक मदद दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। यह निरीक्षण उसी संदर्भ में था कि अमित की मौत का कारण पानी में डूबना ही रहा अथवा कोई अन्य कारण रहा। बताया कि गड्ढा काफी गहरा है।

# एसडीएम ने सुनी समाधान दिवस में फरियादियों की समस्याएं

- समाधान दिवस में विद्युत, राजस्व के सौंपे गये अधिक प्रार्थना पत्र
- 24 फरियादियों ने लगायी न्याय गुहार, 5 का हुआ निस्तारण

संवाददाता। माधौगढ़ (जालौन)

**शनिवार** को उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें 24 फरियादियों ने न्याय की गुहार लगायी जिसमें पांच समस्याओं का निस्तारण मौके पर ही किया गया

उपजिलाधिकारी सालिकराम ने फरियादियों की समस्याओं को सुनते हुए विभागीय कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जो भी फरियादी समस्याओं को लेकर प्रार्थना पत्र देता है उसका निस्तारण समय पर गुणवत्तापूर्ण ढंग से करें व फरियादी को संतुष्ट करें इस दौरान विद्युत , चकरोड सम्बन्धित समस्या , अवैध कब्जा , व अन्य राजस्व सम्बन्धित समस्याएँ सौपी गयी जिसमें लक्ष्मीनारायण निवासी ईटों ने एसडीएम को प्रार्थना पत्र देते हुए कहा कि उक्त द्वारा चकरोड तोड़कर अपने आराजी में मिला रहे है , लाखन पुत्र रवूदे कुशवाहा निवासी बहराई ने प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि बिल जमा करने के बाद भी उनसे ज्यादा बिल बसूल किया जा रहा है जिस पर उक्त ने एसडीएम से प्रार्थना पत्र देते हुए न्याय की मांग की , आरती निवासी धूता व बिनीता निवासी उदोतपुरा ने विकास खण्ड रामपुरा के अन्तर्गत प्रार्थना देते हुए न्याय की गुहार लगायी शिकायतकर्ता ने विकास खण्ड के कर्मचारी पर आरोप लगाते हुए बताया कि उक्त शिकायतकर्ता मेट का प्रशिक्षण पूर्ण कर चुकी है लेकिन विकास खण्ड रामपुरा में तैनात वृजेश कुमार रजिस्ट्रेशन नही कर रहे कहने पर उक्त अनुचित व्यवहार किया जाता है व उक्त कर्मचारी द्वारा कहा जाता है कि आपका रजिस्ट्रेशन नही होगा आप कहीं भी शिकायत करें तों वहीं शिकायतकर्ता महेन्द्र निवासी किरवाहा ने एसडीएम से न्याय की मांग की व प्रार्थना पत्र देते हुए कहा कि बरसात के कारण कच्चा घर गिर गया जिससे एक जानवर की दबकर मौत हो गयी लेकिन क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा मौके पर पहुँचकर मुआयना नही किया गया उक्त ने जांच कर मुआवजे की मांग की इस अवसर पर तहसीलदार प्रेमनारायण प्रजापति, खण्ड विकास अधिकारी रामपुरा संदीप यादव, प्रभारी निरीक्षक माधौगढ़ प्रवीण यादव, ईओ माधौगढ़ अमित नायक, गोहन प्रभारी राजीव वैश्य व अन्य विभागीय कर्मचारी मौजूद रहे।

# जल्ला से कंडौर मार्ग नहीं बचा चलने लायक,जनता में रोष

**कुरारा( हमीरपुर )।** कुरारा विकास खण्ड क्षेत्र के जल्ला से कण्डोर जाने वाली सड़क खराब हो जाने से लोगो को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वही दलदल भरी सड़क से वाहनों को निकलने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।वही सेना व पुलिस की तैयारी करने वाले युवा भी सड़क खराब होने के कारण परेशान है। क्षेत्र के जल्ला गांव से कण्डोर व शंकरपुर गाँव जाने वाली सड़क में गड्ढा व दलदल होने के कारण लोगो को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस सड़क से मौरम भरे ट्रक निकलते रहे है। जिससे सड़क पूरी तरह से ध्वस्त हो गयी है। तथा जगह जगह गड्ढा हो गये है। इस मे सड़क का नामोनिशान खत्म हो गया है। कीचड़ ही दिखाई दे रहा है। शंकरपुर गांवनिवासी अरविंद, धर्मेद,कण्डोर के रामलाल, राकेश दिवेदी,लखन, भोला, आदि ग्रामीणों ने बताया कि मौरम के ट्रक यहाँ से निकलते रहे है जिससे सड़क पूरी तरह धंस गयी है। इसी सड़क से होकर कुरारा आते जाते है। तथा इसी सड़क में सेना पुलिस बल के लिये तैयारी कर रहेदोनो गांवो के युवा सुबह दौड़ लगाते है। लेकिन सड़क खराब होने से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।ग्रामीणों ने सड़क निर्माण कराये जाने की मांग की है।


गांव का ध्वस्त मार्ग — पायनियर

## क्विक न्यूज

### जानवर बचाने के चक्कर में कार असंतुलित होकर खाई में गिरी

**कुठौंद ( जालौन )।** कार के सामने अचानक जानवर आने से जानवर को बचाने के चक्कर में असंतुलित कार सड़क किनारे खाई में गिरी। जिसमें कार सवार तीन लोग घायल हो गए। रास्ते से निकल रहे सिरसा कलार एसओ ने तीनों घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। फरीदाबाद निवासी देवेंद्र कुमार प्रजापति (45) अपने परिवार के ही कन्हैयाला प्रजापति (40) निवासी कोंच, एवं काजल (20) निवासी हदरूख के साथ फरीदाबाद से कार लेकर कोंच जा रहे थे। रास्ते में सुबह करीब 10 बजे वह बस्तेपुर के पास पहुंचे। तभी अचानक सड़क पर कोई जानवर आ गया। जानवर को बचाने के चक्कर में उन्होंने कार को मोड़ा लेकिन कार असंतुलित हो गई और कार सड़क किनारे खाई में जाकर पलट गई। कार के पलटने से उसमें सवार तीनों व्यक्ति घायल हो गए। उसी समय वहां से निकल रहे सिरसाकलार एसओ ने पलटी हुई कार और उसमें सवार लोगों को देखा तो उन्होंने रुककर राहगीरों की मदद से घायलों को कार से बाहर निकलवाया। इसके बाद उन्होंने अपनी कार में ही तीनों घायलों को नगर में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया। पुलिस की इस नेक कार्य की सभी ने सराहना की।

### पत्नी को मारपीट कर पति ने घर से निकाला

**जालौन ( उरई )।** पति ने पत्नी को घर को घर से निकाला। महिला ने पिता के घर आश्रय लिया। महिला ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर पति के खिलाफकार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के अमखेड़ा निवासी ऊषा देवी पत्नी ठाकुर प्रसाद ने बताया कि उनके पति के व्यवहार में कुछ दिन से अचानक बदलाव आ गया है। छोटी छोटी बातों में झगड़ा करते थे। एक दिन उन्होंने मारपीट कर घर से निकाल दिया है। पति के घर से निकाले जाने के बाद वह अपने पिता के घर ग्राम रूदावली थाना रेढर में रह रही हैं। महिला ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर पति के खिलाफकार्रवाई करने की मांग की है।

### राजेश गर्ग महामंत्री बने

**राठ ( हमीरपुर )।** अखिल भारतीय अग्रवाल महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सतीश अग्रवाल ने उ.प्र. कार्यकारिणी की घोषणा कर कस्बे चौबटटा मोहल्ला निवासी राजेश गर्ग को प्रदेश महामंत्री मनोनीत किया है। इस दौरान अग्रवाल समाज में खुशी की लहर दौड़ गई। समाज के लोगों ने नवर्निवाचित प्रदेश महामंत्री का मुंह मीठा कराकर बधाई दी। वहीं नवर्निवाचित महामंत्री ने समाज हित के लिये सदैव हर तत्पर पर रहने की बात कही है।

### करंट से दो महिलाएं झुलसी

**राठ।** कस्बे के फरसौलियाना मोहल्ला निवासी एक इंटर कालेज की 40 वर्षीय शिक्षक इतरत देवी पत्नी सफी टिल्लू का तार लगा रही थी। उसी दौरान टिल्लू में दौड़ रहे करंट की चपेट में आकर झुलस गई। परिजन इलाज के लिये सीएचसी ले गये। वहीं मझगवां थाने के खिरिया गांव निवासी 35 वर्षीय विनीता पत्नी संतोष कुमार दीवार में आ रहे करंट की चपेट में आकर झुलस गई।

### दबंग ने ई रिक्शाचालक की पिटाई कर दी

**राठ।** राठ क्षेत्र के औड़ेरा गांव में रास्त से बाइक हटाने को लेकर दबंग ने ई रिक्शाचालक की पिटाई कर दी। गांव का कौशल किशोर ने बताया कि वह ई-रिक्शा चलाकर अपने परिवार का भरण पोषण करता है। शुक्रवार की शाम वह राठ से ई-रिक्शा लेकर वापस अपने गांव जा रहा था। तभी गांव में एक रास्ते पर बाइक खड़ी थी। जब उसने बाइक हटाने के लिये कहा तो सुशील पुत्र दिल्लीपत, मनीष, आरती व सुनीता ने उसके साथ मारपीट कर दी। बताया कि आवाज सुन जब उसकी पत्नी सुनीता बचाने आई तो उसे भी मारापीटा। मारपीट से उसके शरीर में चोटें आईं है। पुलिस ने घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया है।

### परिजनों की आशंकाः पुलिस के भय से युवक ने की आत्महत्या

**चित्रकूट।** मऊ थाना क्षेत्र के ददरी गांव के रामजीत का शव घर के पास बाडे में फांसी के फंदे से लटकता देख भाई चींखता-चिल्लाता परिजनों को बताया तो ग्रामीणों की भीड लग गई। ये हादसा ददरी गांव में शनिवार को सवेरे हुआ। बताया गया कि ददरी गांव के रामजीत का प्रेम प्रसंग बगल के गांव की युवती से चल रहा था। 18 दिन पहले दोनों घर से भाग गये थे। दोनों ने कोर्ट मैरिज कर ली थी। लडकी के परिजनों ने रामजीत पर लडकी को भगा ले जाने का मामला दर्ज कराया था। पुलिस उसे आये दिन थाने बुला रही थी। परिजनों ने आशंका जताई कि पुलिस के भय से युवक ने आत्महत्या की है। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच-पडताल कर परिजनों व ग्रामीणों से पूंछताछ की। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है। ग्रामीणों ने बताया कि इनका प्रेम-प्रसंग काफी दिनों से चल रहा था।

### ईओ व डीपीएम ने एमआरएफ सेंटर का निरीक्षण किया

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत निर्माणाधीन एमआरएफ सेंटर का अधिशाषी अधिकारी व जिला प्रोग्राम अधिकारी ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मानक के अनुरूप निर्माण कार्य न मिलने पर संबंधित ठेकेदार से नाराजगी व्यक्त करते हुए मानक के अनुरूप कार्य करने की हिदायत दी। अधिशासी अधिकारी दीपिका शुक्ला व जिला प्रोग्राम अधिकारी हर्षिता गोयल ने कस्वा समधन के रिहुआ में निर्माणाधीन एमआरएफ सेंटर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जगह-जगह उखड़ गए प्लास्टर व जमीन के समतलीकरण को देखा। जिस पर उन्होंने संबंधित ठेकेदार को बुलवाकर नाराजगी व्यक्त करते हुए मानक के अनुरूप निर्माण कार्य करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि एमआरएफ सेंटर के संचालित होने से कस्वे के कूड़ा कचरा निस्तारण की समस्या हल हो जायेगी।

# अचानक गुलाब जाटव की पार्टी में सक्रियता से राजनैतिक चर्चाओं ने पकड़ा जोर

संवाददाता। उरई (जालौन)

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से मिले आशीर्वाद से लबालब वरिष्ठ सपा नेता एवं उरई जालौन विधानसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के टिकट के प्रबल दावेदार गुलाब सिंह जाटव दूने उत्साह के साथ पार्टी के कार्यक्रमों में जुट गये है। पार्टी के छोटे-बड़े सभी कार्यक्रमों में गुलाब जाटव की सक्रियता ने उनके समर्थकों में नई ऊर्जा का संचार किया है। तो जिले के पार्टी के नेता भी गुलाब जाटव की पार्टी के प्रति निष्ठा एवं लगन देखकर उनके अच्छे राजनैतिक भविष्य को लेकर शुभकामनाएं देने में कंजूसी नही कर रहे है। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता गुलाब सिंह जाटव ने जहां पार्टी के प्रति अपनी निष्ठा एवं समर्पण में कोई कमी नही छोड़ी तो पार्टी भी उनके हर राजनैतिक सपने को पूरा करने में पीछेनही रही। यहीं वजह है कि न सिर्फ गुलाब जाटव बल्कि समाजवादी पार्टी ने उनके पूरे परिवार पर अपनी कृपा बरसाई। जिसके चलते वर्ष 2005 में सक्रिय सदस्यता के साथ ही गुलाब जाटव की माता जी श्रीमती विमला जाटव को क्षेत्र पंचायत प्रमुख का पार्टीने टिकट दिया और वह नदीगांव ब्लाक प्रमुख निर्वाचित घोषित की गयी। जबकि 2005 से 2010 तक सपा नेता गुलाब जाटव को साढे छह हजार मतदाताओं वाली ग्राम पंचायत खकसीस का प्रधान बनने का अवसर मिला। पहले पायदान पर ही सफलता ने गुलाब जाटव को समाजवादी पार्टी का निष्ठावान कार्यकर्ता बना दिया। क्योंकि ब्लाक प्रमुख नदीगांव के पद पर समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी की अधिकृत घोषणा करने समाजवादी पार्टी के दिग्गज नेता दीपनारायण यादव प्रभारी बनकर आये थे और तब समाजवादी पार्टी से चुनाव लड़ रही विमला जाटव ने भारतीय जनता पार्टी के नेता एवं सांसद भानुप्रताप वर्मा के पुत्र को पराजित किया था। समाजवादी पार्टी से पहली सीढी पर ही सफलता मिलने के बाद गुलाब जाटव ने पीछे मुड़कर नही देखा। वर्ष 2012 में हुए निकाय चुनाव में समाजवादी पार्टी ने गुलाब जाटव को नगर पालिका परिषद जालौन के अध्यक्ष पद पर चुनाव लड़ाया और पार्टी की अपेक्षा पर वह खरे उतरे। वह जालौन नगर पालिकाध्यक्ष पद पर निर्वाचित घोषित किए गए और इस दौरान उन्होंने सूबे में सत्तारूढ़ समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के जनहितकारी एवं कल्याणकारी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई और निर्विवाद रूप से दिसम्बर 2017 तक अपना कार्यकाल पूरा किया।

## बारिश के कारण दो मकान धराशायी

**फंफूद/औरैया।** बारिश के कारण जहॉ कच्चे मकानों में दरार पड़ गई है वही गरीबो के आशियाना खरभरा कर घराशाही हो गये है अव उनका परिवार खुले आसमान तले जीवन यापन करते को विवश है झमाझम बारिश से लोगों को गर्मी से राहत तो महसूस हुई, लेकिन मकानो को नुकसान हुआ है। तेज बारिश और हवा के कारण मकान गिरने लगे है। विकास खण्ड भाग्यनगर क्षेत्र के ग्रामीण इलाको में बारिश से दो मकान गिर चुके है लगातार हो रही बारिश से विकास खण्डभाग्यनगर की ग्राम पंचायत जुआ में वीर सिह पुत्र बड़ेलाल का मकान शनिवार को गिर गया।

# सरकार ने जनता से किये वायदे को पूरा नहीं कियाः मनोज पाण्डेय

संवाददाता। चित्रकूट

**सपा** के पूर्व मंत्री डॉ मनोज पाण्डेय व पूर्व विधायक सनातन पाण्डेय की मौजूदगी में हुए प्रबुद्ध सम्मेलन में डॉ पाण्डेय ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि योगी सरकार प्रदेश चलाने में नाकाम साबित हुई है। महंगाई, बेरोजगार कानून जैसे ज्वलंत मुद्दों पर सरकार फेल रही है। योगी सरकार ने पंचायत चुनाव में असली चेहरा दिखा दिया है। शनिवार को बस स्टैण्ड स्थित श्रंगार पैलेस में सपा के प्रबुद्ध सम्मेलन में डॉ मनोज पाण्डेय ने कहा कि योगी सरकार में महिलायें, बच्चियां सुरक्षित नहीं हैं। किसान अपनी नस्ल और फसल बचाने को सडकों पर आन्दोलन को विवश है। योगी सरकार ने अपने संकल्प पत्र और जनता से किये वायदों को पूरा नहीं किया। ब्राम्हण समाज का गौरवशाली इतिहास रहा है। भाजपा में सबसे ज्यादा ब्राम्हण प्रताडित हुए हैं। योगी ने बिना किसी ठोस सबूत के प्रदेश के हजारों ब्राम्हणों की हत्या कराई है। योगी को संविधान और कानून का भरोसा नहीं है। प्रदेश के ब्राम्हण भाजपा को हटाने का मन बना चुके हैं। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के विकास कार्यों को गिनाते हुए कहा कि सपा विकास के मद्दे पर 2022 में चुनाव लडने जा रही है। पूर्व विधायक सनातन पाण्डेय ने कहा कि भारत के इतिहास में जितना अन्याय, अत्याचार योगी सरकार में हुआ है, उतना कभी नहीं हुआ। योगी के पास प्रदेश के विकास को न तो नीति है और न नियत है। किसानों की आय कब दोगुनी होगी। पढे लिखे लोगों कब रोजगार मिलेगा। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के हाथ मजबूत करने पर ही रोजगार मिलेंगे। जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव ने कहा कि सपा में सभी जाति, धर्म, मजहब के लोगों का सम्मान है। संविधान के अनुसार शासन चलाने में सपा विश्वास करती है। पूर्व जिलाध्यक्ष गौरीशंकर मिश्र एवं संचालन करते हुए प्रबुद्ध सपा जिलाध्यक्ष अजय तिवारी तथा सम्मेलन के प्रभारी दिनेश तिवारी, मदन त्रिपाठी, विजय गौतम, दिनेश तिवारी, फूलचन्द्र करवरिया, आनन्द त्रिपाठी, सीताराम द्विवेदी, शिवशंकर यादव, सत्यनारायण पटेल, सिद्धार्थ पाण्डेय, सुभाष पटेल, राजीव लोचन त्रिपाठी, मनोज, सुभाष तिवारी, मनीष तिवारी, मंगल पाण्डेय, सुशील मिश्रा, अजय पाठक, सुशील शुक्ला, राजेन्द्र शुक्ला, महेश गौतम, सुरेश तिवारी, बरमदीन तिवारी, तीरथ गौतम, सीताराम कुश्यप, फराज खान, अनिल प्रधान, रजनीश जोशी, निजाम सिद्दीकी, जागेश्वर यादव आदि तमाम सपाई मौजूद रहे। इसके पूर्व जिलाध्यक्ष अनुज व आनन्द त्रिपाठी आदि ने सपा नेताओं का माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया।


प्रबुद्ध सम्मेलन में डॉ. पाण्डेय का स्वागत करते सपाई — पायनियर

## मकान की छत गिरी निराश्रित महिला बाल-बाल बची

**औरैया।** तीन दिन की बारिश के बाद शनिवार को बारिश से निजात मिली, लेकिन मकानों के गिरने का सिलसिला जारी है। इसी के चलते शुक्रवार की रात मोहल्ला रुहाई औरैया में एक मकान की कच्ची छत गिर पड़ी। जिससे एक निराश्रित महिला बाल-बाल बच गई। इससे पूर्व भी उपरोक्त मकान की दीवार गिर चुकी है। जिसकी शिकायत प्रशासन के अलावा केंद्र व प्रदेश सरकार से की गई, लेकिन निराश्रित गृह स्वामिनी को कोई भी लाभ नहीं मिल सका है। निराश्रित महिला सुशीला देवी के पुत्र सौरभ दुबे पुत्र स्वर्गीय लखन लाल दुबे निवासी उपरोक्त ने जानकारी देते हुए बताया कि शुक्रवार की रात उसकी मां सुशीला देवी कमरे में लेटी हुई थी। रात्रि करीब 2 बजे अचानक कच्ची छत गिर पड़ी। जिससे उसकी मां मलबे में दबने से बाल-बाल बच गई। आगे बताया कि गत 29 जुलाई 2021 को तेज बारिश के कारण इसके मकान की दीवाल गिर चुकी है, तथा पूरा मकान गिराऊ हालत में बहुत ही जीर्ण-शीर्ण है। जिसके चलते कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना घट सकती है।

# प्रधानमंत्री मोदी का सपना है स्वस्थ्य इंडिया स्वच्छ इंडियाः सांसद

संवाददाता। चित्रकूट

**युवा** कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के निर्देश पर नेहरु युवा केन्द्र ने आजादी की 75वीं वर्षगांठ अमृत महोत्सव पर फिट इंडिया फ्रीडम रन रैली को सांसद आरके सिंह पटेल व जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने पटेल तिराहा से हरीझंडी दिखाकर रवाना किया। शनिवार को गोस्वामी तुलसीदास राजकीय महाविद्यालय के एनएसएस व चित्रकूट इंटर कालेज के एनसीसी कैडेट की रैली को सांसद आरके सिंह पटेल व जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने सदर पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद हरीझण्डी दिखाकर रवाना किया। रैली पटेल तिराहा से ट्राफिक चौराहा होते हुए अमर शहीद पार्क पहुंची। यहां सांसद आरके सिंह पटेल ने अमर शहीद स्तम्भ पर पुष्प अर्पित कर शहीदों को नमन कर कहा कि देश की रक्षा व एकता-अखंडता बनाये रखने को शहीदों से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने सभी युवा छात्र-छात्राओं से कहा कि प्रधानमंत्री का सपना है स्वस्थ्य इंडिया स्वच्छ इंडिया बनाने में हर भारतवासी का योगदान होना चाहिए। प्रतिदिन 30 मिनट तक सभी लोग योगाभ्यास करें, ताकि शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ्य रहें। रैली के संयोजक प्रवीण कुमार सक्सेना को बधाई दी। रैली में सभी शिक्षकों समेत नेहरु युवा केन्द्र के चेतन तिवारी, राजीव कुशवाहा, रवि पाण्डेय, शंकर प्रसाद यादव, कारगिल युद्ध के सेवानिवृत्त सूबेदार रामकिशोर यादव को श्रीफल व शाल देकर प्रवीण सक्सेना ने सम्मानित किया। इस मौके पर भाजपा नेता पंकज अग्रवाल, सांसद प्रतिनिधि शक्ति प्रताप सिंह तोमर, आशीष सिंह रघुवंशी, मइयादीन पटेल, महाविद्यालय के एनएसएस अधिकारी वंशगोपाल, नीरज गुप्ता, हेमन्त पटेल, शम्भूनाथ मिश्रा, जिला युवा कल्याण अधिकारी श्यामसुन्दर इकनौरिया, जिला व्यायाम प्रशिक्षक मतगंजन कुशवाहा, जिला सूचना अधिकारी सुरेन्द्र कुमार समेत तमाम लोग मौजूद रहे। समापन राष्ट्रगान से हुआ।



## सेवा समर्पण सप्ताह में भाजपाई अनेकों कार्यक्रमों को करा रहे आयोजित

**जालौन ( उरई )।** प्रधानमंत्री मोदी की योजनाओं का लाभ सभी वर्ग के व्यक्तियों को मिल रहा है। किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं है। यह बात भाजपा अनुसचित मोर्चा के नगर अध्यक्ष ने दलित बस्ती में फल वितरण कार्यक्रम के दौरान लोगों से कही। उधर, गहोई वैश्य प्रगति मंच के तत्वावधान में गहोई धर्मशाला में कोविड वैक्सीन शिविर का आयोजन किया गया। मोहल्ला हरीपुरा में सेवा समर्पण सप्ताह के अंतर्गत दलित बस्ती में फल वितरण कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद भाजपा अनुसूचित मोर्चा के क्षेत्रीय महामंत्री सलिलकांत श्रीवास ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने जिन योजनाओं को लागू किया है। उनमें किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं किया गया है। सभी वर्ग के लोगों को समान लाभ मिल रहा है। आगामी विधान सभा चुनावों को देखते हुए मोदी और योगी के कार्यो के बारे में जनमानस को अवगत कराएं। इस मौके पर अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष सत्यनारायण वर्मा, जिला उपाध्यक्ष कैलाशबाबू वर्मा देवरी, नगर अध्यक्ष शिवराम जाटव, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष विनोद वर्मा, भाजपा नगर अध्यक्ष अभय सिंह राजावत, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष मनोज बादल, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष ऊषा गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष निशा माहेश्वरी, नगर अध्यक्ष सरिता कुशवाहा, धीरज बाथम, सोनू सिकरवार, सुनीता वर्मा, नीलम गुप्ता, अनीता द्विवेदी, प्रदीप सक्सेना, ऋषि श्रीवास्तव, अरविंद व्यास आदि मौजूद रहे। सेवा समर्पण सप्ताह के अंतर्गत गहोई वैश्य प्रगति मंच के तत्वावधान में गणेशजी मोहल्ला स्थित गहोई धर्मशाला में वैक्सीनेशन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख रामराजा निरंजन, नगर पालिकाध्यक्ष गिरीश कुमार गुप्ता, अनिल शिवहरे, सतेंद्र खत्री, सतीश सेंगर, राजा सिंह सेंगर, निशा माहेश्वरी द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। शिविर के दौरान 200 व्यक्तियों को कोरोना की वैक्सीन लगाई गई।

### हरगांव विधानसभा में हुईं सभाएं....

# प्रदेश में सपा की सरकार बनेगी तभी विकास संभव: त्रिवेणी प्रसाद

● सपा के वरिष्ठ नेता ने चौपाल में भाजपा पर साधा निशाना

संवाददाता। हरगांव सीतापुर

**भाजपा** सरकार सिर्फजुमले करती है, समाजवादी पार्टी ने जो काम किया था उसके फीतकाटकर वाहवाही लूटने का काम किया है। कोरोनाकाल में लाखों लोग बेरोजगार हो गए है, युवाओं को रोजगार नहीं मिला, महंगाई चरम पर है, सारी व्यवस्थाएं धड़ाम हो चुकी है इसीलिए जरूरी है कि समाजवादी पार्टी की सरकार बने जिससे पूरे प्रदेश का विकास हो सके। यह बात चौपाल को सपा के वरिष्ठ नेता त्रिवेणी प्रसाद पाल ने परसेंडी ब्लाक के धर्मूपुर, चकदसेलिया, गुराईपुर में सम्बोधित करते हुए कही। श्री पाल ने कहा कि प्रदेश की कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है, लूट, हत्या बढ़ी है, अपराध पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। जिलाध्यक्ष छत्रपाल सिंह यादव ने कहा कि भाजपा से हर इंसान परेशान हो चुका है, अब बदलाव की बारी है। हरगांव विधानसभा की सपा नेत्री किरन पासी ने कहा कि प्रदेश में 2022 में अखिलेश यादव मुख्यमंत्री बनेगें तभी यूपी का विकास संभव हो सकेगा। किरन पासी ने कहा कि भाजपा ने लोगो को ठगने का काम किया है सिर्फ झूठे वादे करती है और कोई काम नहीं उसके पास। इस दौरान विधानसभा के अनिल वर्मा, जयसिंह यादव, मसूद आलम, संदीप गुप्ता, वसीम खांन, वकील अंसारी, रामप्रकाश यादव, मनीष, विजय वर्मा, फुरखान खां, कपिल मिश्रा, धर्मेन्द्र यादव, सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।



हरगांव-सपा के वरिष्ठ नेता त्रिवेणी पाल का स्वागत करती सपा नेत्री किरन पासी

# दुखों का टूटा पहाड़, रास्ते में शव उतार भागी एंबुलेंस

● मिश्रिख कोतवाली के कुतुबनगर का मामला

संवाददाता। सीतापुर

**एक परिवार** पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। एक तो दैवीय आपदा में अपने लाडले को खोया, दूसरे जो एंबुलेंस लखनऊ से उसके पार्थिव शरीर को ला रही थी, वो उसे बीच रास्ते में छोड़ कर भाग गई। जानकारी पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने दूसरे वाहन के जरिए पोस्ट मार्टम तक पहुंचाया, हालांकि इस मामले में पीड़ित की तरफ से पुलिस को कोई तहरीर नहीं मिली थी। मामला शहर कोतवाली इलाके का है। मिश्रिख कोतवाली इलाके के कुतुबनगर में शुक्रवार की भोर मुबारक अली के घर की कच्ची दीवार ढह गई थी। मलबे की चपेट में आकर उसका पांच साल का बेटा मो वैश जख्मी हो गया था। फौरन परिजनों पहले उसे सीएचसी पहुंचाया, नाजुक हालत देख चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हालत बिगड़ने पर यहां से उसे लखनऊ रेफर किया। एबुंलेंस से परिजन उसे लखनऊ ले गए, जहां पर उसने दम तोड़ दिया। बताते हैं कि जो एबुंलेंस उसे लखनऊ लेकर गई थी, बेटे मोहम्मद वैश की मौत होने के बाद वही एंबुलेंस उसे लेकर वापस ला रही थी। शहर के ग्रॉसफार्म के पास एंबुलेंस चालक ने 14 सौ रूपये ले लिए और उसे वहीं पर उतारकर भाग गया। वहां पर मजमा लगने लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस के पहुंचते ही अन्य वाहन से शव को पोस्टमार्टम हाउस तक पहुंचाया। इस मामले में मृतक के बाबा ने जानकारी दी।

# देवर ने चाकू से भाभी पर किया हमला, मौत

संवाददाता। रामकोट सीतापुर

**खाना बनाने** को लेकर हुए विवाद में शुक्रवार रात को देवर ने अपनी बेवा भाभी की निर्मम हत्या कर दी। उसने यह कत्ल सब्जी काटने वाले चाकू से किया। आरोपी चोरी के मामले में जेल जा चुका है और कुछ दिन पहले वो छूटकर घर आया था। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की तफ्तीश की। यह वारदात रामकोट थाना इलाके के इंदरौली में घटी। आपको बता दें कि थाना रामकोट के इंदरौली गांव की रहने वाली सुमन के पति सेवक राम की करीब तीन साल पहले मौत हो गई थी। सुमन से तीन बच्चे थे। पति की मौत के दो वर्ष बाद महिला अपने देवर शंकर के साथ ही रहती थी। शुक्रवार को भाभी सुमन और देवरानी में खाना बनाने को लेकर विवाद हो गया था। बातचीत बढ़ने पर देवरानी ने अपने पति से शिकायत की थी। जिस पर शराब के नशे में धुत देवर ने भाभी सुमन से उलहाना दिया। कहासुनी बढ़ने पर देवर ने सुमन को धक्का दे दिया और उसने सब्जी काटने वाली चाकू से उसकी गर्दन पर वारकर दिया। जिससे जख्मी सुमन मौके पर ही गिर गई और कुछ देर में उसकी सांसें उखड़ गई। सूचना पाकर सीओ सिटी ने मौके पर पहुंचकर बच्चों से पूछताछ की तो बच्चों ने बताया कि आरोपी सुबह से घर पर नहीं था। वह रात में शराब पीकर घर लौटा। इसके बाद मां से हुए विवाद के बाद आरोपी ने सुमन पर चाकू से वार कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। सीओ सिटी पीयूष कुमार सिंह के मुताबिक हत्यारोपी शंकर चोरी के मामले में जेल जा चुका है। वह कुछ दिन पहले ही छूट कर आया था। प्रथम दृष्टया यह घटना खाना बनाने के दौरान हुए विवाद को लेकर ही हुई प्रतीत होती है, फिलहाल पुलिस सभी बिंदुओं पर पड़ताल कर रही है।

# महर्षि दधीचि की धरती पर आकर रहेगा रामराज्य: अमरपाल मौर्य

संवाददाता। मिश्रिख सीतापुर

**यशोदा कन्या** महाविद्यालय के राज सभागार में भाजपा ने बुध्दिजीवियों का सम्मेलन आहूत किया। जिसकी अध्यक्षता भाजपा विधान सभा मिश्रिख के प्रभारी सरोज कुमारी ने की। कार्य क्रम की मुख्य अतिथि प्रदेश मंत्री/अमर पाल मौर्य तथा विशिष्ट अतिथि सांसद लोकसभा क्षेत्र मिश्रिख अशोक कुमार रावत रहें मिश्रिख के यशोदा कन्या महाविद्यालय के राज सभागार मे भारतीय जनता पार्टी ने बुध्दिजीवी सम्मेलन जिला अधक्षा अचिन मेहरोत्रा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। समारोह में मंच पर भाजपा जिलाध्यक्ष अचिन महरोत्रा, जिला उपाध्यक्ष नैमिष रत्न तिवारी,स, क्षेत्रीय विधायक स रामकृष्ण भार्गव सांसद अशोक कुमार रावत राकेश सिंह विधानसभा प्रभारी श्रीमती सरोज कुमारी एस पी शाक्य मुनेंद्र अवस्थी प्रबुद्ध वर्ग लोग उपस्थित रहे इस मौके पर कार्य क्रम की मुख्य अतिथि प्रदेश मंत्री अमरपाल मौर्य एव विधान सभा प्रभारी सरोज कुमारी को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। मिश्रिख विधायक रामकृष्ण भार्गव ने समारोह में आए सभी कार्यकर्ताओं को अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया। प्रदेश मंत्री अमरपाल ने कहा कि रामराज आकर रहेगा भाजपा विकास योजनाएं चला रही है सभी को इसका लाभ। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि बबलू पांडे, मनोज पांडे संदीप राजवंशी, भास्कर मिश्रा, अजय भार्गव, के पी सिंह, मंडल अध्यक्ष मछरेहटा भास्कर मिश्रा, मंडल अध्यक्ष मिश्रित देहात अजय प्रताप सिंह, मंडल अध्यक्ष साधना सतीश शास्त्री, मंडल अध्यक्ष मिश्रिख नीमसार देवेंद्र नंदवंशी सांसद प्रतिनिधि राजकुमार सोनी आलोक वर्मा विपिन कुमार, प्रमोद वैश्य प्रदीप आदित्य अवस्थी सियाराम सुशील इस्माइल वेग राजकुमार शुक्ला निशा कुमारी आदि हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्त मौजूदरहे।


मिश्रिख-प्रबुद्ध सम्मेलन में मौजूद प्रभारी अमरपाल मौर्या, सांसद अशोक रावत, विधायक रामकृष्ण भार्गव व अन्य।

# जनसमस्याओं का हो गुणवत्तापूर्ण निस्तारण: डीएम

● संपूर्ण समाधान दिवस में जन शिकायतें सुन किया निस्तारण

संवाददाता। संडीला(हरदोई)

**नवीन तहसील** में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि लोगों की शिकायतों को सुनकर विभागीय अधिकारी उनका इस प्रकास निस्तारण करें कि फरियादी को लगे कि उसकी शिकायत पर कार्रवाई की गयी है। तहसील सभागार में आयोजित इस तहसील दिवस की अध्यक्षता जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने की। बड़ी संख्या में शिकायतकर्ताओं नें अपनी शिकायतें जिलाधिकारी के समक्ष रखीं। इनमें से अधिकांश शिकायतें छुट्टा पशुओं द्वारा फसलों को नुकसान पहुंचाने, कोटेदारों द्वारा राशन वितरण में अनिमित्ता, प्रधानमंत्री आवास की धनराशि आबंटन में सुविधा शुल्क की मांग के अलावा अन्य विभागों के संबंध में थीं। समाधान दिवस में ब्लाक संडीला प्रधानसंघ के अध्यक्ष उमेश सूर्या ने जिलाधिकारी को तीस सूत्रीय मांग पत्र सौंपा जिसमें प्रधानमंत्री आवास योजना की धनराशि को बढ़ाकर साढे तीन लाख करने, प्रधानों का बीमा और शस्त्र लाइसेंस देने की मांग के साथ साथ विभिन्न प्रकार की पेंशन, शौचालय, नए राशन कार्ड बनाने, ग्राम प्रधानों के मानदेय में वृद्धि, नए हैंडपंपों की स्थापना, ग्राम पंचायतों को आवासीय एवं कृषि पट्टों के आबंटन के अधिकार दिए जाने समेत अन्य कई मांगे शामिल थीं। इस अवसर पर 241 लोगों ने अपनी शिकायतें जिलाधिकारी के समक्ष रखीं जिनमें से 12 का तत्काल निस्तारण कर दिया गया। इसी अवसर पर जिलाधिकारी ने जिला एवं तहसील स्तरीय अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि शासन संदर्भ समेत शासन स्तर से आने वाले शिकायती प्रार्थना पत्रों पर गंभीरतापूर्वक निस्तारण किया जाना चाहिए। उन्होंनें कहा कि समाधान दिवस पर आने वाली शिकायतों पर एक सप्ताह के अंदर प्रभावी कार्रवाई इस प्रकार की जानी चाहिए जिससे शिकायत करने वाले को यह लगे कि उसकी शिकायत को सुनकर उसका निस्तारण किया गया है। उन्होंनें कहा कि निस्तारण में मात्र खानापूरी नहीं की जानी चाहिए। उन्होंनें अधिकारियों को चेताया कि यदि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बरती गयी तो लापरवाही बरतने वाले अधिकारी को बक्शा नहीं जाएगा और उसके विरुद्ध विधि सम्मत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। समाधान दिवस में एसडीएम मनोज कुमार श्रीवास्तव, पुलिस अधीक्षक, मुख्य चिकित्साधिकारी, समेत तमाम अधिकारीगण मौजूद रहे।



# नैमिष के पत्रकारों पर दर्ज मुकदमा हो वापस: अनुराग

**नैमिषारण्य/सीतापुर।** एक्शन पार्टी के महासचिव व आल इंडिया प्रेस जर्नलिस्ट एशोसिएशन के चीफ कॉर्डिनेटर अनुराग एम सारथी ने पत्रकारों के साथ बैठक के दौरान उन्होंने उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने कहा कि अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने वाले पत्रकारों पर फर्जी नैमिष थाना में दर्ज मुकदमा वापस न लिया गया तो जल्द ही चक्का जाम किया जाएगा। शुक्रवार शाम को नैमिष के पत्रकार साथियों से बातचीत के दौरान एपजा के चीफ कॉर्डिनेटर अनुराग सारथी ने बताया कि समाज में वंचित, शोषित और पीड़ितों के लिए न्याय की आवाज उठाने वाले पत्रकारों को मौजूदा प्रशासन धनकुबेरों के दबाव में फर्जी मुकदमों के सहारे परेशान करने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने यह ऐलान किया कि यदि जल्द ही यह फर्जी मुकदमा वापस नहीं हुआ तो उनके द्वारा चक्का जाम किया जायेगा।

# चोरी की घटनाओं से दहशत

**ओयल खीरी।** नगर क्षेत्र में इन दिनों चोरी की घटनाओं पर ओयल पुलिस नाकाम साबित हो रही है। नगर क्षेत्र व आस पास के गांवों में आये दिन चोरी की घटनाएं हो रही है पुलिस की निष्क्रियता के चलते लगातार बेखौफ चोर लगातार चोरी कर रहे हैं। बीती रात नगर क्षेत्र के ग्राम जुलाहन पुरवा में चोरी की घटना सामने आए जिसमे इसहाक एवं रजिया के घर पर चोरों ने धावा बोला और चोरी की घटना को अंजाम दिया। क्षेत्र में लोगो ने बताया कि पुलिस मेन रोड पर गस्त करती है गांव में गश्त नही करती है जिसके फलस्वरूप चोरी की घटना लगातार हो रही है। इस बावत चौकी इंचार्ज से वार्ता हुई तो उन्होंने बताया कि संदिग्ध लोगों को पूछताछ के लिए लाया गया है जल्द ही चोरी की घटना का खुलासा किया जाएगा।

# पीयूष बने युवा मोर्चा मंडल मैलानी के अध्यक्ष

**मैलानी खीरी।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों की घोषणा पार्टी जिलाध्यक्ष सुनील सिंह व भाजयुमो जिलाध्यक्ष राम पांडेय द्वारा की गयी। जिसमें पीयूष अवस्थी को भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल मैलानी का मंडल अध्यक्ष नियक्त किया गया। इस मौके पर पार्टी के पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं ने पीयूष कुमार अवस्थी को बधाई दी। पीयूष कुमार अवस्थी ने पद मिलने के उपरांत पार्टी के जिलाध्यक्ष भाजपा सुनील सिंह जिलाध्यक्ष भाजयुमो राम पांडे व समस्त पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं का आभार प्रकट किया। पद की जिम्मेदारीपूर्ण रूप से निर्वाहन की की बात कही है।

# डीएम की अध्यक्षता में समाधान दिवस आयोजित

**लखीमपुर खीरी।** मंगलवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस डीएम डॉ अरविंद कुमार चौरसिया की अध्यक्षता में तहसील धौराहरा के सभागार में आयोजित हुआ। इस दौरान मुख्य रूप से एसपी विजय ढुल व सीडीओ अनिल सिंह मौजूद रहे। डीएम ने कहा कि जन समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाय और शिकायतों के निस्तारण में किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाय। उन्होनें फरियादियों की फरियाद एक-एक कर सुनी और उनके निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। जनसमस्याओं का निस्तारण शासन की प्राथमिकताओं में है, इसलिए सभी अधिकारी रूचि लेकर गुणवत्तायुक्त ढंग से निस्तारण सुनिश्चित करे। इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नही होगी। शिकायतों के निस्तारण में पारदर्शिता, गुणवत्ता एवं समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जाय। एसपी विजय ढुल ने जन शिकायतों की सुनवाई मौके पर जाकर शिकायतों की तत्काल, निष्पक्ष व न्यायोचित जांच कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 54 शिकायती प्रार्थना पत्र पंजीकृत किये,जिसमें 5 शिकायतों का मौके पर निस्तारण हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व 19, विकास 12, पुलिस 11, आपूर्ति 5, चकबंदी 3, विद्युत 2 व अन्य के 2 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये। जिन्हें पृष्ठाकिंत कर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण हेतु उपलब्ध करा दिया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में एसपी विजय दुल, सीडीओ अनिल सिंह, सीएमओ डा. शैलेंद्र भटनागर, एसीएमओ डा. आरपी दीक्षित, एसडीएम रेनू, डीडी कृषि डा. योगेश प्रताप सिंह, डीएसओ विजय प्रताप सिंह, डीपीआरओ सोम्यशील सिंह सहित अन्य ज़िला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।



# गृह राज्यमंत्री की अध्यक्षता में दिशा की बैठक

**लखीमपुर-खीरी।** शनिवार को भारत सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के अनुश्रवण हेतु जनपद स्तरीय गठित जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा की बैठक कलेक्ट्रेट में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री भारत सरकार व खीरी सांसद अजय मिश्र ष्टेनीष् की अध्यक्षता में हुयी। बैठक की अध्यक्षता करते हुए केंद्रीय गृह राज्य मंत्रीध् सांसद अजय मिश्र टेनी ने कहा कि खीरी जिले में विकास कार्यक्रमों में स्थिति बेहद संतोषजनक हैए इसी का परिणाम है कि विकास कार्यक्रमों में खीरी ने केंद्र व प्रदेश सरकार की प्रत्येक महत्वाकांक्षी योजना में शानदार प्रदर्शन किया। डीएम के कुशल मार्गदर्शन एवं सीडीओ के उत्साहपूर्ण नेतृत्व में जिले की पूरी टीम ने पूरी ऊर्जा के साथ कड़ी मेहनत की। उसी का प्रतिफल है कि खीरी जिले पर पीएम व सीएम की सीधी नजर है। अधिकारियों ने ज़िले की बेहतरी के लिए पूरी शिद्दत से काम किया है। उन्होंने अपेक्षा की कि खीरी में विकास यात्रा का सिलसिला इसी प्रकार जारी रहेगाए आगे भी अच्छे परिणाम आएंगे। उन्होंने कहा कि यदि किसी अधिकारी को कोई मार्गदर्शन या सहयोग की अपेक्षा हो तो उसे निसंकोच उनसे बात करके प्राप्त कर सकता है। उन्होंने निर्देश दिए कि गांव का सर्वे कराएं जिन गांव में योजनाओं का आच्छादन कम है उन्हें सूचीबद्ध का तेजी से विकास कार्यक्रमों से जोड़े। इस मौके पर विधायक सदर योगेश वर्मा, सांसद प्रतिनिधि अरविंद सिंह संजय, अम्बरीश सिंह, एसपी विजय दुल, संयुक्त विकास आयुक्त लखनऊ मंडल श्रीकृष्ण त्रिपाठी, सीडीओ अनिल सिंह, पीडी केके पांडेय, डीडीओ अरविंद कुमार, डीएसटीओ राजेश कुमार सिंहए नगर पालिका परिषद गोला की चेयरमैन मीनाक्षी अग्रवालए ब्लाक प्रमुख दिव्या सिंहए वीना सिंह सहित समिति के नामित सदस्य व जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# मैदान में चर रहे घोड़े को टाइगर ने बनाया निवाला, ग्रामीण दहशत में

संवाददाता । मैलानी खीरी

**बफर जोन** में मैलानी रेंज के जंगल से निकले बाघ ने शनिवार की सुबह सुआबोझ के निकट एक ईंट भट्टे के पास चर रहे एक घोड़े पर हमला कर उसे मार डाला और खींचकर गन्ने के खेत में ले गया। सूचना पर पहुंचे वन कर्मियों ने मौका मुआयना कर घोड़े को दफन करवाया।

ग्राम पंचायत खरेटा के ग्राम राजेपुर निवासी मोसीन ने बताया कि सुबह लगभग 6:30 बजे अपने घोड़े को उमर के भट्टे के पास खाली पड़े फड़ में चरने के लिए बांधकर आया था। कुछ देर बाद भट्टे के मजदूरों ने बताया पहले से गन्ने के खेत में बैठे टाइगर ने घोड़े को मार दिया है। सूचना पर ग्रामीणों के साथ वह मौके पर पहुंचा तो मुजीब के गन्ने के खेत के कुछ अंदर घोड़े का शव पड़ा देखा जिसकी गर्दन कटी हुई थी। टाइगर घोड़े के सब को खींचकर करीब 200 मीटर दूर सुआसोझ निवासी मुजीब के खेत में ले गया । घोड़े का टाइगर ने गर्दन का कुछ हिस्सा खा लिया था। मोसीन ने इसकी सूचना पुलिस और वन कर्मियों को दी सूचना पाकर वन रेंजर के पी सिंह ने वन दरोगा सुरेश सिंह वनरक्षक अरुण कुमार आदि को मौके पर भेजा वन कर्मियों ने घोड़े के शव को पास में ही गड्ढा खोदकर दफन करवा दिया घटनास्थल के पास टाइगर के पदचिन्ह मिले हैं । रेंजर ने बताया कि टाइगर की निगरानी कराई जा रही है। उन्होंने ग्रामीणों से जंगल के किनारे और खेतों में जाने से मना किया है। किसान अगर खेतों में जाएं भी तो इकट्ठा होकर पीपा आदि बजाकर सोरगुल करते हुए खेतों में जाने की अपील की है। ताकि किसानों को कोई जनहानि न हो सके। मैलानी रेंजर के पी सिंह ने बताया किसान खेतों में अकेले न जाए खेतों की तरफ बच्चों को अकेले न जाने दें। जाएं भी तो कई लोग मिलकर इकट्ठा होकर जाएं। शोरगुल करते हुए जाए या पीपा बजाकर जाए। अकेले कोई किसान खेत में ना जाएं ताकि कोई अपनी व साथियों की सुरक्षा कर सके।



# सेवा समर्पण अभियान के अंतर्गत बांटे प्रशस्ति पत्र

**ओयल खीरी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर शुक्रवार से भाजपा का ष्सेवा एवं समर्पण अभियान शुरू हो चुका है। इसी कार्यक्रम के अंतर्गत भाजपा जिला मंत्री उमा राज ने निकटतम पुलिस चौकीए स्वास्थ्य केंद्र पर कर्मियों एवं मलिन बस्तियों में जाकर फल वितरण एवं प्रशस्ति पत्र वितरित किये। बताते चले कि आगामी सात अक्टूबर तक चलने वाले इस अभियान में पार्टी कार्यकर्ता हर गांव.घर तक पहुंच कर संपर्क व संवाद और सेवा कार्य करेंगे। मोर्चो व प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता भी इस अभियान में जुटेंगे।उक्त सूचना भाजपा जिला मंत्री उमा राज ने दी कि पार्टी के जिला अध्यक्ष सुनील सिंह की अध्यक्षता में इसके लिए व्यापक कार्ययोजना तैयार की गई है। उन्होंने गुरुवार की शाम अभियान की तैयारियों को लेकर प्रदेश पदाधिकारियोंए क्षेत्र अध्यक्षोंए जिलाध्यक्ष और जिला प्रभारियों संग वर्चुअल बैठक की थी। सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का आह्वान किया है कि वे पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर शुरू हो रहे सेवा व समर्पण अभियान को सफल बनाने के लिए जुटें।अभियान के तहत 17 से 20 सितंबर तक स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा। चिकित्सा प्रकोष्ठ इसका समन्वय करेगा। युवा मोर्चा कार्यकर्ता रक्तदान शिविर आयोजित करेंगे जबकि अनुसूचित मोर्चा और पिछड़ा वर्ग के कार्यकर्ता गरीब बस्तियों में फल व अन्य वस्तुओं का वितरण करेंगे। किसान मोर्चा द्वारा किसान सम्मान दिवस का आयोजन करते हुए 71 किसानों और 71 जवानों को सम्मानित किया जाएगा। कोरोना काल में सेवा कार्य करने वाली 71 महिलाओं को सम्मानित करने का कार्य महिला मोर्चा करेगा। पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्म जयंती 25 सितंबर की पूर्व संध्या पर 24 सितंबर को प्रदेशभर में बूथ पर पार्टी कार्यकर्ता कार्यक्रम करेंगे। गांधी जयंती पर दो अक्तूबर को प्रदेश में मंडल स्तर पर कार्यकर्ताओं द्वारा स्वच्छता के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अभियान के दौरान प्रदर्शनी, वैक्सीनेशन कैंप सहित अन्य सेवा कार्य भाजपा कार्यकर्ता करेंगे।

# हाथियों ने रौंद डाली दो बीघा धान की फसल

संवाददाता । मैलानी खीरी

**नेपाली हाथियों** ने शुक्रवार की रात खरेहटा बीट में हाथियों ने करीब दो बीघा धान की फसल रौंद डाली। गनीमत यह रही सूचना पाकर पहुंचे ग्रामीणों ने ट्रैक्टर की लाइटें जलाकर शोरगुल करके और आग जलाकर हाथियों को जंगल में खदेड़ दिया। जिससे ज्यादा नुकसान होने से बच गया।

नेपाली हाथी कपरहा कुंआ होते हुए देवीपुर पहुंचे बहा से ग्रामीणों ने खदेड़ा तो वहां से खरेहटा बीट के जंगल के निकट बातून अली के खेत में पहुंच गए। बातून के खेत में खड़ी करीब 2 बीघा धान की फसल उजाड़ दी। ग्रामीणों ने बताया 8:30 बजे हाथियों की खेत में आने की सूचना मिलते ही सारे ग्रामीण इकट्ठा होकर खेत में पहुंचे तो देखा करीब 20 हाथी धान की फसल को उजाड़ रहे थे। काफी ग्रामीणों ने इकट्ठा होकर शोरगुल मचाया आग जलाई। हाथी फिर भी ना भागे। गांव से दो तीन ट्रैक्टर मंगवा कर उनकी रोशनी जलवाई उनके सलेनसर खुलवाकर तेज आवाज में ट्रैक्टर चलाया तो कहीं व मुश्किल हाथी खेत से निकले इसके बाद हाथी जंगल की ओर निकल गए। वन दरोगा सुरेश सिंह बांचड़ शिव शंकर लाल बांचड़ छिदंम्मी ने बताया। निगरानी करते हुए हाथियों के पघचिंह मिले हैं। अंदाजा लगा है । नेपाल से आए हुए हाथी जटपूरा बीट की तरफ निकल गए हैं। रास्ते में रेलवे का एक बैरियर टूटा हुआ मिला। कुछ और दूरी पर चलकर देखा तो सागवान के दो पेड़ भी उखड़े हुए नजर आए रेलवे का एक बैरियर टूटा हुआ मिला और जंगल में एक पेड़ भी उखाड़ दिया शनिवार को हाथी मैलानी संचोरी होते हुए जटपुरा वीट की ओर रबाना हो गए।

# कृषक समाज में संपन्न हुई परीक्षा

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** अंक सुधार बोर्ड परीक्षा 2021 के तहत परीक्षा केंद्र कृषक समाज इंटर कॉलेज गोला में हाई स्कूल एवं इंटर की हिंदी विषय की परीक्षाएं शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई । केंद्र व्यवस्थापक डॉ एल आर वर्मा ने बताया कि प्रथम पाली में हाई स्कूल हिंदी विषय में कुल पंजीकृत352 परीक्षार्थियों में से340 परीक्षार्थी उपस्थित हुए तथा 12परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली में संपन्न इंटर सामान्य हिंदी में पंजीकृत 34परीक्षार्थियों में से32 परीक्षार्थी उपस्थित रहे तथा 02 परीक्षार्थीअनुपस्थित रहे जबकि हिंदी में पंजीकृत 13 परीक्षार्थियों में से 09परीक्षार्थी उपस्थित रहे तथा 04 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। प्रथम पाली में केंद्र का औचक निरीक्षण जिला विद्यालय निरीक्षक खीरी ओ पी त्रिपाठी द्वारा किया गया परीक्षा केंद्र की समस्त व्यवस्थाओं और सुचितापूर्ण ढंग से हो रही परीक्षा को देखकर जिला विद्यालय निरीक्षक ने संतोष व्यक्त किया और केंद्र व्यवस्थापक की प्रसंशा की। परीक्षा के दौरान सेक्टर मजिस्ट्रेट खंड शिक्षा अधिकारी कुंभी ए पर्यवेक्षक रोहित कुमार स अ राजकीय हाईस्कूल मोहम्मदाबाद तथा अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक जगदीश नारायण प्रधानाचार्य राजकीय हाई स्कूल गणेशपुर उपस्थित रहे। केंद्र व्यवस्थापक डॉ एल आर वर्मा ने बताया कि कुल 28 विद्यालयों के 425 परीक्षार्थी केंद्र पर आवंटित हैए परीक्षार्थियों की संख्या के हिसाब से कृषक समाज इंटर कॉलेज गोला जनपद का सबसे बड़ा परीक्षा केंद्र है एयह परीक्षाएं आगामी 6 अक्टूबर तक चलेंगी।

# भाजपा में न जातिवाद न परिवारवाद केवल राष्ट्रवाद हैः स्वतंत्र देव

संवाददाता। अयोध्या



**भाजपा** पिछड़ा मोर्चा के दो दिवसीय प्रदेश कार्यसमिति की बैठक के प्रथम दिन उद्घाटन सत्र को सम्बोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्रदेव सिंह ने कहा कि जिस राज्य में गुण्डागर्दी समाप्त हो जाय वह राज्य खुशहाली की ओर जाता है। पिछली सरकार में पश्चिम उत्तर प्रदेश में कई जगह पांच बजे दरवाजा बंद हो जाता था। लोगो को डर रहता था कि आपराधिक घटना हो जायेगी तो मुकदमा लिखा जायेगा अथवा नहीं। परन्तु योगी सरकार में किसी की हिम्मत है कि खेत में रखा फावड़ा तक उठाकर ले जाये।उन्होने कहा कि एक समय उत्तर प्रदेश में अक्सर बम गिरता था। कभी अयोध्या तो कभी काशी में। परन्तु योगी सरकार के कार्यकाल में न तो एक भी दंगा हुआ और न कहीं बम गिरा। रेलवे स्टेशन पर एक कुली उनका स्वागत करने आया था। कुली का कहना था कि उसकी बेटी सिपाही हो गयी और एक भी पैसा घूस नहीं लगा। भाजपा में न जातिवाद और न परिवारवाद यहां केवल एक चीज है राष्ट्रवाद। उन्होने कहा कि मोदी सरकार में 27 ओबीसी के मंत्री है। मंण्डल कमीशन की सिफारिशों को योगी सरकार ने लागू किया। गरीबों को पहली बार शौचालय मिला। आवासए किसान सम्मान निधि के साथ प्रेगनेंट महिला को सुविधा देने से लेकर बेटी की शिक्षा तक की व्यवस्था सरकार कर रही है।

उन्होने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री जब चाईना में उतरते है तो वहां भी भारत की माता की जय के नारे लगते है। स्वतंत्रता सेनानियों को आज गर्व महसूस होता होगा।

## डीएम ने किया रेमंड शोरुम का उद्घाटन

**बस्ती।** डीएम सौम्या अग्रवाल ने गांधीनगर टाउन क्लब के पास रेमंड षोरुम का उद्घाटन डोल नगाढ़ों के साथ किया। कहा कि यह जिले वालों के लिए अच्छी खुशखबरी है, कि अब छोटे शहरों में भी बड़े-बड़े शोरुम खुलने लगे है। इसके लिए उन्होंने कशखर अग्रवाल, प्रेम अग्रवाल, पनव अग्रवाल और कुसुम अग्रावाल सहित उनके परिवार को बधाई दी। रेमंड कंपनी के शिखर अग्रवाल ने बताया कि इस शाप में सूटिगं, शर्टिगं के कपड़े एवं रेडीमेड शर्ट, पैंट एवं ग्राहकों के कपड़ों की सिलाई की व्यवस्था है। प्रो. राममनोहर अग्रवाल ने बताया कि बेकतीहन फैब्रिक, रेडी-टू वियर कलेक्षन की सम्पूर्ण रेंज उपलब्ध है। इस मौके पर आफर भी दिए गए। इस दौरान विधायक दयाराम चौधरी, शषांक अग्रवाल, विमल गोयल, सागर अग्रवाल, गुडडु सिंह, प्रमोद गाडिया, संजय गाडिया, साधना गोयल, शालिनी भानी रमका, करिश्मा, राजकुमार शुक्ल, अजय श्रीवास्तव, लालचंद्र एवं राजन पांडेस सहित अन्य मौजूद रहे।

## बारिश में घर गिरने से दो बालिकाओं की मौत, आठ लोग घायल

### ● घर के बंधी आठ बकरी की भी दबकर मौत हो गई

संवाददाता। परसुरामपुर, बस्ती



**थाना** परसुरामपुर के ग्राम वेदीपुर निवासी मोहम्मद अली के लिए बारिष काल बनकर आया। बारिष में मकान गिरने से उनकी 22 वर्षीय तरन्नुम एवं 16 वर्षीय षना की दबकर मौत हो गई। परिवार के आठ लोग घायल हो गण, जिनका इलाज अयोध्या के जिला अस्पताल में चल रहा है। इतना ही नहीं घर के अंदर बंधी पांच बकरियां भी दबकर मर गई। घटना षुक्रवार/षनिवार के रात करीब 12 बजे की है। गांव सहित पूरे परिवार में कोहराम मचा हुआ है। रात में अचानक मोहम्मद अली का मकान भरभराकर गिर गया। उस समय सभी लोग गहरी नींद में थे। मकान गिरने की तेज आवाज पर लोग मकान की ओर भागे, तब तक मोहम्मद अली का सब कुछ बर्बाद एवं तबाह हो चुका था। काफी मषक्कत के बाद सुबह मलवा हटाया गया, और मलबे में दबे लोगों को बाहर निकाला गया। मलबे के भीतर से दोनों लड़कियों के मृत शरीर को बाहर निकाला गया। घायलों में मोहम्मद अली, पत्नी जौशान, बेटा अकरम, बहू षबीना खातून, नाती एहसान, जुनैत, जुबैद एवं जुबेर और ननिहाल में रह रहे हसनैन अचेता अवस्था मे मिलें।

प्रभारी निरीक्षक अवधेशराज सिंह ने बताया कि दोनों शवों को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया गया, वहीं हल्का लेखपाल केषरी नंदन त्रिपाठी ने क्षति का आंकलन कर रिपोर्ट करने की बात कही। ताकि परिवार को आपदा राहते के तहत आर्थिक लाभ मिल सके।

## दबंगों से बचने के लिए युवक ने तालाब में लगाई छलांग,डूबने से हुई युवक की मौत

**श्रावस्ती, गिलौला।** थाना गिलौला अंतर्गत ग्राम दन्दौली दो पक्षों में में जमीनी विवाद के दौरान एक पक्ष के एक व्यक्ति को दूसरे पक्ष के तीन लोगों ने मारने के लिए दौड़ाया जिस पर जान बचाने के लिए वह युवक गहरे तालाब में में कूद गया जिससे युवक की डूबने से मौत हो गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने पीएसी के जवानों के साथ नाव से डूबे युवक के शव को बाहर निकाल लिया। घटना के सम्बंध में पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना की जानकारी मिलते ही एसपी अरविंद कुमार मौर्य व अपर पुलिस अधीक्षक बीसी दुबे ने घटना स्थल पर पहुंच कर जायजा लिया। थाना गिलौला के ग्राम दन्दौली निवासी राम रसीले ने अपनी जमीन बैधू और मन्नान के हाथ बेच दी थीए जमीन बिक्री का कुछ पैसा इन लोगों के पास बकाया रह गया था शुक्रवार की शाम जब राम रसीले बैधू के पास अपना पैसा मांगने गया था इस दौरान दोनो के बीच कुछ कहा सुनी हो गई जिसपर बैधू ने फोन कर डायल 112 बुला लिया। लेकिन मौके पर किसी के ना मिलने पर पी आर बी के जवान वापस लौट आए। शनिवार की सुबह बैधूए अयूबएव सोनू ने गुस्से में राम रसीले को मारने के लिए दौड़ा लिया जिस पर वह गांव के पूरब स्थित भठ्ठे की तरफ भागा और पास में स्थित तालाब में छलांग लगा दी पानी अधिक होने से राम रसीले की डूबकर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को खोजने का प्रयास किया सफलता नही मिलने पर पीएससी के जवानों को बुलाकर नाव की सहायता से शव को बाहर निकलवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के भाई भीमसेन की तहरीर पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ हत्या और एससी एसटी का मामला पंजिकृत के आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है।

## सपाइयों ने डीएम को दिया ज्ञापन

संवाददाता। संतकबीरनगर

**अव्यवस्था** से दुकानो, घरो में पानी घुसने के साथ खलीलाबाद शहर के गोला बाजार सहित अन्य स्थानो पर लबालब पानी भर जाने व निकासी की व्यवस्था नही होने से नाराज सपाईयो ने जिला प्रशासन को सपा नेताओ ने शनिवार को ज्ञापन देकर पानी निकासी की समुचित व्यवस्था कराये जाने की मांग की है। सपाईयो ने जिला प्रशासन को चेतावनी भी दिया है कि यदि पानी निकासी की समुचित व्यवस्था नही हुई तो समाजवादी पार्टी आन्दोलन करने के लिए बाध्य होगी।

जिलाध्यक्ष गौहर अली खां एवं पूर्व जिलाध्यक्ष लोरिक यादव ने कहा कि बारिश के कारण नगर पालिका परिषद खलीलाबाद में पूरे शहर में पानी भरा हुआ है। दुकानों में पानी भर जाने से सामानों का काफी नुकसान हुआ है। वही घरों में पानी भरने से खाद्य सामग्री सहित अन्य सामान नुकसान हो गए है। जिससे नगर के लोगों में काफी रोष है। उन्होंने तत्काल जलनिकासी की व्यवस्था को सुदृढ कराये जाने की मांग की है। जिला उपाध्यक्ष के0डी0 यादव ने कहा कि आगामी 2022 के विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं और जनता के समर्थन से पूर्ण बहुमत के साथ समाजवादी पार्टी की उत्तर प्रदेश में सरकार बनाने के बाद नगर में सीवर लाइन बिछाया जाएगा। जिससे जल निकासी की व्यवस्था से निजात मिल सके। जिला उपाध्यक्ष कौशल चौधरी ने कहा कि शहर जलमग्न होने के कारण पैदल निकलने वालों को ही नहीं बल्कि दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं स्कूल, कालेजों तथा अस्पताल एवं सड़को के किनारे बारिश का पानी लगा हुआ है जिससे जहरीले कीड़े-मकोड़े सहित संक्रमित बीमारी फैलने का खतरा बना हुआ है।

## शिकायतों को गंभीरता से लें अधिकारीः डीएम

संवाददाता। अम्बेडकरनगर

**जनसमस्याओं** के निराकरण हेतु कोविड-19 प्रोटोकॉल का पालन कराते हुए संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन सभी तहसीलों में किया गया। तहसील अकबरपुर में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी सैमुअल पॉल एन की अध्यक्षता में किया गया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी शिकायतों को गंभीरता से लें और तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करें। इस दौरान जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी अधिकारी अपने-अपने कार्यालयों की साफ सफाई अच्छे से कराना सुनिश्चित करें। कार्यालय के आसपास खाली स्थानों पर पानी एकत्र न होने दे। समस्त कार्यालयों में बैठने की व्यवस्था, पीने के लिए आरो का पानी की व्यवस्था करना सुनिश्चित किया जाए। तहसील दिवस में जो भी शिकायत आए उनका निस्तारण एक सप्ताह के अंदर गुणवत्तापूर्ण करना सुनिश्चित करें। तहसील अकबरपुर में संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के समक्ष कुल 125 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें से राजस्व विभाग से 68, विकास विभाग 18, पुलिस विभाग 19 तथा अन्य से 20 है। मौके पर 03 शिकायती प्रार्थना पत्रों का निस्तारण कर दिया गया तथा शेष शिकायती प्रार्थना पत्रों को निस्तारण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को प्राप्त कराते हुए निर्देश दिया गया कि शेष शिकायती प्रार्थना पत्रों को 07 दिवस के अंदर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए।

## सपा नेता अबू आजमी के कार्यक्रम में दिखी गुटबाजी

संवाददाता। रायबरेली

### ● जिला अध्यक्ष एक नेता के आगे नतमस्तक

**सपा** नेता अबू आजमी के कार्यक्रम को लेकर जिला समाजवादी पार्टी व कार्यकर्ताओं में जमकर गुजबाजी नजर आई।चर्चा तो यह भी है कि पूरी जिला कार्यकारिणी जिलाध्यक्ष के बजाय एक होशियार नेता के चंगुल में फंसी हुई हैं। उस नेता के आगे जिलाध्यक्ष हमेशा नतमस्तक रहते हैं।जिसका परिणाम यह हुआ कि महाराष्ट्र सपा के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक अबू आजमी के लिए मुख्य रूप से एक ही शहर में पांच सौ मीटर की दूरी पर तीन अलग अलग कार्यक्रम तय हुए।

सपा नेता अबू आजमी के बारे में एक दिन पहले जिला अध्यक्ष वीरेंद्र यादव में अपने कार्यकताओं व मीडिया को शनिवार को होने वाले सभी कार्यक्रम का संदेश जारी किया गया उसके बाद कथित सपा नेता ने अपने हिसाब से जारी किया। पार्टी सूत्रों के मुताबिक अबू आजमी एक दिन पहले ही रायबरेली आ गए थे। उनके स्वागत में पहला कार्यक्रम नगर पालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष मो इलियास के आवास के करीब आयोजित हुआ, स्वागत के बाद एक प्रकार से चुनावी नुक्कड़ सभा भी हुई,नेताओ ने अपने अपने विचार व्यक्त किये,इसके बाद जहानाबाद के निकट एक लान में भी एक कथित यात्रा के नाम पर नुक्कड़ सभा व स्वागत का आयोजन हुआ। वही तीसरा सबसे अहम कार्यक्रम पार्टी कार्यलय में हुआ,जिसमे भी स्वागत सम्मान हुआ। वही पर निर्धारित समय के करीब दो घण्टे बाद पत्रकार वार्ता हुई। पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए अबू आजमी ने जिला समाजवादी पार्टी की पूरी पोल ही खोल कर रख दी।उन्होंने कहा कि यह मैं आना नही चाहता था पर आ गया हूं तो पार्टी हिट में कुछ बोलना पड़ता हैं। उन्होंने कहा कि मैं नेता बाद में हु पहले एक व्यापारी हूं। इससे आप अंदाजा लगा सकते हैं कि अबू आजमी ने रायबरेली आने के लिए जरूर कोई न कोई सौदा किया होगा।

अबु आजमी ने यह भी कहा कि आजम खां बहुत जल्द जेल से छूटकर पार्टी के लिए प्रचार करेंगे। वर्तमान योगी सरकार पर भी तंज कसा और बताया कि 2022 में सपा की सरकार बनेगी। कुल मिलाकर आज के कार्यक्रम से जिला समाजवादी पार्टी और कार्यकर्ताओं में अदृश्य मनमुटाव शुरू हो गया है। चुनाव आने के पहले समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रायबरेली की जिला कमेटी की कार्यशैली पर ध्यान नही दिया तो पार्टी के लिए समर्पित कार्यकताओं व नेताओ को किसी दूसरे विकल्प को ही स्वीकार करना पड़ सकता हैं।

## मछली का शिकार कर रहे युवक की नदी में डूबकर मौत

**श्रावस्ती, मल्हीपुर।** थाना मल्हीपुर अंतर्गत ग्राम फतेहपुर बनगई निवासी एक युवक का मछली का शिकार करते समय पैर फिसलने से नदी में डूबकर मौत हो गई। कड़ी मशक्कत के बाद एसएसबी व एनडीआरएफ टीम ने शव को बाहर निकाल लिया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मल्हीपुर थाना क्षेत्र के फतेहपुर बनगई निवासी अजीम शनिवार को अपने भाई नफीस के साथ राप्ती नदी के तिकोनी घाट पर मछली के शिकार को गया था। इस दौरान पैर फिसलने से अजीम नदी के कुंड में गिर गया। और डूब गया। कुंड में लगी सेवार घास में फंस जाने से बाहर नही निकल पाया। नफीस द्वारा शोर मचाने पर ग्रामीणों ने अजीम को निकालने का भरसक प्रयास किया लेकिन अजीम डूब गया सूचनामिलते ही एसएसबी व एनडीआरएफ टीम मौके पर पहुँच गई। और कड़ी मशक्कत के बाद शव को बरामद निकाल लिया।

## समाधान दिवस में शिकायत के बावजूद भी नहीं हो रही कार्रवाई

संवाददाता। बछरावां रायबरेली

**उत्तर प्रदेश** सरकार सरकारी व गैर सरकारी जमीनों पर हो रहे अवैध कब्जे को लेकर समाधान दिवस माध्यम से एक सप्ताह में तत्काल समाधान करने को अधिकारियों को आदेशित किया गया है। वहीं दूसरी तरफ आम जनमानस समाधान दिवस थाना दिवस में अपनी फरियाद लगाने के बावजूद भी कोई कार्यवाही नहीं की जाती है। जिससे दबंगों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। मामला विकासखंड बछरावां के असहन जगतपुर ग्राम सभा का है। शिकायतकर्ता देव नारायण सिंह पुत्र बृजपाल सिंह द्वारा कई बार थाना दिवस और पूर्व में 4 सितंबर को समाधान दिवस में शिकायत करके गुहार लगाई थी कि उनकी भूमिधरी जमीन गाटा नंबर 1689 रकबा लगभग 0.082 हेक्टेयर को उनके गांव के ही अरुण कुमार सिंह पुत्र अनंत कुमार सिंह द्वारा गुंडई के बल पर भूमिधरी जमीन पर जबरिया कब्जा कर रहे हैं। शिकायतकर्ता देव नारायण सिंह ने 18 सितंबर को समाधान दिवस में एडीएम प्रशासन को लिखित शिकायत देकर अवगत कराया कि पूर्व में समाधान दिवस में शिकायत करने पर कोई कार्यवाही नहीं हुई है मेरे द्वारा अपनी पुश्तैनी जमीन बचाने के लिए प्रयास कर रहा हूं जिस पर एडीएम ने लेखपाल को मौके पर जाकर तत्काल कार्यवाही करने का आदेश दिया यह तो मात्र बानगी भर है पूरे तहसील में जमकर दबंग सरकारी गैर सरकारी जमीनों पर जबरिया कब्जा करने की होड़ मचाए हुए हैं लेकिन तहसील प्रशासन और पुलिस प्रशासन इन दबंगों के आगे अपने आप को बेबस महसूस कर रही है और योगी सरकार के आदेश के खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।

## अखिल भारतवर्षीय कसौंधन वैश्य महासभा की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक सम्पन्न

संवाददाता। अयोध्या

**अखिल** भारतवर्षीय कसौंधन वैश्य महासभा स्थापित 1924 के तत्वाधान में राष्ट्रीय महासभा की कार्यसमिति की बैठक सुरेंद्र लान में आयोजित हुई जिसकी अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष मथुरा प्रसाद कसौंधन ने की।बैठक में 9 बिन्दुओ पर चर्चा हुई व समाज के हितों से जुड़े मुद्दों पर निर्णय लिया गया।कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय संरक्षक शत्रुघ्न लाल कसौंधनए राष्ट्रीय अध्यक्ष मथुरा प्रसाद कसौंधनए राष्ट्रीय महामंत्री बृजकिशोर कसौंधनएराष्ट्रीय कोषाध्यक्ष बजरंगबली कसौंधनए उत्तर प्रदेश प्रभारी राजेन्द्र गुप्ता ने कसौंधन समाज के गोत्र प्रवर्तक महर्षि कश्यप जी के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर व आरती कर शुभारंभ किया।

राष्ट्रीय महासभा की बैठक में जिन बिन्दुओ पर चर्चा हुई उनमें प्रांतीय नवनियुक्त मण्डल व प्रांतीय महिला मंडल का गठनएकसौंधन समाज के अयोध्या स्थित पंचायती मंदिर के पुनरोद्धार पर चर्चाएस्थानीय चुनाव में कसौंधन समाज के विजयी जनप्रतिनिधियों का सम्मान किये जाने पर चर्चाएराजनैतिक भागीदारी के लिए प्रदेश की राजधानी लखनऊ में राजनीतिक चिंतन शिविर आयोजित करने के सम्बंध मेंएपिछड़ा वर्ग में कसौंधन जाति को अलग से दर्ज किए जाने के सम्बंध मेंएराष्ट्रीय कसौंधन वैश्य महासभा की बेबसाइट बनाने के सम्बंध में चर्चा हुई।इसके अतिरिक्त पिछली बैठक की कार्यवाही की पुष्टि की गई। कसौंधन समाज के प्रांतीय प्रवक्ता रामकृष्ण गुप्ता ने बताया कि आज की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक में राष्ट्रीय संरक्षक शत्रुघ्न लाल कसौंधनए राष्ट्रीय अध्यक्ष मथुरा प्रसाद कसौंधन जी एराष्ट्रीय महामंत्री बृजकिशोर राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष बजरंगबली कसौंधन, उत्तर प्रदेश प्रभारी राजेन्द्र गुप्ता, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजेश कसौंधन, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रामकरण कसौंधन, राष्ट्रीय संगठन मंत्री गोबिन्द शाह, सुरेश कश्यप, कैलाश कश्यप, मध्यप्रदेश के अध्यक्ष बृजकिशोर कसौंधन आदि मौजूद रहे।

## डीएम-एसपी ने सुनी जनसमस्या, निस्तारण का दिया निर्देश

संवाददाता। संतकबीरनगर



**जिलाधिकारी** श्रीमती दिव्या मित्तल व पुलिस अधीक्षक डॉ0 कौस्तुभ द्वारा तहसील खलीलाबाद पर संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन शनिवार को खलीलाबाद तहसील सभागार में आयोजित हुआ। अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याओं को मौके पर सुना गया तथा वहां मौजूद संबंधित राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों को मौके पर जाकर शिकायतों का शत प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि राजस्व और पुलिस विभाग से सम्बन्धित शिकायतों का निस्तारण आपसी सामंजस्य से सुनिश्चित किया जाये, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही न की जाए जिससे आमजनमानस को बिना वजह परेशान होना पड़े। तत्पश्चात वहां मौजूद शिकायत पंजिका का निरीक्षण करते हुए निस्तारित हो चुकी शिकायतों के संबंध मे फीडबैक भी लिया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपजिलाधिकारी खलीलाबाद राजनारायण त्रिपाठी, तहसीलदार खलीलाबाद शंशाक शेखर राय, पीडी डीआरडीए दुर्गा दत्त शुक्ल, सीएमओ डॉ0 इन्द्र विजय विश्वकर्मा, प्रशिक्षु एसडीएम अखिलेश सिंह यादव, जिला प्रोबेशन अधिकारी सुश्री श्वेता त्रिपाठी, दिव्यांग जन कल्याण अधिकारी श्रीमती प्रियंका यादव सहित जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। इसी क्रम में धनघटा तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व मनोज कुमार सिंह ने फरियादियों की समस्याओं को सुना सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपजिलाधिकारी धनघटा योगेश्वर सिंह अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह उपस्थित रहे। धनघटा तहसील सम्पन्न होने के बाद एडीएम व एएसपी ने उपजिलाधिकारी धनघटा योगेश्वर सिंह के साथ बाढ़ प्रभावित क्षेत्रो का मुआयना किया।

## क्विक न्यूज

### वो किसान नहीं किसी की दुकान हैंः मोहसिन रजा

**अम्बेडकरनगर।** एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फएवं हज विभाग के राज्यमंत्री मोहसिन रजा ने मीडिया से मुखातिब होते हुए बताया कि बीजेपी की केंद्र सरकार और प्रदेश सरकार ने किसानों के लिए बेहतर कार्य किया है। कोरोना काल मे जब सब बंद था तब किसानों को लाभ पहुंचाने के लिए चीनी मिलों को सुचारू रूप से चलाया गया ताकि किसानों को किसी तरह की दिक्कत न हो। किसानो को अबतक का गन्ना भुगतान कर दिया गया। आंदोलन कर रहे किसानों के सवाल पर मोहसिन रजा ने कहा जो आंदोलन कर रहे है ओ किसान नही है किसी की दुकान है। साथ ही साथ उन्होंने विपक्ष को भी कड़ा प्रहार किया उन्होंने कहा कि विपक्ष तो घर बैठकर ट्विटर से अपना काम चला रहे हैं। आपको बता दे राज्यमंत्री मोहसिन रजा प्रबुद्ध सम्मेलन में शिरकत करने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने अकबरपुर सर्किट हाउस में अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक भी की।

### उ.म. रेलवे के जीएम ने किया एमसीएफ का निरीक्षण

**लालगंज-रायबरेली।** उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक प्रमोद कुमार आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना पहुंचे। इस दौरान उनके साथ उत्तर मध्य रेलवे के पीसीएमई कुन्दन कुमार, पीसीईई सतीश कोठारी, सीएओ शरद मेहता एवं पीसीई एस. के. मिश्रा साथ रहे। महाप्रबंधक प्रमोद कुमार ने कारखाने में हो रहे उत्पादन कार्यों का विस्तृत रूप से जानकारी ली। महाप्रबंधक ऊ.म.रे. तथा उनके साथ आये अन्य अधिकारियों को आरेडिका में उत्पादित हो रहे कोचों तथा कार्य कर रही मशीनों के बारे में विस्तार जानकारी दी गयी। उसके बाद वे आरेडिका आवासिय परिसर देखा। इस दौरान गोल्फ क्लब, इंडोर स्टेडियम, सरस्वती ऑडिटोरियम का भी निरीक्षण किया।

### भारी बरसात से कई लोग हुए बेघर

**छतोह, रायबरेली।** भारी बरसात होने के कारण छतोह ब्लॉक के कई गाँवों में बहुत से लोग बेघर हो गए हैं। कई कच्चे मकानों के ढह जाने से लोग बेसहारा हो गये हैं और खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हैं। नसीराबाद रायबरेली में दो दिन से लगातार तेज बारिश होने से विकास खण्ड छतोह के गाँव रजिया पुर, पूरे राई, पूरे भदवरिया, मखदूमपुर, संडहा, हरीरामपुर टिर्रा, कुंवर मऊ, कुढ़ा और नगर पंचायत नसीराबाद में कई गरीबों के कच्चे मकान भरभरा कर गिर गए हैं और वे मजबूरन खुले आसमान के नीचे रह रहे हैं। नसीराबाद के निवासी रमेश कुमार सरोज, विपिन मौर्य, और मुरशरी पत्नी नसीर अहमद आदि लोगों का कहना है कि लगातार दो दिनों से तेज बारिश होने के कारण हम लोगों के मकान गिर गये, रहने का कोई ठिकाना नहीं है। दूसरा सहारा न होने की वजह से खुले आसमान के नीचे रहना हमारी मजबूरी है। रमेश कुमार सरोज निवासी गुड़ खेत वार्ड नंबर 09 नगर पंचायत नसीराबाद का कहना है कि कई बार आवास के लिए शिकायती पत्र देने के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हुई। उसने बताया कि जिस समय मकान गिरा उस समय छोटे-छोटे बच्चों समेत पाँच लोग घर के दरवाजे पर थे,सब सही सलामत बच गए। लेखपाल ने बताया कि आवास की सूची मिली है रमेश कुमार सरोज के घर की जांच की गई रमेश की पत्नी नीलम पात्रता की श्रेणी में है, बाकी आवासों की जाँच की जा रही है ।

### विधानसभा को लेकर भाजपा का होमवर्क पूराः राजीव

**रायबरेली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पखवाड़े के उपलक्ष्य में जिले के भाजपाइयों ने वृक्षारोपण व वृद्धआश्रम में फल व वस्त्र वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजीव मिश्रा रहे। कार्यक्रम के आयोजक भाजपा नेता अनुराग पांडे ने दर्जनों गाड़ियों के काफिले के साथ त्रिपुला चौराहे पर उनका स्वागत किया। जिसके बाद उनका काफिला मालिकमऊ पहूँचा जहा सैकड़ो भाजपाइयों ने उनको फूल मालाओं से लाद दिया। स्वागत से अभिभूत क्षेत्रीय अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा की 2022 के विधानसभा चुनावों के लिये भाजपा ने अपना होमवर्क पूरा कर लिया है। गैर राजनीति पार्टियों के द्वारा प्रबुद्ध सम्मेलन किये जाने पर उन्होंने विरोधियो पर चुटकी लेते हुए कहा की इस प्रकार के सम्मेलन तो भाजपा अनवरत करती रहती है। मौकापरस्त पार्टियों को जनता पहचान चुकी है प्रदेश में फिर योगी के नैतृत्व में पूर्ण बहुमत की सरकार बनने जा रही है। कार्यक्रम में प्रदेश मंत्री महिला मोर्चा मीना पांडेय ने कहा कि भाजपा सबका साथ सबका विकास के फार्मूले को लेकर आगे बढ़ रही है। आगामी विधानसभा चुनाव में फिर से भाजपा की सरकार बनेगी। इस अवसर पर दर्जनों भूतपूर्व सैनिकों ने भी भाजपा से नाता जोड़ा। क्षेत्रीय मंत्री दिलीप यादव ने आए हुए सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

### मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया

**रायबरेली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 71 वें जन्मदिन को सेवा समर्पण अभियान के नाम से भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया इसमें एक मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया कैंप में जिले के जाने-माने चिकित्सकों ने मरीजों को अपनी सेवा दी। कैंप का उद्घाटन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संचालक डॉ जेडी दिवेदी जिला प्रचारक अमरजीत भाजपा के जिलाध्यक्ष रामदेव पाल पूर्व अध्यक्ष दिलीप यादव और भाजपा नेत्री शालनी कनौजिया ने गणेश जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करके किया। आयोजक इंजीनियर विजय रस्तोगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन का भी लक्ष्य सेवा है वो सेवा को महत्व देते हैं इसलिए उनके जन्मदिन को सेवा समर्पण अभियान के तहत मनाया जा रहा है। इसलिए इस मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया क्योंकि भारतीय संस्कृति में नर सेवा ही नारायण सेवा होती है।शिविर में फिजीशियन डॉ बीरबल डॉ अतुल अग्रवाल और डॉ राहुल रस्तोगी रहेंगे स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सुमेधा रस्तोगी डॉक्टर हिमानी रस्तोगी और डॉक्टर नीतू अग्रवाल महिलाओं को जरूरी उपचार बताएं साथ ही हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर एस एम सिंह डॉक्टर मनीष त्रिवेदी और डॉ नीतीश गुप्ता अपनी सेवा दी। आंखों की समस्या से परेशान मरीजों को डॉक्टर संजय रस्तोगी और डॉक्टर धर्मेंद्र सिंह देखी नाक कान और गला रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अमित सिंह कैंप में मौजूद रहे।

# कांग्रेस ने जनजाति समाज के लिए कुछ नहीं किया

**भाषा।** जबलपुर (मप्र),

● **कल्याण के लिए कभी कुछ नही किया : शाह**


**केंद्रीय गृह मंत्री** अमित शाह शनिवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस ने हमेशा जनजाति समाज का वोट लिया, लेकिन उनके कल्याण के लिए कभी कुछ नहीं किया, जबकि भाजपा हमेशा जनजातियों के कल्याण के लिए कटिबद्ध है और हमेशा इसके लिए प्रयासरत है। आजादी के अमृत महोत्सव पर मध्य प्रदेश के जबलपुर में स्वतंत्रता आंदोलन में अपना अतुलनीय योगदान देने वाले जनजातीय नायकों के सम्मान में आयोजित जनजातीय गौरव समारोह को संबोधित करते हुए शाह ने यह बात कही। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा नीत सरकार की विभिन्न उपलब्धियों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, जनजाति के लिए वार्षिक बजट 2013-14 में 4,200 करोड़ रुपए था। 2021-22 में इस बजट को बढ़ाकर 7,900 करोड़ रुपए, यानी करीब दोगुना करने का काम मोदी सरकार ने किया है। शाह ने कहा, कांग्रेस के जमाने में नौ राज्यों की केवल 10 वन उपजों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के तहत कवर किया गया है। मोदी सरकार आने के बाद सभी राज्यों की 49 उपजों को एमएसपी पर खरीदने की शुरुआत हुई है। उन्होंने कहा कि बच्चे को अच्छी शिक्षा मिलेगी, तो संविधान प्रदत्त अधिकारों को वो जान पाएंगे।

संविधान ने जो कर्तव्य दिए हैं, उनको वो जान पाएंगे। इसके लिए बहुत जरूरी है कि उनको अच्छी शिक्षा मिले। शाह ने कहा कि इसलिए मोदी ने एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय का मॉडल अपनाकर प्रत्एक आदिवासी बहुल ब्लॉक में एक आवासीय विद्यालय बनाने का काम किया है। उन्होंने कहा, भाजपा की सरकार चाहे केंद्र में हो या राज्य में, ए वंचितों के लिए काम करने वाली सरकार है। ए जनजाति के कल्याण के लिए



समर्पित सरकार है। शाह ने कहा कि हमने जनजातीय भाइयों को घर दिया है, घर में बिजली व शौचालय दिया है। अब घरों में पानी पहुंचा रहे हैं। साथ ही उन्हें पांच लाख रुपए तक के मुफ्त उपचार का लाभ दिया है। शाह ने आजादी के अमृत महोत्सव पर देश और धर्म की रक्षा के लिए प्राणों की आहूति देने वाले जनजातीय नायक अमर शहीद राजा शंकर शाह और उनके पुत्र कुंवर रघुनाथ शाह के 164वें बलिदान दिवस पर आज जबलपुर के मालगोदाम चौक पहुंचकर यहां स्थापित उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि 1857 के स्वतंत्रता संग्राम में राजा शंकर शाह व कुंवर रघुनाथ शाह ने अपने साहस से जन-जन में स्वाधीनता की अलख जगाई, जिसके लिए अंग्रेजी हुकूमत ने उन्हें तोपों से बांधकर उनकी निर्मम हत्या कर दी। आज उनके बलिदान दिवस पर जबलपुर में दोनों वीरों की प्रतिमाओं को नमन कर पुष्पांजलि अर्पित की। शाह ने कहा, मातृभूमि के लिए राजा शंकरशाह व कुंवर रघुनाथ शाह जी का बलिदान हमें सदैव प्रेरणा देता रहेगा। पहले की सरकारों ने ऐसे कई महान वीरों विशेषकर जनजातीय नायकों की निरंतर उपेक्षा की लेकिन आज नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा सरकारें उनके सम्मान को पुनर्स्थापित करने के लिए कटिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि 1857 में शुरू हुई हमारी आजादी की क्रांति की लड़ाई 15 अगस्त 1947 को समाप्त हुई। तबसे आज तक 75 वर्ष तक इस देश को अलग-अलग समय पर अलग-अलग लोगों ने आगे बढ़ाया है। शाह ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ए संकल्प लिया है कि हम आजादी का अमृत महोत्सव मनाएंगे और देश के गुमनाम महानुभावों के बलिदान को, उनकी स्मृतियों को पुनर्जीवित करेंगे, क्योंकि इतिहास में उनका नाम नहीं लिखा गया।

# रवींद्र नारायण रवि ने तमिलनाडु के राज्यपाल के पद की ली शपथ




**चेन्नई, भाषा**

**रवींद्र** नारायण रवि ने शनिवार को तमिलनाडु के राज्यपाल के रूप में शपथ ली। उन्होंने बनवारीलाल पुरोहित का स्थान लिया है जिन्हें अब पंजाब का राज्यपाल नियुक्त किया गया है। रवि ने कहा कि वह अपनी नई भूमिका को एक चुनौती नहीं बल्कि एक अवसर के रूप में देखते हैं। मद्रास उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संजीब बनर्जी ने रवि को यहां राजभवन में एक आधिकारिक समारोह में शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री एम के स्टालिन, उनके मंत्रिमंडल सहयोगी, विपक्ष के नेता के. पलानीस्वामी और अन्य शामिल हुए। रवि राज्य के 26वें राज्यपाल हैं। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के पूर्व अधिकारी रवि को पिछले हफ्ते ही यहां का राज्यपाल नियुक्त किया था। इससे पहले रवि नगालैंड के राज्यपाल थे। उन्हें केंद्र ने 29 अगस्त, 2014 को नगा शांति वार्ता के लिए वार्ताकार भी नियुक्त किया था और यह जिम्मेदारी वह अब भी निभा रहे हैं। शपथ ग्रहण समारोह के बाद स्टालिन ने राज्य विधानसभा अध्यक्ष एम अप्पावू और अपने मंत्रिमंडल सहयोगियों का उन से परिचय करवाया। रवि ने शपथ ग्रहण के बाद मीडियाकर्मियों से बातचीत में कहा, मुझे लगता है कि एक चुनौती से ज्यादा यह एक अवसर है और मेरा खयाल है कि यह मेरे लिए मददगार होगा। रवि का जन्म बिहार के पटना में हुआ था। उन्होंने 1974 में भौतिक विज्ञान में स्नातकोत्तर किया और कुछ समय पत्रकारिता करने के बाद 1976 में वह भारतीय पुलिस सेवा में आए। वह आसूचना ब्यूरो (आईबी) और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) में भी सेवाएं दे चुके हैं। सरकारी सेवा से वह 2012 में सेवानिवृत्त हो गए थे। उन्हें 2018 में उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बनाया गया था।



धनबाद में कर्मा के मौके पर खोखन तालाब में 'कर्म डाला' डालतीं महिलाएं

# कट्टरपंथ पर केंद्र से जानकारी साझा करे वाम सरकार: भाजपा

**भाषा।** कोच्चि

● **केंद्रीय मंत्री वी मुरलीधरन ने यहां संवाददाताओं से कहा-जैसा कि परिपत्र में कहा गया है कि एक वर्ग के द्वारा जानबूझकर युवाओं को सांप्रदायिकता व आतंकवाद की ओर धकेलने के प्रयास किए जा रहे हैं**

**केरल में स**त्तारूढ़ माकपा ने व्यवसायिक कॉलेजों में युवाओं को आतंकवााद की ओर धकेले जाने की कोशिशों को लेकर आगाह किया था, जिसके एक दिन बाद शनिवार को भाजपा ने वाम सरकार से इस बारे में केंद्र के साथ जानकारी साझा करने का अनुरोध किया ताकि आगे की कार्वाई की जा सके।माकपा ने राज्य में पार्टी के आगामी सम्मेलनों के संबंध में तैयार एक आंतरिक परिपत्र में ए महत्वपूर्ण टिप्पणियां की थीं।

केंद्रीय मंत्री वी मुरलीधरन ने यहां संवाददाताओं से कहा कि जैसा कि परिपत्र में कहा गया है कि एक वर्ग के द्वारा जानबूझकर युवाओं को सांप्रदायिकता व आतंकवाद की ओर धकेलने के प्रयास किए जा रहे हैं, ऐसे में यदि राज्य सरकार आवश्यक जानकारी देती है, तो एनआईए जैसी केंद्रीय एजेंसियां निश्चित रूप से मामले की जांच करेंगी।गौरतलब है कि माकपा ने शुक्रवार को एक नोट में यहां व्यावसायिक कॉलेजों में पढ़ रहीं युवतियों को लुभाकर सांप्रदायिकता व आतंकवाद की राह पर ले जाने के एक वर्ग की कोशिशों के प्रति आगाह किया था। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने कहा कि चरमपंथी ताकतें मुख्यधारा के मुस्लिम संगठनों में घुसपैठ कर रही हैं और केरल में इस मुद्दे को हवा देने की कोशिश कर रही हैं। माकपा ने यह भी कहा था कि संघ परिवार से जुड़ी ताकतों की गतिविधियों ने अल्पसंख्यक समूहों में असुरक्षा की भावना पैदा की है।अल्पसंख्यक सांप्रदायिकता उपशीर्षक वाले नोट में कहा गया है कि इसे गंभीरता से लिया जाना चाहिए। राज्य में तालिबान जैसे आतंकवादी संगठनों का समर्थन करने वाली बहस भी हो रही है, जिसकी लोकतांत्रिक दुनिया और मुस्लिम समुदाय ने एक सुर में निंदा की है।

नोट में कहा गया है कि राज्य में ईसाई समुदाय के लोग आम तौर पर सांप्रदायिक विचारधाराओं का समर्थन नहीं करते, हालांकि हाल के दिनों में इस समुदाय के एक छोटे से वर्ग के बीच बढ़ रहे कट्टरपंथी प्रभाव को गंभीरता से लिया जाना चाहिए।

## क्विक न्यूज

### महाराष्ट्र में बार से 10 महिला वेटरों समेत 31 लोग गिरफ्तार

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में पुलिस ने एक बार में छापा मारा और कोरोना वायरस संबंधी दिशानिर्देशों का उल्लंघन करने तथा अश्लील कृत्यो मे शामिल होने के आरोप में 10 महिला वेटरों और 21 अन्य लोगों को गिरफ्तार किया। ठाणे पुलिस की प्रवक्ता जयमाला वसावे ने बताया कि कल्याण अपराध शाखा की तृतीय इकाई ने बृहस्पतिवार रात को यह कार्वाई की। उन्होने बताया, एक खुफिया सूचना के आधार पर अपराध शाखा के दल ने कल्याण-मानपाडा रोड पर स्थित बार पर छापा मारा और पाया कि बार के कई कर्मियो तथा ग्राहकों ने मास्क नही पहन रखा था और वे सामाजिक दूरी के नियमो का उल्लंघन भी कर रहे थे। उन्होने बताया कि पुलिस ने यह भी पाया कि बार में ग्राहकों को खाना और शराब परोस रही महिलाओं ने सही तरीके से कपड़े नही पहने थे और वे अश्लील कृत्यों में शामिल थी।पुलिस ने बताया कि 10 महिला वेटरो के अलावा बार मे 19 ग्राहकों और दो कर्मचारियो को भी गिरफ्तार किया गया तथा एक म्यूजिक एम्प्लीफायर समेत 24,300 रुपए के विभिन्न उपकरण भी जब्त किए गए। उनके खिलाफ मानपाडा पुलिस थाने मे मामला दर्ज कर लिया गया है।

### महाराष्ट्र एटीएस ने एक संदिग्ध को पकड़ा आतंकी मॉड्यूल से तार जुड़े होने का संदेह

**मुंबई।** महाराष्ट्र के आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) ने दिल्ली पुलिस द्वारा पाकिस्तान संगठित आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करने के सिलसिले में मुंबई से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस विभाग में सूत्रो ने बताया कि जाकिर नाम के व्यक्ति को शुक्रवार रात को चलाए एक अभियान के दौरान उपनगर जोगेश्वरी से पकड़ा गया। बाद में उसे पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया।दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई से प्रशिक्षण ले चुके दो आतंकवादियों समेत छह लोगों की गिरफ्तारी के साथ ही मंगलवार को आतंकी मॉड्यूल का पर्दाफाश किया था। अधिकारियो ने बताया था कि आतंकवादियो ने देशभर में कई धमाके करने की कथित तौर पर साजिश रची थी।छह संदिग्ध आतंकवादियों में से एक मोहम्मद शेख मुंबई के धारावी का रहना वाला है।सूत्रों ने बताया कि गिरफ्तार संदिग्ध आतंकवादियो से पूछताछ के दौरान जाकिर का नाम सामने आया था।

### असम में एक नए संगठन के दो उग्रवादी ढेर

**गुवाहाटी।** असम के कोकराझार जिले में सुरक्षा बलो ने हाल में बनाए गए एक उग्रवादी संगठन के दो संदिग्ध उग्रवादियो को मार गिराया और उनके ठिकाने का भंडाफोड़ कर दिया। असम पुलिस के अतिरिक्त महानिदेशक जीपी सिंह ने शनिवार को ट्वीट किया कि सुरक्षाबलों ने शुक्रवार रात शुरू किए गए एक अभियान में कोकराझार के उल्टापानी इलाके में यूनाइटेड लिबरेशन ऑफ बोडोलैंड (यूएलबी) के एक शिविर का भंडाफोड़ किया। उन्होंने ट्वीट किया, पुलिसासुरक्षाबलों और उग्रवादियो के बीच मुठभेड़ के बाद संगठन के दो सदस्यों को मृत घोषित कर दिया गया। सिंह ने बताया कि उग्रवादियो के पास से दो पिस्तौल और ग्रेनेड बरामद किए गए है। इस हफ्ते की शुरुआत में एक वीडियो जारी कर एक समूह ने घोषणा की थी कि उन्होंने यूनाइटेड लिबरेशन ऑफ बोडोलैंड के नाम से नया संगठन बनाया है और बोडो लोगो के लिए अलग राज्य बनाना सरकार से उनकी प्रमुख मांग होगी।

### कश्मीरी पंडितों ने राहत भुगतान में देरी को लेकर जम्मू में किया प्रदर्शन

**जम्मू।** सैकड़ों कश्मीरी पंडितों ने मासिक राहत भुगतान में देरी के खिलाफ शनिवार को यहां विरोध प्रदर्शन किया और जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग को अवरुद्ध करने के उनके प्रयास को पुलिस ने विफल कर दिया। अधिकारियो ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि प्रदर्शनकारी शहर के बाहरी इलाके जगती प्रवासी शिविर से बाहर आए और अगस्त महीने के राहत भुगतान को तत्काल जारी करने की अपनी मांग के समर्थन में नारेबाजी करते हुए पास के राजमार्ग की ओर मार्च करना शुरू कर दिया। उन्होंने कहा कि पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को राजमार्ग की ओर बढ़ने से रोका और उन्हें वापस जाने के लिए समझाया। प्रदर्शनकारियो ने आगाह किया कि अगर उनकी मासिक राहत तुरंत जारी नही की गई तो वे अपना आंदोलन तेज करेंगे। कश्मीरी पंडित रिलीफ होल्डर्स एसोसिएशन के एक प्रवक्ता ने कहा, राहत आयोग द्वारा अगस्त महीने की राहत आज तक जारी नही की गई, जिससे विस्थापित समुदाय को परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा कि पिछले तीन दशकों में पहली बार ऐसा हुआ है कि समुदाय को मासिक राहत जारी करने में देरी हुई है। प्रवक्ता ने कहा, हम उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से इस मुद्दे पर गौर करने और भुगतान जल्द से जल्द जारी करने की अपील करते हैं।

# अश्लील फिल्म मामला: कुंद्रा ने सबूत नहीं होने का दावा कर मांगी जमानत

**भाषा।** मुंबई

**अश्लील फिल्म** मामले में आरोपी कारोबारी राज कुंद्रा ने शनिवार को यहां की अदालत में जमानत अर्जी दाखिल कर दावा किया कि उन्हें बलि का बकरा बनाया जा रहा है और मामले में दाखिल पूरक आरोप पत्र में कोई सबूत नहीं है जो कथित आपत्तिजनक फिल्म बनाने में उनकी प्रत्यक्ष संलिप्तता को साबित करे।

मामले की जांच कर रही अपराध शाखा ने कुंद्रा और तीन अन्य के खिलाफ कथित तौर पर अश्लील (पोर्न) फिल्म बनाने और कुछ ऐप की मदद से प्रसारित करने के आरोप में हाल में पूरक आरोप पत्र दाखिल किया है। इसके बाद आरोपी ने मेट्रोपोलिटन अदालत का रुख किया और तर्क दिया कि व्यवहारिक रूप से मामले की जांच हो चुकी है। बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के पति कुंद्रा को 19 जुलाई को गिफ्तार किया गया था। उनके खिलाफ भारतीय दंड संहिता और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस समय कुंद्रा न्यायिक हिरासत में हैं। अधिवक्ता प्रशांत पाटिल के जरिए दाखिल जमानत अर्जी में कुंद्रा ने दावा किया कि आज की तरीख तक अभियोजन के पास एक भी सबूत नहीं है जो हॉटशॉट्स ऐप को कानून के आधार पर अपराध के साथ संबद्ध कर सके। अभियोजन के मुताबिक हॉटशॉट्स ऐप के जरिए आरोपी अश्लील सामग्री को अपलोड एवं स्ट्रीमिंग करता था। जमानत अर्जी में यह भी कहा गया कि पूरे पूरक आरोप पत्र में एक भी आरोप मौजूदा आवेदक (कुंद्रा) के खिलाफ नहीं है जो इंगित करे कि वह किसी वीडियो की शूटिंग में सक्रिय रूप से शामिल थे। बल्कि यह कलाकार के विवेक पर है कि वह सामग्री ऐप पर अपलोड करे या नहीं करे। आवेदन में कहा गया कि शिकायत की सामग्री प्रथम दृष्टया कुंद्रा के खिलाफ किसी अपराध का खुलासा नहीं करती। अर्जी में दावा किया गया कि कुंद्रा को गलत तरीके से मामले में फंसाया गया। उनका नाम प्राथमिकी में नहीं था लेकिन प्रतिवादी (पुलिस) ने उसका नाम जबरन मामले में खींचा। याचिका में कहा गया कि इसकी वजह एजेंसी ही बता सकती है लेकिन उन्हें बलि का बकरा बनाया जा रहा है। इसमें कहा गया कि जांच में साफ तौर पर दिखता है कि कुंद्रा का आपत्तिजपक सामग्री बनाने के किसी भी अपराध में दूर-दूर तक संबंध नहीं है।अदालत कुंद्रा की जमानत अर्जी पर सोमवार को सुनवाई करेगी।

# प्रवर्तन निदेशालय ने समन का पालन नहीं करने पर अनिल देशमुख के खिलाफ अदालत में याचिका दायर की

**भाषा।** मुंबई

**प्रवर्तन निदेशालय** ने धनशोधन मामले में कई बार समन जारी किए जाने के बावजूद जांच एजेंसी के समक्ष पेश नहीं होने पर महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख के खिलाफ यहां अदालत का रुख किया है। निदेशालय ने शुक्रवार को एक विशेष अदालत में याचिका दायर की और देशमुख के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 174 (लोक सेवक के आदेश का पालन न करते हुए अनुपस्थित रहना) के तहत कार्वाई किए जाने का अनुरोध किया है। इस धारा के तहत दोषी को एक महीने कारावास की सजा मिल सकती है या पांच सौ रुपए जुर्माना लगाया जा सकता है या दोनों ही सजाएं मिल सकती हैं। जांच एजेंसी ने देशमुख के खिलाफ दर्ज धन शोधन मामले में उन्हें कई समन जारी किए थे, लेकिन राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) नेता उसके सामने अब तक पेश नहीं हुए हैं। इस मामले में देशमुख के दो सहयोगियों संजीव पलांडे और कुंदन शिंदे को गिरफ्तार किया गया है। दोनों फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। इन दोनों के अलावा जांच एजेंसी ने हाल में दायर अपने आरोप पत्र में मुंबई पुलिस के बर्खास्त अधिकारी सचिन वाजे को भी आरोपी बनाया है। आरोप पत्र में हालांकि देशमुख या उनके परिवार के सदस्यों का नाम शामिल नहीं किया गया है।मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त परम बीर सिंह ने देशमुख के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप लगाए थे, जिसके बाद केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने राकांपा नेता के खिलाफ 21 अप्रैल को प्राथमिकी दर्ज की थी। इसके पश्चात प्रवर्तन निदेशालय ने देशमुख और उनके सहयोगियों के खिलाफ जांच आरंभ की थी। सिंह ने आरोप लगाया था कि देशमुख ने तत्कालीन पुलिस अधिकारी सचिन वाजे से शहर के होटलों और बार से प्रति माह 100 करोड़ रुपए वसूलने को कहा था।

### राहुल ने जो समाधान निकाला, उससे कार्यकर्ता मंत्रमुग्ध हुए और अकाली दल की बुनियाद हिली: जाखड़

**चंडीगढ़।** पंजाब में कांग्रेस विधायक दल की महत्वपूर्ण बैठक से पहले पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने शनिवार को कहा कि राहुल गांधी ने पार्टी की राज्य इकाई में उलझी हुई गुत्थी को सुलझाने का जो रास्ता अपनाया है उसने न सिर्फ कांग्रेस कार्यकर्ताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया है, बल्कि अकाली दल की बुनियाद हिल गई है। उन्होंने ट्वीट किया, वाह राहुल गांधी, आपने बेहद उलझी हुई गुत्थी के पंजाबी संस्करण के समाधान का रास्ता निकाला है। आश्चर्यजनक ढंग से नेतृत्व के इस साहसिक फैसले ने न सिर्फ पंजाब कांग्रेस के झंझट को खत्म किया है, बल्कि इसने कार्यकर्ताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया है और अकालियों की बुनियाद हिला दी है।

# ओडिशा में अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजाति के खिलाफ अपराध आठ प्रतिशत बढ़े

**भाषा।** भुवनेश्वर,

**राष्ट्रीय अपराध** रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के अनुसार, ओडिशा में अनुसूचित जातियों (एससी) और अनुसूचित जनजातियों (एसटी) के खिलाफ अपराध में पिछले वर्ष की तुलना में 2020 में आठ प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है।एनसीआरबी ने अपनी नवीनतम रिपोर्ट में बताया कि अनुसूचित जातियों के खिलाफ अपराध की दर प्रति लाख आबादी पर 28.5 है, जो 25 की राष्ट्रीय दर से अधिक है, जबकि एसटी के संदर्भ में यह दर 6.5 है, जबकि देश भर में यह दर 7.9 है। मंगलवार को प्रकाशित क्राइम इन इंडिया 2020 रिपोर्ट में कहा गया कि देश में एससी के खिलाफ अपराधों में 9.4 प्रतिशत और एसटी के खिलाफ अत्याचारों में 9.3 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। ओडिशा में एसटी के खिलाफ अपराधों की संख्या पिछले साल 624 थी, और मामलों के लिहाज से वह देश में चौथे स्थान पर था। पिछले साल इन मामलों में 2019 की तुलना में 8.33 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। ओडिशा में 2020 में एससी के खिलाफ अत्याचार की 2,046 घटनाएं हुईं जो पिछले वर्ष की तुलना में 8.48 प्रतिशत अधिक हैं। राज्य में 2011 की जनगणना के अनुसार एसटी वर्ग के 95.9 लाख लोग हैं। एसटी वर्ग में राज्य में बलात्कार के 114 मामले दर्ज किए गए और इन अपराधों के लिहाज से वह देश में पांचवें स्थान पर है। ओडिशा में आदिवासी महिलाओं पर गरिमा भंग करने के इरादे से 30 हमले दर्ज किए गए। भारतीय दंड संहिता के तहत एससीाएसटी (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत हत्या के आठ और हत्या के प्रयास के पांच मामले दर्ज किए गए थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि एसटी के खिलाफ अपराधों के लिए 564 लोगों को गिरफ्तार किया गया था, जबकि पुलिस ने 2020 में 575 मामलों में आरोप पत्र दाखिल किया था।

# नवोदित हुनरमंदों को सामने लाने की अनूठी पहल

● **मेरठ में दो-दिवसीय फैशन और लाइफ स्टाइल एग्जिबिशन का शुभारंभ**

**संवाददाता।** मेरठ



**आबूलेन** स्थित एक कैफे में शनिवार को पूरे हर्षोल्लास के साथ दो-दिवसीय फैशन एवं लाइफ स्टाइल एग्जिबिशन का शुभारंभ हुआ। प्रदर्शनी का उद्घाटन भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा पश्चिमी उत्तर प्रदेश की क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष श्रीमती अचला सिंह द्वारा रेड-रीब्बन कटिंग सेरेमनी के साथ हुआ। इस अवसर पर बोलते हुए मुख्य अतिथि श्रीमती अचला सिंह ने इस अनूठी प्रदर्शनी की आयोजक द ऑउटफिट बुटिक की फाउंडर निदेशक डा. संगीता आर्य को धन्यवाद देते हुए कहा कि समाज के वंचित वर्ग की सहायता हेतु नवोदित हुनरमंदों को अपने हुनर को दुनिया के सामने रखने का प्लेटफॉर्म उपलब्ध करने की यह अनूठी पहल अपने आप में वास्तव में आज समय की जरूरत है। करोना काल में कितने ही छोटे व मझोले दस्तकार, डिज़ायनर्स, कलाकार व अन्य प्रोफेशनल्स आर्थिक मंदी का सामना कर रहे हैं, ऐसे में इस प्रकार के इवेंट उनके लिए किसी संजीवनी से कम नहीं हैं। एम्तग्गनी फैशन-क्लोदिंग, होम-डेकोर, पेन्टिंग, होममेड फूड ऑइटमस व टैरो-कॉर्ड रीडिंग स्टॉल्स आकर्षण का मुख्य केन्द्र रहे। इवेंट की आयोजक डा. संगीता आर्य ने आगंतुकों को स्टॉल्स व वहाँ उपलब्ध सामग्री के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि सारे कलात्मक आइटम्स लिमिटेड एडिशन श्रेणी के हैं, जिनकी गुणवत्ता बेमिसाल है। उन्होंने बताया कि द आउटफिट बुटिक फैशन और लग्जरी लाइफस्टाइल उत्पादों को हर आय वर्ग के लिए सहज उपलब्ध कराने के लिए कृत संकल्प है और यह दो दिवसीय लि [न इसी श्रृंखला का हिस्सा है। प्रदर्शनी का प्रबंधन नवोदित फैशन डिज़ायनर एंव ब्रांडिन्ग कंसल्टेन्ट आशी आर्य व विपुल ने बहुत ही कुशलता से किया। साथ ही डा. मोनिका जैन, श्रीमती मेघा प्रधान, निशी, रिया, रायना, ज्योति यादव, कपिल, अक्षत व शुभ आदि का विशेष योगदान रहा।

## अंडमान और निकोबार में कोविड-19 का महज एक नया मामला

पोर्ट ब्लेयर। अंडमान और निकोबार में कोविड-19 का केवल एक नया मामला सामने आया है। इसके साथ ही केंद्र शासित प्रदेश में महामारी के कुल मामलों की संख्या 7,596 हो गई है। एक स्वास्थ्य अधिकारी ने शनिवार को बताया कि संक्रमितों के संपर्क में आए लोगों का पता लगाने के दौरान यह नया मामला सामने आया। अंडमान और निकोबार में 14 मरीज कोविड-19 के उपचाराधीन हैं और सभी मरीज दक्षिण अंडमान जिले में हैं जबकि दो अन्य जिले उत्तर और मध्य अंडमान और निकोबार कोविड-19 से मुक्त हैं। पिछले 24 घंटों में दो और मरीजों के कोविड-19 से स्वस्थ होने के बाद संक्रमण मुक्त हो चुके लोगों की संख्या 7,453 हो गई है। किसी भी मरीज की मौत न होने के कारण कोविड-19 से जान गंवाने वाले लोगों की संख्या 129 पर बनी हुई है।


**DOC टॉक**



डॉ विद्या झा

एसोसिएट प्रोफेसर और सलाहकार (प्रभारी), साइटोजेनेटिक्स लैब, सहायक चिकित्सा प्रशासक अमृता आयुर्विज्ञान संस्थान, कोच्चि

## कोविड-19 से रहें बेहतर ढंग से सुरक्षित



रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र (सीडीसी) स्थानिक रोग को एक भौगोलिक क्षेत्र के भीतर आबादी में बीमारी या संक्रामक वाहक की निरंतर उपस्थिति और / या सामान्य प्रसार के रूप में परिभाषित करता है। यह देखी गयी आधार रेखा या रोग का स्थानिक स्तर अनिवार्य वांछित स्तर नहीं है, जो वास्तव में शून्य हो सकता है। किसी भी हस्तक्षेप की कमी के मामले में और यह मानते हुए कि रोग का स्तर अतिसंवेदनशील व्यक्तियों के समूचे स्तर पर समाप्त करने के लिए पर्याप्त नहीं है, मगर इस स्तर पर बीमारी अनिश्चित काल तक बनी रह सकती है। इसलिए, इस आधारभूत स्तर को अक्सर जनसंख्या में रोग के अपेक्षित स्तर के रूप में माना जाता है।

विभिन्न आबादी समूहों और राष्ट्रों में झुंड प्रतिरक्षा प्राप्त करने के समय में अंतर और कोविड-19 टीकों से प्राप्त सुरक्षा अवधि में अनिश्चितता के कारण, यह संभावना है कि बूस्टर टीके जैसे कुछ उपायों की अनिश्चित काल तक आवश्यकता हो सकती है। सार्स-कोवि-2 मौजूद रहेगा। यहां तक कि जब कोई देश झुंड प्रतिरक्षा की स्थिति तक पहुंच भी जाता है, तो भी मौजूदा निगरानी, बूस्टर टीके, और संभावित रूप से अन्य उपायों की आवश्यकता बनी रह सकती है। फिलहाल, डेल्टा संस्करण ने कम से कम अल्पावधि में अधिकांश देशों में समग्र झुंड प्रतिरक्षा को प्रभावी ढंग से पहुंच से बाहर कर दिया है।

अभी तक, भारत झुंड प्रतिरक्षा प्राप्त करने में सक्षम नहीं हुआ है और एक ज्यादा यथार्थवादी एपिडेमियोलोजिकल समापन छोर नजर आता दिखता है जब कोविड-19 से स्थानिक बीमारी के रूप में निपटा जा सकता है। हालांकि, सबसे बड़ी समग्र चुनौती एक महत्वपूर्ण नए संस्करण का उभरना है जो अधिक संक्रमणकारी है, जिसमें अस्पताल में भर्ती होने और मृत्यु होने की अधिक संभावना है, और यह टीकाकरण वाले लोगों को संक्र मित करने में अधिक सक्षम है। मौजूदा टीके डेल्टा संस्करण से संक्रमण को रोकने में सक्षम नहीं हैं। इसके अलावा, क्रमिक रक्त परीक्षण से पता चलता है कि प्रतिरक्षा अपेक्षाकृत तेजी से कम हो सकती है। इसने कुछ विकसित देशों को अधिक संवेदनशील आबादी को बूस्टर खुराक की पेशकश शुरू करने या उनके रोलआउट की योजना बनाने के लिए प्रेरित किया है।

> भारत बीमारी की महत्वपूर्ण लहरों के मद्देनजर एक असुरक्षित देश के रूप में बना हुआ है। इस तथ्य के कारण कि समग्र प्रतिरक्षा कमजोर है, भारतीय आबादी का एक बड़ा हिस्सा अभी तक पूर्णतया टीका सुरक्षित नहीं किया गया है। भारत के लिए स्थानिक बीमारी के रूप में कोविड -19 से निपटने की संभावित समय सीमा भी कम स्पष्ट है।

इसलिए, भारत सहित कई देश स्थानिक कोविड-19 के चरण में पहुंचना चाहेंगे। लेकिन भारत बीमारी की महत्वपूर्ण लहरों के मद्देनजर एक असुरक्षित देश के रूप में बना हुआ है। इस तथ्य के कारण कि समग्र प्रतिरक्षा कमजोर है, भारतीय आबादी का एक बड़ा हिस्सा अभी तक पूर्णतया टीका सुरक्षित नहीं किया गया है। भारत के लिए स्थानिक बीमारी के रूप में कोविड -19 से निपटने की संभावित समय सीमा भी कम स्पष्ट है। डेल्टा संचालित मामलों की लहर में गिरावट आने पर गंभीर बीमारियों और मौतों से निपटने के लिए कोविड-19 मामलों के प्रबंधन से सार्वजनिक-स्वास्थ्य प्रयासों पर ध्यान केंद्रित करना होगा।

अंतिम बिंदु के रूप में स्थानिकता तक पहुंचने में चुनौतियों का नए वेरिएंट्स में उभरना जारी है जो टीका-आधारित प्रतिरक्षा को लांघ जाते हैं। वे अक्सर टीकाकरण वाले व्यक्तियों में गंभीर बीमारी का कारण बनते हैं और समय के साथ प्राकृतिक व टीका आधारित प्रतिरक्षा की कमी के कारण अत्यधिक संक्रामक होते हैं, प्रतिरक्षा बनाए रखने और बीमारी के स्वीकार्य बोझ को परिभाषित करने के लिए टीका बूस्टर खुराक को जल्दी से सामने लाना होगा (उदाहरण के लिए, टीकाकरण और बिना टीकाकरण आबादी में रोग दबाव के लिए अलग-अलग लक्ष्य निर्धारित करना)। सबसे बड़ा कार्य यह निर्धारित करना होगा कि सार्वजनिक-स्वास्थ्य प्रतिबंधों को उठाने के लिए बीमारी का दबाव कितना कम है।

हालांकि, समय के साथ, समस्त बाधाओं के बावजूद, हम अधिक टीकाकरण कवरेज, पूर्व संक्रमण से प्राकृतिक प्रतिरक्षा, बूस्टर खुराक, भारत में टीकों की पूर्ण स्वीकृति, बच्चों हेतु टीकों के प्राधिकरण के कारण कोविड-19 के कारण अस्पताल में भर्ती होने और मृत्यु दर से बेहतर रूप से सुरक्षित रहेंगे।




## क्या है एनआईवी

**केरल के कोझीकोड जिले में 12 साल के एक बच्चे की मौत के बाद निपाह वायरस फिर से सक्रिय हो गया है। हमें कितना चिंतित होना चाहिए? वायरस के बारे में अधिक जानने के लिए विशेषज्ञों से बात कर रही हैं सुप्रिया रमेश**

निपाह वायरस (एनआईवी) को पहली बार 1999 में मलेशिया में सुअर पालकों में इसके प्रकोप के दौरान पहचाना गया था। भारत में, इसका पहला प्रकोप केरल के एक जिले कोझीकोड में बताया गया था, जो बांग्लादेश के माध्यम से फैल गया है। जबकि एनआईवी का पहला मामला तीन साल पहले दर्ज किया गया था, हाल की खबरें तब से इसके तीसरे प्रकोप का संकेत दे रही हैं।

एनआईवी संक्रमण एक जूनोटिक बीमारी है जो जानवरों से लोगों में फैलती है और एनआईवी का प्राथमिक स्रोत चमगादड़ हैं। यह दूषित भोजन के माध्यम से मनुष्यों में भी फैल सकता है या सीधे संक्रामक हो सकता है। इंटर्नल मेडिसिन एंड मेडिकल एडवाइजर के वरिष्ठ निदेशक डॉ आशुतोष शुक्ला कहते हैं, ''हालांकि यह भी नोट किया गया था कि वायरस में सूअरों को गंभीर रूप से प्रभावित करने की प्रवृत्ति थी, मगर वायरस से संक्रमित सूअर का मांस का सेवन एक अन्य योगदानकारी कारण है।''

भले ही यह एक ज्ञात बीमारी है, फिर भी वायरस का दुबारा प्रकट होना चिंता का विषय है और इस प्रकार कोविड महामारी की तरह ही ग्रह को अपनी चपेट में लेने से पहले सभी संभावित निवारक उपाय किए जाने की आवश्यकता है। शुक्ला कहते हैं, ''गंभीर संक्रमण में, व्यक्ति की मौके पर ही मृत्यु हो सकती है, लेकिन अन्य लक्षणों में तीव्र श्वसन रोग, उल्टी, सिरदर्द और गर्दन में जकड़न शामिल हो सकते हैं, और जटिलताएं तब बढ़ जाती हैं जब वायरस मस्तिष्क और तंत्रिका तंत्र को प्रभावित करना शुरू कर देता है, जिससे मस्तिष्क में सूजन हो जाती है जिससे मरीज की मौत हो सकती है।''

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, मनुष्यों में निपाह वायरस के संक्रमण से कई प्रकार के रोग लक्षण पैदा होते हैं, जिसमें लक्षणहीन संक्रमण (सबक्लिनिकल) से लेकर तीव्र श्वसन संक्रमण और घातक एन्सेफेलाइटिस होना शामिल हैं।

एनआईवी का प्राथमिक रूप से पॉलीमेरिक चेन रिएक्शन (पीसीआर) के माध्यम से निदान किया जाता है जैसा कि डेंगू या अन्य वायरल बीमारियों के मामलों में किया जाता है। जटिलताओं को रोकने के लिए प्रारंभिक पहचान और निगरानी महत्वपूर्ण है। वर्तमान में, एनआईवी संक्रमण के लिए कोई लाइसेंस प्राप्त उपचार उपलब्ध नहीं है और यह सहायक देखभाल तक सीमित है, जिसमें आराम, खूब पानी पीना और लक्षणों के उभार अनुसार उपचार करना शामिल हैं।

डब्ल्यूएचओ ने बताया कि निपाह वायरस के संक्रमण के शुरुआती लक्षण और लक्षण अविशिष्ट हैं, और निदान अक्सर उपस्थिति के समय संदिग्ध नहीं होता है। यह सटीक निदान में बाधा उत्पन्न कर सकता है और इसके प्रसार का पता लगाने, प्रभावी और समय पर संक्रमण नियंत्रण उपायों और प्रकोप प्रतिक्रिया गतिविधियों में चुनौतियां पैदा कर सकता है। इसके अलावा, गुणवत्ता, मात्रा, प्रकार, नैदानिक नमूना संग्रह का समय और प्रयोगशाला में नमूनों को भेजने के लिए आवश्यक समय, प्रयोगशाला परिणामों की सटीकता को प्रभावित कर सकते हैं।

इस रोग से संबंधित मामले की मृत्यु दर 40 प्रतिशत से 75 प्रतिशत अनुमानित है। महामारी विज्ञान निगरानी और नैदानिक प्रबंधन की स्थानीय क्षमताओं के आधार पर यह दर प्रकोप से भिन्न हो सकती है। संक्रमित रोग, सलाहकार, डा अंकिता बैध्या कहती हैं, ''आमतौर पर निपाह वायरस का संक्रमण दूषित शारीरिक तरल पदार्थ के माध्यम से होता है। उस स्थिति में, संक्रामकता दर बहुत अधिक नहीं होती है, लेकिन यदि स्थानीय प्रसार में इसे नियंत्रित नहीं रखा जाता है, तो यह अत्यंत चिंता का विषय हो सकती है।''

> बीमारी शुरू में 3-14 दिनों के बुखार और सिरदर्द के रूप में नजर आती है और इसमें अक्सर सांस की बीमारी के लक्षण शामिल होते हैं, जैसे खांसी, गले में खराश और सांस लेने में कठिनाई।

लक्षणों में तेज बुखार, उल्टी, सिरदर्द और गर्दन में अकड़न होना शामिल है और जब वायरस मस्तिष्क और तंत्रिका तंत्र को प्रभावित करना शुरू कर देता है तो जटिलताएं बढ़ जाती हैं। संक्रमण के कारण हल्की से गंभीर बीमारी हो सकती है, जिसमें मस्तिष्क में सूजन होना भी शामिल है जिससे मृत्यु हो सकती है। लक्षण आमतौर पर वायरस के संपर्क में आने के बाद 4-14 दिनों के भीतर दिखाई देते हैं। शुक्ल बताते हैं, ''बीमारी शुरू में 3-14 दिनों के बुखार और सिरदर्द के रूप में नजर आती है, और इसमें अक्सर सांस की बीमारी के लक्षण शामिल होते हैं, जैसे खांसी, गले में खराश और सांस लेने में कठिनाई। मस्तिष्क की सूजन का एक चरण आ सकता है, जहां लक्षणों में उनींदापन, भटकाव और मानसिक भ्रम होना शामिल हो सकते हैं, जो मरीज को 24-48 घंटों के भीतर तेजी से कोमा में ले जा सकते हैं।''किसी भी अन्य बीमारी की तरह, जल्दी पता लगाना और निगरानी करना आवश्यक है। भले ही मनुष्यों के जरिए वायरस का फैलना कम आम है, लेकिन इसे फैलने से रोकने के लिए एहतियाती कदमों का पालन करना अधिक महत्वपूर्ण है। यदि आप ऐसी जगह रह रहे हैं जहां बहुत सारे चमगादड़ पाए जाते हैं, आपको अतिरिक्त सावधान रहना चाहिए। केरल में, जहां बहुत ज्यादा आबादी है, लोगों को सावधान रहना चाहिए अगर आसपास कोई चमगादड़ मृत पाया जाता है। बैध्या कहती हैं कि अगर लोग बुखार और सिरदर्द और किसी प्रकार के मस्तिष्क संक्रमण के लक्षणों जैसे भूलने की बीमारी की रिपोर्ट कर रहे हैं, तो तत्काल जांच कार्य किया जाना चाहिए।

## डिब्बाबंद ऑक्सीजन के जरिए जीवन रक्षा



**घर पर पोर्टेबल बोतलबंद ऑक्सीजन रखना उतना ही महत्वपूर्ण हो सकता है जितना कि प्राथमिक चिकित्सा किट में बैंड-एड। अलंकार सक्सेना बता रहे हैं कि यह किस तरह हमारी दैनिक जीवन स्थितियों में भी बहुत मददगार हो सकते हैं**

वो प्राथमिक चिकित्सा किट आपके बाथरूम वैनिटी में पड़ा हुई है, इसे कितनी बार थर्मामीटर, एंटीसेप्टिक लिक्विड / क्रीम, ओटीसी दवाओं और बैंड एड्स से परे इस्तेमाल किया जा रहा है? अधिकांश घरों और यहां तक कि कार्यस्थलों के लिए, प्राथमिक चिकित्सा किट में ये कुछ चीजें शामिल होती हैं, जिनका एकमात्र उद्देश्य चोटों व बीमारियों का इलाज करना और उनकी गंभीरता और संक्रमण की संभावना को घटाना होता है। हालांकि, सटीक होने के लिए, प्राथमिक चिकित्सा, मूलत: चिकित्सा देखभाल की प्रतीक्षा करते समय, किसी बीमार या घायल व्यक्ति को दी जाने वाली तत्काल देखभाल है। तो, लो टिशू ऑक्सीजन से जुड़ी प्राणघातक आपात स्थितियों को लेकर कोई तत्काल कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है?

प्राथमिक चिकित्सा पद्धति का सबसे महत्वपूर्ण पहलू 'जीवन का संरक्षण' है, जो तभी संभव है यदि शरीर में हवा का लगातार निर्बाध संचरण हो। अवरुद्ध वायुमार्ग से कुछ ही मिनटों में मस्तिष्क क्षतिग्रस्त हो सकता है। खतरनाक है ना? हाल ही में, भारत अपने गंभीर रूप से प्रदूषित शहरों के लिए चर्चा में रहा है। वास्तव में, स्विस संगठन, आईक्यूएयर द्वारा तैयार 'वर्ल्ड एयर क्वालिटी रिपोर्ट, 2020' के अनुसार, दुनिया के 30 सबसे प्रदूषित शहरों में से 22 शहर भारत में हैं, दिल्ली को विश्व स्तर पर सबसे प्रदूषित राजधानी शहर के रूप में स्थान दिया गया है, जबकि प्रदूषण को रोकने के लिए परिवहन और रहने के तरीके अनेक नीतियां और विकल्प पेश किए जा रहे हैं। लेकिन अभी भी लोगों को घरेलू स्तर पर गंभीर सावधानी बरतने की तत्काल आवश्यकता है।

प्रदूषित वातावरण किसी भी शहर के लिए एक चेतावनी होता है क्योंकि यह उसके मौसम को प्रभावित कर सकता है। यह स्पष्ट रूप से इंगित करता है कि उस हवा में ऑक्सीजन सांस लेने के लिए उपयुक्त नहीं है और आपकी सेहत को काफी हद तक परेशान कर सकती है। बस आसमान को ढंकने वाले स्मॉग की मोटी परत , काम के उसी माहौल में यात्रा करने या काम चलाने और यहां तक कि बच्चों और बुजुर्गों को उस हवा में सांस लेने देने की भयावहता को याद करें। जल्द ही, सांस लेने की समस्या परिवार के लगभग हर सदस्य पर हमला करने के लिए बाध्य है। ऐसे परिदृश्य में, पोर्टेबल बोतलबंद ऑक्सीजन से लैस प्राथमिक चिकित्सा किट हर घर के लिए तारणहार हो सकती है। आपात स्थिति के दौरान, चिकित्सा सहायता की प्रतीक्षा करते समय, पोर्टेबल बोतलबंद ऑक्सीजन से लिया जाने वाला एक कश शरीर और अंगों को ऑक्सीजन के उत्पादन को बनाए रखने में मदद कर सकता है। यह देखते हुए कि शुद्ध ऑक्सीजन की अनुपस्थिति हमारे दैनिक जीवन में एक नया सामान्य होती जा रही है, ''रोकथाम इलाज से बेहतर है'' की पुरानी कहावत पूरी तरह से समझ में आती है। इस प्रकार, घर पर एक पोर्टेबल बोतलबंद ऑक्सीजन रखना हमारे दिन-प्रतिदिन की जीवन स्थितियों में भी बहुत मददगार हो सकता है जैसे सांस की तकलीफ बीमारी के बाद ठीक होना, जिमिंग, दौड़ना आदि जैसी किसी भी शारीरिक गतिविधि के बाद ठीक होना। इतना ही नहीं, पोर्टेबल बोतलबंद ऑक्सीजन भी आमतौर पर

इस्तेमाल किया जाने वाला प्रदर्शन उत्प्रेरक है जिसका पेशेवर एथलीट खेलों के दौरान उपयोग करते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने पहले ही सांस लेने में तकलीफ महसूस करने वाले वयस्कों के लिए ऑक्सीजन थेरेपी की सिफारिश की है। कोविड 19 वायरस वाली महामारी के बीच इस सिफारिश ने अधिक महत्व प्राप्त कर लिया है, जिससे रक्तप्रवाह में ऑक्सीजन-स्तर में कमी के कारण कुछ मामलों में सांस लेने में तकलीफ होती है।

**- लेखक यूसीएस वेलनेस प्राइवेट लिमिटेड के सह-संस्थापक और सीईओ हैं।**

## समर कूलर

**खरबूजे के बीज :** हम आमतौर पर फलों में लगे बीजों को फेंक देते हैं। हमारे भोजन में बहुत सारे फलों के बीजों का सेवन अलग-अलग तरीकों से किया जा सकता है और बीजों वाला एक ऐसा फल जिसके कि अनगिनत स्वास्थ्य लाभ हैं, वो है खरबूजा।

यह आपके शरीर और त्वचा के लिए बेहतरीन हाइड्रेटर है और गर्मी को दूर रखता है। फाइबर की अच्छी मात्रा होने के कारण, यह मैग्नीशियम, विटामिन ए और फास्फोरस से भी भरपूर होता है जो वजन कम करने की प्रक्रिया को तेज करने में मदद करता है। अच्छा आंत स्वास्थ्य बनाए रखना भी उतना ही महत्वपूर्ण है और ये बीज आपके पेट को साफ करने में मदद करते हैं और एक कृमिनाशक का भी काम करते हैं।



इस कठिन समय के दौरान स्क्रीन की थकान बेहद चिंता का विषय हो सकती है और हम सभी को अपनी आंखों की उचित देखभाल करनी चाहिए। बीजों में मौजूद ल्यूटिन और जेक्सैन्थिन दो कैरोटीनॉयड हैं, जो आपकी आंखों की रोशनी के लिए अद्भुत काम करते हैं।

खरबूजे के बीजों को फल से निकालकर, कुछ दिनों तक धूप में सुखाकर, नाश्ते के रूप में या मीठे व्यंजनों में गार्निशिंग तत्व के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है।

## दादी का कहना



**लोगों के बाल झड़ने के कई कारण हो सकते हैं, यह हार्मोनल हो सकता है या बीमारी के कारण भी हो सकता है। रोशनी देवी ऐसे घरेलू उपचार बता रही हैं जो बालों के झड़ने को रोकने में मददगार हो सकते हैं**

लोगों के बाल झड़ने के कई कारण हो सकते हैं, यह हार्मोनल हो सकता है या बीमारी के कारण भी हो सकता है। रोशनी देवी ऐसे घरेलू उपचार बता रही हैं जो बालों के झड़ने को रोकने में मददगार हो सकते हैं

तो पेश है झड़ते बालों की समस्या का समाधान। मुलेठी एक ऐसी जड़ी-बूटी है जो न सिर्फ आपके बालों को नुकसान होने से बचाती है बल्कि बालों का झड़ना कम करने में भी मदद करती है। इसे मास्चराइजर के रूप में सिर की खाल पर लगाने में इस्तेमाल किया जा सकता है ताकि रुखेपन से छुटकारा मिल सके। प्राकृतिक नद्यपान को मेंहदी के साथ मिलाया जा सकता है, जो आपको बाल धोने के बाद उनका रेशमीपन प्राप्त करने में मदद करेगा। इससे यह आपके बालों को वैसे ही मॉइस्चराइज करेगा जैसे यह उन्हें मजबूत और बेहतर बनाता है। आवश्यक तेलों और बालों की मिट्टी के साथ नद्यपान भी बालों के लिए कुछ बेहतरीन कवच बनाता है।



नद्यपान की जड़ को एक चौथाई चम्मच केसर के साथ एक कप दूध में मिलाकर बारीक पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को हफ्ते में दो बार लगाएं और इसे रात भर के लिए अपने बालों की जड़ों और बालों की लंबाई पर लगाकर छोड़ दें, इससे बालों का झड़ना कम हो सकता है।

मुलेठी की जड़ रूखी, पपड़ीदार या खुजली वाली खोपड़ी को कम करने का काम करती है। लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि मुलेठी की जड़ आपके सिर की खाल को सांस लेने का रास्ता देती है और आपके कमजोर बालों के रोम को मजबूत बनाती है, जो कि बालों के झड़ने का सबसे पहला कारण होता है। तत्काल परिणामों का आनंद लेने के लिए, इसे साप्ताहिक स्तर पर लगाएं या चाय के रूप में मौखिक रूप से सेवन करें।

## स्वास्थ्य देखभाल को बनाएं मजबूत

मौजूदा महामारी से सबक लेते हुए और सदी में एक बार के अवसर पर जोर देते हुए, डब्ल्यूएचओ दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्र के देशों ने स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए स्वास्थ्य प्रणाली प्रतिरक्षण को मजबूत करने और सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज व स्वास्थ्य के सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए एक मंत्रिस्तरीय घोषणा को अपनाया।


मंत्रिस्तरीय गोलमेज बैठक के दौरान डब्ल्यूएचओ दक्षिण-पूर्व एशिया की क्षेत्रीय निदेशक डा पूनम सिंह ने कहा, ''मजबूत स्वास्थ्य प्रणालियां जो प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल उन्मुख हैं, और जो किसी को पीछे नहीं छोड़ती हैं, ऐसी आबादी बनाती हैं जो स्वस्थ, अधिक उत्पादक और आर्थिक रूप से सुरक्षित है। लचीला स्वास्थ्य प्रणालियां आपातकालीन तैयारियों और प्रतिक्रिया का आधार हैं, और जो यह सुनिश्चित करती हैं कि जब गंभीर घटनाएं हों, तो अत्यावश्यक स्वास्थ्य सेवाओं को बनाए रखा जा सके।''

मंत्रिस्तरीय गोलमेज सम्मेलन में अपनाई गई घोषणा के माध्यम से, सदस्य देशों ने स्वास्थ्य सुरक्षा को आगे बढ़ाने और सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज व स्वास्थ्य संबंधी एसडीजी की दिशा में प्रगति के लिए राजनीतिक नेतृत्व और जवाबदेही प्रदान करने की प्रतिबद्धता दिखाई।

सदस्य देशों ने सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकालीन क्षमताओं और सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज की उपलब्धि, दोनों को मजबूत करने की नींव के रूप में, सार्वजनिक निवेश में वृद्धि के माध्यम से व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल की ओर स्वास्थ्य प्रणालियों को पुनर्निर्देशित करने का निर्णय लिया। क्षेत्रीय निदेशक ने कहा, ''महामारी ने स्वास्थ्य हेतु मानव संसाधन में निवेश की तात्कालिकता और महत्व पर प्रकाश डाला है, विशेष रूप से प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल स्तर पर, और सार्वजनिक स्वास्थ्य आपात स्थितियों के लिए प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के लिए सस्ती, प्रभावी, गुणवत्तापूर्ण और सुरक्षित चिकित्सा उत्पादों की पर्याप्त आपूर्ति और लचीली स्वास्थ्य प्रणाली बनाने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला है।'' यह घोषणा महामारी के दौरान और बाद में आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं व सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों के वितरण को बनाए रखने के लिए समुदायों के साथ घनिष्ठ जुड़ाव और सशक्तीकरण के लिए भी प्रतिबद्ध है।

# कोविड का नया प्रतिरूप 'म्यू'

यहां तक कि दुनिया भर में कोविड -19 डेल्टा संस्करण के मामले लगातार बढ़ रहे हैं, एक नया संस्करण, म्यू, डब्ल्यूएचओ के लिए रुचि का विषय बन गया है। ऐसा प्रतीत होता है कि इस नए स्ट्रेन में पिछले कोविड -19 संक्रमण या टीकाकरण द्वारा प्रदान की गई प्रतिरक्षा से बचने की क्षमता वाले उत्परिवर्तन हैं। क्या म्यू चिंता का एक प्रकार हो सकता है? इस संबंध में विशेषज्ञों से बात की सुप्रिया रमेश ने।




चूं कि पिछले साल कोविड -19 महामारी ने दुनिया को प्रभावित किया था, इसलिए कोई कमी नहीं आई है - यो तो विश्व स्तर पर मामलों की संख्या में और न ही नए रूपों के उद्भव में। जब भारत में दूसरी लहर आई तो इस बात की चर्चा थी कि तीसरी लहर का बच्चों पर ज्यादा असर कैसे पड़ेगा। लेकिन अब ऐसा लग रहा है कि आगे और भी चिंताएं हैं। न केवल भारत के लिए बल्कि पूरी दुनिया के लिए एक नया प्रकार - म्यू - जिसे कोलंबिया, दक्षिण अमेरिका में खोजा गया था, नई चिंता है।

अच्छी बात यह है कि सरकार ने कहा है कि भारत में अभी तक वैरिएंट नहीं मिला है, यह कब देश में प्रवेश कर कहर बरपा सकता है, कहा नहीं जा सकता।

देश ने 27 जनवरी, 2020 को केरल में अपना पहला कोविड -19 मामला दर्ज किया, और देश तब से वायरस से जकड़ा हुआ है और इस महामारी कालकोठरी से बाहर आना केवल एक दूर के सपने जैसा लगता है। जब से विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने 6 मई, 2021 को डेल्टा संस्करण को चिंता का विषय (वीओसी) घोषित किया है, देश ने दुनिया भर में मामलों और मौतों की एक नई लहर देखी है, जिससे देश में सुधार की गति धीमी हो रही है, आर्थिक स्थिरता को खतरा है और गंभीर सामाजिक और राजनीतिक प्रभाव संभावित हैं।

नया संस्करण अब अधिक ध्यान आकर्षित कर रहा है क्योंकि यह देश के कुछ हिस्सों में फैलना शुरू हो गया है और यह ध्यान देने योग्य बात है। म्यू न केवल उच्च संख्या या उच्च प्रतिशत में देखा जा रहा है, बल्कि यह पूरे अमेरिका में विभिन्न स्थानों पर पाया जा रहा है, वर्तमान में कोलंबिया में इस प्रकार के उच्चतम प्रसार के साथ।

यह आनुवंशिक संरचना में कोविड के जीनोम में उत्परिवर्तन के एक समूह को वहन करता है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार, यह अभी भी रुचि का एक प्रकार है और भारत में अभी तक किसी भी नमूने का पता नहीं चला है।

''कोलम्बिया से यह इक्वाडोर (13 प्रतिशत) और चिली (लगभग 40 प्रतिशत) जैसे अन्य दक्षिण अमेरिकी देशों में फैल गया है। म्यू संस्करण अब संयुक्त राज्य अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, दक्षिण कोरिया, जापान, इक्वाडोर सहित 43 देशों में पाया गया है। कनाडा और यूरोप के कुछ हिस्सों में। अब तक, भारत में इसका पता नहीं चला है'', डॉ राहुल पंडित, सदस्य, कोविड -19 टास्क फोर्स, महाराष्ट्र सरकार कहते हैं।

वह आगे कहते हैं कि दुनिया भर में म्यू वेरिएंट के 4700 से अधिक मामले हैं। हालांकि 2000 मामलों के साथ, अमेरिका ने सबसे अधिक एमयू मामले दर्ज किए हैं, इसे अभी तक तत्काल खतरा नहीं माना गया है।

नई दिल्ली के संक्रामक रोग, मणिपाल अस्पताल, द्वारका, की सलाहकार डॉ अंकिता बैद्य, कहती हैं, ''रुचि का एक प्रकार चिंता का एक प्रकार बन जाता है जब हम प्रलेखित साक्ष्य देखते हैं कि वायरस की संचरण क्षमता में वृद्धि हुई है, यह अधिक खतरनाक है, टीकों के प्रति अधिक प्रतिरोध है, और उच्च संक्रामकता दर है'', संक्रामक रोग, मणिपाल अस्पताल, द्वारका, नई दिल्ली।

जनवरी 2021 में अपनी पहली उपस्थिति बनाने के बावजूद, और तब से आसपास होने के बावजूद, म्यू वेरिएंट डेल्टा जितना खराब नहीं लगता है, जो कि दुनिया के अधिकांश हिस्सों में प्रमुख संस्करण है। लेकिन म्यू में म्यूटेशन हैं जो हमें कोविड के टीकों से मिलने वाली सुरक्षा से बचने की क्षमता रखते हैं।

हालांकि, चिंता की बात यह है कि यह इस रूप में प्रतिरक्षा से बचने की घटना को जन्म दे सकता है कि प्राकृतिक संक्रमण के माध्यम से मौजूदा एंटीबॉडी हमें इस संक्रमण से बचाने में सक्षम नहीं हो सकते हैं। ''जब हम इस तरह के नवीन उपभेदों को दुनिया में घूमते हुए देखते हैं, तो यह चिंता का विषय बन जाता है, विशेष रूप से इसमें इतने सारे उत्परिवर्तन होते हैं जो हमारी प्रतिरक्षा से बच सकते हैं और एक ऐसे व्यक्ति को भी फिर से संक्रमित कर सकते हैं जो पहले से ही कुछ अलग प्रतिरूप से संक्रमित होकर उबर चुका है'', बैद्य बताते हैं।

डब्ल्यूएचओ ने कहा है, ''म्यू संस्करण में उत्परिवर्तन का एक नक्षत्र है जो प्रतिरक्षा से बचने के संभावित गुणों को इंगित करता है। प्रारंभिक साक्ष्य से पता चलता है कि ये उत्परिवर्तन बीटा संस्करण के समान टीका- और स्वस्थ सीरम-प्रेरित एंटीबॉडी से बचने की अनुमति दे सकते हैं।''

डॉ सोमेश्वर सिंह, लीड कंसल्टेंट, ईएनटी, मधुकर रेनबो चिल्ड्रन हॉस्पिटल का कहना है कि हालांकि रिपोर्टों ने हाल ही में दक्षिण अमेरिका के अलावा दुनिया के अधिकांश हिस्सों में इसके गिरावट का सुझाव दिया है, हमें ध्यान से देखना होगा कि यह तनाव कैसे फैलता है।

अभी तक सटीक संक्रमण दर अच्छी तरह से स्थापित नहीं है और अधिक डेटा की आवश्यकता है क्योंकि केवल छिटपुट मामले ही हुए हैं। ''यह उत्परिवर्तन के साथ, इस प्रतिरूप से अधिक गंभीर संक्रमण होने की संभावना है क्योंकि यह किसी प्रकार की प्रतिरक्षा से बचने की घटना दिखा रहा है, जिसका अर्थ है कि पिछला एंटीबॉडी काम नहीं कर रहा है और इसके परिणामस्वरूप उच्च संक्रामक दर हो सकती है,'', बैद्य कहते हैं।

टीकों की प्रभावकारिता के बारे में बात करते हुए, यह पुष्टि करने के लिए अभी भी बहुत सारे शोध किए जाने हैं कि मौजूदा टीके म्यू स्ट्रेन के खिलाफ प्रभावी होंगे या नहीं। साथ ही, यह जोखिम भी मौजूद है कि यह टीके के प्रभाव को कम कर सकता है।

- पिछले महीने इंग्लैंड की सार्वजनिक स्वास्थ्य एजेंसी की एक रिपोर्ट ने सुझाव दिया था कि एमयू संस्करण टीकों के लिए प्रतिरोधी हो सकता है क्योंकि चिंताजनक बीटा संस्करण पहली बार दक्षिण अफ्रीका में देखा गया था, लेकिन कहा कि अधिक वास्तविक दुनिया के डेटा की आवश्यकता थी
- डब्ल्यूएचओ के अधिकारियों ने कहा कि दक्षिण अमेरिका के कुछ देशों में एमयू संस्करण बढ़ रहा है, लेकिन डेल्टा संस्करण अभी भी कहीं अधिक आसानी से फैलता है
- एमयू संस्करण तेजी से फैलता नहीं दिख रहा है : यह वैश्विक स्तर पर कोविड-19 मामलों के 1 प्रतिशत से कम के लिए जिम्मेदार है
- कोलंबिया में, यह लगभग 39 प्रतिशत मामलों के लिए जिम्मेदार हो सकता है
- वैज्ञानिक संदिग्ध आनुवंशिक परिवर्तनों के आधार पर उभरते हुए कोविड-19 रूपों की निगरानी करते हैं और फिर यह निर्धारित करने के लिए सबूत की तलाश करते हैं कि नया संस्करण अधिक संक्रामक है या अधिक गंभीर बीमारी का कारण बनता है
- वायरस लगातार विकसित होते हैं और कई नए प्रकार अक्सर फीके पड़ जाते हैं

बैद्य का कहना है कि म्यू स्ट्रेन के लक्षण और लक्षण काफी हद तक डेल्टा वेरिएंट से मिलते-जुलते हैं। इसमें ऊपरी श्वसन पथ के सामान्य वायरल लक्षणों के साथ-साथ खांसी और सर्दी, हल्का बुखार, दस्त, पेट के लक्षण, मतली और अपच के लक्षण भी अच्छी मात्रा में होते हैं। अन्य वायरल लक्षणों की तरह कुछ सिरदर्द, पैर में दर्द और शरीर में दर्द भी हो सकता है।

वर्तमान में, मौजूदा उपभेदों के समान किसी भी प्रकार के लिए केवल रोगसूचक उपचार दिया जाता है। उपचार ज्यादातर रोग की गंभीरता के अनुसार तैयार किया जाता है चाहे वह हल्का, मध्यम या गंभीर हो।

हम में से बहुत से लोग सोच रहे हैं कि वायरस कितनी जल्दी बदल जाता है और हर नए संस्करण के उभरने के साथ, इस घातक महामारी से उबरना मुश्किल लगता है और एक दूर के सपने जैसा लगता है। दूसरी ओर, हम महामारी के साथ जीना सीख रहे हैं और अब इसे जीवन का एक हिस्सा मान रहे हैं।

प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया से बचने, एंटीबॉडी दबाव से बचने और एंटीवायरल दबाव से बचने के लिए वायरस आनुवंशिक संरचना में उत्परिवर्तन से गुजरना जारी रखेगा। नए उत्परिवर्तन मौजूदा उपभेदों की तुलना में कम या अधिक गंभीर हो सकते हैं, लेकिन साथ ही हमें पर्याप्त संक्रमण नियंत्रण सावधानी बरतने से नहीं रोकना चाहिए जैसे मास्क पहनना, हाथ की स्वच्छता का अभ्यास करना और सामाजिक दूरी बनाए रखना। ''आज, दुनिया एक छोटी सी जगह है क्योंकि लोग कुछ ही घंटों में दूर-दूर की यात्रा करते हैं, इससे वायरस फैलने में मदद मिलती है। हमें वायरस के प्रसार से लड़ने के लिए सावधानीपूर्वक तैयार किए गए सामाजिक अलगाव और संगरोध उपायों का अभ्यास करने की आवश्यकता है। टीकाकरण बहुत महत्वपूर्ण है'', सिंह बताते हैं।

म्यू वेरिएंट में स्पाइक प्रोटीन में टी95आई, वाई144एस, वाई145एन, आर346के, ई484के, एन501वाई, डी614जी, पी681एच, वाई144टी, के417एन और डी950एन जैसे गंभीर म्यूटेशन हैं। इनमें से कुछ उत्परिवर्तन चिंता के रूपों में पाए गए हैं। एन501वाई और पी681एच म्यूटेशन भी अल्फा वेरिएंट (बी.1.1.7) में मौजूद हैं, जिन्हें पहली बार यूके में पाया गया था और इन्हें रैपिड ट्रांसमिशन से जोड़ा गया है। एन501वाई उत्परिवर्तन चिंता के बीटा और गामा वेरिएंट (वीओसी) में भी मौजूद है। ई484के और के417एन उत्परिवर्तन, जो बीटा संस्करण में भी होते हैं (बी.1.351, पहली बार दक्षिण अफ्रीका में पाया गया) प्रतिरक्षा से बचने से जुड़े हैं। हालांकि, अन्य उत्परिवर्तन का महत्व अभी तक ज्ञात नहीं है।

## नए प्रतिरूप से बचने के लिए जल्द टीका लगवाएं

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डलूएचओ) ने 30 अगस्त, 2021 को रुचि का पांचवां संस्करण (वीओआई)- बी1.621.1 जोड़ा और इसे म्यू संस्करण- लेबल किया। अन्य चार वर्तमान वीओआई हैं ईटीए (बी1.525), एलओटीए (बी.1.526), कप्पा (बी.1.617.1) और लैम्ब्डा (सी.37)।


म्यू वेरिएंट की पहचान सबसे पहले जनवरी 2021 में दक्षिण अमेरिका के कोलंबिया में हुई थी, जहां विश्लेषण किए गए 39 फीसदी नमूनों में म्यू का पता चला है। वहां से, यह इक्वाडोर (13 प्रतिशत) और चिली (लगभग 40 प्रतिशत) जैसे अन्य दक्षिण अमेरिकी देशों में फैल गया है।

एमयू संस्करण अब अमेरिका, ब्रिटेन, दक्षिण कोरिया, जापान, इक्वाडोर, कनाडा और यूरोप के कुछ हिस्सों सहित 43 देशों में पाया गया है। अभी तक भारत में इसका पता नहीं चला है।

डॉ राहुल पंडित, सदस्य, कोविड-19 टास्क फोर्स, महाराष्ट्र सरकार के अनुसार, दुनिया भर में म्यू वेरिएंट के 4,700 से अधिक मामले हैं। हालांकि 2000 मामलों के साथ, अमेरिका ने सबसे अधिक एमयू मामले दर्ज किए हैं, इसे अभी तक तत्काल खतरा नहीं माना गया है।

पिछले महीने, डब्ल्यूएचओ ने कहा है कि म्यू संस्करण में उत्परिवर्तन का एक समूह है जो प्रतिरक्षा से बचने के संभावित गुणों का संकेत देता है। ''प्रारंभिक साक्ष्य से पता चलता है कि ये उत्परिवर्तन बीटा संस्करण के समान वैक्सीन- और दीक्षांत सीरम-प्रेरित एंटीबॉडी से बचने की अनुमति दे सकते हैं'', डॉ पंडित कहते हैं।

म्यू वेरिएंट में स्पाइक प्रोटीन में टी95आई, वाई144एस, वाई145एन, आर346के, ई484के, एन501वाई, डी614जी, पी681एच, वाई144टी,



के417एन और डी950एन जैसे गंभीर म्यूटेशन हैं।

''इनमें से कुछ उत्परिवर्तन चिंता के रूपों में पाए गए हैं। एन501वाई और पी681एच म्यूटेशन भी अल्फा वेरिएंट (बी1.1.7) में मौजूद हैं, जिन्हें पहली बार यूके में पाया गया था और इन्हें रैपिड ट्रांसमिशन से जोड़ा गया है। एन501वाई उत्परिवर्तन चिंता के बीटा और गामा वेरिएंट (वीओसी) में भी मौजूद है। ई484के और के417एन उत्परिवर्तन, जो बीटा संस्करण में भी होते हैं (बी1.351, पहली बार दक्षिण अफ्रीका में पाया गया) प्रतिरक्षा से बचने से जुड़े हैं। हालांकि, अन्य उत्परिवर्तनों का महत्व अभी तक ज्ञात नहीं है'', डॉ पंडित बताते हैं।

डेल्टा संस्करण (बी.1.617.2) दुनिया भर में प्रमुख संस्करण बना हुआ है और दुनिया के कई हिस्सों में मामलों के पुनरुत्थान का प्रमुख कारण है।

वर्तमान में, विश्व स्तर पर एमयू संस्करण केवल 0.1 प्रतिशत मामलों के लिए जिम्मेदार है, भले ही यह इस साल जनवरी के आसपास रहा हो।

हालांकि यह चिंता का एक प्रकार (वीओसी) नहीं है, लेकिन किसी भी बदलाव का पता लगाने के लिए इसकी बारीकी से निगरानी की जा रही है जो इसे डेल्टा संस्करण की तुलना में अधिक पारगम्य बनाता है, अधिक गंभीर बीमारी का कारण बनता है और टीकों को कम प्रभावी बनाता है। यदि ऐसा होता है, तो इसे वीओसी के रूप में पुन: वर्गीकृत किया जा सकता है।

''नए रूपों के उद्भव को रोकने के लिए सबसे अच्छी रणनीति अधिक से अधिक लोगों को तेजी से टीकाकरण करना है। टीकाकरण की आबादी जितनी बड़ी होगी, वायरस के संक्रमित और उत्परिवर्तित होने की संभावना उतनी ही कम होगी'', डॉ पंडित कहते हैं।

# चेन्नई सुपर किंग्स और मुंबई इंडियन्स के बीच आईपीएल मैच का आगाज आज

## टी-20 विश्व कप को ध्यान में रखकर आईपीएल में उतरेंगे खिलाड़ी

**भाषा।** दुबई



**चेन्नई** सुपर किंग्स और मुंबई इंडियन्स के बीच रविवार को होने वाले धमाकेदार मैच से इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के दूसरे चरण का आगाज होगा जिसमें खिलाड़ियों को टी20 विश्व कप से पहले यूएई की परिस्थितियों को समझने का भी मौका मिलेगा। भारत में कोविड-19 की दूसरी लहर के कारण आईपीएल को मई में बीच में ही स्थगित करना पड़ा था। उस समय तक टूर्नामेंट के 29 मैच ही हो पाए थे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) अब ऐसी किसी स्थिति से बचने के लिए प्रार्थना कर रहा होगा। बीसीसीआई को आईपीएल के दूसरे चरण के आयोजन के लिए कार्यक्रम तय करने में काफी मशक्कत करनी पड़ी थी। ऐसे में इंग्लैंड दौरे पर गई भारतीय टीम में कोविड-19 के मामले पाए जाने से बीसीसीआई की भी सांसे फूलने लगी थी लेकिन यह बड़ा मुद्दा नहीं बना तथा भारत और इंग्लैंड के जिन खिलाड़ियों को आईपीएल में खेलना है वे सुरक्षित यहां पहुंच गए। आईपीएल में 2019 के बाद पहली बार सीमित संख्या में दर्शक भी उपस्थित रहेंगे जिससे टूर्नामेंट का रोमांच बढ़ गया है। टी20 विश्व कप के लिए टीमें घोषित की जा चुकी हैं लेकिन आईपीएल के प्रदर्शन को तब भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। किसी खिलाड़ी के चोटिल होने पर अंतिम क्षणों में भी कोई अन्य खिलाड़ी उसकी जगह ले सकता है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने वैसे भी 10 अक्टूबर तक बदलाव की अनुमति दे रखी है। विश्व कप के बाद टी20 की कप्तानी छोड़ने की घोषणा करने वाले भारतीय कप्तान विराट कोहली आईसीसी ट्रॉफी उठाने का अपना सपना पूरा करने से पहले रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर को आईपीएल का पहला खिताब दिलाना चाहेंगे। यूएई में आईपीएल के 31 मैच खेले जाएंगे और इसका मतलब होगा कि टूर्नामेंट के दौरान पिच अच्छी रहेगी। भारत की तुलना में परिस्थितियां भिन्न होंगी और पिचें कुछ धीमी होंगी ऐसे में सभी टीमें नए सिरे से ही शुरुआत करेंगी। चेन्नई और मुंबई की चिर प्रतिद्वंद्विता के साथ रविवार को आईपीएल बहाल होगा। मुंबई ने अब तक सात मैचों में चार में जीत दर्ज की है और किसी भी तरह की ढीली शुरुआत उसे भारी पड़ सकती है। पिछले साल के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद चेन्नई ने लय हासिल कर ली है। उसके सात मैच में पांच जीत से 10 अंक हैं। उसके युवा खिलाड़ियों ऋतुराज गायकवाड़ और सैम करेन ने अब तक अच्छा प्रदर्शन किया है। उसके स्पिनरों इमरान ताहिर, मोईन अली और रविंद्र जडेजा ने भी प्रभाव छोड़ा। मोईन और जडेजा ने बल्लेबाजी में भी अच्छा प्रदर्शन किया है। कई दिग्गज खिलाड़ियों से सजी यह टीम अब कप्तान महेंद्र सिंह धोनी और सुरेश रैना के भी लय में लौटने की उम्मीद कर रही होगी। जहां तक मुंबई का सवाल है तो उसके मध्यक्रम को अच्छा प्रदर्शन की जरूरत है और उसके गेंदबाजों को भी पावरप्ले में बेहतर खेल दिखाना होगा। कप्तान रोहित शर्मा शानदार फॉर्म में चल रहे हैं जबकि सूर्यकुमार यादव, इशान किशन और लेग स्पिनर राहुल चाहर विश्व कप टीम में जगह बनाने से आत्मविश्वास से ओतप्रोत होंगे। हार्दिक पंड्या के भी नियमित रूप से गेंदबाजी करने की उम्मीद है जिससे आईसीसी टूर्नामेंट के लिए भारत के पास अधिक विकल्प हो जाएंगे। पंजाब किंग्स, राजस्थान रॉयल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स की टीमें कुछ खिलाड़ियों के हटने से प्रभावित हुई हैं। उसके अन्य खिलाड़ियों को इसकी भरपाई करनी होगी।

### मुंबई इंडियंस ने चोटिल मोहसिन खान की जगह रुश कलारिया को शामिल किया

**दुबई।** गत चैम्पियन मुंबई इंडियंस ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के संयुक्त अरब अमीरात में होने वाले चरण के लिए चोटिल मोहसिन खान की जगह अपनी मुख्य टीम में तेज गेंदबाजी आल राउंडर रुश कलारिया को शामिल किया। कलारिया मुंबई इंडियंस टीम के साथ बैक-अप खिलाड़ी के तौर पर अबुधाबी गए थे और इस 28 साल के खिलाड़ी ने अपना पहला आईपीएल अनुबंध भी हासिल कर लिया। कलारिया 2012 आईसीसी अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप में भारत की अंडर-19 टीम का हिस्सा थे। वह 2012 में पदार्पण के बाद से घरेलू क्रिकेट में गुजरात के अहम खिलाड़ी रहे हैं। कलारिया को शनिवार को ट्रेनिंग सत्र के दौरान टीम में शामिल किया गया।

### हसरंगा और चमीरा ने टीम को नया आयाम दिया: कोहली

**दुबई।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के कप्तान विराट कोहली ने कहा कि श्रीलंका के खिलाड़ी वानिंदु हसरंगा और दुशमंता चमीरा के आने से टीम को नया आयाम मिला है लेकिन वे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के पहले चरण के अच्छे प्रदर्शन को हल्के में नहीं लेंगे। आईपीएल के 14वें सत्र के दौरान मई में बायो-बबल में कोरोना वायरस संक्रमण के कई मामले मिलने के बाद स्थगित कर दिया था। इसके बचे हुए मैचों को रविवार से यूएई (संयुक्त अरब अमीरात) में खेला जाएगा। कोहली ने दूसरे चरण के शुरू होने से पहले टीम की नीली जर्सी के लॉन्च करने के मौके पर पर पहले चरण में भाग लेने वाले एडम जम्पा और केन रिचर्डसन जैसे खिलाड़ियों को याद किया। कोहली ने कहा, हमने बदलाव किए हैं, हमें उनकी जगह दूसरे खिलाड़ी मिले हैं। पहले चरण में हमारे साथ रहे केन रिचर्डसन, एडम जम्पा ने दूसरे चरण में नहीं खेलने का फैसला किया।

## शास्त्री ने कहा, कोच के रूप में जो चाहा वह हासिल किया

**लंदन।** रवि शास्त्री का भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच के रूप में कार्यकाल अगले महीने टी20 विश्व कप के साथ समाप्त हो जाएगा और उन्होंने स्वीकार किया कि इससे उन्हें थोड़ा दुख होगा लेकिन साथ ही कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल में जो चाहा वह हासिल किया और वह सही समय पर इस जिम्मेदारी से मुक्त हो रहे हैं। शास्त्री का मुख्य कोच के रूप में कार्यकाल 2017 में शुरू हुआ था। इसके बाद उन्हें 2019 में फिर से इस पद पर नियुक्त कर दिया गया था। टी20 विश्व कप 17 अक्टूबर से यूएई में खेला जाएगा। कोविड-19 के लिए पॉजिटिव पाए जाने के कारण 59 वर्षीय शास्त्री अभी पृथकवास पर हैं। उन्होंने द गार्डियन से कहा कि टी20 विश्व कप विशेष होगा लेकिन टीम ने उनके रहते हुए पहले ही विशिष्ट उपलब्धियां हासिल की हैं। शास्त्री ने कहा, मेरा ऐसा मानना है क्योंकि मैंने जो चाहा वह हासिल किया। पांच साल तक नंबर एक (टेस्ट क्रिकेट में) रहे, आस्ट्रेलिया में दो बार जीते, इंग्लैंड में जीते। उन्होंने कहा, मैंने माइकल आथरटन से बात की थी और कहा था, मेरे लिए यह चरम है आस्ट्रेलिया को आस्ट्रेलिया में हराना और इंग्लैंड में कोविड काल में जीत दर्ज करना।

# मुख्य कोच पद के लिए कुंबले, लक्ष्मण से संपर्क कर सकता है बीसीसीआई

**भाषा।** नई दिल्ली





**कप्तान** विराट कोहली के साथ मतभेदों के कारण चार साल पहले अपना पद छोड़ने वाले अनिल कुंबले और अपनी कलात्मक बल्लेबाजी के लिए मशहूर वीवीएस लक्ष्मण भारतीय क्रिकेट टीम का मुख्य कोच बनने की दौड़ में शामिल हो सकते हैं। वर्तमान कोच रवि शास्त्री का कार्यकाल टी20 विश्व कप के बाद समाप्त हो जाएगा और ऐसे में सौरव गांगुली की अगुवाई वाला भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) कुंबले और लक्ष्मण से मुख्य कोच पद के लिए आवेदन करने को कह सकता है। कुंबले 2016-17 में भारतीय टीम के कोच थे। सचिन तेंदुलकर, लक्ष्मण और गांगुली की अगुवाई वाली क्रिकेट सलाहकार समिति ने उन्हें शास्त्री के स्थान पर कोच नियुक्त किया था। लेकिन चैंपियन्स ट्रॉफी फाइनल में पाकिस्तान से हार के बाद उनके कोहली के साथ मतभेद खुलकर सामने आ गए थे। इसके बाद कुंबले ने अपने पद से त्यागपत्र दे दिया था। बीसीसीआई कुंबले के अलावा लक्ष्मण से भी संपर्क कर सकता है जो पिछले कुछ वर्षों से इंडियन प्रीमियर लीग की टीम सनराइजर्स हैदराबाद से जुड़े हुए हैं। इसके बावजूद कुंबले कोच पद के प्रबल दावेदार रहेंगे। बीसीसीआई सूत्रों ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई से कहा, अनिल कुंबले ने जिन परिस्थितियों में पद छोड़ा था उसमें सुधार करने की जरूरत है। जिस तरह से सीओए (प्रशासकों की समिति) कोहली के दबाव में आ गई थी और उन्हें (कुंबले) को हटा दिया गया था वह सही नहीं था। हालांकि यह इस पर भी निर्भर करेगा कि कुंबले या लक्ष्मण इस पद के लिए आवेदन करने के इच्छुक हैं या नहीं। कोहली पहले ही घोषणा कर चुके हैं कि वह विश्व कप के बाद टी20 की कप्तानी छोड़ देंगे। बीसीसीआई की पहली पसंद भारतीय कोच हैं तथा कुंबले और लक्ष्मण को 100 से अधिक टेस्ट मैच खेलने के अलावा कोचिंग का भी अनुभव है। विदेशी कोच दूसरा विकल्प है। सूत्र ने कहा, बीसीसीआई के कोच पद के लिए मानदंड ऐसा होगा जिससे कि खिलाड़ी के रूप में शानदार रिकार्ड के साथ कोचिंग का अनुभव रखन वाले ही आवेदन कर सकें। सूत्रों से विक्रम राठौड़ की दावेदारी के बारे में पूछा गया, उन्होंने कहा, अगर वह चाहें तो आवेदन कर सकते है लेकिन भारतीय क्रिकेट टीम का मुख्य कोच बनने के लिए उनके पास वैसा रूतबा नहीं है।

# न्यूकासल और लीड्स का मैच 1-1 से ड्रा छूटा

**एपी।** न्यूकासल



**न्यूकासल** ने एलन सेंट मैक्सिमिन के गोल की मदद से लीड्स के खिलाफ इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट मैच ।-। से ड्रा खेला। फ्रांस के 24 वर्षीय मैक्सिमिन ने सेंट जेम्स पार्क स्टेडियम में लगभग 50 हजार दर्शकों के सामने 44वें मिनट में बराबरी का गोल किया। इससे पहले राफिन्हा ने 13वें मिनट में लीड्स को बढ़त दिलाई थी। इन दोनों टीमों को लीग में अब भी पहली जीत का इंतजार है। लीड्स के पांच मैचों में तीन और न्यूकासल के इतने ही मैचों में दो अंक हैं। मैनचेस्टर यूनाईटेड, चेल्सी, लिवरपूल और एवर्टन के चार चार मैचों में समान 10 अंक हैं और वे शीर्ष पर हैं।

## क्विक न्यूज

### पिजाका के गोल से टोरिनो ने सासुओलो को हराया

**रेजियो एमिलिया (इटली)।** मार्के पिजाका के अंतिम क्षणों में किए गए गोल की मदद से टोरिनो ने इटालियन फुटबॉल लीग सेरी ए में सासुओलो को ।-0 से हराया। टोरिनो की सत्र के शुरू में दो हार के बाद यह लगातार दूसरी जीत है। उसके अब चार मैचों में छह अंक हो गए है और वह शीर्ष पर चल रहे रोमा, एसी मिलान और नैपोली से तीन अंक पीछे है। सासुओलो के चार अंक हैं। पिजाका ने 83वें मिनट में यह गोल किया। उनका शॉट कोण लेकर गोल में गया जिसका सासुओलो के गोलकीपर आंद्रिया कॉनसिगली के पास कोई जवाब नही था।

### आपरेशन के बाद पेले की स्थिति सामान्य

**साओ पाउलो।** ब्राजील के दिग्गज फुटबॉलर पेले की आंत से ट्यूमर निकालने के लिए किए आपरेशन के बाद स्थिति सामान्य बनी हुई है और उनकी बेटी केली नेसिमेंटो ने कहा कि वह धीरे धीरे ठीक हो रहे है। उन्होंने इन रिपोर्टों पर टिप्पणी नही कि 80 वर्षीय पेले को फिर से आपात चिकित्सा कक्ष में भर्ती किया गया है। पेले का चार सितंबर को आपरेशन किया गया था। केली नेसिमेंटो ने अपने पिता के साथ एक तस्वीर इंस्टाग्राम पर साझा की है जिसमे उन्होंने कहा कि यह तस्वीर अल्बर्ट आइंस्टीन अस्पताल में उनके कमरे में अभी अभी ली गई थी। उन्होने कहा, वह धीरे धीरे ठीक हो रहे है और सामान्य स्थिति में है। इस तरह के आपरेशन के बाद इतनी उम्र के व्यक्ति की स्थिति में कभी कभी हल्का उतार चढ़ाव आता है। कल वह बेहद थकान महसूस कर रहे थे, लेकिन आज उन्हे अच्छा लग रहा है। पेले के रहते हुए ब्राजील ने 1958, 1962 और 1970 में विश्व कप जीता। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में 92 मैचों में 77 गोल किए जो ब्राजील की तरफ से रिकार्ड है।

### शुभंकर ने दो ईगल जमाए, दूसरे दौर के बाद संयुक्त नौवें स्थान पर

**क्रॉम्वायर्ट (नीदरलैंड)।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा ने दूसरे दौर मे दो ईगल की मदद से छह अंडर 66 का कार्ड खेला जिससे वह डच ओपन गोल्फ टूर्नामेंट मे संयुक्त नौवें स्थान पर पहुंच गए है। पहले दौर में दो अंडर 70 का स्कोर बनाने वाले शुभंकर का कुल स्कोर आठ अंडर है और वह शीर्ष पर चल रहे क्रिस्टोफर ब्रोबर्ग (68-64) से चार शॉट पीछे है। उनका कुल स्कोर अभी 12 अंडर है। शुभंकर ने बोगी से शुरुआत की लेकिन तीसरे और छठे होल में बर्डी बनाने मे सफल रहे। उन्होने पार-5 वाले 12वे होल मे ईगल बनाया। इसके बाद वह पार-4 वाले 15वे होल मे भी ईगल बनाने मे सफल रहे। उन्होंने 18वें होल मे बर्डी के साथ दिन का समापन किया।

### हनी बैस्य ने जेएंडके ट्रॉफी जीतकर तीन साल के खिताबी सूखे को खत्म किया

**श्रीनगर।** दिल्ली के गोल्फ खिलाड़ी हनी बैस्य शनिवार को यहां जेएंडके (जम्मू कश्मीर) ओपन 2021 गोल्फ टूर्नामेंट के चौथे और आखिरी दौर मे चार अंडर 68 के शानदार कार्ड खेलकर चार शॉट के अंतर के साथ विजेता बने। छह बार के पीजीटीआई विजेता बैस्य (67, 69, 66, 68) ने कुल 18 अंडर 270 के स्कोर के साथ तीन साल के खिताबी सूखे को खत्म किया। इस जीत से वह पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट मे 85वें से 22वें स्थान पर पहुंच गए। चालीस लाख रुपए की इनामी राशि के पीजीटीआई टूर्नामेंट में दूसरे स्थान पर रहे गुरुग्राम के वीर अहलावत ने आखिरी दौर मे 66 का कार्ड खेला जिससे उनका कुल स्कोर 14 अंडर 274 का रहा। पटना के अमन राज (68-71-70-66) 13 अंडर के स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर रहे।

### गौरिका संयुक्त छठे और रिदिमा संयुक्त नौवें स्थान पर रही

**पुइडॉक्स (स्विट्जरलैंड)।** भारत की गौरिका विश्नोई लवॉक्स लेडीज ओपन गोल्फ टूर्नामेंट मे संयुक्त छठे स्थान पर रही जो अंतराष्ट्रीय स्तर पर उनका लंबे समय बाद सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। घरेलू सर्किट मे पांच बार की विजेता गौरिका ने तीन दौर मे 71-72-69 का स्कोर बनाया और वह चार अंडर के साथ संयुक्त छठे स्थान पर रही। भारत की एक अन्य गोल्फर रिदिमा दिलावरी ने संयुक्त नौवां स्थान हासिल किया। उन्होने 74-69-70 का स्कोर बनाया। अमनदीप ड्राल (73-73-72) और प्रणवी उर्स (71-74-73) संयुक्त 22वें जबकि वाणी कपूर (75-74-72) संयुक्त 33वें स्थान पर रही। स्कॉटलैंड की गैब्रिएली मैक्डोनाल्ड ने प्लेऑफ मे इंग्लैंड कह जेम्मा क्ल्यूज को हराकर खिताब जीता।

### अदिति ने पोर्टलैंड क्लासिक के कट में जगह बनाई

**पोर्टलैंड (अमेरिका)।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक ने पहले दौर के निराशाजनक प्रदर्शन से उबरकर दूसरे दौर मे पार 72 का कार्ड खेला जिससे वह 2021 कैम्बिया पोर्टलैंड क्लासिक गोल्फ टूर्नामेंट के कट में जगह बनाने में सफल रही। पहले दौर में पांच ओवर 77 का स्कोर बनाने वाली अदिति अभी संयुक्त 57वें स्थान पर है। वह अंतिम दो दौर मे अच्छा प्रदर्शन करके अपनी स्थिति मे सुधार कर सकती है। अदिति ने दूसरे दौर में पांचवे और 18वें होल मे बर्डी बनाई लेकिन इस बीच उन्होने 11वें और 12वें होल मे बोगी भी की। कट

# चौथी बार एनआरएआई अध्यक्ष चुने गए रनिंदर

**भाषा।** मोहाली



**अनुभवी** प्रशासक रनिंदर सिंह को शनिवार को फिर से चौथी बार भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) का अध्यक्ष चुना गया जिन्होंने यहां चुनावों में बसपा सांसद श्याम सिंह यादव को 56-3 मत से हराया। कुंवर सुल्तान सिंह को निर्विरोध राष्ट्रीय संस्था का महासचिव चुना गया जबकि रणदीप मान को कोषाध्यक्ष बनाया गया। महासंघ के आठ उपाध्यक्षों के अलावा ओडिशा के सांसद कालीकेश नारायण सिंह देव सीनियर उपाध्यक्ष बने रहेंगे।

पवन कुमार सिंह भी शेला कानुंगो के साथ शीर्ष संस्था के संयुक्त सचिव बने रहेंगे। दोनों को निर्विरोध चुना गया। चुनावों में एनआरएआई के 59 सदस्यों ने प्रतिनिधित्व किया जिसमें से 56 ने रनिंदर के पक्ष में जबकि तीन ने उनके प्रतिद्वंद्वी यादव के पक्ष में मत दिए जो उत्तर प्रदेश राइफल संघ के अध्यक्ष हैं। एनआरएआई ने दिल्ली उच्च न्यायालय में यादव द्वारा दायर याचिका के बाद खेल मंत्रालय के नए सिरे से चुनाव प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश के बावजूद चुनाव कराने का फैसला किया। यादव उत्तर प्रदेश के जौनपुर लोकसभा क्षेत्र से बहुजन समाज पार्टी के सांसद हैं। एनआरएआई ने चुनाव निर्धारित समय पर कराने का फैसला इसलिए कायम रखा क्योंकि उच्च न्यायालय से अभी इस पर कोई स्टे ऑर्डर नहीं मिला था। यह मामला दिल्ली उच्च न्यायालय में लंबित है और सुनवाई की अगली तारीख दिसंबर है। चुनाव आईएस बिंद्रा स्टेडियम में कराए गए। अपनी याचिका में यादव ने चुनावों के लिए मेहताब सिंह गिल को चुनाव अधिकारी नियुक्त किए जाने में हितों के स्पष्ट टकराव का हवाला दिया है। यादव ने रनिंदर के कार्यकाल को लेकर भी आपत्ति उठाई थी लेकिन मंत्रालय ने पाया कि वह फिर से चुनाव लड़ सकते हैं।

## न्यूजीलैंड की टीम चार्टर्ड फ्लाइट में पाकिस्तान से रवाना

**इस्लामाबाद।** न्यूजीलैंड की 33 सदस्यीय टीम शनिवार की शाम इस्लामाबाद से चार्टर्ड फ्लाइट में दुबई के लिए रवाना हुई। एक दिन पहले न्यूजीलैंड टीम ने सुरक्षा के खतरे का हवाला देते हुए क्रिकेट दौरा रद्द कर दिया था। न्यूजीलैंड खिलाड़ियों और अधिकारियों को हवाईअड्डे पर रैपिड कोविड-19 परीक्षण से गुजरना पड़ा और सभी की रिपोर्ट नेगेटिव आने के बाद उन्हें कड़े सुरक्षा प्रोटोकॉल के बीच जाने की अनुमति दी गई। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने शुक्रवार को पहले एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच से तुरंत पहले अचानक श्रृंखला रद्द करने का फैसला किया जिसके लिए उन्होंने गंभीर सुरक्षा खतरे का हवाला दिया। न तो न्यूजीलैंड बोर्ड और न ही उनकी सरकार ने पाकिस्तान सरकार, सुरक्षा अधिकारियों और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को इस खतरे की जानकारी साझा की। इस घटनाक्रम से नाराज पाकिस्तान के गृह मंत्री शेख राशीद अहमद ने शनिवार को कहा कि न्यूजीलैंड टीम को कोई खतरा नहीं था और उन्होंने सिर्फ स्वदेश रवाना होने के लिए बहाना बनाया क्योंकि वे श्रृंखला नहीं खेलना चाहते थे।

# भारतीय महिला टीम अभ्यास मैच में आस्ट्रेलिया से 36 रन से हारी

**भाषा।** ब्रिसबेन

**भारतीय** महिला क्रिकेट टीम शनिवार को यहां 50 ओवर के अभ्यास मैच में आस्ट्रेलिया से 36 रन से हार गई जिससे उसकी दौरे की शुरूआत निराशाजनक तरीके से हुई। सलामी बल्लेबाज रशेल हेन्स (65), मेग लैनिंग (59) और बेथ मूनी (59) ने अर्धशतकीय पारियां खेली जिससे आस्ट्रेलिया ने इयान हीली ओवल में पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 278 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। इसके जवाब में भारतीय टीम 50 ओवर में सात विकेट पर 242 रन ही बना सकी जिसमें पूजा वस्त्राकर 57 रन की पारी से शीर्ष स्कोरर रहीं।

आस्ट्रेलिया के लिए स्टार हरफनमौला एलिस पैरी (38 रन देकर दो विकेट) ने नई गेंद से गेंदबाजी के लिए सफल वापसी की। उन्होंने 19 साल की स्टेला कैम्पबेल (38 रन देकर तीन विकेट) के साथ मिलकर शुरुआती 15 ओवर में भारत के दो दो विकेट झटक लिए थे जिससे प्रतिद्वंद्वी टीम का स्कोर चार विकेट पर 88 रन था। पैरी ने अनुशासित गेंदबाजी की जिससे वह सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना (14) और मिताली राज (01) के महत्वपूर्ण विकेट झटकने में सफल रहीं। कैम्पबेल ने शेफाली वर्मा (27) और रिचा घोष (11) को जल्द ही पवेलियन भेज दिया। इसके बाद भारत की 21 साल की यस्तिका भाटिया (41) ने शानदार जुझारू जज्बा दिखाया और डार्सी ब्राउन की शार्ट गेंदों के सामने डटी रहीं। पर स्पिनर सोफी मोलिनेक्स की गेंद का शिकार बन गईं। अब भारत का स्कोर छह विकेट पर 106 रन था। वस्त्राकर और दीप्ति शर्मा (नाबाद 49) ने टीम को इन झटकों से उबारने की कोशिश की लेकिन दोनों जीत तक नहीं ले जा सकीं। इससे पहले झूलन गोस्वामी (36 रन देकर दो विकेट) और मेघना सिंह (35 रन देकर कोई विकेट नहीं) ने नई गेंद से प्रभावित किया। गोस्वामी ने एलिसा हीली (08) को आउट कर आस्ट्रेलिया को पहला झटका दिया लेकिन हेन्स और लैनिंग टीम को 100 रन से स्कोर तक ले गईं। वस्त्राकर ने फिर हेन्स को आउट कर यह भागीदारी समाप्त की। पैरी (01) स्टंप आउट हुईं। लगातार दो विकेट गिरने से आस्ट्रेलिया का स्कोर चार विकेट पर 136 रन हो गया।

# मो. हुसामुद्दीन राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

**बेल्लारी (कर्नाटक)।** राष्ट्रमंडल खेलों (2018) के कांस्य पदक विजेता मोहम्मद हुसामुद्दीन (57 किग्रा) ने शनिवार को यहां जारी पांचवीं एलीट पुरुष राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप में अपनी शानदार लय जारी रखते हुए क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। सेना खेल नियंत्रण बोर्ड (एसएससीबी) का प्रतिनिधित्व कर रहे गत चैंपियन हुसामुद्दीन ने प्री-क्वार्टर फाइनल में छत्तीसगढ़ के साहिल को एकतरफा मुकाबले में 5-0 से शिकस्त दी। अंतिम-आठ में उनका सामना कल महाराष्ट्र के रुषिकेश गौड़ से होगा। इंस्पायर इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट्स में आयोजित टूर्नामेंट में 57 किग्रा के एक अन्य मुकाबले में शानदार लय में चल रहे हरियाणा के सचिन ने मणिपुर के जोबिसन एंगकोकपम को परास्त किया। इस साल (2021) के विश्व युवा चैंपियन सचिन ने शुक्रवार को विश्व चैम्पियनशिप में पदक जीत चुके गौरव बिधूड़ी को हराकर उलटफेर किया था। उन्होंने शनिवार को अपने प्रतिद्वंद्वी को एकतरफा अंदाज में 5-0 से हराते हुए क्वार्टर में अपना स्थान पक्का किया। गोवा के रोशन जमीर (54 किग्रा) ने इस बीच दिन के सबसे करीबी मुकाबलों में से एक में राजस्थान के सूरज भान सिंह को 3-2 से हराया। इस मुकाबले में दोनों खिलाड़ियों ने काफी आक्रामक खेल का मुआयना किया लेकिन रोशन ने अंतिम दौर में प्रभावी प्रभावशाली प्रदर्शन कर मैच अपने नाम किया। राजस्थान के भीम प्रताप सिंह (51 किग्रा) और दिल्ली के रोहित मोर (57 किग्रा) ने चैंपियनशिप के चौथे दिन 5-0 की जीत के साथ क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। इसी तरह 60 किग्रा भार वर्ग में त्रिपुरा के परविंदर पूनिया ने तमिलनाडु के प्रभु मुरली को 5-0 से हराया।

## दिल्ली एफसी और बेंगलुरु एफसी का मुकाबला 2-2 की बराबरी पर छूटा

**कोलकाता।** दिल्ली एफसी और बेंगलुरू एफसी ने शनिवार को यहां मोहन बागान मैदान पर 130वें डूरंड कप फुटबॉल में ग्रुप सी के रोमांचक मैच को 2-2 से ड्रॉ खेला। दिल्ली एफसी के लिए विलिस डीऑन प्लाजा (58वें, 62वें) ने दोनों गोल किए, जबकि बेंगलुरू एफसी के लिए शिव शक्ति एन (27वें) और विद्यासागर सिंह (75वें) ने गोल दागे। इस मुकाबले के ड्रॉ होने से ग्रुप सी की चारों टीमों के पास अगले दौर में जगह बनाने का मौका है। मैच के पहले हाफ में दोनों टीमों ने मौके बनाए लेकिन ज्यादातर समय वे उसे भुनाने में नाकाम रहे। मैदान गीला होने के कारण खिलाड़ियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। मैच के 27वें मिनट में शिव शक्ति के गोल से बेंगलुरु ने खाता खोला। इसके बाद दिल्ली की टीम ने भी मौके बनाए लेकिन बेंगलुरु के गोलकीपर लारा ने उनके प्रयासों को विफल कर दिया। मध्यांतर के बाद दिल्ली ने आक्रामक शुरुआत की जिसका उसे फायदा भी हुआ। मैच के 58वें मिनट में विलिस के शानदार हेडर से टीम ने स्कोर बराबर किया। त्रिनिदाद और टोबैगो की राष्ट्रीय टीम के इस खिलाड़ी ने इसके चार मिनट में एक और गोल कर टीम को मैच में 2-। से आगे कर दिया। दिल्ली की टीम बढ़त हासिल करने के बाद लय में थी लेकिन बेंगलुरु के विद्यासागर ने हरमनप्रीत सिंह के शानदार पास को गोल में बदलने में कोई गलती नहीं की। ड्रॉ मुकाबले से दोनों टीमों को ।-। अंक मिला।

# डेविस कप: बोपन्ना-रामकुमार ने युगल मैच गंवाया, फिनलैंड से हारा भारत

**भाषा।** एस्पू (फिनलैंड)




**रोहन** बोपन्ना और रामकुमार रामनाथन की जोड़ी शनिवार को यहां करो या मरो के युगल मैच में हार गई जिससे भारत ने फिनलैंड के खिलाफ विश्व ग्रुप एक मुकाबला गंवा दिया। कप्तान रोहित राजपाल ने अंतिम मिनट में युगल जोड़ी बदलकर बोपन्ना को दिविज शरण के बजाय रामकुमार के साथ उतारा। पर इससे भी भारत को मदद नहीं मिली और इस अहम मैच में बोपन्ना और रामकुमार की जोड़ी हैनरी कोंटिनेन और हैरी हेलियोवारा से एक घंटे 38 मिनट में 6-7 6-7 से हार गई। इस तरह फिनलैंड ने मुकाबले में 3-0 से अजेय बढ़त बना ली। प्रजनेश गुणेश्वरन और रामनाथन दोनों शुक्रवार को अपने एकल मैच गंवा चुके थे जिससे मुकाबले में बने रहने के लिए भारतीयों को युगल मुकाबला जीतने की जरूरत थी। अब उलट एकल मैच महत्वहीन हो गए हैं। हेलियोवारा को कोर्ट पर चारों खिलाड़ियों में सबसे कमजोर माना जा रहा था लेकिन उन्होंने अपने खेल में कई गुना सुधार किया और मैच के नतीजे को प्रभावित किया।

वहीं दूसरी ओर भारतीय जोड़ी ने जब बढ़त बनाई हुई थी, तब इसे गंवा बैठी। उन्होंने दूसरे सेट में आठ गेम में चार ब्रेकप्वाइंट गंवाए। जबकि इनमें जीतने से उन्हें मेजबान जोड़ी पर दबाव बनाने का मौका मिल जाता। पहले सेट में 3-3 की बराबरी के बाद भारतीय जोड़ी ने हेलियोवारा की सर्विस पर आक्रामकता दिखाई। पर रामकुमार की डबल फॉल्ट और नेट पर वॉली गलती का फायदा उठाते हुए फिनलैंड की जोड़ी सेट टाई ब्रेकर के बाद अपने नाम किया। दूसरे सेट में भी बोपन्ना लगातार असहज गलतियों के कारण अपनी सर्विस गंवा बैठे। यह सेट भी टाई ब्रेकर तक पहुंचा जिसमें फिनलैंड के खिलाड़ी हेलोवारा ने 5-2 पर शानदार फारहैंड से पहला मैच प्वाइंट हासिल किया और फिर रामकुमार अगले प्वाइंट में रिटर्न नहीं कर सके जिससे फिनलैंड ने मुकाबले में 3-0 से अजेय बढ़त बना ली। प्रजनेश शुक्रवार को अपने से निचली रैंकिंग खिलाड़ी से हार गए जबकि रामकुमार रामनाथन को भी दूसरे एकल में पराजय झेलनी पड़ी। शुक्रवार को पहले मैच में विश्व रैंकिंग में 165वें स्थान पर काबिज प्रजनेश को रैंकिंग में काफी नीचे के खिलाड़ी ओटो विर्तानिन (419वीं रैंकिंग) से एक घंटे 25 मिनट तक चले मैच में 3-6, 6-7 से हार का सामना करना पड़ा। रामकुमार रामनाथन (187वीं रैंकिंग) ने दूसरे मैच में फिनलैंड के नंबर एक खिलाड़ी एमिल रूसुवुओरी को कड़ी चुनौती पेश की लेकिन वह विश्व रैंकिंग में 74वें स्थान पर काबिज खिलाड़ी से 4-6 5-7 से हार गए। भारत को अच्छा ड्रा मिला था जिसमें प्रजनेश निचली रैंकिंग के खिलाड़ी से खेल रहे थे लेकिन विर्तानिन ने आसान जीत हासिल की। रामकुमार ने अपने प्रतिद्वंद्वी की चुनौती से पार पाने के लिए कुछ कोशिशें की लेकिन वह भारत को बराबरी पर नहीं ला सके। प्रजनेश की हार काफी निराशाजनक थी क्योंकि उनके सामने काफी कम अनुभवी खिलाड़ी था जिसने इससे पहले केवल एक डेविस कप मैच जीता था।